सूर्योदय : 6:03
सूर्यास्त : 6:20
अधिकतम तापमान : 37.0
न्यूनतम : 22.0
RNI NO : UPHIN/2010/31173
डाक पंजीकरण संख्या:
SSP/LW/NP-422/2014-2016
वर्ष-18 अंक-278 पेज-16
मूल्य : 3 रुपया
लखनऊ, गुरुवार, 03 अप्रैल 2025
04 शव्वाल 1446 हिजरी

हिन्दी दैनिक
# अवधनामा
www.avadhnama.com



# कानून सबको स्वीकार करना पड़ेगा: शाह

**वक्फ विधेयक**

- वक्फ बोर्ड में गैर मुस्लिम नहीं आएगा
- टीडीपी और जेडीयू सरकार का मिला साथ



**नई दिल्ली।** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने आज लोकसभा में कहा कि मैं अपने मंत्रिमंडलीय सहयोगी द्वारा पेश किए गए वक्फ विधेयक का पूर्ण समर्थन करता हूं। इसके साथ ही उन्होंने विपक्ष पर भ्रम फैलाने का आरोप लगाया।

उन्होंने हुंकार भरते हुए कहा कि एक सांसद ने पहले धमकी दी थी कि अल्पसंख्यक इस कानून को स्वीकार नहीं करेंगे यह भारत सरकार का, संसद का कानून है, सभी को इसे स्वीकार करना होगा। उन्होंने कहा कि वक्फ परिषदों और बोर्डों में गैर-मुस्लिमों को शामिल किया गया है; ये निकाय पूरी तरह से घोषित उद्देश्यों के अनुसार संपत्तियों का प्रशासन सुनिश्चित करने के लिए हैं। अमित शाह ने दावा किया कि अगर 2013 में वक्फ में संशोधन नहीं किया गया होता तो इस (संशोधन विधेयक) विधेयक की जरूरत ही नहीं पड़ती। सब कुछ ठीक चल रहा था। लेकिन 2014 में चुनाव हुए और 2013 में रातों-रात तुष्टीकरण के लिए वक्फ अधिनियम में बदलाव कर दिया गया। उन्होंने कहा कि नतीजा यह हुआ कि कांग्रेस सरकार ने लुटियंस दिल्ली में 123 वीवीआईपी संपत्तियों को वक्फ को सौंप दिया, जबकि चुनाव आने में बस 25 दिन बचे थे। उन्होंने साफ तौर पर कहा कि तीन तलाक, सीएए पर भी डर फैलाया गया। उन्होंने सवाल किया कि बताइए सीएए से किसकी नागरिकता गई? उन्होंने कहा कि एक और भ्रांति फैलाई जा रही है कि यह विधेयक पिछली तिथि से लागू होगा। जब आप इस सदन में बोलें तो जिम्मेदारी से बोलें।

विधेयक में स्पष्ट रूप से कहा गया है कि विधेयक पारित होने के बाद सरकार द्वारा अधिसूचना जारी किए जाने के बाद कानून लागू होगा। इसलिए, कोई पिछली तिथि से लागू होने वाला कानून नहीं है। लेकिन मुसलमानों को डराया जा रहा है। उन्होंने कहा कि वक्फ का कानून किसी के द्वारा दान की गई संपत्ति को विनियमित करना है, चाहे उसका प्रशासन ठीक से चल रहा हो या नहीं, चाहे वह कानून के अनुसार चल रहा हो या नहीं। दान जिस उद्देश्य के लिए दिया जा रहा है, वह इस्लाम धर्म के लिए दिया जा रहा है, गरीबों के उत्थान के लिए दिया जा रहा है या नहीं। या उसका उपयोग उस उद्देश्य के लिए किया जा रहा है या नहीं। गृह मंत्री अमित शाह ने स्पष्ट किया कि नए कानून के तहत वक्फ बोर्ड में किसी गैर-मुस्लिम की नियुक्ति नहीं की जाएगी।

**भ्रम फैला रहा विपक्ष**

अमित शाह ने कहा कि धार्मिक संस्थाओं के प्रबंधन में किसी गैर-मुस्लिम को शामिल करने का कोई प्रावधान नहीं है, हम ऐसा नहीं करना चाहते। यह बहुत बड़ी भ्रांति है कि यह कानून मुसलमानों के धार्मिक आचरण में हस्तक्षेप करेगा और उनके द्वारा दान की गई संपत्ति में हस्तक्षेप करेगा। यह भ्रांति अल्पसंख्यकों में अपने वोट बैंक के लिए डर पैदा करने के लिए फैलाई जा रही है। शाह ने कहा कि वक्फ बिल मुस्लिम धार्मिक प्रथाओं में हस्तक्षेप नहीं करेगा। उन्होंने आरोप लगाया कि तुष्टिकरण की राजनीति चल रही है।

# गुजरात के जामनगर में जगुआर फाइटर प्लेन क्रैश



**नई दिल्ली।** भारतीय वायुसेना का एक जगुआर लड़ाकू विमान आज जामनगर में दुर्घटनाग्रस्त हो गया। ये हादसा जामनगर के कलावड रोड पर सुवरदा गांव के पास हुआ है। हादसे के बाद घटनास्थल पर धुएं का गुबार देखा गया है। जानकारों के मुताबिक, विमान के परखच्चे उड़ गए हैं और आसपास के इलाके में जा गिरे हैं। इस घटना के बाद ग्रामीणों की भीड़ हादसे की जगह पर जुटी हुई है।

जामनगर के एसपी प्रेम सुख डेलु ने कहा, वायु सेना के (जगुआर) ट्रेनी विमान में दो पायलट थे। एक को बचा लिया गया है और अस्पताल ले जाया गया है। दूसरे पायलट को बचाने के लिए ऑपरेशन जारी है। वहीं जामनगर के कलेक्टर केतन ठक्कर ने बताया, जामनगर जिले में वायुसेना का एक विमान दुर्घटनाग्रस्त हो गया है। एक पायलट को बचा लिया गया है और उसे अस्पताल में भर्ती कराया गया है। अग्निशमन दल मौके पर मौजूद है और उसने आग बुझा दी है।

वायुसेना दल, अग्निशमन दल, पुलिस और अन्य दल बचाव के लिए यहां मौजूद हैं...नागरिक क्षेत्र प्रभावित नहीं हुआ है...विमान खुले मैदान में दुर्घटनाग्रस्त हुआ। यह पहली बार नहीं है जब जगुआर विमान दुर्घटनाग्रस्त हुआ हो।

इससे पहले भी कई मौकों पर इस तरह की घटनाएं हो चुकी हैं। भारतीय वायुसेना के पास जगुआर विमानों का एक बेड़ा है, जो मुख्य रूप से ग्राउंड अटैक और सामरिक हमलों के लिए इस्तेमाल किए जाते हैं।

## फिर से डाउन हुआ यूपीआई

**एक हफ्तें में दूसरी बार आई समस्या, ट्रांजैक्शन ठप**



**नई दिल्ली।** यूपीआई सेवाएं बुधवार को कई बड़े ऐप्स पर ठप रहीं। ऐसा एक हफ्ते में दूसरी बार हुआ। डाउनडिटेक्टर के अनुसार, रात 8 बजे तक 449 शिकायतें दर्ज की गईं। लगभग 53 प्रतिशत यूजर्स को ऐप्स के माध्यम से पैसे ट्रांसफर करने में परेशानी हुई। सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर इसके कारण लोगों का गुस्सा फूटा। एक यूजर ने लिखा, लगता है यूपीआई फिर से डाउन है। एक अन्य यूजर ने पोस्ट किया, यूपीआई को आजकल क्या हो रहा है? यह हर दूसरे दिन फेल हो जाता है। इस दर से यह मुझे किसी दिन होटल में बर्तन धोने पर मजबूर कर देगा। सरकार को यह सुनिश्चित करने के लिए उचित कदम उठाने चाहिए कि यूपीआई सुचारु रूप से काम करे। कुछ यूजर ने कल से ही यूपीआई पेमेंट में परेशानी की बात कही है। 26 मार्च को भी यूपीआई सेवाएं बाधित हुई थीं। डिजिटल पेमेंट में दिक्कत आई थी। कई यूजर्स ने पेमेंट में परेशानी बताई थी।

## खाता न बही जो वक्फ कहे वही सही : अनुराग ठाकुर



**नई दिल्ली।** लोकसभा में वक्फ (संशोधन) विधेयक पर बोलते हुए भाजपा सांसद अनुराग ठाकुर ने विपक्षी दलों पर इस विधेयक का विरोध करने के लिए निशाना साधा। उन्होंने कहा कि विभाजन धार्मिक आधार पर हुआ था, इसलिए हम देश का दूसरा विभाजन नहीं होने दे सकते। ठाकुर ने कहा कि भारत ने 1947 में विभाजन देखा है। वह विभाजन एक परिवार और एक पार्टी की वजह से हुआ था। आज हम भूमि जिहाद के नाम पर दूसरा विभाजन नहीं होने देंगे। हम ऐसा नहीं होने देंगे। भारत को वक्फ बोर्ड के डर से मुक्ति चाहिए। अब समय आ गया है कि वक्फ में संशोधन किया जाए क्योंकि ये अत्याचार और भ्रष्टाचार का अड्डा बन गया है। अब समय आ गया है कि इसे खत्म किया जाए और इसमें संशोधन किया जाए। भारत को वक्फ के डर से मुक्ति चाहिए क्योंकि कांग्रेस के समय जो वक्फ कानून बना था उसका मतलब था खाता न बही, जो वक्फ कहे वही सही। भाजपा सांसद अनुराग ठाकुर ने राहुल गांधी के इस दावे पर पलटवार किया कि देश को कुछ चुनिंदा लोगों द्वारा नियंत्रित किया जा रहा है।

# वक्फ बिल का धार्मिक व्यवस्था से कोई लेना-देना नहीं

- **सरकार वक्फ विधेयक से किसी भी धार्मिक मामले में हस्तक्षेप नहीं करेगी : किरेन रिजिजू**



**नई दिल्ली।** लोकसभा में वक्फ संशोधन विधेयक पर संसदीय कार्य मंत्री किरेन रिजिजू ने पेश किया है। इस विधेयक पर चर्चा के लिए 8 घंटे का समय तय किया गया है। इस विधेयक को चंद्रबाबू नायडू की तेलुगु देशम पार्टी और नीतीश कुमार की जनता दल यूनाइटेड का समर्थन मिला है। लोकसभा में विधेयक के पेश होते ही विपक्ष ने इसका विरोध शुरू कर दिया है। जिस पर संसदीय कार्य मंत्री किरेन रिजिजू ने कहा है कि इस विधेयक का धार्मिक व्यवस्था से कोई लेना-देना नहीं है। उन्होंने कहा कि पूर्ववर्ती संप्रग सरकार ने वक्फ कानून में बदलावों के जरिये इसे अन्य कानूनों से ऊपर कर दिया था, इसलिए इसमें नए संशोधनों की जरूरत पड़ी। रिजिजू ने सदन में विपक्षी दलों पर निशाना साधते हुए कहा कि आपने उन मुद्दों पर लोगों को गुमराह करने की कोशिश की, जो वक्फ विधेयक का हिस्सा नहीं हैं। उन्होंने विधेयक को लेकर विपक्षी दलों द्वारा जताई जा रही चिंताओं को दूर करने की कोशिश करते हुए कहा कि सरकार किसी भी धार्मिक संस्था में हस्तक्षेप नहीं करने जा रही। मंत्री ने कहा कि इस संसद भवन पर भी वक्फ का दावा किया जा रहा था और पूर्ववर्ती संप्रग सरकार ने तो काफी संपत्ति गैर-अधिसूचित करके दिल्ली वक्फ बोर्ड को दे दी थी। पिछले साल विधेयक पेश करते समय सरकार ने इसे दोनों सदनों की एक संयुक्त समिति को भेजने का प्रस्ताव किया था। समिति द्वारा रिपोर्ट प्रस्तुत किए जाने के बाद, उसकी सिफारिश के आधार पर केंद्रीय मंत्रिमंडल ने मूल विधेयक में कुछ बदलावों को मंजूरी दी थी। किरेन रिजिजू ने कहा कि इस विधेयक पर संयुक्त संसदीय समिति ने पूरे देश में तमाम वर्ग के लोगों के साथ व्यापक चर्चा के बाद अपनी रिपोर्ट दी थी और उसके आधार पर यह विधेयक पारित कराया जा रहा है।

**गोरखपुर बनेगा एथेनॉल उत्पादन का हब**

# गीडा में अनाज आधारित एथेनॉल प्लांट का मुख्यमंत्री करेंगे उद्घाटन



**गोरखपुर।** केंद्र की मोदी सरकार और राज्य की योगी सरकार बायो फ्यूल (जैव ईंधन) पर खासा जोर दे रही हैं। इस लिहाज से एथेनॉल को एक बेहतरीन विकल्प माना जाता है। एथेनॉल उत्पादन के लिए योगी सरकार की प्रतिबद्धता के परिणामस्वरूप यूपी देश का नम्बर वन एथेनॉल उत्पादक राज्य बन चुका है। राज्य के एथेनॉल उत्पादन में अब गोरखपुर भी बड़ी भूमिका निभाने जा रहा है।

जिले में एक बड़े एथेनॉल प्लांट का मुख्यमंत्री के हाथों उद्घाटन होने जा रहा है। दो और प्लांट आने वाले दिनों में योगदान देने के लिए तैयार हो जाएंगे। एक ही जिले में तीन स्थानों पर एथेनॉल उत्पादन होने से गोरखपुर, पूर्वी उत्तर प्रदेश एथेनॉल उत्पादन का हब बनकर उभरेगा। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की मंशा गोरखपुर को ग्रीन एनर्जी के नए केंद्र के रूप में विकसित करने की है। इसी क्रम में योगी सरकार की निवेश प्रोत्साहन नीति से गोरखपुर में निजी क्षेत्र का सबसे बड़ा एथेनॉल प्लांट गीडा के सेक्टर 26 में बनकर तैयार हो चुका है। 1200 करोड़ रुपये की यह निवेश परियोजना मेसर्स केयान डिस्टिलरी प्राइवेट लिमिटेड की है। इसके प्लांट का शिलान्यास 12 अगस्त 2023 को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने किया था और अब 6 अप्रैल को उद्घाटन भी उन्हीं के हाथों प्रस्तावित है। केयान डिस्टिलरी के प्रबंध निदेशक विनय सिंह बताते हैं कि उनकी डिस्टिलरी में अनाज (चावल और मक्का) आधारित एथेनॉल का उत्पादन शुरू हो गया है। प्रथम चरण में 3 लाख लीटर प्रतिदिन की उत्पादन क्षमता का प्लांट क्रियाशील किया गया है। तीन चरणों में इसके विस्तार के बाद कुल उत्पादन क्षमता 10 लाख लीटर प्रतिदिन की हो जाएगी। एथेनॉल की खपत के लिए इंडियन ऑयल के साथ केयान का पहले ही एमओयू हो चुका है।

## लालू यादव की तबीयत नाजुक, एयर एंबुलेंस से दिल्ली रवाना

**पटना।** राजद सुप्रीमो और बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री लालू प्रसाद यादव की तबीयत खराब है। उन्हें पटना के पारस हॉस्पिटल में भर्ती कराया गया था। जहां से उन्हें दिल्ली एम्स भेज दिया गया। एयर एंबुलेंस से लालू यादव दिल्ली गए। लालू यादव के साथ उनकी पत्नी राबड़ी देवी भी गई हैं। बता दें कि डॉक्टरों ने उन्हें दिल्ली ले जाने की सलाह दी थी। इसके बाद उन्हें दिल्ली ले जाया गया। जानकारी के अनुसार, लालू प्रसाद यादव की तबीयत मंगलवार को ज्यादा खराब हो गई। इसके बाद उन्हें इलाज के लिए पटना के पारस हॉस्पिटल में भर्ती कराया गया। उनकी तबीयत बिगड़ने की खबर सुनते ही राजद के कई बड़े नेता हॉस्पिटल पहुंचे। वे लालू यादव का हालचाल जानने के लिए आए थे। डॉक्टरों ने लालू यादव की हालत को देखते हुए उन्हें दिल्ली ले जाने की सलाह दी।

**सपा सुप्रीमो अखिलेश यादव ने बीजेपी अध्यक्ष पर चुटकी लेकर किया सवाल**

# भाजपा अब तक अपना अध्यक्ष नहीं चुन पाई

- **आप 20-25 साल और अध्यक्ष रहेंगे : अमित शाह**
- **हमें 12-13 करोड़ सदस्यों में से अध्यक्ष चुनना है**
- **अमित शाह की टिप्पणी पर अखिलेश यादव भी मुस्कुराते हुए नजर आए**



**नई दिल्ली।** समाजवादी पार्टी प्रमुख अखिलेश यादव ने केंद्र में सत्तारूढ़ भारतीय जनता पार्टी पर बुधवार को लोकसभा में तंज कसते हुए कहा कि दुनिया की सबसे बड़ी पार्टी होने का दावा करने वाली भाजपा अब तक अपना अध्यक्ष नहीं चुन पाई है।

इस पर, गृह मंत्री अमित शाह ने पलटवार करते हुए कहा कि निर्णय लेने में देरी हो रही है क्योंकि उनकी पार्टी परिवारवादी नहीं है। सदन में वक्फ (संशोधन) विधेयक, 2025 पर चर्चा में हिस्सा लेते हुए अखिलेश ने सवाल किया कि भाजपा यह निर्णय नहीं ले सकी है कि उसका अगला अध्यक्ष कौन होगा? उन्होंने तंज कसते हुए कहा, ''जो पार्टी यह कहती हो कि वह दुनिया की सबसे बड़ी पार्टी है, वह अब तक अपना राष्ट्रीय अध्यक्ष नहीं चुन पाई है।'' इस पर, शाह ने पलटवार करते हुए कहा कि भाजपा कोई परिवारवादी पार्टी नहीं है और इसलिए इसे अपने नेतृत्व को चुनने में समय लग रहा है, जबकि कई पार्टियों में यह पहले से तय रहता है। उन्होंने कहा, ''अखिलेश जी ने बहुत हंसते-हंसते कहा है और वह इसका जवाब हंसते-हंसते ही दूंगा।' उन्होंने विपक्षी दलों की ओर इशारा करते हुए कहा, ''ये सामने जितनी पार्टियां हैं उनका राष्ट्रीय अध्यक्ष परिवार के ही पांच लोगों को चुनना होता है। जबकि (भाजपा में) 12-13 करोड़ सदस्य प्रक्रिया से (अध्यक्ष) चुनते हैं इसलिए देर लगती है। आपके यहां जरा भी देर नहीं लगेगी। मैं कह देता हूं...अभी 25 साल तक आप अध्यक्ष हो...नहीं बदल सकता...।'' इस पर अखिलेश ने कहा, ''अध्यक्ष महोदय जो बात निकल कर आई है उसे मैं आगे बढ़ाना चाहता हूं। जो बात सोशल मीडिया या अन्य जगह गुपचुप तरीके से हो रही है...कहीं ऐसा तो नहीं था कि अभी कुछ दिन पहले जो यात्रा हुई है वह कहीं 75 वर्ष के एक्सटेंशन वाली यात्रा तो नहीं थी? सपा सांसद ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) मुख्यालय की हालिया यात्रा की ओर इशारा करते हुए यह कहा। अखिलेश ने कहा, ''यह जो विधेयक लाया जा रहा है, भारतीय जनता पार्टी के अंदर मुकाबला चल रहा है...जो पार्टी यह कहती हो कि वह दुनिया की सबसे बड़ी पार्टी है, वह अभी तक अपना राष्ट्रीय अध्यक्ष नहीं चुन पाई है अब तक।'



## शिक्षा में नवाचार की ज्योतिः हेड शिक्षिका ऋतु अवस्थी को डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल ने समर्पित किए सोशल मीडिया हैंडल्स

*अवधनामा संवाददाता*

**लखीमपुर खीरी।** चैत्र नवरात्र के चतुर्थ दिवस पर मुख्यमंत्री के मार्गदर्शन में डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल ने महिला सशक्तिकरण की अनूठी पहल के तहत इंग्लिश मीडियम परिषदीय विद्यालय, राजापुर की हेड शिक्षिका ऋतु अवस्थी को सोशल मीडिया हैंडल्स समर्पित किए शिक्षा के क्षेत्र में नवाचार और समर्पण का अद्भुत उदाहरण पेश करते हुए इंग्लिश मीडियम परिषदीय विद्यालय राजापुर की हेड शिक्षिका ऋतु अवस्थी ने न केवल छात्रों की पढ़ाई को रोचक बनाया, बल्कि उन्हें खेल और रचनात्मक गतिविधियों में भी दक्ष किया। उनके प्रयासों से विद्यालय में शैक्षणिक गुणवत्ता में सुधार आया और बच्चों की प्रतिभा निखरकर सामने आई। उनके इन सराहनीय कार्यों के लिए राज्यपाल आनंदीबेन पटेल द्वारा सम्मानित किया जाना यह दर्शाता है कि सही दिशा में किया गया प्रयास समाज में सकारात्मक बदलाव ला सकता है ऋतु अवस्थी ने अपने विद्यालय में पारंपरिक शिक्षण पद्धति के स्थान पर नए और रुचिकर तरीकों को अपनाया। खेल-खेल में पढ़ाई,



गतिविधियों के माध्यम से व्यावहारिक शिक्षा, डिजिटल संसाधनों का उपयोग, और बच्चों को आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में किए गए प्रयासों से विद्यालय की शैक्षणिक गुणवत्ता में उल्लेखनीय सुधार हुआ ऋतु अवस्थी के मार्गदर्शन में विद्यालय के छात्र केवल किताबी ज्ञान तक सीमित नहीं रहे, बल्कि उनमंक आत्मविश्वास, नेतृत्व क्षमता और रचनात्मकता का भी विकास हुआ। खेल, कला, संगीत और नाटक के माध्यम से बच्चों को अभिव्यक्ति के नए अवसर मिले, जिससे उनकी छिपी प्रतिभाएँ निखरकर सामने आईं उनकी मेहनत और समर्पण को देखते हुए उन्हें राज्यपाल द्वारा सम्मानित किया गया, जो यह साबित करता है कि सही दिशा में किया गया प्रयास समाज में सकारात्मक बदलाव ला सकता है। ऋतु अवस्थी का यह योगदान अन्य शिक्षकों और शिक्षण संस्थानों के लिए प्रेरणा का स्रोत बना है। उनका सपना है कि हर बच्चा शिक्षा के साथ-साथ कौशल और चरित्र निर्माण में भी उत्कृष्ट बने, ताकि वे भविष्य में समाज और देश के विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकें विद्यालय के छात्र शैक्षणिक गतिविधियों के साथ-साथ लिप्पन कला, वर्ली कला, पेपरमेशी, अभिनय, योग, खेल-कूद आदि कलाओं को सीखकर अपनी रचनात्मकता में वृद्धि कर रहे हैं। शिक्षा के क्षेत्र में किए गए उत्कृष्ट कार्यों के लिए आयुक्त, लखनऊ मंडल, डॉ. रोशन जैकब ने 02 अक्टूबर 2024 को पुरस्कृत किया।

## फंदे से लटककर युवक ने की आत्म हत्या जेब से मिला एक सुसाइड नोट

**लखीमपुर खीरी।** सदर कोतवाली के मोहल्ला निवासी युवक ने फंदा लगाकर जान दे दी। उसका शव कमरे में लटका मिला। उसकी जेब से एक सुसाइड नोट भी मिला है, जिसमें उसने अपनी कहानी बयां की है। परिवारवालों ने मृतक की पत्नी व ससुरालीजनों पर मानसिक रूप से प्रताड़ित करने का आरोप लगाया है। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है। मोहल्ला गंगोत्रीनगर निवासी अमन रस्तोगी (28) पुत्र प्रमोद रस्तोगी ने पत्नी और ससुरालवालों से विवाद के बाद सोमवार रात घर में फंदे से लटककर आत्महत्या कर ली। घटना की जानकारी परिजनों को सुबह उठने पर हुई। अमन का शव लटकता देख परिजनों में चीख पुकार मच गई। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने मृतक अमन के कपड़ों की तलाशी ली तो जेब से सुसाइड नोट मिला पोस्टमॉर्टम हाउस पर मौजूद मृतक के भाई चमन ने बताया कि अमन रस्तोगी की शादी करीब छह साल पहले कानपुर के शुक्लागंज निवासी कोमल के साथ हुई थी। करीब डेढ़ महीने पहले अमन प्रयागराज गया था। वहां पर किसी बात को लेकर अमन और कोमल के बीच विवाद हुआ था। विवाद के बाद से ही अमन की पत्नी कोमल घर नहीं आ रही थी चमन ने बताया कि कई बार के बुलाने पर भी कोमल घर नहीं आई। इतना ही नहीं परिवार के लोगों के साथ कोमल अपशब्दों का प्रयोग करते हुए उन्हें परेशान करती थी। लगातार प्रताड़ना मिलने के चलते भाई ने आत्महत्या का कदम उठाया। पुलिस सुसाइड नोट को आधार बनाकर जांच में जुट गई है। सुसाइड नोट में अमन ने लिखा कि मैं सुसाइड करने जा रहा हूं, अपनी मर्जी से। कोई भी मेरे परिवार को परेशान न करे। परिवार पहले से ही बहुत परेशान है। जब से शादी हुई है, मेरी पत्नी यहां एक महीने ही रुकी है। मेरे परिवार वाले मुझे बहुत मानते हैं, पर मैं मजबूर हूं। अपनी जिंदगी से बहुत परेशान हूं। मुझे माफ कर देना। मैं अपने जीवन में कुछ नहीं कर पाया इसका बात का मुझे बहुत अफसोस है। सुसाइड नोट में अमन ने चमन के लिए लिखा कि... मेरे न रहने पर माता-पिता का वैसे ही ख्याल रखना जैसे पहले रखते थे। मेरी शादी कोमल से हुए छह साल से ज्यादा हो गए हैं। मैंने शादी करके बहुत गलती की है।

## जिला पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि डॉ. नरेंद्र सिंह और जिला मंत्री बृजेश सिंह ने क्षेत्र के विभिन्न गाँवों का दौरा किया

### विकास कार्यों की समीक्षा की, इस दौरान उन्होंने जनता से सीधा संवाद स्थापित किया

### उनकी समस्याएँ सुनीं और आवश्यक समाधान के लिए कदम उठाने का आश्वासन दिया

*अवधनामा संवाददाता*

**लखीमपुर-खीरी। (मितौली)** आज जिला पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि डॉ. नरेंद्र सिंह और जिला मंत्री बृजेश सिंह ने क्षेत्र के विभिन्न गाँवों का दौरा कर विकास कार्यों की समीक्षा की इस दौरान उन्होंने जनता से सीधा संवाद स्थापित किया उनकी समस्याएँ सुनीं और आवश्यक समाधान के लिए कदम उठाने का आश्वासन दिया क्षेत्र भ्रमण के दौरान मौसमपुर बकहेंया, धनीपुर, मितौली, चम्पापुर, जामुनहिया सहित कई गाँवों का दौरा किया गया स्थानीय नागरिकों ने अपनी मूलभूत आवश्यकताओं, सड़क, बिजली, पानी और अन्य विकास कार्यों से जुड़ी समस्याएँ





अधिकारियों के समक्ष रखीं डॉ. नरेंद्र सिंह और बृजेश सिंह ने जनता को विश्वास दिलाया कि सरकार और प्रशासन उनकी समस्याओं के समाधान के लिए कृतसंकल्पित है। उन्होंने कहा कि क्षेत्र के विकास और जनसेवा का कार्य निरंतर जारी रहेगा।

## सिटी प्रेस क्लब से जुड़े पत्रकारों ने ने को पुलिस क्षेत्र अधिकारी से मिलकर गमला भेंट किया

### पत्रकार समाज का आईनाः सीओ



**नजीबाबाद। (अवधनामा संवाददाता)** सिटी प्रेस क्लब नजीबाबाद से जुड़े पत्रकारों ने नवागत सीओ नितेश प्रताप सिंह से उनके कार्यालय पहुंचकर मुलाकात की और उन्हें शॉल ओढ़ाकर व गुलदस्ता देकर स्वागत किया। इस दौरान सिटी प्रेस क्लब के अध्यक्ष नईम सिद्दीकी ने सीओ नितेश प्रताप सिंह को नगर की विभिन्न समस्याओं से अवगत कराया। सीओ नजीबाबाद ने पत्रकारों को पूर्ण सहयोग देने और पत्रकारों के सम्मान का भरोसा दिलाया। सीओ नितेश प्रताप सिंह ने कहा कि पत्रकार समाज का दर्पण होता है, पत्रकार ही समाज को खबरों से रूबरू कराते है। इस मौके पर अध्यक्ष नईम सिद्दीकी, सरफराज़ अहमद, महामंत्री अंकित शर्मा, जितेंद्र जैन, टी.एस मालिक, गुलज़ार कुरैशी, अभिनव अग्रवाल एडवोकेट, खिजर अहमद, मौ.शाहनवाज, मो0 इकराम, मुशर्रफ अली, राजवीर सिंह, हिफजुर्रहमान फरीदी, संतराम शर्मा, रामेंद्र सिंह, कुलदीप राजपूत आदि मौजूद रहे।

## तेज रफ्तार निजी बस ने बाइक सवारों को कुचला, बाइक पर सवार दोनों लोगों की मौत


*अवधनामा संवाददाता*

**लखीमपुर खीरी।** नीमगांव थाना क्षेत्र के बेहजम कस्बे में लखीमपुर-मैगलगंज मार्ग पर तेज रफ्तार निजी बस ने बाइक सवारों को कुचल दिया। हादसे में बाइक पर सवार दोनों लोगों की मौत हो गई। हादसा बुधवार दोपहर धवन पेट्रोल पंप के सामने हुआ। बस मितौली की ओर से लखीमपुर जा रही थी थाना फरधान क्षेत्र के देवरिया गांव निवासी प्रमोद कुमार 50 वर्ष अपने साथी धोनी 20 वर्ष पुत्र संजय निवासी शंकरपुर थाना फरधान के साथ अपने बेटे आकाश राज की शादी के कार्ड बांटने के लिए बाइक से रिश्तेदारी में जा रहे थे। बेहजम कस्बे में धवन पेट्रोल पंप के सामने मितौली की ओर से लखीमपुर जा रही निजी बस ने बाइक को टक्कर मार दी। दोनों बाइक सवार सड़क पर गिर गए और बस में उन्हें कुचल दिया दोनों में से कोई भी हेलमेट नहीं लगाया था, इस कारण दोनों ही गंभीर घायल हो गए। घटना की सूचना मिलने पर नीमगांव एसओ सुनीता कुशवाहा के साथ चौकी प्रभारी बेहजम सिद्धांत पंवार ने घायलों को बेहजम सीएचसी भेजवाया, जहां प्रमोद की मौत हो गई। जिला अस्पताल ले जाते वक्त रास्ते में धोनी ने भी दम तोड़ दिया। घटना की जानकारी मिलने पर उनके परिवारों में कोहराम मच गया। हादसे के बाद मौका पाकर बस के चालक परिचालक फरार हो गए। पुलिस ने बस को कब्जे में लिया है। बताया गया है कि प्रमोद के पुत्र का 17 अप्रैल को तिलक और 18 अप्रैल को विवाह होना है। हादसे के बाद उनके परिवार में कोहराम मचा है।

## चाकुओं से किए गए प्रहार से घायल युवक की उपचार के दौरान मौत

**लखीमपुर-खीरी।** होली के दिन थाना खीरी के गांव भीरा घासी में चाकुओं से किए गए ताबड़तोड़ प्रहार से घायल युवक की की देर शाम उपचार के दौरान जिला अस्पताल में मौत हो गई। इससे उसके परिवार में कोहराम मच गया। पुलिस ने पोस्टमार्टम कराकर शव परिवार वालों को सौंप दिया है थाना खीरी के गांव भीरा घासी निवासी भगवती प्रसाद (40) होली के दिन यानी 14 मार्च को गांव के ही अपने दोस्त रामपाल के घर गए थे, तभी वहां गांव का पैकरमा शराब के नशे में आ गया। वह भगवती प्रसाद को गालियां देने लगा। उन्होंने जब उसे गाली देने से मना किया तो पैकरमा ने फेंट में लगा चाकू निकाल लिया और उनके पेट पर ताबड़तोड़ कई प्रहार कर दिए। इससे भगवती प्रसाद गंभीर रूप से घायल हो गए थे। परिवार वालों ने उन्हें जिला अस्पताल में भर्ती कराया था पुलिस ने घायल के पुत्र रमेश कुमार की तहरीर पर पैकरमा के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की थी। पोस्टमार्टम हाउस पर मौजूद रमेश कुमार ने बताया कि उनके पिता भगवती प्रसाद की उपचार के दौरान मंगलवार की देर रात जिला अस्पताल में मौत हो गई। मौत की खबर मिलते ही परिवार में चीख पुकार मच गई। रोते-बिलखते परिवार के लोग अस्पताल पहुंचे। सूचना पर पहुंची पुलिस ने पोस्टमार्टम कराकर शव परिवार वालों को सौंपा है।

## पांचवीं क्लास की जोया खान ने किया माता-पिता और गुरुजनों का नाम रोशन



**नजीबाबाद। (अवधनामा संवाददाता)** नजीबाबाद मोहल्ला हवेली तला निवासी आलम खान की बेटी जोया खान कक्षा 5 में फर्स्ट आकर अपने माता-पिता और गुरुजनों का नाम रोशन किया। वहीं जोया खान के माता-पिता ने बताया कि हमारी बच्ची को पढ़ने लिखने का काफी शौक है हर समय घर पर कुछ ना कुछ पढ़ना लिखना करती रहती है जिसका नतीजा आज हमारे सामने है कि हमारी बेटी ने कक्षा 5 में 75% अंक लाकर फर्स्ट पोजीशन प्राप्त कर हम सब का और अपने गुरुजनों का नाम रोशन किया; मासूम जोया खान ने बताया कि वह आगे भी दिल लगाकर खूब पढ़ेगी, और अपना डॉक्टर बनने का सपना पूरा करेगी और यूं ही नाम रोशन करेगी। स्कूल के समस्त स्टाफ ने जोया खान और उसके माता-पिता को बधाई देकर बच्ची के भविष्य के लिए उज्जवल कामना की। वहीं बच्ची के माता-पिता के साथ-साथ बच्ची के रिश्तेदारों ने भी जमकर जोया खान की तारीफ की और मुबारकबाद दी।

## 05 नफर अभियुक्तगण गिरफ्तार

**लखीमपुर-खीरी।** थाना कोतवाली सदर पुलिस द्वारा मु0अ0स0 281/2025 धारा 109(1)/ 115(2)/ 351(2)/352/191(2)/190 बीएनएस की घटना कारित करने वाले 05 नफर अभियुक्तगण 1.समीर उर्फ सामिर पुत्र असलम 2.अमन कुरेशी पुत्र मोहम्मद आजाद कुरेशी 3. आदर्श उर्फ कल्लू पुत्र जावेद 4.साहिल पुत्र वसीम 5. मोनू उर्फ अतीक पुत्र मोहम्मद उमर को गिरफ्तार किया गया।

## जन्म मृत्यु प्रमाण पत्रों के लिए नया सॉफ्टवेयर/ऐप विकसित करें: नगरायुक्त

**सहारनपुर।** नगरायुक्त संजय चौहान ने आज सुबह स्मार्ट सिटी कार्यालय और नगर निगम के अनेक विभागों का आकस्मिक निरीक्षण किया। अनेक अधिकारी व कर्मचारी अनुपस्थित मिले। उन्होंने अनुपस्थित अधिकारियों व कर्मचारियों के खिलाफ कार्रवाई करने के निर्देश दिए। नगरायुक्त ने जन्म-मृत्यु प्रमाण पत्र कार्यालय की सभी पत्रावलियों का संचालन डिजीटल मोड में करने के लिए सॉफ्टवेयर/ऐप विकसित करने के निर्देश दिए ताकि एक क्लिक पर सभी आवेदनों की ताजा स्थिति ज्ञात हो सके। नगरायुक्त/स्मार्ट सिटी सीईओ संजय चौहान आज सुबह औचक निरीक्षण के लिए स्मार्ट सिटी पहुंचे। उन्होंने सभी सीटो पर पहुंचकर अधिकारियों/कर्मचारियों की उपस्थिति की जानकारी ली। उन्होंने सभी अधिकारियों/ कर्मचारियों की उपस्थिति केवल बायोमेट्रिक मशीन में ही कराने के आदेश दिए। नगरायुक्त ने जोनल ऑफिस स्थित थर्ड फ्लोर पर बने हॉल का भी निरीक्षण किया और उसे स्मार्ट सिटी के प्रोजेक्ट म्यूजियम, आरएनडी सेंटर व रिसोर्स सेंटर के रुप में विकसित करने का सुझाव दिया। उन्होंने बाहर बालकनी में सुरक्षा की दृष्टि से रेलिंग लगाने के भी निर्देश दिए। नगरायुक्त इसके बाद जन्म मृत्यु प्रमाण पत्र कार्यालय पहुंचे और आवेदन प्राप्त करने से लेकर प्रमाण पत्र जारी करने तक समस्त प्रक्रिया की जानकारी लेते हुए कार्यालय की समस्त पत्रावलियों का संचालन डिजीटल मोड में करने के लिए साफ्टवेयर/ऐप विकसित करने के निर्देश दिए ताकि एक क्लिक पर सभी आवेदनों की ताजा स्थिति ज्ञात हो सके। उन्होंने वहां मौजूद प्रमाण पत्र के आवेदकों से भी जानकारी ली कि उन्हें प्रमाण पत्र आवेदन या प्राप्त करने में कोई परेशानी तो नहीं हुई। नगरायुक्त ने निर्माण विभाग का निरीक्षण करते हुए फाइलो को व्यवस्थित रुप से रखने निर्माण विभाग की सीढ़ियों पर रंग रोगन कर व्यवस्थित करने तथा भविष्य में रख-रखाव ठीक रखने के निर्देश दिए। उन्होंने अधिकारियों को जोनल ऑफिस के ग्राउण्ड फ्लोर का कार्य एक सप्ताह में पूरा करने के भी निर्देश दिए।

## डीएम साहिबा ने स्कूल चलो अभियान का किया शुभारंभ



*अवधनामा संवाददाता*

**बिजनौर।** जिलाधिकारी जसजीत कौर की अध्यक्षता में स्थानीय इंदिरा बाल भवन में आयोजित स्कूल चलो अभियान का शुभारंभ करते हुए भव्य सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी पूर्ण बोरा, बेसिक शिक्षा अधिकारी योगेंद्र सिंह सहित बेसिक शिक्षा विभाग के अन्य अधिकारी अध्यापक गण एवं स्कूली छात्र-छात्राएं मौजूद रही। जिलाधिकारी द्वारा बेसिक शिक्षा विभाग के अधिकारियों को निर्देशित किया गया कि जिले में कोई भी बच्चा स्कूल में नामांकन करने से वंचित नहीं रहना चाहिए, शत प्रतिशत रूप से बच्चों का नामांकन हो और उन्हें गुणवत्ता पर शिक्षा उपलब्ध कराई जाए। उन्होंने सभी जिला वासियों का भी आवाहन किया कि स्कूल चलो अभियान में अपनी सहभागिता सुनिश्चित करें अपने तथा अपने आसपास के ऐसे बच्चे जो स्कूल जाने से वंचित हैं, उनके मां-बाप से संपर्क कर उनके बच्चों को स्कूल भेजने के लिए प्रेरित करें ताकि कोई भी बच्चा शिक्षा से वंचित न रहने पाए। उन्होंने बेसिक शिक्षा विभाग के अधिकारियों एवं अध्यापकों को यह भी निर्देश दिए कि शिक्षा की गुणवत्ता को बेहतर से बेहतर बनाने का प्रयास करें और सामान्य शिक्षा के साथ-साथ बच्चों को नैतिकता एवं सुसंस्कारों पर आधारित शिक्षा भी उपलब्ध कराएं। इस अवसर पर जिलाधिकारी एवं मुख्य विकास अधिकारी द्वारा शिक्षा एवं खेल के मैदान में उत्कृष्ट कार्य करने वाले अध्यापकों को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में स्कूली बच्चों द्वारा भव्य गीत एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए, जिनको दर्शकों द्वारा सराहा गया। इस अवसर पर जिलाधिकारी द्वारा बच्चों को पाठ्य पुस्तकों का वितरण भी किया गया तथा उपस्थित सभी बच्चों को डिक्शनरी एवं पानी की बोतलें भी वितरित की गई। कार्यक्रम का संचालन वरिष्ठ अध्यापक शमीम अहमद द्वारा कुशलतापूर्वक किया गया। कार्यक्रम के अवसर पर बरेली से माननीय मुख्यमंत्री द्वारा स्कूल चलो अभियान का लाइव शुभारंभ किया गया तथा इस अवसर पर उनके द्वारा लगभग जिला बरेली के विकास के लिए लगभग 1000 करोड़ रुपए की लागत की परियोजनाओं का बटन दबाकर लोकार्पण एवं शिलान्यास करने के पश्चात उद्बोधन भी किया गया।

## पूर्व कैबिनेट मंत्री बोले- योगी सरकार जाने दो, करणी हो जाएगी मरणी सेना

*अवधनामा संवाददाता*



**आगरा।** राणा सांगा पर संसद में सपा सांसद रामजीलाल सुमन की ओर से दिए गये विवादित बायन से यूपी की गरमायी सियासत थमने का नाम नहीं ले रही है। एक ओर जहां करणी सेना ने 12 अप्रैल को आगरा में आने का ऐलान किया है। वहीं करणी सेना की ओर से सपा सांसद रामजीलाल सुमन के आवास पर किए गए हंगामा और बवाल के बाद से लगातार सपा के नेता उनके घर पहुंच रहे हैं। सपा के वरिष्ठ नेता रामगोविंद चौधरी ने मंगलवार को रामजीलाल सुमन के आवास पर पहुंचे। उन्होंने सपा सांसद के परिजन से मुलाकात की। बाद में मीडिया से बातचीत में रामगोविंद चौधरी ने करणी सेना की 12 अप्रैल को सुमन के आवास पर दोबारा आने की धमकी पर कहा कि प्रदेश में योगी जी की सरकार हटते ही करणी सेना मरणी सेना हो जाएगी। साथ ही उन्होंने करणी सेना को भाजपा और आरएसएस का ही संगठन करार दिया। बता दें कि सपा सांसद रामजीलाल सुमन ने 21 मार्च को राज्यसभा में राणा सांगा को गद्दार बताया था। जिस पर 26 मार्च को करणी सेना ने आगरा स्थित सपा सांसद के आवास पर हमला किया था जमकर तोड़फोड़ की। जिसमें करणी सेना के कार्यकर्ता और पुलिसकर्मी भी घायल हुए। वही रामगोविंद चौधरी ने सांसद रामजीलाल सुमन के माफी नहीं मांगने के सवाल पर कहा कि वो माफी क्यों मांगें। उन्होंने वही कहा है जो पूर्वजों ने किताबों में लिखा है। 14 किमी दूर से करणी सेना के कार्यकर्ता बुलडोजर लेकर उनके यहां चले आये। ये पुलिस की नहीं सरकार की विफलता है। ऐसा करके सरकार महंगाई, बेरोजगारी, जनसमस्याओं के मुद्दे से ध्यान भटकाने का काम कर रही है ये सरकार का ही प्रायोजित था।

## दिनेश प्रताप सिंह व अरुण कुमार ने सींगना में अंतर्राष्ट्रीय आलू केंद्र की स्थापना हेतु सर्किट हाउस में की विभागीय समीक्षा बैठक

*अवधनामा संवाददाता*

**आगरा।** दिनेश प्रताप सिंह राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार), उद्यान कृषि विपणन, कृषि विदेश व्यापार, कृषि निर्यात विभाग एवं वन, पर्यावरण मंत्री डॉ. अरुण कुमार ने सींगना में अंतर्राष्ट्रीय आलू केंद्र की स्थापना हेतु सर्किट हाउस में विभागीय अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक कर पत्रकार वार्ता की तत्पश्चात राजकीय उद्यान प्रक्षेत्र सींगना का स्थलीय निरीक्षण किया। बैठक में सींगना में अंतर्राष्ट्रीय आलू केंद्र की स्थापना हेतु अब तक हुई प्रगति के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई जिसमें बताया गया कि उद्यान विभाग द्वारा कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रालय, भारत सरकार तथा अन्तर्राष्ट्रीय आलू केन्द्र पेरू, लीमा के सहयोग से राजकीय आलू प्रक्षेत्र सींगना में अन्तर्राष्ट्रीय आलू केन्द्र पेरू की शाखा स्थापित किए जाने हेतु चिन्हित 10 हेक्टेयर भूमि को 99 वर्ष के लिए राष्ट्रीय बागवानी बोर्ड को लीज (पट्टे) पर



निःशुल्क दी गई है तथा राजस्व अभिलेखों/खतौनी में भी दर्ज करा दिया गया है तथा राजकीय खाद्य विज्ञान प्रशिक्षण केन्द्र का भवन तीन वर्षों के लिए निःशुल्क रूप में राष्ट्रीय बागवानी बोर्ड भारत सरकार, को उपयोग हेतु दिए जाने के निर्देश दिए गये हैं। आगरा में स्थापित होने वाला केन्द्र विश्व में चौथा होगा, इससे पूर्व पेरू, केन्या, चीन में सीआईपी स्थापित किए गये हैं। उक्त केन्द्र की स्थापना हेतु रू0 7724.44 लाख धनराशि का प्रस्ताव उद्यान विभाग को प्रेषित किया गया है।

बैठक में प्रस्तावित अन्तर्राष्ट्रीय आलू केन्द्र के कार्मिकों के आने जाने हेतु सूरसरोवर पक्षी बिहार कीठम के मध्य बनी सड़क का उपयोग विभिन्न शर्तों के अधीन उपयोग करने की अनुमति प्रदान की गई है। उक्त क्षेत्र ईको सेंन्सेटिव जोन घोषित होने के कारण सड़क उपयोग के दूरगामी प्रभाव का अध्ययन न्यायालय एवं बीएनएचएस से अनुमति प्राप्त करने तथा सूरसरोवर पक्षी बिहार में होने वाले दूरगामी प्रभाव का अध्ययन बीएनएचएस या वाइल्ड लाइफ इंस्टीट्यूट ऑफ इण्डिया जैसे प्रतिष्ठित संस्थान से कराने का अनुरोध किया गया है। उक्त के क्रम में अन्तर्राष्ट्रीय आलू केन्द्र के कार्मिकों के आने जाने हेतु सूरसरोवर पक्षी बिहार कीठम के मध्य बनी सड़क के माध्यम से अनुमति हेतु उप वन संरक्षक, राष्ट्रीय चंबल सेंचुरी प्रोजेक्ट उ0प्र0, आगरा को निर्देशित किया गया है। सूरसरोवर पक्षी विहार से होकर जाने वाले मार्ग का सीमित एवं नियमित प्रयोग अन्तर्राष्ट्रीय आलू अनुसंधान संस्थान पेरू की सींगना शाखा में कार्यरत वैज्ञानिकों द्वारा प्रयोग किए जाने हेतु पूर्णतः स्वचालित, आधुनिक इंटेलिजेंट इलेक्ट्रॉनिक गेट का निर्माण, गेट की पूर्णकालिक सुरक्षा व रख-रखाव तथा सुरक्षा श्रमिकों को नियोजित किए जाने हेतु वन विभाग को उद्यान विभाग द्वारा बजट उपलब्ध कराया जायेगा।

## देशी शराब के ठेके व कैन्टीन के खिलाफ क्षेत्रवासियों ने किया प्रदर्शन

**सहारनपुर।** महानगर के बसंत विहार, किशोर बाग, कमल कॉलोनी, अहमद बाग के क्षेत्रवासियों ने देशी शराब के ठेके व कैन्टीन को हटाने की मांग को लेकर नारेबाजी कर प्रदर्शन किया तथा ठेके व कैन्टीन को अन्यत्र स्थानान्तरित न किए जाने पर अनिश्चित कालीन धरना प्रदर्शन शुरू करने का भी ऐलान किया।

बसंत विहार, किशोर बाग, कमल कॉलोनी, अहमद बाग के क्षेत्रवासियों ने आज रोड पर खोली गयी देशी मदिरा की दुकान व कैंटीन के खिलाफ प्रदर्शन किया। उनकी मांग थी की शराब के ठेके व कैंटीन को यहां से हटाया जाए क्योंकि यहां पर कई मौहल्ले स्कूल पास-पास में है और यहां पर कैंटीन व ठेका खुलने से आने जाने वाले लोगों को खासी परेशानी का सामना करना पड़ेगा और छोटी-छोटी बच्चियों व बच्चों पर इसका गलत प्रभाव होगा।

## प्रेमिका को गोली मार दी फिर खुद को भी गोली मारकर की आत्महत्या, इलाके में डबल मर्डर से सनसनी

*अवधनामा संवाददाता*

**आगरा।** एत्मादपुर थाना क्षेत्र के गांव रहनकला में बुधवार दोपहर युवक ने भाई की साली की गोली मारकर हत्या कर दी। इसके बाद खुद की भी जान दे दी। युवक युवती का हाथ पकड़कर कमरे में ले गया। करीब 15 मिनट बातचीत के बाद युवक ने वारदात को अंजाम दिया। एसीपी एत्मादपुर पीयूष कांत राय ने बताया कि प्रेम संबंध की वजह से युवक ने पहले युवती की हत्या की और फिर खुद जान दे दी। परिजन बता रहे हैं कि युवक युवती से शादी करना चाहता था जबकि, घरवाले इस रिश्ते से खुश नहीं थे। जानकारी अनुसार घटना बुधवार सुबह 11 बजे की है। टूण्डला निवासी दीपक बाइक से अपने भाई की ससुराल गांव रहनकला आया था। पुलिस के मुताबिक, दीपक जब भाई की ससुराल पहुंचा तो उसकी भाभी, सास और अन्य परिजन



मौजूद थे। दीपक ने भाई की साली ज्योति के बारे में पूछा। दीपक से ज्योति की मां ने कहा कि बेटी कहीं गई होगी। दीपक ने चाय भी पी। करीब एक घंटे बाद ज्योति घर आई तो दीपक ने उसका हाथ पकड़ लिया जिसका मां और भाभी ने इसका विरोध किया तो दीपक ने दोनों को धक्का देकर अलग कर दिया। इसके बाद दीपक ने ज्योति की कनपटी पर तमंचा सटा दिया। धमकी दी कि चिल्लाओगी तो गोली मार दूंगा। दीपक ज्योति को कमरे में खींच ले गया। एसीपी एत्मादपुर पीयूष कांत राय ने बताया कि ज्योति के सिर में गोली मारी गई है। दोनों के शव पोस्टमार्टम के लिए भेजे गए हैं। फोरेंसिक टीम ने मौके से साक्ष्य जुटाए हैं दीपक ने पहले ज्योति की हत्या की और इसके बाद खुद आत्महत्या की है। इस बारे में परिजन से पूछताछ की जा रही है।

## गौशालाओं के बेहतर संचालन हेतु बैठक संपन्न



**फर्रुखाबाद अवधनामा संवाददाता।** जिलाधिकारी आशुतोष कुमार द्विवेदी की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में वित्तीय वर्ष 2025-26 में गौशालाओं के बेहतर संचालन के लिये गौशालाओं के नोडल अधिकारियों व पशु चिकित्सकों के साथ बैठक की गई। बैठक में जिलाधिकारी द्वारा निर्देशित किया गया कि पूरे साल के लिये अभी भूसे की खरीद कर स्टोर बना कर रखे, गोवंश के खाने के लिये चरी व हरा चारा बोये, कृषि विभाग गौशालाओं को चारे का बीज उपलब्ध कराये, गोवंश को लू से बचाव के इंतजाम करें, छायादार पेड़ लगाए,नंदी व गायों को अलग-अलग बाड़े में रखें, गोवंश का नियमित टीकाकरण करायें,गोवंश का नियमित चिकित्सीय परीक्षण करायें, सभी गोवंश की ईअर टैगिंग करायें, सभी गौशालाओं में सी0 सी0 टी0 वी0 कैमरे लगवाये। जिलाधिकारी द्वारा अधिशासी अधिकारी नगर पालिका को निर्देशित किया कि प्रतिदिन आवारा गोवंश को पकड़ने की व्यवस्था करे। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी, जिला विकास अधिकारी, सभी उपजिलाधिकारी, मुख्य चिकित्सा अधिकारी व संबंधित अधिकारी मौजूद रहे।

## सिरसी के ज़हीर अब्बास डीजी डिस्क से सम्मानित

**संभल अवधनामा संवाददाता।** सिरसी निवासी श्री कमर रजा के बेटे श्री ज़हीर



अब्बास को एनडीआरएफ के डीजी श्री पीयूष गोयल के द्वारा बंगाल फ्लड 2024 के दौरान बचाव और राहत कार्य में उत्कृष्ट कार्य करने हेतु 29 मार्च 2025 को सेकेंड बटालियन एनडीआरएफ के प्रांगण में निदेशक कमांडेशन रोल टाटा डीजी डिस्क से सम्मानित किया गया। जहीर अब्बास इस समय कोलकाता में एनडीआरएफ में इंस्पेक्टर के पद पर तैनात हैं। उनका मूल निवास सिरसी है। वह सन 2001 से देश की सेवा कर रहे हैं। जहीर अब्बास के पिता कमर रजा रिटायर्ड एएसआई आरपीएफ अधिकारी हैं।

## लंदन किड्स ब्रांच का विधायक ने किया शुभारंभ

**गोरखपुर अवधनामा संवाददाता।** ब्लॉक पाली के उसरी में लंदन किड्स ब्रांच



का क्षेत्रीय विधायक प्रदीप शुक्ला ने फीता काटकर उद्घाटन किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि यह विद्यालय नई ऊंचाइयों को छूएगा। अब इस क्षेत्र में लोगों को अपने बच्चों को पढ़ने के लिए दूर नहीं जाना होगा अच्छी से अच्छी शिक्षा व्यवस्था देना इस विद्यालय का उद्देश्य है। विद्यालय के सेंटर हेड देवेंद्र प्रताप गिरी सभी अतिथियों का स्वागत किया। ब्लॉक प्रमुख पिपरौली दिलीप यादव, मनोज सिंह, प्रधान विश्वजीत सिंह शिवेंद्र प्रताप सिंह, रवि प्रताप सिंह, सुनील गिरी, प्रदीप त्रिपाठी, सतीश गिरी, निशा गिरी, मानवेंद्र, सतीश समेत विद्यालय परिवार उपस्थित रहे।

## 15 ई-रिक्शा सीज, 21 ई-रिक्शा का चालान किया गया

**फर्रुखाबाद अवधनामा संवाददाता।** दिनांक 02.04.2025 को जिलाधिकारी



फर्रुखाबाद श्री आशुतोष कुमार द्विवेदी के निर्देशन में एआरटीओ प्रवर्तन सुभाष राजपूत ने यातायात प्रभारी सतेन्द्र कुमार के साथ चेकिंग अभियान चलाते हुये नगर में बस-अड्डा व अन्य स्थानों पर ई-रिक्शा को चेक किया गया तथा 15 ई-रिक्शा को कमियां पाये जाने पर थाना कादरीगेट में सीज किया गया। एआरटीओ प्रवर्तन सुभाष राजपूत द्वारा 04 ई-रिक्शा को कमियां पाये जाने पर थाना कादरीगेट में सीज करते हुये रू0 28 हजार जुर्माना तथा रू0 16 हजार टैक्स लगाया गया। यातायात प्रभारी सतेन्द्र कुमार ने 11 ई-रिक्शा को कमियां पाये जाने पर थाना कादरीगेट में सीज किया गया तथा उन पर रू0 52 हजार जुर्माना लगाया गया। इसके अतिरिक्त 21 ई-रिक्शाओं को चालान कर रू0 95 हजार का जुर्माना लगाया गया। उल्लेखनीय है कि मुख्यमंत्री जी के निर्देशानुसार पूरे उत्तर प्रदेश में अपंजीकृत एवं अवैध ई-रिक्शा वाहनों के विरूद्ध विशेष चेकिंग अभियान संचालित किया जा रहा है। अभियान के अन्तर्गत सघन चेकिंग की कार्यवाही की जा रही है।

## कांग्रेस कार्यालय पर स्वागत समारोह

**देवरिया।** कांग्रेस पार्टी के नवनियुक्त जिलाध्यक्ष विजय शेखर मल्ल रोशन एवं शहर अध्यक्ष मिर्जा खुर्शीद अहमद के प्रथम देवरिया आगमन पर जनपद के कांग्रेस जनों ने पुरवा चौराहे पर गाजे बाजे के साथ भव्य एवं ऐतिहासिक स्वागत किया तत्पश्चात जुलूस लेकर सिविल लाइंस होते हुए सुभाष चौक पहुंचकर सुभाष चन्द्र बोस के मूर्ति पर माल्यार्पण फिर टाउन हॉल स्थित पंडित जवाहरलाल नेहरू एवं इंदिरा गांधी की प्रतिमा पर माल्यार्पण करते हुए कांग्रेस कार्यालय पर स्वागत समारोह के साथ सम्पन्न हुई। कांग्रेस जनों को संबोधित करते हुए निवर्तमान प्रदेश उपाध्यक्ष केशव चन्द्र यादव ने कहा कि आज देश व प्रदेश में सरकार कि नीतियों से आम जनमानस परेशान हैं सरकार सिर्फ झूठे वादे कर जनता को उलझाए हुई है।

## रामदास वर्मा प्रदेशध्यक्ष की अध्यक्षता में भारती कृषक एसोसिएशन की पंचायत फतेहगढ़ में संपन्न हुई



**फर्रुखाबाद अवधनामा संवाददाता।** भारतीय कृषक एसोसिएशन की पंचायत फतेहगढ़ में रामदास वर्मा की अध्यक्षता में संपन्न हुई। जिसमें कई एक बिंदुओं पर संगठन के विस्तारीकरण के लिए राष्ट्रीय अध्यक्ष के सामने विचार रखे गए। पंचायत में भाकृए के राष्ट्रीय सचिव सुधीर मिश्रा, रामलाल गुप्ता प्रदेश अध्यक्ष बिंदु सिंह गंगवार महिला प्रकोष्ठ प्रदेश अध्यक्ष को संगठन के प्रति रुचि न रखने के कारण पद मुक्त किया गया जिनकी जगह पर नये पदाधिकारियों का चयन किया गया। शत्रुघ्न सिंह को जिलाध्यक्ष गौतमबुद्धनगर, गिरीशचंद्र त्रिपाठी को प्रदेश सचिव सीतापुरी उत्तर प्रदेश,रीता यादव जिलाध्यक्ष मैनपुरी, विशाल यादव जिला उपाध्यक्ष फर्रुखाबाद,अजय पाल सिंह प्रदेश संगठन मंत्री, विक्रम यादव प्रदेश अध्यक्ष युवा प्रकोष्ठ, रामवीर पाल उत्तर प्रदेश मीडिया प्रभारी, रामदास वर्मा एडवोकेट प्रदेश अध्यक्ष, रामवीर जाटव राष्ट्रीय महासचिव,जंट सिंह जिला प्रवक्ता फर्रुखाबाद आदि को नवीन पदाधिकारी मनोनीत किया गया। इन सभी पदाधिकारियों से संगठन के विस्तार की भी चर्चा हुई आगे आने वाले समय में जल्द ही जिले में एक पंचायत की गयी प्रत्येक माह की 28 तारीख को कोई भी पदाधिकारी मासिक पंचायत अपनी स्वेच्छानुसार कोई भी पदाधिकारी करा सकता है। बैठक में सुनील कुमार दुबे राष्ट्रीय अध्यक्ष, विक्रम यादव प्रदेश अध्यक्ष युवा प्रकोष्ठ, रामवीर जाटव राष्ट्रीय महासचिव,जंट सिंह, प्रताप सिंह, विशाल यादव,अमित आदि कार्यकर्ता और पदाधिकारी मौजूद रहे।

# योगी सरकार के आठ साल में सहकारिता और नवाचार से सशक्त हो रहे किसान : राम राजा

अवधनामा संवाददाता



**उरई (जालौन)।** योगी सरकार के सेवा सुशासन के 8 साल पूरे होने के अवसर पर बेतवा सीड कॉर्पोरेशन परिसर जालौन में एक कृषक संगोष्ठी का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में उत्तर प्रदेश आलू विकास एवं विपणन सहकारी फेडरेशन के अध्यक्ष दर्जा प्राप्त राज्य मंत्री विमल कटियार मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। बेतवा ग्रुप्स के सदस्यों एवं किसानो द्वारा उनका भव्य स्वागत किया गया। विशेष अतिथि के रूप में उत्तर प्रदेश राज्य निर्माण सहकारी संघ के निदेशक डॉ. प्रवीण सिंह जादौन और भारतीय जनता पार्टी किसान मोर्चा के जिला अध्यक्ष सुर्य नायक भी मौजूद रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता जालौन के ब्लॉक प्रमुख रामराजा निरंजन ने की। इस संगोष्ठी में किसानों को नई कृषि तकनीकों, उन्नत बीजों और सहकारी संगठनों द्वारा दी जाने वाली सुविधाओं की विस्तृत जानकारी दी गई। वक्ताओं ने योगी सरकार की किसान कल्याणकारी योजनाओं पर प्रकाश डालते हुए बताया कि किसानों की आय दोगुनी करने, सिंचाई सुविधाओं में सुधार और फसलों की सही कीमत दिलाने के लिए सरकार लगातार प्रयासरत है। मुख्य अतिथि राज्य मंत्री विमल कटियार ने अपने संबोधन में कहा, योगी सरकार किसानों के हित में ऐतिहासिक फैसले ले रही है। सरकार की नीतियों से कृषि क्षेत्र में बड़ा बदलाव आया है। किसानों को उच्च गुणवत्ता वाले बीज, बेहतर सिंचाई सुविधाएं और बाजार में उचित मूल्य दिलाने के लिए सहकारी संगठनों को सशक्त किया जा रहा है। उत्तर प्रदेश राज्य निर्माण सहकारी संघ के निदेशक डॉ प्रवीण सिंह जादौन ने कहा कि किसान देश की रीढ़ हैं, और सहकारी संगठनों की भूमिका उनके सशक्तिकरण में अहम है। सरकार की योजनाएं किसानों तक सीधे लाभ पहुंचाने के उद्देश्य से चलाई जा रही हैं। कृषि क्षेत्र में सहकारिता के माध्यम से नए अवसर सृजित किए जा रहे हैं, जिससे किसान आत्मनिर्भर बन सकें। भारतीय जनता पार्टी किसान मोर्चा के जिला अध्यक्ष सूर्य नायक ने कहा कि योगी सरकार ने किसान हित में कई बड़े फैसले लिए हैं। प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना, फसल बीमा योजना और न्यूनतम समर्थन मूल्य में वृद्धि जैसी योजनाओं से किसानों को सीधा लाभ मिला है। सरकार किसानों की आर्थिक स्थिति सुधारने के लिए निरंतर प्रयासरत है। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे जालौन के ब्लॉक प्रमुख राम राजा निरंजन ने कहा कि केंद्र एवं राज्य सरकारी किसानो के आर्थिक विकास के लिए सहकारी संगठनों के माध्यम से योजनाओं का क्रियान्वयन कर रही है इस अवसर पर जिला केंद्रीय सहकारी उपभोक्ता भंडार लि जालौन के अध्यक्ष उपेन्द्र सिंह राजावत किसान मोर्चा के जिला महामंत्री राजीव निरंजन श्याम करण प्रजापति अक्षय प्रजापति लल्ला तिवारी दोहरे सिया ग्रामप्रधान रामशरण दोहरे प्रधान, लोकेंद्र सिंह पर्वतपुरा,अशोक पटेल,राजवीर सिंह राजावत,अनुज प्रताप सिंह सरसई,शैलेंद्र शिवहरे, जितेंद्र पांडेय संजीव साहू प्रद्युम्न सिंह एवं किसान, सहकारी समिति के सदस्य और उन्नत शील किसान उपस्थित उपस्थित रहे।

## भाजपा जिला मुख्यालय पर फतेह चंद्र वर्मा की अध्यक्षता में बैठक संपन्न हुई



**फर्रुखाबाद अवधनामा संवाददाता।** दिनांक 2 अप्रैल 2025 दिन बुधवार को आवास विकास कॉलोनी स्थित भाजपा जिला मुख्यालय पर जिला अध्यक्ष फतेह चंद्र वर्मा की अध्यक्षता में जिला पदाधिकारियों मंडल अध्यक्षों मोर्चा अध्यक्षों एवं निवर्तमान मंडल अध्यक्षों की बैठक संपन्न हुई। इस बैठक में आगामी 6 अप्रैल को होने वाले पार्टी के स्थापना दिवस एवं 14 अप्रैल बाबा साहेब भीमराव अंबेडकर की जन्म जयंती पर आयोजित होने वाले कार्यक्रमों की कार्य योजना पर विस्तृत चर्चा हुई एवं तैयारी हेतु दिशा निर्देश दिए गए जिसमें जिला संगठन प्रभारी शिव महेश दुबे ने आगामी कार्यक्रमों एवं अभियानों को सफल बनाने के निर्देश दिए। भाजपा जिला अध्यक्ष फतेहचंद वर्मा ने बताया 6 अप्रैल को भारतीय जनता पार्टी का स्थापना दिवस है इस स्थापना दिवस के अवसर पर सभी भारतीय जनता पार्टी के बूथ स्तर से लेकर जिले स्तर तक के कार्यकर्ता अपने-अपने घरों पर भाजपा का ध्वजारोहण करेंगे। ध्वज के साथ सेल्फी लेकर उसको सोशल मीडिया के माध्यम से बीजेपी 4 विकसित भारतस के साथ अपलोड करेंगे। जिले स्तर पर ही भाजपा की सफलतम यात्रा वाली प्रदर्शनी पार्टी मुख्यालय पर लगेगी। कार्यक्रम को बड़ी धूमधाम से प्रत्येक सार्वजनिक स्थानों पर मनाया जाएगा। 8 अप्रैल से 9 अप्रैल के मध्य विधानसभा स्तर पर सक्रिय सदस्यों का सम्मेलन आयोजित होगा।

# गेंहू खरीद शुरू, डीएम ने किया जायस मंडी के क्रय केंद्रों का निरीक्षण

अवधनामा संवाददाता



**अमेठी/जायस।** मूल्य समर्थन योजना के अन्तर्गत गेंहू खरीद के लिए जिले में 82 गेंहू क्रय केंद्र संचालित किए गए हैं। दो दिनों के भीतर तीन सौ कुंतल से अधिक खरीद हुई है। गेंहू खरीद की प्रगति बढ़ाने के लिए डी एम की ओर से क्रय केंद्रों का निरीक्षण जारी है। बुधवार को डी एम निशा अनंत ने जायस मंडी स्थित क्रय केंद्रों का निरीक्षण किया। मंगलवार को सात क्रय केंद्रों पर 238कुंतल गेंहू खरीद हुई थी।

जिलाधिकारी निशा अनंत की ओर से कृषि उत्पादन मण्डी समिति जायस यार्ड में स्थापित गेहूं क्रय केन्द्रों खाद्य विभाग के जायस मण्डी प्रथम, जायस मण्डी द्वितीय, जायस मण्डी तृतीय, मण्डी समिति जायस एवं भारतीय खाद्य निगम के जायस केन्द्र का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के समय खाद्य विभाग के केन्द्र जायस मण्डी प्रथम पर किसान राकेश यादव निवासी तेन्दुआ की लगभग 40 कु0 गेहूं की तौल चल रही थी। जायस मण्डी द्वितीय पर किसान ओम प्रकाश, सरायमहेशा की लगभग 20 कु0 एवं गंगाप्रसाद निवासी तेन्दुआ की 60 कु0 गेहूं की तौल चल रही थी। जायस मण्डी तृतीय, कृषि उत्पादन मण्डी समिति जायस एवं भारतीय खाद्य निगम के जायस मण्डी केन्द्र पर कोई तौल नहीं हो रही थी। केन्द्र जायस मण्डी प्रथम एवं द्वितीय पर उपस्थित किसानों से जिलाधिकारी द्वारा पूछताछ कर किसी भी असुविधा के सम्बन्ध में जानकारी की गयी तो किसानों के द्वारा बताया गया कि हमे तौल कराने में कोई असुविधा नहीं हो रही है और न ही किसी प्रकार का कोई शोषण किया जा रहा है। उपस्थित जिला खाद्य विपणन अधिकारी राजेश्वर प्रताप सिंह, को निर्देशित किया गया। जनपद में स्थापित सभी केन्द्रों पर यह सुनिश्चित कर लिया। किसानों को अपनी उपज को विक्रय करने में कोई असुविधा न हो।

# शिक्षक कभी रिटायर नहीं होतेः राम ललित

## प्रा. विद्यालय मंगरौली के प्रभारी प्रधानाध्यापक रामधन के सम्मान में हुआ समारोह



अवधनामा संवाददाता

**अमेठी/जगदीशपुर।** प्राथमिक विद्यालय मंगरौली के प्रभारी प्रधानाध्यापक रामधन वर्मा ने 31मार्च को सेवा से अवकाश प्राप्त कर लिया है। रामधन वर्मा के सम्मान में बुधवार को विदाई समारोह आयोजित किया गया। समारोह को मुख्य अतिथि के रूप में खंड शिक्षा अधिकारी ललित कुमार ने सम्बोधित किया। उन्होंने कहा कि शिक्षा जीवन पर्यन्त चलने वाली प्रक्रिया है। शिक्षक कभी रिटायर नहीं होता। सेवानिवृत्ति के बाद शिक्षक की भूमिका एक अनुभवी और समझदार नागरिक के रूप में समाज के नेता और निर्माणकर्ता के रूप में होती है। उन्होंने सेवानिवृत्त रामधन वर्मा को सुखद, स्वस्थ और समृद्ध जीवन की शुभकामनाएं दीं और कहा कि सेवा से अवकाश के बाद भी बेसिक शिक्षा विभाग के रचनात्मक कार्यों से हमेशा जुड़े रहें। जूनियर हाईस्कूल शिक्षक संघ के जिला अध्यक्ष अब्दुल रसीद ने सरकारी सेवा में आना और सेवा से अवकाश प्राप्त करना प्रकृति के नियमों में शामिल हैं। एक शिक्षक अपने अच्छे कार्यों से सेवानिवृत्ति के बाद भी समाज में सम्मान जनक स्थान बनाए रखता है। रामधन वर्मा को अब समाज को अपनी सेवाएं देने के लिए पूरा समय मिलेगा वे स्वतंत्र रूप से सतत शिक्षा के विद्यार्थी और शिक्षक के रूप में काम कर सकेंगे। खंड शिक्षा अधिकारी सतीश कुमार,राम ललित, जगदीशपुर सतीश सिंह मुसाफिरखाना अजय सिंह, वीरेंद्र, शिव प्रताप, दुर्गा, श्याम शरण,राम नारायण सरोज, हरिभान, मोलहु राम, प्रमोद कुमार आदि मौजूद रहे।

## सभी ग्राम पंचायतों में कैंप लगाकर किसानों की फार्मर रजिस्ट्री आईडी बनाई जाएगी

**अमेठी।** उप कृषि निदेशक सत्येन्द्र कुमार ने बताया कि शासन के निर्देशानुसार जनपद में किसानों की फार्मर रजिस्ट्री बनाये जाने का अभियान 01 अप्रैल से 30 अप्रैल 2025 तक चलाया जा रहा है, जिसके तहत जनपद के प्रत्येक ग्राम में कैम्प का आयोजन कृषि एवं राजस्व विभाग के कर्मचारियों द्वारा कराते हुये शत-प्रतिशत किसानों की फार्मर रजिस्ट्री आई0डी0 तैयार किये जाने हेतु दिशा-निर्देश एवं कैम्प आयोजन की कार्ययोजना जनपद स्तर से जारी की गयी है। इस सम्बन्ध में उन्होंने बताया कि जनपद में फार्मर रजिस्ट्री आई0डी0 हेतु निर्धारित लक्ष्य 318855 के सापेक्ष अब तक कुल 147442 किसानों की फार्मर रजिस्ट्री आई0डी0 तैयार की गयी है तथा जनपद के समस्त किसानों से अपील किया कि अपने ग्राम पंचायत में आयोजित होने वाले कैम्प में अपनी फार्मर रजिस्ट्री आई0डी0 तैयार कराने के साथ-साथ इच्छुक किसान अपना किसान क्रेडिट कार्ड का आवेदन कृषि विभाग के कार्मिक को उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें।

# बिजली के निजीकरण के विरोध में प्रदर्शन जारी

अवधनामा संवाददाता

> वर्ष 2025-26 में एटी एंड सी हानियां 13.82 प्रतिशत लाने के दावे के बाद निजीकरण पर संघर्ष समिति ने किया सवाल

**गोरखपुर।** विद्युत कर्मचारी संयुक्त संघर्ष समिति, उत्तर प्रदेश ने यह कहा है कि वर्ष 2025 - 26 में ए टी एंड सी हानियां 13.82 प्रतिशत लाने के पावर कारपोरेशन के दावे के बाद पूर्वांचल विद्युत वितरण निगम और दक्षिणांचल विद्युत वितरण निगम का निजीकरण किसके हित में किया जा रहा है। संघर्ष समिति के आह्वान पर आज लगातार 126 वें दिन सभी जनपदों और परियोजनाओं पर विरोध प्रदर्शनजारी रहा। संघर्ष समिति के पदाधिकारियों पुष्पेन्द्र सिंह, जितेन्द्र कुमार गुप्त, रोहित राय, प्रभुनाथ प्रसाद, संगमलाल मौर्य, इस्माइल खान, संदीप श्रीवास्तव, विजय बहादुर सिंह राकेश चौरसिया, राजकुमार सागर, विनय पांडे, रामाश्रय पासवान, ओम गुप्ता, सत्यव्रत पाण्डेय, गिरिजाशंकर चौहान, प्रमोद श्रीवास्तव, श्रीराम त्रिवेदी एवं अभिषेक मिश्रा ने कहा कि मल्टी ईयर टैरिफ डिस्ट्रीब्यूशन रेगुलेशन 2005, 01 अप्रैल से लागू होने के बाद पावर कॉरपोरेशन द्वारा यह दावा किया गया है कि वर्ष 2025 - 26 में ए टी एंड सी हानियां घटकर 13.82 प्रतिशत रह जाएंगी। उन्होंने कहा की 2 दिन पूर्व प्रदेश के ऊर्जा मंत्री श्री अरविंद कुमार शर्मा जी ने स्वयं ट्वीट कर बताया था कि वर्ष 2017 की 40 प्रतिशत की तुलना में ए टी एंड सी हानियां वर्ष 2024 में घटकर 16.5 प्रतिशत रह गई है। अब जब चालू वित्तीय वर्ष में ए टी एंड सी हानियों को 13.82 प्रतिशत तक आने की बात कही जा रही है जो 15 प्रतिशत के राष्ट्रीय मानक से कम है, तब निजीकरण की प्रक्रिया तत्काल निरस्त की जानी चाहिए। संघर्ष समिति ने कहा कि सितंबर 2020 में केंद्रीय विद्युत मंत्रालय द्वारा जारी ड्राफ्ट स्टैंडर्ड बिडिंग रेगुलेशन में स्पष्ट कहा गया है कि जहां 15 प्रतिशत से कम ए टी एंड सी हानियां हों ऐसे विद्युत वितरण निगमों में निजीकरण करने की कोई आवश्यकता नहीं है। इस दृष्टि से पूर्वांचल विद्युत वितरण निगम एवं दक्षिणांचल विद्युत वितरण निगम के निजीकरण की चल रही प्रक्रिया तत्काल निरस्त की जानी चाहिए। संघर्ष समिति ने कहा कि पावर कार्पोरेशन प्रबंधन ने निजीकरण का राग छेड़ कर विगत चार महीनों से उत्तर प्रदेश के ऊर्जा निगमों में अनावश्यक तौर पर औद्योगिक अशांति का वातावरण बना रखा है। संघर्ष समिति ने पहले ही बिजली कर्मचारियों और अभियंताओं का आह्वान किया है कि वह चालू वित्तीय वर्ष में ए टी एंड सी हानियां 15 प्रतिशत से कम करके दिखा देंगे। इस दृष्टि से निजीकरण का निर्णय तत्काल निरस्त किया जाए, कार्य का स्वस्थ वातावरण बनाया जाए और बिजली कर्मियों को पूरे मनोयोग के साथ श्रेष्ठतम प्रदर्शन करने के लिए कार्य करने दिया जाय। इस बीच निजीकरण के विरोध में बिजली कर्मचारियों ने प्रांत व्यापी विरोध प्रदर्शन जारी रखा। बिजली कर्मचारियों ने आगामी 09 अप्रैल को लखनऊ में होने वाली विशाल रैली के लिए प्रत्येक कार्यालय में जाकर कर्मचारियों और अभियंताओं से व्यापक जनसंपर्क किया।

## कृषि विज्ञान केन्द्र का सभापति विमल कटियार ने निरीक्षण किया



**उरई (जालौन) अवधनामा संवाददाता।** कृषि विज्ञान केन्द्र, जालौन पर उत्तर प्रदेश आलू विकास एवं विपणन सहकारी संघ लिमिटेड के सभापति विमल कटियार का आगमन हुआ, जिनको डा0 राजकुमारी, गृहवैज्ञानिक द्वारा कृषि विज्ञान केन्द्र, जालौन में स्थापित विभिन्न इकाईयों जैसे-क्रॉपकैफेटेरिया, हाईटेक नर्सरी, बागवानी, प्राकृतिक खेती, पशुपालन, बकरी पालन, मुर्गी पालन, नाडेप, वर्मी कम्पोस्ट इकाई, किचेन गार्डेन, सीड हब एवं निर्माणाधीन मिलेट्स प्रोसेसिंग यूनिट का भ्रमण कराया गया। साथ ही साथ डा0 राजकुमारी द्वारा केन्द्र में चल रहे विभिन्न योजनाओं जैसे-निकरा परियोजना, एस.सी.-एस.पी. परियोजना, स्वच्छता कार्य योजना, सीड हब योजना, सी.एफ.एल.डी. योजनाओं आदि के बारे में विस्तार से जानकारी दी गयी। साथ ही बताया कि कृषि विज्ञान केन्द्र, जालौन के वैज्ञानिकों द्वारा केन्द्र पर एवं गावों में जाकर कृषक महिलाओं, पुरुषों, नवयुवक एवं नवयुवतियों को तकनीकी जानकारी दिया जाता है। केन्द्र के फार्म मैनेजर सतीश कुमार ने प्रक्षेत्र हो रहे शोध कार्यों से मा0 सभापति महोदय को अवगत कराया।

## सहारनपुर डिपो की एसी बस को अलीगढ़ के टीआई नहीं करते चेक

**अलीगढ़ अवधनामा संवाददाता।** सहारनपुर डिपो की एसी जनरथ आगरा से सुबह 8 बजे चल कर सहारनपुर के लिए जाती हैं। प्राय देखा गया है कि अलीगढ़ रीजन के टीआई सादाबाद, हाथरस व सासनी पर खड़े तो रहते हैं परंतु आगरा से जाने वाली एसी जनरथ 6505, 6506 बसों को टी




आई चेक नहीं करते। आखिर क्या वजह है कि यह चेकिंग स्टाफ अन्य बसों को को तो चेक करते हैं परंतु इन बसों पर इनका ध्यान नहीं जाता। यहां यह भी उल्लेखनीय है कि आगरा, सादाबाद, हाथरस से कुछ स्टाफ इन बसों में सवार हो कर अलीगढ़ जाता हैं। जब चेकिंग स्टाफ उक्त बसों को रोकते हैं तो यह लोग अपने को कर्मचारी बता कर बसों को चेकिंग करने से मना कर देते हैं और चेकिंग स्टाफ चला जाता है। ऐसा एक बार ही नहीं वल्कि अनेकों बार देखा गया है। उक्त बसों को यह कर्मचारी चेकिंग से क्यों मना करते हैं यह तो टीआई और यह कर्मचारी ही जाने। जबकि उत्तर प्रदेश परिवहन निगम के आदेशों अनुसार उक्त एसी बसों में स्टाफ मान्य नहीं है फिर भी इन जनरथ बसों में अलीगढ़ तक जाता है। अलीगढ़ के क्षेत्रीय प्रबंधक अपने अधीनस्थ चेकिंग स्टाफ को निर्देषित करें कि सहारनपुर डिपो की एसी जनरथ बसों को विशेष निगरानी में चेकिंग की जाए ताकि सच्चाई का पता चले। इस चेकिंग को रोकने में क्या वजह है वह सामने आयेगी।

## प्रोफेसर एस.एम. खान द्वारा 'शैक्षणिक लेखन में कॉपीराइट' पर व्याख्यान

**अलीगढ़ अवधनामास संवाददाता।** अलीगढ़ मुस्लिम विश्वविद्यालय के मनोविज्ञान विभाग के प्रोफेसर एस.एम. खान ने नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ एकेडमिक प्लानिंग एंड एडमिनिस्ट्रेशन, नई दिल्ली द्वारा शिक्षकों के लिए शोध पद्धति और शैक्षणिक लेखन पर आयोजित एक बहु-विषयक रिफ्रेशर कोर्स के अंतर्गत 'शैक्षणिक लेखन में कॉपीराइट' विषय पर एक ऑनलाइन व्याख्यान दिया।प्रोफेसर खान ने शैक्षणिक प्रकाशनों में कॉपीराइट कानूनों और बौद्धिक संपदा अधिकारों के महत्व को उजागर किया। उन्होंने विद्वानों के कार्यों की सुरक्षा, साहित्यिक चोरी को रोकने और अनुसंधान में नैतिक मानकों को बनाए रखने के तरीकों पर महत्वपूर्ण जानकारी साझा की। सत्र की एक प्रमुख विशेषता प्रोफेसर खान द्वारा एआई अनुप्रयोगों का प्रदर्शन था, जो शोध लेखों और परियोजनाओं में मौलिकता और प्रामाणिकता को सत्यापित करने में सहायक हैं। उन्होंने शैक्षणिक सामग्री के कॉपीराइट प्रमाणन के लिए आवेदन करने की प्रक्रिया को भी समझाया, जिससे शैक्षणिक योगदान को कानूनी सुरक्षा मिल सके।

# बस्ती में देशी शराब ठेका खोले जाने का मोहल्लावासियों ने किया विरोध

अवधनामा संवाददाता



**उरई (जालौन)।** गोहन थाना क्षेत्र के कस्बा ईटों में बस्ती में घरों के बीच देशी शराब ठेका खोले जाने को लेकर ग्रामीण आक्रोशित हो गए। और मोहल्ला वासी ग्रामीणों ने देशी शराब ठेका खोलने का विरोध किया है।दर्जनों मोहल्ला वासी महिलाओं बच्चों समेत एकत्रित होकर चौकी पर पहुंचे। और शराब ठेकेदार के खिलाफ प्रार्थना पत्र दिया है। और बस्ती में ठेका नही खोलने की मांग की है।

जानकी, माया गुप्ता, सीमा देवी, नेहा,सुमन, अर्चना,माया देवी, राधा, मीना देवी,सरोज, शिवानी, सुलेखा, नेहा गुप्ता,मीनू,जीतू, सियाराम,बारे लाल,पंकज,बन्टू, कमलेश, आदि मोहल्ला वासियों का कहना है कि जिस जगह मकान में देशी शराब ठेका खुलवाया जा रहा है।उस जगह मकान के आसपास बस्ती है। अपने परिवार बच्चों के साथ लोग रहते है। यहां शराब ठेका नही खुलना चाहिए। ठेका वाली दुकान के पास मेडिकल स्टोर है। कोचिंग सेंटर है। लोग रहते है। जिस मकान में देशी शराब ठेका खोला जा रहा है।उस मकान से सटे कई परिवार रहते है।पड़ोस में परिवार सहित सैकड़ों लोग रहते है। सभी को शराब ठेका खोलने से परेशानी है। शराब ठेके को बस्ती और रिहायशी इलाके से दूर खोला जाए।मोहल्ला वासियों के द्वारा उच्चाधिकारियों से भी लिखित शिकायत की गई है। उसमें भी यही मांग की गई है कि देशी शराब ठेका बस्ती और घरों से दूर खोला जाए। चौकी प्रभारी रामवीर सिंह ने आक्रोशित मोहल्ले वासी महिलाओं पुरुषों को समझा बुझाकर कर शांन्त करवाया। और उच्चाधिकारियों से बात की। ठेकेदार का कहना है कि देशी शराब की दुकान मकान के अनुसार खोली जा रही है। किसी भी व्यक्ति को कोई भी परेशानी नही होना चाहिए। दूरभाष से जिला आबकारी अधिकारी भूपेन्द्र सिंह से बात की तो उन्होंने कहा है कि देशी शराब की दुकान विवादित जगह पर नही खोली जायेगी। जहां चल रही है वहीं चलेगी।या तो जिस जगह विवाद नही होगा उस जगह शराब की दुकान खोली जायेगी।

# भारतीय जनता पार्टी स्थापना दिवस पर आयोजित करेगी विभिन्न कार्यक्रम




*अवधनामा संवाददाता*

**अयोध्या।** भारतीय जनता पार्टी 45 स्थापना दिवस के अवसर पर विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन करेगी। स्थापना दिवस समारोह की तैयारियों को लेकर पार्टी कार्यालय सहादतगंज में पदाधिकारियों व कार्यकताओं की कार्यशाला आयोजित की गई। क्षेत्रीय महामंत्री व महानगर प्रभारी विजय प्रताप सिंह ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी का स्थापना दिवस 6 अप्रैल को है। स्थापना दिवस के अवसर पर 6 अप्रैल को कार्यालय पर पार्टी का ध्वजारोहण किया जाएगा। पार्टी की यात्रा की प्रदर्शनी भी लगाई जाएगी। 7 अप्रैल को बूथ स्तर पर कार्यक्रम का अयोजन होगा। 8 तथा 9 अप्रैल को विधानसभा स्तर पर सक्रिय सदस्यों का सम्मेलन आयोजित किया जाएगा। सात से 12 अप्रैल तक गांव चलो अभियान के तहत पार्टी के जिला व अन्य पदाधिकारी गांवों में प्रवास करेंगे। विधायक वेद प्रकाश गुप्ता ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी एक राष्ट्रवादी राजनीतिक दल है जो भारत को एक सुदृढ़, समृद्ध एवं शक्तिशाली राष्ट्र के रूप में विश्व पटल पर स्थापित करने के लिए कृतसंकल्पित है। अपनी स्थापना के साथ ही भाजपा ने अंतर्राष्ट्रीय, राष्ट्रीय एवं लोकहित के विषयों पर मुखर रहते हुए भारतीय लोकतंत्र में अपनी सशक्त भागीदारी दर्ज की तथा भारतीय राजनीति को नए आयाम दिए। महानगर अध्यक्ष कमलेश श्रीवास्तव ने कहा कि स्थापना दिवस समारोह में कार्यकर्ता लाभार्थियों से मिल कर चर्चा करेंगे। गलियों में शोभायात्रा निकाली जाएगी। ग्रामीणांचलों तथा शहरी इलाकों में चौपाल लगाई जाएगी। पार्टी के वरिष्ठ नेताओं, आपातकाल सेनानियों तथा कारसेवकों का सम्मान किया जाएगा।

कार्यकर्ताओं द्वारा स्वच्छता अभियान चलाया जाएगा। कार्यशाला में पूर्व महानगर अध्यक्ष अभिषेक मिश्रा, जिला पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि आलोक सिंह रोहित, गन्ना अध्यक्ष दीपेंद्र सिंह, शैलेंद्र कोरी, डॉ राकेश मणि त्रिपाठी, परमानंद मिश्रा, प्रतिमा शुक्ला, काशीराम रावत, आकाश सोमवंशी, अरविंद सिंह, तिलक राम मौर्या रामप्रीत वर्मा, अनीता सिंह, अरुण तिवारी, दिनेश मिश्रा, रवि सोनकर, बालकृष्ण वैश्य, हेमंत जायसवाल, कपिल देव वर्मा सहित पदाधिकारी व कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# योगी सरकार में समृद्ध हो रहा अयोध्या का स्वास्थ्य विभाग

## मेडिकल कॉलेज में खरीदी जाएगी 39 नई जांच मशीन, 10 करोड़ रुपये होंगे खर्च

*अवधनामा संवाददाता*

**अयोध्या।** योगी सरकार के नेतृत्व में प्रदेश का स्वास्थ्य विभाग निरंतर प्रगति के पथ पर अग्रसर है। खास तौर पर यहां स्वास्थ्य सुविधाओं का विस्तार और सुदृढ़ीकरण देखने को मिल रहा है। एक ओर जहां सरकारी अस्पतालों की संख्या और गुणवत्ता में बढ़ोतरी हो रही है, वहीं दूसरी ओर दर्शननगर स्थित राजर्षि दशरथ मेडिकल कॉलेज भी आधुनिक सुविधाओं से लैस होकर क्षेत्र के स्वास्थ्य ढांचे को मजबूत कर रहा है। हाल ही में इस मेडिकल कॉलेज के लिए बड़े बजट को मंजूरी मिली है, जिससे स्वास्थ्य सेवाओं में क्रांतिकारी बदलाव की उम्मीद जगी है। मेडिकल कॉलेज के उन्नयन के लिए डायरेक्टर जनरल ऑफ मेडिकल एजुकेशन (डीजीएमई) ने 9.84 करोड़ रुपये के बजट को स्वीकृति प्रदान की है। इस राशि से 39 अत्याधुनिक जांच मशीनों की खरीदारी की जाएगी। इन मशीनों के संचालन के बाद मेडिकल कॉलेज में छोटी-मोटी बीमारियों से लेकर गंभीर रोगों की जांच संभव हो सकेगी। अधिकारियों का कहना है कि इसी वित्तीय वर्ष में इन मशीनों की खरीदारी पूरी कर जांच प्रक्रिया भी शुरू हो जाएगी। इस पहल से न केवल अयोध्या बल्कि आसपास के क्षेत्रों के मरीजों को भी लाभ मिलेगा। अभी तक गंभीर बीमारियों की जांच के लिए लोगों को बड़े शहरों या निजी अस्पतालों की ओर रुख करना पड़ता था, लेकिन अब यह सुविधा स्थानीय स्तर पर उपलब्ध होगी। मेडिकल कॉलेज के प्राचार्य डॉ. सत्यजीत वर्मा ने बताया कि इसका प्रस्ताव भेजा गया था, जो मंजूर हो गया है। कोशिश है कि जल्द से जल्द आधुनिक जांचें शुरू कर दी जाएं।

**टीएमटी, पेरिमीटर व एंडोस्कोपी भी होगी संभव**

39 जांच मशीनें ऐसी हैं, जिनके संचालन के बाद मरीजों को महानगरों के चक्कर नहीं काटने पड़ेंगे। मेडिसिन विभाग को टीएमटी मशीन मिलेगी। यह ट्रेड मिल की तरह होती है, जिस पर हार्ट के मरीजों की जांच होती है। वहीं एंडोस्कोपी की भी व्यवस्था शुरू होगी। नेत्र विभाग भी काफी मजबूत होने जा रहा है। इस विभाग में पेरिमीटर (एचएफए), स्लिट लैप विथ कैमरा, क्रियो यूनिट, यग लेजर विथ अब्राहम लेंस, ओसीटी व अल्ट्रासाउंड बी स्कैन की व्यवस्था होने जा रही है। एनेस्थेसिया की 12 जांच मशीनें, पीडियाट्रिक को इंफैन्ट वार्मर, आर्थो को सीआर इमेज, इंस्ट्रूमेंट, सर्जरी व बायोकेमेस्ट्री डिपार्टमेंट के लिए जांच मशीनें आएंगी।

**नया कीर्तिमान गढ़ रहा मेडिकल कॉलेज**

मेडिकल कॉलेज में इन मशीनों के आने से जांच व स्वास्थ्य सुविधाओं में तेजी आएगी और इलाज की प्रक्रिया भी प्रभावी होगी। योगी सरकार का यह कदम स्वास्थ्य क्षेत्र में आत्मनिर्भरता और गुणवत्तापूर्ण चिकित्सा सेवाएं प्रदान करने की दिशा में बड़ा प्रयास माना जा रहा है। स्थानीय लोगों का मानना है कि इससे न सिर्फ स्वास्थ्य सेवाएं सुलभ होंगी, बल्कि रोजगार के अवसर भी बढ़ेंगे। मेडिकल कॉलेज के इस विस्तार से अयोध्या स्वास्थ्य के क्षेत्र में नया कीर्तिमान स्थापित करने की ओर बढ़ रहा है।

### सनातन धर्म पर आपत्तिजनक बयानबाजी के खिलाफ अधिकारियों के माध्यम से प्रधानमंत्री को भेजा गया ज्ञापन

**अयोध्या।** समाजसेवी अर्चना तिवारी के नेतृत्व में विभिन्न संगठनों से जुड़ी महिलाओं ने समाजवादी पार्टी के नेताओं द्वारा सनातन धर्म और महापुरुषों पर की गई आपत्तिजनक बयानबाजी के खिलाफ प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को संबोधित एक ज्ञापन अधिकारियों के माध्यम से सौंपा। इस दौरान महिलाओं ने इन बयानों को सनातन धर्म के अपमान और हिंदू समाज की आस्था पर हमला करार दिया। अर्चना तिवारी ने कहा कि सपा नेताओं द्वारा दिए गए बयान देश की धार्मिक सहिष्णुता और सांस्कृतिक मूल्यों पर चोट हैं। उन्होंने कहा, ÷हम इसे हल्के में नहीं लेंगे। यदि संबंधित नेता अपने विवादित बयानों के लिए माफी नहीं मांगते, तो 12 अप्रैल को मैं स्वयं महिलाओं के साथ अखिलेश यादव के आवास पर जाकर अपनी आपत्ति दर्ज कराऊंगी। सनातन धर्म की रक्षा के लिए हम हर संभव कदम उठाने को तैयार हैं। ज्ञापन में अखिलेश यादव, अबू आसिम आजमी और रामजी लाल सुमन के निम्नलिखित विवादित बयानों पर कड़ी आपत्ति जताई गई= अखिलेश यादव ने कहा, भाजपा को दुर्गंध पसंद है, इसलिए वे गौशालाएं बना रहे हैं, जबकि हमारी सरकार को सुगंध पसंद है, इसलिए हमने इत्र पार्क बनाया।

# पल्मोकेयर सुपर स्पेशिलिटी सेंटर में होगा सांस फेफड़ों और छाती से सम्बंधित इलाज



**बाराबंकी।** स्वास्थ्य मानव जीवन की अमूल्य निधि है। स्वास्थ्य गड़बड़ाने से तन-मन-धन सभी गड़बड़ होने लगते हैं। इसलिए मनुष्य को ऐसी दिनचर्या अपनानी चाहिए कि बीमारी। उक्त विचार सतीश चंद्र शर्मा मंत्री खाद्य एवं रसद विभाग उत्तर प्रदेश ने देवा रोड स्थित पलमोकेयर चेस्ट एंड टीबी सुपर स्पेशिलिटी सेंटर का फीता काटकर शुभारम्भ करने के बाद व्यक्त किए। श्री शर्मा ने यह भी कहा कि यह बाराबंकी के लिए खुशी की बात है कि किंग्जॉर्ज मेडिकल कालेज व डॉ राम मनोहर लोहिया में सेवाएं देने वाले डॉक्टरों द्वारा बाराबंकी में क्लिनिक का शुभारंभ किया गया है। पूर्व चिकित्सा अधिकारी अम्बेडकर व किंग जार्ज मेडिकल कालेज के सीनियर रेजीडेंट डॉ अजय कुमार मिश्रा एमडी ने अतिथियों का स्वागत करते हुए कहा कि फेफड़े और छाती तथा सांस से सम्बंधित रोगों के सम्पूर्ण इलाज की सुविधाएं उपलब्ध हैं। डॉ अमिय पांडेय एमडी पूर्व चिकित्सक डॉ राम मनोहर लोहिया अस्पताल लखनऊ ने अपने संबोधन में कहा कि नवरात्र में मां के आशीर्वाद से इस सुपर स्पेशिलिटी सेंटर में सांस, छाती, एलर्जी व टीबी संबंधी बेहतर इलाज देना हमारा मकसद होगा। कंठ कोकिला म्यूजिकल ट्रस्ट की अध्यक्ष प्रियंका पाण्डेय ने अतिथियों का आभार प्रकट करते हुए कहा मुझे विश्वास है कि रोगी बीमारी की चिंता व कष्ट में आएगा और निश्चिंत होकर मुस्कराते हुए जाएगा। कवि साहित्यकार प्रदीप सारंग के संचालन में सम्पन्न शुभारम्भ कार्यक्रम में ज्योतिषाचार्य ब्रजेश पांडेय द्वारा उपस्थित पूर्व ब्लॉक प्रमुख सिद्धौर शिवगोविंद सिंह, भाजयुमो जिलाध्यक्ष रोहित सिंह, मृत्युंजय शर्मा, एड हरीश मिश्रा, हाईकोर्ट अधिवक्ता मनोज अवस्थी, श्रीराम वाटिका के निदेशक वीरेंद्र सिंह, अनिल त्रिपाठी, आदि को पौध गमला प्रदान कर स्वागत किया गया।

# झुनझुनवाला कॉलेज में तकनीकी प्रदर्शनी इलेक्ट्रा 2025 का आयोजन

*अवधनामा संवाददाता*

**अयोध्या।** झुनझुनवाला इंजीनियरिंग कॉलेज में विगत वर्षो की तरह विशाल तकनीकी मेला ÷इलेक्ट्रा 2025 का सफलता पूर्वक आयोजन हुआ। इस तकनीकी प्रदर्शनी का उद्घाटन मिल्कीपुर विधायक चन्द्रभानु पासवान के द्वारा फीता काट कर किया गया। कार्यक्रम के आरम्भ में संस्था की विकास निदेशिका श्रीमती मीनाक्षी मोदी द्वारा गुलदस्ता भेंट कर विधायक जी का स्वागत किया गया।

इस तकनीकी मेले में अयोध्या के प्रतिष्ठित संस्थान राजकीय गर्ल्स पॉलिटेक्निक, के एम् स्कूल मसौधा आदि ने भाग लिया इस प्रदर्शनी में यांत्रिकी के सी एन सी राइटिंग मशीन, मोबाइल बकेट, फ्लोटिंग सोलर पावर फाउंटेन, बर्बेक ग्रिल, इलेक्ट्रिक आरती मशीन, इलेक्ट्रिकल ब्रांच के ट्रैन एक्सीडेंट प्रिवेंशन, आटोमेटिक टनल लाइट, वायरलेस चार्जिंग प्रोजेक्ट, लेसर सिक्योरिटी सिस्टम, टेस्ला कोइल, मिनी जनरेटर, आटोमेटिक स्ट्रीट लाइट, सिविल ब्रांच के अर्थक्कक रेसिस्ट बिल्डिंग, ग्रीन बिल्डिंग, रबर



डैम, स्मार्ट गावं, आदि को अत्यधिक प्रशंसा और सराहना मिली झुनझुनवाला आई0 टी0 आई0 से हाइड्रोलिक जैक, स्विंगिंग चेयर, मैनुअल वेट लिफ्टिंग मशीन, मिनी इन्वेर्टर, वायरलेस पावर ट्रांसफर सर्किट, डांसिंग लाइट, के एम् स्कूल मसौधा से CaC2 केनन, होम सिक्योरिटी सिस्टम, हाइड्रोलिक रोबोटिक आर्म, थर्मोलीटिक जनरेटर, को अत्यधिक प्रशंसा मिली राजकीय गर्ल्स पॉलिटेक्निक के निखिल सिंह, अजय सिंह, के एम् स्कूल मसौधा से रजनीश पांडेय, कुणाल श्रीवास्तव तथा विभिन्न इण्टर कॉलेज के छात्र और अध्यापक के साथ -साथ विभिन्न गावों के प्रधान, छात्र छात्राओं के माता-पिता इस आयोजन में सम्मिलित हुए। सहायक निदेशक रोजगार कार्यालय से देवब्रत कुमार तथा लुवनोवो सीमेंट के श्री रिज़वान जी इस अवसर पर उपस्थित थे। झुनझुनवाला ग्रुप ऑफ़ इंस्टीटूशन्स के चेयरमैन श्री लक्ष्मीकांत झुनझुनवाला, निदेशक डॉ गिरिजेश त्रिपाठी, प्राचार्य श्री आशुतोष त्रिपाठी, झुनझुनवाला पी0 जी0 कॉलेज के निदेशक प्रो0 रमापति मिश्रा तथा प्राचार्या डॉ सरिता मिश्रा आदि ने इस समारोह की अत्यधिक प्रसंशा की। आयोजन का समापन कॉलेज की विकास निदेशिका श्रीमती मीनाक्षी मोदी ने सभी छात्रों को प्रशस्ति पत्र देकर किया। उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्रों को मेडल तथा ट्रॉफी देकर सम्मानित किया गया। तकनीकी मेले का सञ्चालन अमर सिंह, दीक्षा सिंह, अजीत मिश्रा, तथा ऋषभ ने किया। तकनीकी मेले को सफल बनाने में झुनझुनवाला इंजीनियरिंग कॉलेज के अध्यापको का महत्वपूर्ण योगदान रहा। यह जानकारी कॉलेज के मीडिया प्रभारी मनोज कुमार, अम्बरीष श्रीवास्तव तथा अनूप गौर ने दी।

# गौरव आर्मी टेक्निकल अग्निवीर पद पर हुवे चयन, हुआ स्वागत



*अवधनामा संवाददाता*

**मसौली बाराबंकी।** क्षेत्र की ग्राम पंचायत करपिया निवासी सुनील वर्मा, गीता वर्मा के पुत्र गौरव वर्मा का चयन आर्मी टेक्निकल अग्नि वीर के पद पर चयन होने पर जिला पर्यावरण समिति के सदस्य व जिला महामंत्री किसान मोर्चा भाजपा आशीष वर्मा ने माला पहनाकर सम्मानित किया।गौरव वर्मा को सम्मानित करते हुए आशीष वर्मा ने कहा की हमारे ग्राम के लिए बड़े गर्व की बात है कि हमारे गांव के बेटे को देश की सुरक्षा करने का अवसर मिलेगा, गौरव वर्मा को बधाई देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। किसान सुनील वर्मा के पुत्र गौरव पढ़ाई में शुरू से ही मेधावी रहे। उनका सपना सेना में अ?धिकारी बनने का था। गौरव वर्मा अपने सपने को आकार देने के लिए जुट गए। बीते दिनों घो?षित परिणाम में उनका चयन सेना मे आर्मी टेक्निकल के पद पर चयन हुआ। गौरव वर्मा ने अपनी सफलता का श्रेय अपने परिजनों और गुरुजनों को दिया।

# झूठा आरोप बताकर, छेड़खानी के आरोपी ने की आत्महत्या



**बरेली।** बरेली के सुभाषनगर क्षेत्र में छेड़छाड़ के आरोपी ने पुलिस से परेशान होकर मंगलवार देर रात रस्सी के सहारे फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव पोस्टमार्टम में लिए भेज दिया। बुधवार को सीओ टू संदीप सिंह पोस्टमार्टम हाउस पर पहुंचे और परिजनों से मुलाकात की। परिजनों का आरोप है कि पुलिस से परेशान होकर युवक ने आत्महत्या की है। सीओ सेकेंड ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है। जांच के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी। सुभाषनगर के बदायूं रोड स्थित रामाश्रम कॉलोनी निवासी 20 वर्षीय ऑटो ड्राइवर लखनपाल ने मंगलवार रात आत्महत्या कर ली। उसका शव फंदे से लटका मिला। 19 मार्च को लखनपाल पर एक व्यक्ति ने छेड़खानी की रिपोर्ट दर्ज कराई थी। लखनपाल पर आरोप था कि उसने उनकी बेटी के साथ छेड़छाड़ की थी। रिपोर्ट दर्ज होने के बाद से पुलिस मामले की जांच में जुटी थी। मृतक के परिजनों ने एक सुसाइड नोट भी दिखाया है, जिसमें युवक ने खुद बेकसूर बताया। लिखा कि उसके खिलाफ झूठी रिपोर्ट दर्ज कराई गई है। पोस्टमार्टम हाउस पर मौजूद मृतक लखनपाल के भाई ने मामले में कार्रवाई की मांग की। परिजनों ने आरोप लगाया कि पुलिस को उन्होंने पहले भी तहरीर दी थी लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हुई। अगर कार्रवाई हुई होती तो उनका भाई आज जिंदा होता। परिजनों के हंगामे के बाद सीओ सेकेंड संदीप सिंह पोस्टमार्टम हाउस पर पहुंच गए। उन्होंने कहा कि पुलिस मामले की जांच कर रही है। जांच में जो दोषी पाया गया उस पर कार्रवाई की जाएगी।

# व्यापारियों के हितों के लिए योगी सरकार सदैव तत्परः राज्यमंत्री सतीश



*अवधनामा संवाददाता*

**बाराबंकी।** व्यापारियो के हितों की सुरक्षा और समस्याओं के निराकरण के लिए सोमवार को उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार संगठन की बाराबंकी इकाई के जिला अध्यक्ष इंजीनियर जयदीप सिंह सिद्धू की अगुवाई में राज्यमंत्री सतीश चंद्र शर्मा व अनुसूचित जनजाति आयोग के अध्यक्ष बैजनाथ रावत से मुलाकात कर के महत्वपूर्ण विषयों पर विस्तृत चर्चा करके समाधान का रास्ता खोजा। प्रेस को जारी पत्र में संगठन के शहर अध्यक्ष मन्नू लाल चौरसिया ने बताया कि राज्य सरकार के मंत्री और आयोग अध्यक्ष ने व्यपारियो आस्वस्त करते हुए कहा है कि भाजपा सरकार छोटे बड़े व्यपारियो केलिए समर्पित है। कहा साभी समस्याओं को का निराकरण प्रथमिमता के आधार पर किया जाएगा। इस मौके पर जिला उपाध्यक्ष मोनू त्रिवेदी जिला महामंत्री भूपेंद्र शुक्ला वरिष्ठ उपाध्यक्ष सुनील जायसवाल शहर अध्यक्ष मुन्नू लाल चौरसिया जिला उपाध्यक्ष रामकुमार गुप्ता जिला संगठन मंत्री विशाल जैन टिकैतनगर अध्यक्ष कृपा शंकर शुक्ला उपस्थित रहे।

# परिवार की खुशहाली, तरक्की के लिए नशे से रहे दूरः सुषमा वर्मा

## बेसिक उत्थान एवं ग्रामीण सेवा संस्थान द्वारा आयोजित किया गया नशामुक्ति जागरूकता कार्यक्रम



*अवधनामा संवाददाता*

**बाराबंकी।** नेशनल इन्स्टीट्यूट ऑफ शोसल डिफेंस (एनआईएसडी) सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा प्रायोजित नशामुक्त भारत अभियान के तहत एक युद्ध, नशे के विरूद्ध नशामुक्ति जागरूकता व शपथ कार्यक्रम का आयोजन बेसिक उत्थान एवं ग्रामीण सेवा संस्थान द्वारा बनीकोडर ब्लाक के ग्राम छन्दवल में आयोजत किया गया। इस कार्यक्रम की मुख्य अतिथि जिला समाज कल्याण अधिकारी सुषमा वर्मा, विशिष्ट अतिथि राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ के जिला कार्यवाह सुधीर तिवारी, हास्य व्यंग के रचनाकार अनिल कुमार श्रीवास्तव %लल्लू' गीतकार साहब नारायण शर्मा, सोहन आजाद एवं समाजसेवी आईपी सिंह सहित 155 ग्रामीण महिला-पुरूष व पौने दो सौ की संख्या में छात्र-छात्राओं ने भाग लिया। कार्यक्रम की शुरूआत दीप प्रज्जवलित करके हुई। जिला समाज कल्याण अधिकारी सुषमा वर्मा ने कहा परिवार की कलह और पतन का कारण नशा होता है, खुशहाली और परिवार की तरक्की के लिए युवाओं को नशे से दूर रहना चाहिए। जिला कार्यवाह सुधीर तिवारी ने कहा कि बाराबंकी सप्तऋषियों की धरती है, यहां भगवान राम पढ़ने आये थे इस गौरवाशाली धरती को नशे की लत से दूर रखें। आईपी सिंह ने कहा कि नशा करने वाला व्यक्ति खुद को तो गर्त में ले जाता है, वह दूसरों को भी निगल लेता है इसलिए गांव समाज को नशामुक्त बनाएं। यागाचार्य डा शशि कुमार अवस्थी ने स्वस्थ्य रहने के लिए दुव्यसनों को त्यागने और युवाओ को नशे से दूर रहने के प्रेरित किया। हास्य व्यंग के कवि अनिल कुमार श्रीवास्तव 'लल्लू' ने नशामुक्ति की रचना पढ़ी वहीं गीतकार साहब नारायण शर्मा व सोहन आजाद ने नशामुक्ति के गीत पढ़कर लोगों को समझाया।

### बाराबंकी को नशामुक्त करने की लिया शपथ

कार्यक्रम में सभी शपथ ली कि युवा किसी भी राष्ट्र की ऊर्जा होते हैं तथा युवाओं की शक्ति का समाज एवं देश के विकास में महत्वपूर्ण योगदान है। अतः यह अति आवश्यक है कि नशामुक्त भारत अभियान में सर्वाधिक संख्या में युवा जुड़े। देश की इस चुनौती को स्वीकार करते हुए हम आज नशामुक्त भारत अभियान के अंतर्गत एक जुट होकर प्रतिज्ञा करते हैं कि मैं स्वयं नशे से दूर रहकर, अपने परिवार एवं मित्रों को भी नशामुक्त कराएँगे। क्योंकि बदलाव की शुरुआत अपने आप से होनी चाहिए। इसलिए हम सब मिलकर दृढ़ निश्चय करते हैं कि हम अपने जिला बाराबंकी को नशामुक्त कराने में अपना योगदान करेंगे।

### सुषमा वर्मा ने वितरित की पाठ्य-पुस्तक एवं बस्ता

जिला समाज कल्याण अधिकारी सुषमा वर्मा एवं जिला कार्यवाह सुधीर तिवारी ने बेसिक उत्थान एवं ग्रामीण सेवा संस्थान द्वारा निःशुल्क संचालित चाइल्ड फ्रेण्डली स्कूल के सभी छात्र-छात्राओं को पाठ्य-पुस्तकें एवं स्कूल बैग, स्टेशनरी पानी की बोतलें वितरित किया। इस मौके पर स्कूल में लगाएं गये वाटर कूलर का भी शुभारम्भ किया गया।

# सीएम के आने की तैयारियों में जुटा प्रशासनिक अमला



**महराजगंज।** प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के प्रस्तावित जनपद भ्रमण के दृष्टिगत बुधवार को जिलाधिकारी अनुनय झा और पुलिस अधीक्षक सोमेंद्र मीणा द्वारा रोहिन बैराज स्थित कार्यक्रम स्थल का स्थलीय निरीक्षण किया गया। अधिकारियों ने निरीक्षण के दौरान कार्यक्रम स्थल पर हेलीपैड, सभा स्थल, बैराज, स्टॉल स्थल आदि को देखा। जिलाधिकारी ने तैयारियों की गति को तेज करते हुए शुक्रवार तक सभी कार्यों को पूर्ण करने का निर्देश दिया। उन्होंने वीआइपी दीर्घा, मीडिया दीर्घा, लाभार्थी दीर्घा आदि को लेकर भी आवश्यक निर्देश दिया। हेलीपैड और सभास्थल को तैयार करने का कार्य बृहस्पतिवार की शाम तक पूरा करने हेतु निर्देशित किया। पुलिस अधीक्षक ने भी सुचारू ट्रैफिक और सुरक्षा को सुनिश्चित करने हेतु पुलिस अधिकारियों को निर्देशित किया। उन्होंने सुरक्षा हेतु पर्याप्त संख्या में व्यू कटर लगवाने के लिए भी कहा। निरीक्षण के दौरान मुख्य अपर जिलाधिकारी डॉ पंकज कुमार वर्मा, एसडीएम नौतनवा नवीन कुमार, अधिशासी अभियंता सिंचाई खंड प्रथम श्री विनोद कुमार वर्मा सहित अन्य लोग उपस्थित रहे।

# पागल कुत्तें का आतंक, दो दिनों में 11 लोगों को काटा

सिसवा बाजार(महराजगंज)। सिसवा कस्बे के अमरपुरवा तिराहे से लेकर गोपाल नगर चौराहे तक एक पागल कुत्ते का आतंक इस कदर व्याप्त है कि पिछले दो दिनों में कुत्ते नें ग्यारह लोगों का काट लिया है।

मिली जानकारी के अनुसार सिसवा नगर के अमर पुरवा व गोपाल नगर क्षेत्र में आवारा पागल कुत्ते का आतंक है और पिछले दो दिनों में इस क्षेत्र के रहने वाले जोहरा, साजरा, रमावती, अमन, मीना, रंजीत, गोलू, आसिफ, अयान, शिवम, प्रमिला लोगों का काट चुका है, कुत्ता काटने के बाद यह सभी लोग सिसवा सीएचसी पहुंचे और आज बुधवार को एक ही दिन में ग्यारह लोगों को रैबीज का टिका लगा।

# कंबाइन की चपेट में आने से वृद्ध महिला की दर्दनाक मौत



*अवधनामा संवाददाता*

**महराजगंज।** जिले के ठूठीबारी थाना क्षेत्र के सड़कहवा गांव में बुधवार को एक दर्दनाक हादसा हो गया, जिसमें गेहूं की फसल काट रही कंबाइन मशीन की चपेट में आने से एक वृद्ध महिला की मौके पर ही मौत हो गई। इस हादसे के बाद गांव में मातम पसर गया, वहीं परिजनों का रो-रो कर बुरा हाल है।

मिली जानकारी के अनुसार, वृद्ध महिला खेत में किसी कार्य से गई थी। इसी दौरान वहां गेहूं की कटाई कर रही कंबाइन मशीन उसे नजर नहीं आ सकी और वह उसकी चपेट में आ गई। स्थानीय लोगों ने जब यह देखा तो तुरंत शोर मचाया, लेकिन तब तक बहुत देर हो चुकी थी। मशीन की चपेट में आने से महिला की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई।

**सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस**


घटना की सूचना मिलते ही स्थानीय पुलिस टीम मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पुलिस ने घटनास्थल का निरीक्षण किया और प्रत्यक्षदर्शियों से पूछताछ की। पुलिस का कहना है कि मामले की गहनता से जांच की जा रही है और आवश्यक विधिक कार्रवाई की जाएगी।

**गांव में छाया मातम**

इस हादसे के बाद मृतका के परिवार में कोहराम मच गया। परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। ग्रामीणों ने भी इस घटना पर गहरा दुख व्यक्त किया और प्रशासन से मांग की कि इस तरह के हादसों से बचने के लिए जरूरी कदम उठाए जाएं।

पुलिस ने कंबाइन मशीन के चालक से भी पूछताछ शुरू कर दी है और आगे की कार्रवाई जारी है।

# सोनबरसा कंपोजिट विद्यालय का वार्षिक उत्सव कार्यक्रम का हुआ आयोजन



*अवधनामा संवाददाता*

**सिसवा बाजार (महराजगंज)।** विकास खंड सिसवा के ग्राम सोनबरसा स्थित कंपोजिट परिषदीय विद्यालय के नन्हे छात्र-छात्राओं द्वारा मनमोहक सांस्कृतिक प्रस्तुतियों के साथ सत्रोत्सव समारोह का आयोजन किया गया। समारोह के मुख्य अतिथि महाराजगंज के अपर जिला न्यायाधीश एवं विशिष्ट अतिथि बेसिक शिक्षा अधिकारी रहे। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि अपर जिला न्यायाधीश मनोज कुमार जाटव एवं विशिष्ट अतिथि बेसिक शिक्षा अधिकारी सुश्री रिद्धि पांडेय ने मां सरस्वती के चित्र पर पुष्प अर्पण एवं द्वीप प्रज्वलित कर किया। इस दौरान विद्यालय के नन्हे बच्चों द्वारा सरस्वती वंदना एवं स्वागत गीत के साथ बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ,पर्यावरण सुरक्षा आदि जैसे तमाम मनमोहक प्रस्तुतियां से उपस्थित जनसमूह को मंत्रमुग्ध कर दिया। इस सत्रोत्सव समारोह में विद्यालय के निपुण छात्र छात्राओं को मुख्य अतिथि एवं विशिष्ट अतिथि द्वारा प्रशस्ति पत्र एवं मैडल देकर पुरस्कृत किया गया। विद्यालय प्रधानाचार्य दीनानाथ शुक्ल ने विद्यालय की उपलब्धियों पर प्रकाश डालते हुए कार्यक्रम के अंत में अतिथियों एवं उपस्थित ग्राम वासियों के प्रति कृतज्ञता ज्ञापित किया। कार्यक्रम का संचालन अरविंद जायसवाल सरस ने किया। इस अवसर पर शिद्धक्षक दुर्गेश यादव, अंबुज पांडेय तारकेश्वर सिंह यादव, हृदय नारायण, सत्येंद्र कुमार, राधा कृष्ण कुशवाहा, प्रभाकर पाण्डेय एवं गुड्डू ओझा सहित क्षेत्र के तमाम गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

# आपत्तिजनक टिप्पणी तथा पुतला जलाने के विरोध में राज्यपाल को संबोधित ज्ञापन एसडीएम को सौपा

अवधनामा संवाददाता



**बांसी सिद्धार्थनगर।** सिद्धार्थनगर में पिछले दिनों करणी सेना द्वारा बांसी में समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष तथा समाजवादी पार्टी के वरिष्ठ नेता सांसद रामजीलाल सुमन जी के विरुद्ध आपत्तिजनक टिप्पणी तथा पुतला जलाने के विरोध में बुधवार को 304 बांसी विधानसभा द्वारा समाजवादी पार्टी के जिला अध्यक्ष लाल जी यादव के अगुवाई तथा नगर अध्यक्ष बांसी कपिल देव जी के अध्यक्षता में तहसील बांसी परिसर में उप जिलाधिकारी बांसी के माध्यम से महामहिम राज्यपाल के नाम धरना प्रदर्शन कर कार्यवाही की मांग करते हुए सपा जिला अध्यक्ष लालजी यादव ने कहा कि भाजपा की सरकार जनहित के हर मोर्चे पर विफल है।

पूरे प्रदेश में महंगाई बेरोजगारी से हाहाकार मचा हुआ है पूरे प्रदेश में अराजकता का बोलबाला है नौजवान बेहाल है किसान बदहाल है जनहित के इन्हीं सब मुद्दों से ध्यान भटकाने के लिए भाजपा की सरकार अपने संगठन करणी सेना द्वारा यह सब कराया जा रहा है प्रदेश की जनता सब जानती है और समय आने पर इसका जवाब देगी यह करणी सेना न होकर बीजेपी का संगठन है समाजवादी पार्टी एक लोकतांत्रिक पार्टी है नहीं तो समाजवादियों को इनसे निपटना खूब आता है भाजपा सरकार के सह पर पूरे प्रदेश मैं गुंडे तथा अराजक तत्व प्रदेश का अमन चैन बिगड़ने का काम कर रहे हैं प्रशासन पूरी तरह से मुक दर्शक बना हुआ है।

हमारी प्रशासन से मांग है कि हमारे पार्टी के मुखिया अखिलेश यादव जी के विरुद्ध आपत्तिजनक टिप्पणी करने वाले दोषियों के विरुद्ध कार्रवाई की जाए अन्यथा हम लोग धरना प्रदर्शन के साथ-साथ जेल भरो आंदोलन करने के लिए बाध्य होंगे जिसकी संपूर्ण जिम्मेदारी जिला प्रशासन की होगी और हमारी पार्टी के सांसद रामजीलाल सुमन जी तथा उनके परिवार की जान माल की सुरक्षा की जाए तथा हम जिला प्रशासन से मांग कर रहे हैं कि जनपद सिद्धार्थनगर में किसानों को भूसा बनाने से ना रोका जाए नहीं तो आगे चलकर पशुओं के समक्ष चारे का संकट उत्पन्न हो जाएगा! उक्त धरना प्रदर्शन में विनोद यादव विधानसभा अध्यक्ष राममिलन भारती प्रदेश सचिव मोहम्मद इदरीश पटवारी जिला उपाध्यक्ष धीरू यादव प्रदेश सचिव डॉ राहुल आर्य प्रदेश सचिव सैयद कुतुब जिला सचिव अखिलेश मौर्या जिला अध्यक्ष पिछड़ा वर्ग रामसेवक लोधी जिला अध्यक्ष युवजन सभा चंद्रहास यादव राजेश पासवान रामकृपाल मौर्य एडवोकेट तिलकराम यादव राजेश यादव शब्बू मैनुद्दीन आदि सैकड़ो की संख्या में समाजवादी पार्टी के नेता व कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## हाईटेंशन तार की चपेट मे आने से झुलसे परिवार नहीं ले रहा कोई सुधि

**जलालपुर अम्बेडकरनगर।** बिजली विभाग की लापरवाही के चलते हाईटेंशन तार की चपेट में आने से झुलसे परिवार का सप्ताह भर बाद भी कोई सुध लेने नहीं पहुंचा। गरीबी का दंश झेल रहे परिवार के सामने इलाज का संकट आ खड़ा हुआ है। क्षेत्र स्थित शाहपुर निवासी रामचंद्र विश्वकर्मा उनकी पुत्रवधू नीतू विश्वकर्मा तथा मिस्त्री लाल प्रजापति समेत तीन लोग गत 22 मार्च को हाईटेंशन लाइन की चपेट में आने से बुरी तरह झुलस गए थे। पीड़ित रामचंद्र के मुताबिक घर से सटा नल खराब हो गया था, जिसे मिस्त्री लाला प्रजापति ठीक कर रहे थे। पाइप ऊपर उठते समय घर के ऊपर से गई लाइन की चपेट में आने से सभी बुरी तरह झुलस गए। पड़ोसियों की मदद से घायलों को जलालपुर स्थित निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया। आरोप है कि मौके पर कई बार फोन करने के बाद भी विद्युत उपकेंद्र नेवादा के जेई ने फोन रिसीव नहीं किया। इसके अलावा 2 वर्ष पूर्व घर से सटकर ऊपर से जबरिया लाइन खींच दी गई।

# सेवानिवृत होने पर सीएमएस को दी विदाई

दानिश मेहदी



**अम्बेडकरनगर।** सेवानिवृत्त हुए सीएमएस डॉ ओमप्रकाश को मंगलवार को जिला अस्पताल में भावभीनी विदाई दी गई। इस दौरान वहां मौजूद चिकित्सकों व अन्य कर्मचारियों ने उन्हें स्मृति चिंह व शॉल देकर सम्मानित किया। सेवानिवृत्त हुए सीएमएस ने कहा कि उन्होंने अपने साढ़े चार वर्ष के कार्यकाल में जिला अस्पताल में व्यवस्थाओं को बेहतर बनाने के लिए कई प्रकार के ठोस कदम उठाए। इसका मरीजों व तीमारदारों को व्यापक लाभ भी मिला। विदाई के दौरान डॉ मनोज शुक्ला ने कहा सीएमएस द्वारा पूरी ईमानदारी और निष्ठा के साथ अपनी सेवाएं दी है. यह सभी के लिए प्रेरणास्रोत है. निश्चित ही उनके मार्गदर्शन में अन्य कर्मचारियों को बहुत कुछ सीखने को मिला होगा. सेवानिवृत्त एक प्रक्रिया है, इससे सभी को गुजरना है।सरकार की ओर से संचालित की जा रही स्वास्थ्य संबंधित योजनाओं को गरीब लाभार्थियों तक पहुंचाने को लेकर हमेशा गंभीर रहते थे। डॉ संजय खरवार ने कहा कि सरकारी सेवा ग्रहण की तिथि के साथ ही उसकी रिटायर तिथि भी उनकी सर्विस में अंकित हो जाती है। बस कर्मचारी अपनी पूरी सेवा ईमानदारी के साथ बिता ले जाये वहीं उसकी मेहनत का सही मूल्य है। डॉक्टर पुरंदर कुमार ने कहा कि उनके साथी ओम प्रकाश ने निस्वार्थ भाव और ईमानदारी से विभागीय कार्य किया। आज हम अपने साथी को विदा जरूर कर रहे, लेकिन उनका अनुभव हमेशा काम आएगा। डॉ योगेश वर्मा कहा कि रिटायर्ड होने के बाद भी सरकारी कर्मियों को सक्रियता के साथ समाज के उन्मुखीकरण पर ध्यान देते हुए समय का उपयोग करना चाहिए। इस कार्य से आत्मिक संतुष्टि मिलेगी। डॉ आर एम वर्मा ने कहा कि उनके साथी डॉ ओम प्रकाश ने निस्वार्थ भाव और ईमानदारी से विभागीय कार्य किया। आज हम अपने साथी को विदा जरूर कर रहे, लेकिन उनका अनुभव हमेशा काम आएगा।

# इटवा क्षेत्र में फसलों में लगी आग, पूर्व मंत्री पहुंच आग पर काबू करने में की कोशिश जताई चिंता

## मैनहवा भटमली सहित गांवों में सैकड़ों बीघा गेहूं की फसल जलकर राख

एजाज़ सिद्दीक़ी



**इटवा सिद्धार्थनगर।** इटवा तहसील क्षेत्र में आग की बड़ी घटना ने किसानों को बड़ा नुकसान पहुंचाया है। इटवा तहसील व खुनियांव ब्लाक के ग्राम मानादेई, मैनहवा सुहेलवा, भटमली, भटंगवा, फुलवापुर, खड़रिया, बनगाई आदि गांवों की सैकड़ों गेहूं की फसल आग से जलकर राख हो गई। भटंगवा के सीवान में अचानक आग की तेज लपटें उठीं। हवा की तेज रफ्तार के कारण आग पर काबू पाना मुश्किल हो गया। घटनास्थल पर किसान परिवारों की महिलाएं रोती-बिलखती नजर आईं। स्थानीय लोग और पुलिस आग बुझाने में जुट गए। फायर ब्रिगेड की टीम ने मौके पर पहुंचकर अथक प्रयास से आग पर काबू पाया। मानादेई, मैनहवा सुहेलवा, भटमली, भटंगवा, फुलवापुर, खड़रिया, बनगाई आदि गांवों में आग ने बड़ा नुकसान किया। स्थानीय ग्रामीणों के अनुसार, दो दर्जन से अधिक किसानों की फसल जलकर राख हो गई। इटवा पुलिस और फायर ब्रिगेड व किसानों की कड़ी मशक्कत के बाद आग को काबू में किया। तब तक सैकड़ों बीघा गेहूं की फसल जलकर नष्ट हो गई।

**पूर्व बेसिक शिक्षा मंत्री भी पहुंच की कोशिश जताई चिंता**– पूर्व बेसिक शिक्षा मंत्री डा0 सतीश द्विवेदी आग की खबर सुन वहां तत्काल पहुंच संबंधित व फायर को बुलवाया व ग्रामीणों के साथ आग बुझवाने की कोशिश में लगे रहे तब तक सैकड़ो बीघा गेहूं की फसल जलकर राख हो चुकी थी जब आग पे काबू हुआ पूर्व मंत्री ने इस घटना पर चिंतित दिखे। ब्लॉक खुनियांव के ग्राम मानादेई, सुहेलवा, भटमली, भटंगवा फुलवापुर, खड़रिया, बनगाई आदि गांव में सैकड़ों बीघा गेहूं जलकर राख हो गया। आग पर काबू करने में थानाध्यक्ष गोल्हौरा नगर पंचायत अध्यक्ष इटवा विकास जायसवाल, जिला मंत्री भाजपा कृष्णा मिश्रा, झबलू बाबा, राजन पाण्डेय रत्न, अमरमणि दूबे अनूप पाण्डेय, हकीमुल्लाह चौधरी सहित सैकड़ों भाजपा कार्यकर्ताओं को लेकर ग्रामवासियों के साथ घण्टों मशक्कत की।

पूर्व मंत्री डा सतीश द्विवेदी ने कहा कि आग पर काबू तो पाया गया परन्तु फिर भी मन बहुत व्यथित है कि तीन-तीन फायर ब्रिगेड और पूरा अमला लेकर पहुंचने के बावजूद अन्नदाता किसानों की सैकड़ों एकड़ फसल जलने से बचा नहीं पाया।

## छात्र पुलिस अनुभवात्मक अधिगम द्वितीय का शुभारंभ



**अम्बेडकरनगर अवधनामा संवाददाता।** विभिन्न महाविद्यालयों के राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयंसेवकों ने युवा एवं खेल मंत्रालय भारत सरकार एवं क्षेत्रीय निदेशालय राष्ट्रीय सेवा योजना लखनऊ के तत्वाधान में संचालित छात्र पुलिस अनुभवात्मक अधिगम कार्यक्रम का द्वितीय चरण के अंतर्गत दिनांक 02 अप्रैल 2025 को महिला थाना से शुभारंभ किया गया। इस अवसर पर महिला थाना प्रभारी शिवांगी त्रिपाठी, महिला थाना उपनिरिक्षक सुषमा मौर्या एवं जिला नोडल अधिकारी राष्ट्रीय सेवा योजना डॉ. दिनेश वर्मा (बी.एन.के.बी.पी.जी कॉलेज अकबरपुर अंबेडकर नगर) उपस्थित होकर स्वयंसेवकों को आगामी प्रशिक्षण के लिए अपनी शुभकामनाएं दी और उन्हें अगले एक महीने 120 घंटे के लिए प्रशिक्षण से संबंधित थानों में उपस्थित होकर पुलिस की कार्यात्मक प्रक्रिया और उनके कौशल को सीखने की बात कही साथ ही साथ छात्रों ने महिला थाने में उपस्थित होकर कार्यालय, जनसुनवाई कक्ष, साइबर सेल, महिला हेल्पडेस्क आदि का भ्रमण किया। साथ ही महिला थानाध्यक्ष शिवांगी त्रिपाठी द्वारा बच्चों को प्रेरित किया गया आप अपनी पढ़ाई पर ध्यान दें और आगे बढ़े। साथ ही यह बताया गया कि किसी भी समस्या आने पर 112, 1076 ,1090, 1930 पर अपनी कंप्लेंट दर्ज कर सकते है। महिला थाने पर महिला उपनिरिक्षक द्वारा छात्रों को महिला थाने में होने वाली कार्यवाहियों के बारे में विस्तार से अवगत कराया गया।

# नि:शुल्क कार्यालय प्रबंध प्रशिक्षण आवेदन की अंतिम तिथि बढ़ी, अब 22 अप्रैल तक करें आवेदन

अवधनामा संवाददाता



**बस्ती।** क्षेत्रीय सेवायोजन कार्यालय, बस्ती मंडल, बस्ती ने अनुसूचित जाति (एससी) और अनुसूचित जनजाति (एसटी) वर्ग के युवाओं के लिए एक वर्षीय निःशुल्क कार्यालय प्रबंध प्रशिक्षण कार्यक्रम के लिए आवेदन की अंतिम तिथि को बढ़ा दिया है। अब इच्छुक अभ्यर्थी 22 अप्रैल, 2025 तक आवेदन कर सकते हैं।

यह प्रशिक्षण कार्यक्रम युवाओं को रोजगार के अवसरों से जोड़ने और उनकी कौशल क्षमता बढ़ाने के उद्देश्य से शुरू किया गया है। इस एक वर्षीय प्रशिक्षण कार्यक्रम में अभ्यर्थियों को कम्प्यूटर, टाइपिंग, आशुलिपि, सामान्य ज्ञान, सामान्य अंग्रेजी, सामान्य हिंदी, प्रारंभिक गणित, सचिवीय पद्धति, बुक कीपिंग और एकाउंटेंसी जैसे महत्वपूर्ण विषयों में प्रशिक्षित किया जाएगा। यह कोर्स कार्यालय प्रबंधन के क्षेत्र में कुशलता हासिल करने और नौकरी के लिए तैयार होने में सहायक होगा। इस प्रशिक्षण के लिए आवेदन करने वाले अभ्यर्थियों का इंटरमीडिएट (10+2) उत्तीर्ण होना अनिवार्य है। साथ ही, आवेदक की आयु 18 से 35 वर्ष के बीच होनी चाहिए। यह अवसर विशेष रूप से अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति वर्ग के युवाओं के लिए उपलब्ध है। इच्छुक अभ्यर्थी अपने आवेदन पत्र 22 अप्रैल, 2025 तक क्षेत्रीय सेवायोजन कार्यालय, बस्ती में जमा कर सकते हैं। आवेदन करने वाले अभ्यर्थियों का साक्षात्कार 23 अप्रैल, 2025 को सुबह 10 बजे इसी कार्यालय में आयोजित किया जाएगा। साक्षात्कार के आधार पर चयनित अभ्यर्थियों को प्रशिक्षण के लिए चुना जाएगा। चयनित अनुसूचित जाति के अभ्यर्थियों को सीटों की उपलब्धता के आधार पर मासिक छात्रवृत्ति भी प्रदान की जाएगी। यह सुविधा प्रशिक्षण के दौरान आर्थिक सहायता प्रदान करने के लिए शुरू की गई है, ताकि अभ्यर्थी बिना किसी वित्तीय चिंता के अपने कौशल विकास पर ध्यान केंद्रित कर सकें। जिला सेवायोजन अधिकारी अवधेंद्र प्रताप वर्मा ने बताया कि यह प्रशिक्षण कार्यक्रम युवाओं के लिए एक सुनहरा अवसर है। उन्होंने कहा, हमारा उद्देश्य समाज के वंचित वर्गों को सशक्त बनाना और उन्हें आत्मनिर्भर बनाने के लिए आवश्यक कौशल प्रदान करना है।

## डीएम ने खुनियांव के क्षेत्र में आग लगने से गेहूं की फसल की हुई क्षति का किया निरीक्षण



**सिद्धार्थनगर अवधनामा संवाददाता।** जिलाधिकारी डॉक्टर राजा गणपति आर द्वारा उपजिलाधिकारी इटवा कुणाल के साथ तहसील इटवा के विकास खंड खुनियांव के क्षेत्र में आग लगने से गेहूं की फसल की हुई क्षति का निरीक्षण किया। जिलाधिकारी ने उपजिलाधिकारी को निर्देश दिया कि कॉमन सर्विस सेंटर संचालकों को कैंप लगाकर किसानों का ऑनलाइन आवेदन कराकर लेखपाल से सत्यापन कराकर शीघ्र क्षतिपूर्ति का भुगतान कराए साथ ही आग लगने का कारण पता कराकर संबंधित के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराए।

## अचानक आग लगने से ग्रामीणों मे हड़कंप

**जलालपुर, अम्बेडकरनगर।** सम्मनपुर थाना क्षेत्र में अग्नि दुर्घटना सामने आई है।



एहिया कमालपुर निवासी अखिलेश वर्मा के छप्पर में बुधवार दोपहर को अचानक आग लग गई। आग की लपटें देखते ही ग्रामीणों में हड़कंप मच गया। स्थानीय लोगों ने तुरंत आग बुझाने का प्रयास किया। फायर ब्रिगेड की टीम ने मौके पर पहुंचकर आग पर पूरी तरह काबू पाया। इस घटना में दो चारपाई, बिस्तर, चार बोरी गेहूं और गेहूं की कटाई के लिए रखे दस हजार रुपए नकद जलकर राख हो गए। जिससे पीड़ित का लगभग लगभग 50 हजार रुपए का नुकसान हुआ है। वहीं पीड़ित परिवार ने बताया कि मंगलवार को भी छप्पर में आग लगी थी। हालांकि, उस दिन समय रहते आग पर काबू पा लिया गया था। अभी तक यह पता नहीं चल पाया है कि छप्पर में आग कैसे लगी। थाना प्रभारी निरीक्षक जेपी सिंह यादव ने कहा कि स्थिति नियंत्रण में है। कोई बड़ा नुकसान नहीं हुआ है। पीड़ित परिवार इस हादसे के सदमे में है।

## हवन पूजन के साथ हुआ नये शिक्षा सत्र का शुभारम्भ

**अम्बेडकरनगर।** विद्या भारती विद्यालय विवेकानन्द शिशु कुञ्ज सीनियर सेकेण्ड्री



स्कूल एनटीपीसी टाण्डा अम्बेडकरनगर में दिनांक 01/04/2025 को नए सत्र (2025-26) का प्रारम्भ हवन पूजन के साथ हुआ। विद्यालय के यशस्वी प्रधानाचार्य वीरेन्द्र कुमार वर्मा ने सपत्नीक यजमान की भूमिका में पूरे विधि विधान से हवन पूजन किया। सर्वप्रथम पूजन हुआ इसके पश्चात श्री सुन्दरकाण्ड एवं हवन का आयोजन किया गया। श्री सुन्दरकाण्ड का पाठ आचार्य राम, सत्य प्रकाश , सीता राम , प्रवीण मिश्र , राम सूरत , वेद प्रकाश, आचार्या बहन रीना, ममता , आदि ने लय बद्ध कराया। विद्यालय के आचार्य हरिदेव शुक्ला ने पूरे विधि विधान से पूजन कराया। हवन के पश्चात आचार्या बहन मोनिका, शैलजा रंजना, रीना, एवं मैया कुसुम, आदि ने भजन व गीतों के माध्यम से शमां बाँधा। जिसमे विद्यालय की छात्रा बहनों ने भी बढ़ चढ़कर सहभाग किया। श्री रामायण जी, श्री गणेश जी, हनुमान जी, अम्बे मैया, सरस्वती माता जी आदि दिव्य शक्तियों का आह्वान आरती के माध्यम से किया गया।

## हजरत मखदूम सैयद हिसामुद्दीन केनानी फिरदौस का मना उर्स

**डुमरियागंज सिद्धार्थनगर।** तहसील क्षेत्र के वासा दरगाह स्थित हजरत मखदूम सैयद हिसामुद्दीन केनानी फिरदौसी रहमतुल्लाह का सालाना उर्स मनाया गया। सुबह से ही श्रद्धालुओं का मजार पर आना शुरू हो गया था हालांकि इस बार बड़े झूले का परमिशन प्रशासन ने नहीं दिया। हिंदू मुस्लिम एकता की मिसाल वासा दरगाह 595 व उर्स मनाया गया। मजार पर हर धर्म के लोग अपनी मन्नत मांगते हैं क्षेत्रीय लोगों के साथ-साथ कानपुर लखनऊ मुंबई आदि शहरों से श्रद्धालु आते हैं मज़ार पर चादर गागर भंडारा आदि का प्रोग्राम होता है तथा रात में कव्वाली का प्रोग्राम होता है जो पूरी रात चलता है जिसमें कानपुर बलरामपुर लखनऊ आदि शहरों के कव्वाल शिरकत करते हैं सुबह में गूसुल कर चादरपोशी की गई उसके बाद आए हुए सभी मेहमानों का संयोजक मोहम्मद मदनी ने शुक्रिया अदा किया। इस मौके पर काजी सुहेल अहमद, शमीम, मोहम्मद मदनी अदनान, फरहान, फैसल, सब्बू मोहम्मद कैफ अफसर हामिद अजीम आदि लोग मौजूद रहे। इस दौरान पुलिस प्रशासन पूरी तरह मुस्तैद दिखाई दिया।

## नई पेंशन पर विरोध

**रायबरेली।** मंगलवार को नेशनल मूवमेंट फ़ॉर ओल्ड पेंशन स्कीम (एनएमओपीएस) के राष्ट्रीय आवाह्न एवं अटेवा पुरानी पेंशन बचाओ मंच के प्रान्तीय आवाह्न पर अटेवा रायबरेली की ओर से नेशनल पेंशन स्कीम, यूनिफाइड पेंशन स्कीम एवं निजीकरण के विरोध में काला दिवस का आयोजन किया गया। जिसके अन्तर्गत सभी विभागों एवं सभी संगठनों के समस्त शिक्षक, कर्मचारियों एवं अधिकारियों ने अपने अपने कार्यस्थल पर काली पट्टी बाँधकर कार्य किया एवं कार्यालय समयोपरान्त प्रधानमंत्री भारत सरकार एवं मुख्यमंत्री उत्तर प्रदेश सरकार को सम्बोधित ज्ञापन जिलाधिकारी को सौंपा गया।

# सेवा निवृत्त बीडीओ का माल्यार्पण कर किया विदाई समारोह

अवधनामा संवाददाता



**लोटन सिद्धार्थनगर।** विकास खण्ड लोटन में कार्यरत खण्ड विकास अधिकारी श्याम मनोहर मुरली मिश्र 31मार्च को सेवा निवृत्त हो गये।खण्ड विकास अधिकारी श्याम मनोहर मुरली मिश्र सिद्धार्थनगर के विकास खण्ड लोटन के विकास खण्ड मे अन्तिम सेवा देकर जा रहे है उनकी विदाई समारोह करने के लिए कार्यरत कर्मचारी ग्राम प्रधान व क्षेत्र पंचायत सदस्य ने आयोजन ब्लाक सभागार में किया गया। इस अवसर पर ब्लाक प्रमुख आशीष सिंह ने कहा कि जब कोई खण्ड विकास अधिकारी आता है तब भी हम एकात्रीत होते है और जब कोई जाता है तब भी एकात्रीत होते है जिस तरह पैदा होने के बाद मृत्यु होना निश्चित है।उसी तरह नोकरी में आने के बाद रिटायर होना एक प्रक्रिया है। विकास खण्ड में तैनात होने के बाद ग्राम पंचायत मे विकास को लेकर हर दम ध्यान रहता है की कही कोई पात्र व्यक्ति किसी योजना से बंचित न हो यही प्रयास रहता है तरह तरह के लोगों से मुलाकात होती है। किसके साथ किस तरह से बात करना चाहिए अपने सीनियर अधिकारी से सीखना चाहिए अंत में सेवा निवृत्त खण्ड विकास अधिकारी को माल्यार्पण कर शाल ओढ़ाकर उनके स्वस्थ जीवन की कामना करते हुए विदाई किया गया। इस दौरान ब्लाक प्रमुख आशीष कुमार सिंह, प्रधान जिला संघ अध्यक्ष पवन मिश्रा,प्रधान संघ अध्यक्ष अरविन्द मणि त्रिपाठी, कमलेश चौरसिया, मुसे सिंह,पंकज वर्मा,सचिव रविन्द्र कुमार जाटव, विनोद कुमार चौधरी, देवेन्द्र मणि त्रिपाठी, मनोज कुमार, ईश्वर देव, आशीष कुमार, लेखाकार अभिषेक कुमार गुप्ता, उमेश चन्द्र राय,एपी ओ सत्य प्रकाश, टीए अजय कुमार श्रीवास्तव, मोहम्मद आरीफ, हरीश मिश्र,राम कृष्ण मिश्रा, सुग्रीव, कमलेश, रिंकू पाण्डेय, क्षेत्र पंचायत सदस्य सलामुद्दीन, सुग्रीव, अरबाज चौधरी, हजारी लाल गुप्ता, निरंजन चौरसिया, शिव कुमार, धर्मेन्द्र कुमार सिंह सहित सभी स्टाफ मौजूद रहे।

# चार अप्रैल को डुमरियागंज आएंगे मुख्यमंत्री, कमिश्नर और डीआईजी ने लिया तैयारियों का जायजा

अवधनामा संवाददाता



**डुमरियागंज सिद्धार्थनगर।** प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के दौरे को लेकर प्रशासन पूरी तरह से अलर्ट है। तहसील क्षेत्र के भारतभारी नगर पंचायत क्षेत्र में स्थित गुरु गोरक्षनाथ ज्ञानस्थली स्कूल वृंदावन देवरिया के उद्घाटन व शुभारंभ कार्यक्रम में 4 अप्रैल दिन शुक्रवार को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ बतौर मुख्य अतिथि मौजूद रहेंगे। इस दौरान वह विद्यालय का उद्घाटन करेंगे और गुरु गोरक्षनाथ की प्रतिमा का अनावरण करेंगे, उसके बाद विद्यालय परिसर ने एक जनसभा को भी संबोधित करेंगे। इसके लिए विद्यालय परिसर में पंडाल, मंच का निर्माण कार्य युद्धस्तर पर चल रहा हैं।

इसी को लेकर बुधवार को कमिश्नर बस्ती मण्डल अखिलेश सिंह व डी.आई. जी. बस्ती रेंज दिनेश कुमार पी. ने डीएम डा. राजा गणपति आर., एसपी डा. अभिषेक महाजन व पूर्व विधायक राघवेन्द्र प्रताप सिंह के साथ कार्यक्रम स्थल का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने कार्यक्रम स्थल, हेलीपैड, पार्किंग स्थल, इंट्री प्वाइंट आदि का बारीकी से निरीक्षण कर सुरक्षा व्यवस्था व अन्य बिंदुओं का जायजा लिया।

कमिश्नर अखिलेश सिंह व डी.आई. जी. दिनेश कुमार पी. ने कार्यक्रम के मद्देनजर किए जा रहे प्रबंधों की समीक्षा की और रूट चार्ट आदि के बारे में जानकारी कर सुरक्षा व्यवस्था के संबंध में संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए। नगर पंचायत भारतभारी क्षेत्र में एलकेजी से कक्षा 8 तक संचालित गुरु गोरक्षनाथ ज्ञानस्थली विद्यालय का उद्घाटन मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ आगामी 4 अप्रैल दिन शुक्रवार को दिन में 2 बजे करेंगे।

इस दौरान एएसपी सिद्धार्थ, पुलिस क्षेत्राधिकारी बृजेश कुमार वर्मा, नायब तहसीलदार बिंद्रेश गुप्ता, एक्सईऐन पी.डब्लू.डी विवेक राय, जेई संजय श्रीवास्तव, अवनीश चौधरी, ईओ महेश प्रताप श्रीवास्तव, आशुतोष सिंह, प्रभारी निरीक्षक श्याम सुंदर तिवारी, चेयरमैन चंद्र प्रकाश उर्फ चंदू चौधरी, अंकित श्रीवास्तव, दिलीप उर्फ छोटे पाण्डेय, राजन अग्रहरि आदि मौजूद रहे।

**सूचना**

न्यायालय मा. लघुवाद जज सहारनपुर,लघुवाद इजराये वाद सं.1सन 2025 ओंकार अरोडा पुत्र स्व0 श्यामलाल अरोडा उर्फ श्यामदास अरोडा निवासी जे-21 नुमाईश कैम्प, गुरुद्वारे के सामने, सहारनपुर -डिग्रीवार/वादी (बनाम) संजय उर्फ मथुरा पुत्र कृष्णलाल दुकानदार राजन टेलर, नुमाईश कैम्प गुरुद्वारे के सामने, सहारनपुर (मदयून) चूँकि उपरिनामांकित प्रार्थी ने उपरोक्त न्यायालय में आवेदन किया है कि इजराये वाद उपरोक्त में अतएव आपको एतदद्धारा चेतावनी दी जाती है कि आप उस आवेदन के खिलाफ हेतु संदर्शित करने के लिए 15.4.2025 को 10 बजे पूर्वाहन ने स्वयं या सम्यकरूपेण अनुविष्ट अधिवक्ता द्वारा उपसजाता हो ऐसा करने में असफल रहने पर उका आवेदन एक पक्षीय सुना जायेगा और अवधारित किया जायेगा। हस्ता. एवं न्याय.की मुद्रा सहित 29.2.25 को जारी।

**आज्ञा से मुंसरिम**

**सूचना**

न्यायालय मा. चतुर्थ अतिरिक्त सिविल जज (सीडि) सहारनपुर वाद संख्या 765 सन 2023, शाहनवाज पुत्र श्री वाहिद अहमद निवासी ग्राम पिंजोरा मल्हीपुर रोड, तहसील व जिला सहारनपुर (वादी)...बनाम श्री रमजानी पुत्र मौ0 सलीम निवासी अजीज कालोनी निकट नया चिलकाना बस अडडा सहारनपुर (प्रतिवादी) हरगाह शाहनवाज ने आपके नाम एक नालिश बाबत तकमील माहदा के दायर की है कि लिहाजा आपको हुक्म होता है कि आप दि.16-4-2025 10 बजे दिन के असालतन या मार्फत वकील के जो मुकदमा के हालात से करार वाकई वाकिफ किया गया हो और कुल उमरात अहम मुतालिका मुकदमें का जवाब दे सके हाजिर हो लाजिम है कि उसी रोज अपने जुमला गवाह एवं दस्तावेज़ जो आप अपनी जवाब देही में इस्तेमाल करना चाहें पेश करें आपको इत्तला दी जाती है कि बरोज मजकूर आप हाजिर न होंगे तो मुकदमा बगैर हाजिरी आपके समात और फैसला होगा मेरे दस्तखत व मुहर न्याय.के 19/3/25 को जारी किया गया।

**आज्ञा से मुंसरिम**

**आवश्यकता है**

जनता महाविद्यालय अम्बेहटा चांद, सहारनपुर को एक प्रवक्ता भूगोल एक शिक्षाशास्त्र और एक प्रवक्ता गृहविज्ञान की आवश्यकता है। शैक्षिक योग्यता Phd या Net वेतनमान विश्वविधालय के मानक अनुसार देय होगा। आवेदक प्रकाशन के 15 दिनो के अन्दर अपना पूर्ण बायोडाटा स्वयं या डाक द्वारा महाविद्यालय, अंबेहटा चांद, सहारनपुर को भेजें।

**सचिव. मो. 8445847474/ 8954037463**

## बहस के टूटे ठीकरे में मीडिया

बहुत सारी बातें पता चलती हैं, जब प्रतिनिधियों के वेतन-भत्ते आगे निकलते हैं। राजनीति अगर प्रोफेशन है, तो पगार भी अधिकार है। गुजारे लायक जमीन सियासत को मिली है, तो हर जीत के विशेषाधिकार भी नत्थी हैं। हिमाचल विधानसभा जब खुशनुमा सहमति से विधायकों की तनख्वाह में बढ़ोतरी कर रही थी, तो बिरादरी क्या होती है इसकी खबर मीडिया को लग रही थी। इसलिए सदन में जिक्र बार-बार प्रेस गैलरी के नौजवानों पर हुआ और हर बहस के टूटे ठीकरों में बैठे मीडिया को कोसा भी गया, क्योंकि लोकतंत्र में पत्रकारिता का न अधिकार-न विशेषाधिकार है। महंगाई के दौर में लोकतांत्रिक रक्षा महंगी हो गई है यानी इसके हर स्तंभ को चाहिए खर्चा, शायद इसलिए 'इलेक्टोरल बांड' ईजाद हुआ और अपनी करामात से बंद भी हो गया। जनता पसोपेश में हर चुनाव की कीमत देखती है। बहुत मुश्किल है जीत कर विधायक या सांसद बनना। अब तो पंचायत पार्षद का चुनाव भी एक वित्तीय व्यवस्था है। इसलिए वेतन के भुगतान में अगले चुनाव की धडक़न सुनें, तो यह नाकाफी है। क्या कोई अपने वेतन-भत्तों की किफायत में चुनाव का खर्च उठा सकता है। यकीनन बड़ा मुश्किल है चुनाव से गुजर जाना। वेतन सांसदों के बढ़े, तो लाजिमी तौर पर प्रदेश के विधायकों के बढ़ाए जाने की जरूरत बढ़ गई। कम से कम वेतन बढ़ाने की कसौटी में डबल इंजन उपयोगी साबित होता ही है। सदन की बहस में भाजपा के जो विधायक बोले क्या खूब बोले। वे सरकार के पक्ष और प्रदेश के यथार्थ में बोले, मगर हम सिर्फ यह बोलेंगे कि इसी जज्बे से ये जवाबदेह प्रतिनिधि हिमाचल के पक्ष में केंद्र के कानों में भी बोलें। हमने कब एक बार चुने हुए प्रतिनिधि महोदय की क्षमता का विवरण उसकी शिक्षा में देखा। वह पांच साल लगाकर सैलरी और पेंशन का हकदार हो सकता है, क्योंकि यह उसका संवैधानिक अधिकार है। यहां यही लोकतंत्र है।

हम कह सकते हैं कि भारत का लोकतंत्र अच्छे मूड में है और सदा रह सकता है, बशर्ते माननीयों को यह चिंता न हो कि देश में महंगाई दर क्या है, उनकी जरूरतें कितनी हैं, उनकी सुविधाएं कितनी हैं, उनका रौब कितना है, देश पंगु कितना है या प्रदेश पर कर्ज कितना है। वैसे हाजिरी का रजिस्टर तय करता है कि पगार पाने का भी अनुशासन होता है, इसलिए दिन भर खबर का इंतजार करता पत्रकार तनख्वाह की गैरहाजिरी लगाता है। यह दीगर है कि अब मीडिया की हाजिरी पर राजनीति के दस्तखत होने लगे हैं, हर दरबार में पत्रकार उपस्थित होने लगे हैं। मीडिया अब सिर्फ अखबार नहीं, इसलिए विधायक भी अपनी खबरों की वीडियो चढ़ाने लगे हैं या इधर-उधर डिजिटल चैनलों में सरकाने लगे हैं। जितना सदन अंदर था, उससे ज्यादा बाहर भी, क्योंकि विधायकों के वीडियो अब पत्रकारों की संपत्ति और व्यूज की हस्ती होने लगे हैं, फिर भी गिला है कि पत्रकार वफादार नहीं होते। जो माननीय सदन से अपने वीडियो, जनता से अपने संपर्क, पक्ष-प्रतिपक्ष के वाद-विवाद, राजनीतिक चुगलियां और अपनी छवि के मसलों पर मीडिया के मैत्री पक्ष पर सजदा करते हैं, वही अगर अपने वेतन के औचित्य पर पत्रकारिता को कोसें, तो मानना पड़ेगा कि उनकी शक्तियों का प्रदर्शन लोकतंत्र की किस बुनियाद पर हो रहा है।

**राष्ट्रीय महिला आयोग को साल 2021 में महिलाओं के खिलाफ अपराध की करीब 31,000 शिकायतें मिलीं थी जो 2014 के बाद सबसे ज्यादा हैं। इनमें से आधे से ज्यादा मामले उत्तर प्रदेश के थे। महिलाओं के खिलाफ अपराध की शिकायतों में 2020 की तुलना में 2021 में 30 प्रतिशत का इजाफा हुआ था। साल 2020 में कुल 23,722 शिकायतें महिला आयोग को मिली थीं।राष्ट्रीय महिला आयोग की ओर से जारी आधिकारिक आंकड़ों के मुताबिक 30,864 शिकायतों में से, अधिकतम 11,013 सम्मान के साथ जीने के अधिकार से संबंधित थीं। घरेलू हिंसा से संबंधित 6,633 और दहेज उत्पीड़न से संबंधित 4,589 शिकायतें थीं।**

# कन्याओं का पूजिये भी, आत्मसुरक्षा भी सिखाइए

रविवार से चैत्र नवरात्र शुरू हो गए। नवरात्र में अधिकांश हिंदू परिवार घर में मां के कलश की स्थापना करते हैं। इन नौ दिन उपवास रखकर देवी के विभिन्न रूपों की पूजा की जाती है। देवी स्परुपा कन्याओं को पूजा जाता है। उन्हें जिमाया जाता है। वस्त्रादि भेंट किए जाते हैं। ये परंपरा सदियों से चली आ रही है।सदियों से चली आ रही इस परम्परा में वक्त के हिसाब से अब सुधार की जरूरत है। आज जरूरत है कि हम कन्याओं को पूजे और जिमाएं ही नहीं।उन्हें शिक्षित भी करें। उन्हें आज के समय और परिस्थिति में जीने के अनुकूल बनाए। आत्मसुरक्षा भी सिखाए। उन्हें गुड टच और बेड टच से अवगत भी कराएं। कन्याओं को आज के समाज में शान और सम्मान के साथ जीने के योग्य बनाएं। ज्यादति के खिलाफ बोलना भी बताएं।ज्यादति का मुकाबला भी करना सिखाएं।



अशोक मधुप

नवरात्र देश भर में अलग -अलग रूप में मनाए जाते हैं। पूजा अर्चन की जाती है।सबका तात्पर्य यह ही है कि देवी शक्ति की पूजा कर हम उनसे अपने और समाज के कल्याण का आशीर्वाद मांगे। स्वस्थ समाज की मांग करे। ये सब कुछ सदियों से चला आ रहा है। आज समय की मांग है कि हम आगे बढ़े। वक्त की जरूरत के साथ परिवर्तन करें। आज देश की देवियां ,महिलाएं, मातृशक्ति विकास के हर क्षेत्र में अपना योगदान कर रही हैं। कार तो बहुत समय से चलाती रही हैं। अब ये आटो, ट्रक, ट्रेन, मालगाड़ी भी चलाने लगीं हैं। ये प्लेन उड़ा रही हैं। अब तो सेना में जाकर बार्डर की हिफाजत भी महिलाएं कर रही हैं। आधुनिकतम लड़ाकू विमान भी उड़ा रहीं हैं। उन्हें नियंत्रित भी कर रही हैं।



कभी गाना, बजना, नाचना महिलाओं की कला मानी जाती थी। उसमें उन्हें पारंगत करने के साथ- साथ पुराने समय से परिवार की बेटियों को सिलाई, कढ़ाई, बुनाई,अनाज पिसाई, छनाई के साथ घर के कामकाज भोजन बनाने में आदि में निपुण किया जाता था। ताकि वह समय की जरूरत के हिसाब के शादी के बाद अपने परिवार को संभाल सकें। इस समय शिक्षा पर उतना जोर नही था। परिवार की जरूरतें बढ़ी तो पढ़ी -लिखी महिलाएं घर की चाहरदीवारी से निकलीं। नौकरी करने लगीं। बिजनेस में परिवार को सहयोग देने लगीं। समय बदला। महिलाएं आज शिक्षित हो सभी क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान दे रही हैं। नौकरी के लिए अकेली युवती का विदेश जाना अब आम हो गया। पैरा मिलेट्री फोर्सेज में योगदान करने के साथ आज वह सेना में आकर देश सीमाओं को सुरक्षित बनाने और शत्रु से लोहा लेने में भी लगी हैं। समय के साथ- साथ समाज की प्राथमिकताएं भी बदलीं। नहीं बदला तो महिलाओं और युवतियों के शोषण का सिलसिला। भारतीय समाज में फैली दहेज की कुप्रथा के कारण गर्भ में ही बालिका भ्रूण मारे जाने लगे।परिवार में ही आसपास ने नाते, रिश्तेदारों और अन्यों द्वारा छुटपन से बेटियों के साथ छेड़छाड़, यौन शोषण चलता रहा।देश में चेतना आई, शिक्षा का स्तर बढ़ा पर महिलाओं के प्रति होने वाले अपराध कम नही हुए। हाल ही में राष्ट्रीय महिला आयोग ने सूचित किया कि वर्ष 2021 के प्रारंभिक आठ महीनों में महिलाओं के खिलाफ अपराधों की शिकायतों में पिछले वर्ष की इसी अवधि की तुलना में 46 प्रतिशत की वृद्धि हुई है।

राष्ट्रीय महिला आयोग को साल 2021 में महिलाओं के खिलाफ अपराध की करीब 31,000 शिकायतें मिलीं थी जो 2014 के बाद सबसे ज्यादा हैं। इनमें से आधे से ज्यादा मामले उत्तर प्रदेश के थे। महिलाओं के खिलाफ अपराध की शिकायतों में 2020 की तुलना में 2021 में 30 प्रतिशत का इजाफा हुआ था। साल 2020 में कुल 23,722 शिकायतें महिला आयोग को मिली थीं।राष्ट्रीय महिला आयोग की ओर से जारी आधिकारिक आंकड़ों के मुताबिक 30,864 शिकायतों में से, अधिकतम 11,013 सम्मान के साथ जीने के अधिकार से संबंधित थीं। घरेलू हिंसा से संबंधित 6,633 और दहेज उत्पीड़न से संबंधित 4,589 शिकायतें थीं। सबसे अधिक आबादी वाले राज्य उत्तर प्रदेश में महिलाओं के खिलाफ अपराधों की सबसे अधिक 15,828 शिकायतें दर्ज की गई, इसके बाद दिल्ली में 3,336, महाराष्ट्र में 1,504, हरियाणा में 1,460 और बिहार में 1,456 शिकायतें दर्ज की गई। आयोग के आंकड़ों के अनुसार, महिलाओं के शील भंग या छेड़छाड़ के अपराध के संबंध में 1,819 शिकायतें मिली हैं। बलात्कार और बलात्कार की कोशिश 1,675 शिकायतें, महिलाओं के प्रति पुलिस की उदासीनता की 1,537 और साइबर अपराधों की 858 शिकायतें मिली हैं। येवे शिकायत हैं जो रजिस्टर होती हैं1 इससे कई गुनी शिकायत तो दर्ज ही नही होती। परिवार का सम्मान बताकर, युवती की स्मिता की बातकर घटनाएं दबाली जाती हैं।

अब तक बच्चियों को गाने बचाना ,डांस करने के वीडियो सामने आते थे। हाल ही में एक वीडियो सामने आया जिसमें एक पिता अपनी बेटी को लाठी चलाना सिखा रहा है। इस छोटे से वीडियों को बहुत पसंद किया गया। आज समय की मांग है कि परिवार विशेषकर मां बेटी को बचपन से गुड टच और बैड टच से अवगत कराए। इनका अंतर बताए। कहीं कुछ घर के आसपास, स्कूल में, स्कूल बस में अगर ऐसा होता है तो वह घर आकर बताएं।बेटी अब घर की देहरी के अंदर तक ही सीमित नही रह गई है। वह कार्य के लिए घर से बाहर निकल रही है। ट्रेन में, बस में अकेले सफर कर रही है। नौकरी के लिए सात समुंद पार जा रही है। ऐसे में जरूरत है उसे आत्मसुरक्षा की जानकारी देने की।जूडे-कराटे सिखाने की। आत्मसुरक्षा में निपुण करने की, ताकि वह विपरीत परिस्थिति में अपना बचाव कर सके। अगर ऐसा होगा तो छेड़छाड़ करने वाले के भय से युवती को आत्महत्या नही करनी पड़ेगी। जबकि आज इस तरह की रोज अखबारों में खबर आ रही हैं।

पिछले दिनों मुरादाबाद में से 12वीं में पढ़ने वाली छात्रा ने छेड़छाड़ से परेशान होकर कीटनाशक खा कर आत्महत्याकर ली। मुंबई के विनोबा भावे नगर चचेरे भाई के बार-बार यौन उत्पीड़न से तंग आकर 15 वर्षीय किशोरी ने आत्महत्या कर ली। उत्तर प्रदेश के पीलीभीत जनपद में मनचले की छेड़छाड़ से परेशान छात्रा ने अपने ही घर में फांसी का फंदा लगाकर खुदकुशी कर ली।इस तरह की खबर रोज अखबारों में सुर्खियां बन रही हैं। हम अपने परिवार की बेटी को ऐसे संस्कार और शिक्षा दें। उसे आत्मनिर्भर बनाएं, आत्मसुरक्षा सिखाएं, ज्यादति के खिलाफ उसे आवाज उठाना भी सिखाएं ताकि समाज की कन्या और समाज बेटी की खबर अखबार की सुर्खी न बने। उसके साथ ज्यादति करने का कोई हौंसला न कर सके। हाल में अच्छा यह हुआ है कि केंद्र ने इस तरह की घटनाओं के लिए पास्को एक्ट बनाया।

## 'जियो और जीने दो' भवानी प्रसाद मिश्र

हिंदी साहित्य के प्रसिद्ध लेखक भवानी प्रसाद मिश्र का जन्म 29 मार्च 1913 को मध्य प्रदेश के होशंगाबाद जिले के टिगरिया ग्राम में एक साधारण ब्राह्मण परिवार में हुआ था। उनके पिता पंडित सीताराम मिश्र शिक्षा विभाग में अधिकारी थे वह साहित्य प्रेमी भी थे। इनकी प्रारंभिक शिक्षा सोहागपुर, होशंगाबाद, नरसिंहपुर व जबलपुर में संपन्न हुई ।1935 में इन्होंने जबलपुर से बीए की उपाधि प्राप्त की। 15 -16 वर्ष की उम्र से ही उन्होंने कविता लेखन शुरू कर दिया था।1930 से उनकी कुछ कविताएं पंडित ईश्वरी प्रसाद शर्मा के संपादन में निकलने वाले हिंदू पंच में प्रकाशित हो रही थीं। 1932 -33 में वह माखनलाल चतुर्वेदी के संपर्क में आ गये और उनकी कविताएं कर्मवीर ने प्रकाशित होती रही। हंस पत्रिका में भी इनकी कविताएं प्रकाशित हुईं। कविता के क्षेत्र में अज्ञेय द्वारा संकलित तार सप्तक द्वितीय में उनको पहले नंबर पर चयनित किया गया।



ओ.पी. सुमन

वह गांधी की विचारधारा से बहुत प्रभावित थे गांधी के साथ भारत छोड़ो आंदोलन में शामिल होने के कारण 1942 में जेल भी जाना पड़ा। जेल में 2 वर्ष 8 माह 8 दिन का समय विताया उन्होंने जेल में भी कई रचनाएं की। वह 1945 में जेल से छूटे। अपनी जीविका के लिए प्रयास में उन्होंने विद्यालय की भी शुरुआत की। 1940 से 1950 तक महिला आश्रम वर्धा में शिक्षक रहें 1952 से 1955 तक हैदराबाद में कल्पना मासिक पत्रिका का संपादन भी किया। सिनेमा के लिए मद्रास के एबीएम से संवाद निर्देशन का कार्य किया बाद में वह मुंबई आ गए 1956 से 1958 तक आकाशवाणी का संचालन कार्य भी किया। 1958 से 1972 तक मिश्र जी गांधी प्रतिष्ठान, गांधी स्मारक निधि और सर्व सेवा संघ से जुड़े रहे। अब हम उनकी हिंदी साहित्य को दी गई सेवा पर विचार करते हैं उन्होंने हिंदी साहित्य में गद्य और पद्य दोनों को अपनाया है। उनकी लगभग 22 पुस्तकों का प्रकाशन हुआ है इनकी मुख्य पुस्तकों में गीत फरोश, बुनी हुई रस्सी, नीली रेखा तक, मानसरोवर, अनाम तुम आते हो, त्रिकाल संध्या, चकित है दुख, कालजयी, खुशबू के शिलालेख, शरीर कविता फसले और फूल, परिवर्तन जिए, अंधेरी कविताएं के साथ ही बाल साहित्य संस्मरण पर व निबंध में भी रचनायें कीं। उनका पहला काव्य संग्रह गीत फरोश जो बहुत ही चर्चित रहा उनके गीतों ने आधुनिक हिंदी साहित्य को नई दिशा प्रदान की। अपनी नई शैली और नई उद्भावना और नवीन पाठ प्रवाह के कारण वह बहुत ही लोकप्रिय रहे। क्योंकि वह देश की गुलामी के लिए लड़े और बाद में तानाशाही के लिए भी लड़े। मिश्रा जी हिंदी की नई काव्य धारा के प्रमुख कवि हैं किंतु हिंदी का भी क्षेत्र में प्रवेश करने के साथ ही उनमें नई कविता रचने का उन्मेष हुआ। आरंभ में गांधी दर्शन के सजग अध्येता और अनुयायी थे और उन्होंने उसके प्रभाव के अंतर्गत अनेक रचनाएं भी की,। गीत फरोश में संग्रहीत उनकी नई रचनाएं स्वतंत्रता युद्ध में रत संघर्षशील किशोर ह्रदय की राष्ट्रीय भावनाओं से ओतप्रोत है ऐसी रचनाओं के अतिरिक्त उनकी ऐसी रचनाएं भी मिलती हैं जो एक और छायावादी काव्य प्रवृत्तियों से संपन्न है तो दूसरी और उसमें युग परिवेश से आकुल युवा ह्रदय का भी विक्षोभ और विद्रोह मुखरित हो उठा है। इस प्रकार उन्होंने गांधीवाद तथा प्रगतिवाद के प्रभाव ग्रहण कर हिंदी का क्षेत्र में प्रवेश किया कि अपने स्वतंत्र व्यक्तित्व के कारण अपनी काव्य प्रतिभा को किसी वाद के खूंटे से नहीं बांधा। उनकी कविताओं में जीवन के विविध रंग प्रश्न और समाधान अभिनव ढंग से प्रस्तुत हुए हैं। सप्तकों से नई कविता यात्रा आगामी कविता के संकुलों में भवानी प्रसाद मिश्र अपनी अलग पहचान रखते हैं। समाज राजनीति विचारधारा प्रकृति प्रेम और मनुष्य के अस्तित्व को लेकर लिखी हुई कविताएं ह्रदय को उद्वेलित कर देती हैं। मिश्र जी गांधी युग के तपस्वी साधक हैं और गांधी शांति प्रतिष्ठान से संबंध रहे गांधी मार्ग नामक मासिक पत्रिका का संपादन करते रहे। गांधी शताब्दी समारोह के अवसर पर भी अपना काव्य संग्रह पंचशती लेकर उपस्थित हुए थे इस काव्य संग्रह के माध्यम से उन्होंने गांधीजी को अपनी श्रद्धांजलि अर्पित की है। गांधीजी ने दंड शक्ति के स्थान पर प्रेम शक्ति और राज्य शक्ति के स्थान पर लोक सत्य पर बल दिया था। भवानी प्रसाद मिश्र ने भी अपनी कविता में इसी पर बल दिया है जियो और जीने दो, प्रभु बरसा रहे हैं जो सुधा सो सब को पीने दो। काव्य रचना में उन पर छायावादी प्रेम का रंग है और वह भी मानव जीवन की मंगल कामना से ओतप्रोत है उनकी कविता कमल के फूल में प्रेम की भावना को इस तरह व्यक्त किया है इस कविता में कमल प्रेम भावना का प्रतीक है।

# न्यायिक व्यवस्था की विश्वसनीयता बरकरार रखनी होगी!

**शीर्ष अदालत ने विवादों में घिरे न्यायाधीश के प्रति सख्त रवैया अपनाते हुए उन्हें न्यायिक कामकाज से अलग रखने के निर्देश दिए हैं। सार्वजनिक विमर्श में उनका तबादला इलाहाबाद हाईकोर्ट करने की चर्चा भी रही। इस मामले में शीर्ष अदालत ने जिस तरह तत्परता से कार्रवाई की और पारदर्शिता बनाए रखने के लिए कदम उठाए, उसे सराहा गया। यहां तक कि दिल्ली हाईकोर्ट ने जस्टिस वर्मा के घटनाक्रम से जुड़े कॉल्स सुरक्षित रखने को कहा है। यहां तक कि अदालत ने पिछले छह माह के कॉल रिकॉर्ड भी पुलिस से मांगे हैं।**

दिल्ली हाईकोर्ट के जस्टिस यशवंत वर्मा प्रकरण में कुछ सुलगते सवाल सामने आए हैं। वे हमारी व्यवस्था और प्रशासनिक चरित्र को बेनकाब करते हैं। इस प्रकरण में देश के प्रधान न्यायाधीश जस्टिस संजीव खन्ना और दिल्ली उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश जस्टिस डीके उपाध्याय भी प्रमुख किरदार हैं, जिन्हें 15 मार्च को ही आगजनी और नकदी नोटों से भरी बोरियों का खुलासा कर दिया गया था। सवाल है कि 21 मार्च को खबर छपने तक वे खामोश क्यों रहे? उन्होंने क्या संज्ञान लिए? न्यायमूर्तियों के किसी फैसले या न्यायपालिका की मैं अवमानना नहीं कर रहा हूं, न ही उनके निर्णयों पर कोई सवाल खड़े कर रहा हूं, लेकिन वे भी देश के प्रति जवाबदेह हैं। मैं तो स्थितिजन्य सवालों को उठा रहा हूं। अंततः सर्वोच्च अदालत को उस वीडियो रपट को देश के सामने सार्वजनिक करना ही पड़ा, जो दिल्ली पुलिस ने तैयार की थी और दिल्ली उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश को सौंपी थी, लेकिन तमाम तस्वीरें, वीडियो और आवास के बाहर मलबे में जले हुए 500 रुपए के नोट आदि अर्धसत्य हैं। उनके जरिए ही पूर्ण सत्य तक नहीं पहुंचा जा सकता और किसी को अपराधी भी साबित नहीं किया जा सकता।



रोहित माहेश्वरी

सवाल है कि 9 दिन के बाद भी जस्टिस वर्मा के सरकारी आवास के बाहर मलबा और जले हुए नोट क्यों मौजूद हैं? क्या वे साक्ष्य हैं? तो उन्हें सुरक्षित तौर पर घेरेबंदी में क्यों नहीं रखा गया है? आग लगे कमरे से बाहर तक मलबा कौन लाया और किसने आदेश दिए? नकदी नोट 5-6 बोरियों में भरे थे, वे कहां गायब हो गए? पुलिस ने आयकर विभाग, प्रवर्तन निदेशालय, सीबीआई और अन्य संबद्ध एजेंसियों को इतने नकदी नोटों की सूचना क्यों नहीं दी? 'रिकवरी मेमो' भी सामने नहीं आया है!

सवाल उठाया जा रहा है कि कड़ी सुरक्षा में रहने वाले सरकारी आवास में क्या बिना जानकारी के पैसा रखा जा सकता है? तो क्या किन्हीं आवासीय कर्मचारियों या बाहरी लोगों ने ऐसा कृत्य किया? यदि यह वास्तव में जज को फंसाने की सजिश थी, तो उसमें कौन लोग शामिल थे? निश्चित रूप से ऐसे सवालों का जवाब मिलने में विलंब से अविश्वास की धुंध और गहरी होगी। उल्लेखनीय है कि वर्ष 1997 में सुप्रीम कोर्ट द्वारा अपनाए गए ऐतिहासिक- 'न्यायिक जीवन के मूल्यों का पुनर्कथन' में यह निर्दिष्ट किया गया था कि किसी न्यायाधीश द्वारा ऐसा कोई कार्य या चूक नहीं होनी चाहिए, जो उनके उच्च पद और उस पद के प्रति सार्वजनिक सम्मान के अनुरूप न हो।' सबसे अहम सवाल तो यह है कि पुलिस ने प्राथमिकी (एफआईआर) दर्ज क्यों नहीं की? जस्टिस वर्मा की संवैधानिक सुरक्षा के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज नहीं करनी थी। प्राथमिकी अग्निकांड, घटनाक्रम और बरामद नकदी नोटों को लेकर दर्ज की जानी चाहिए थी। वैसे भी जज के सरकारी घर से अधजले नोट मिले हैं। बेहिसाब नकदी रखना न्यायिक काम भी नहीं है। ऐसे में जज की इम्युनिटी (संवैधानिक सुरक्षा) कैसे खंडित होती?



इस संदर्भ में प्रधान न्यायाधीश अथवा मुख्य न्यायाधीश की अनुमति लेना भी अनिवार्य नहीं था। सेवामुक्त न्यायाधीश जस्टिस एसएन ढींगरा का सवाल है कि यदि जज के आवास से कोकीन या अन्य आपत्तिजनक पदार्थ बरामद होते, तो क्या पुलिस तब भी प्राथमिकी दर्ज नहीं करती? पुलिस आयुक्त संजय अरोड़ा और फायर ब्रिगेड प्रमुख अतुल गर्ग इतने कमजोर किरदार नहीं हैं कि वे किसी 'अति शक्तिशाली' किरदार के दबाव में आकर कार्रवाई करते! इस मामले में प्राथमिकी सबसे पहली और बुनियादी कार्रवाई थी।

बहरहाल, शीर्ष अदालत ने विवादों में घिरे न्यायाधीश के प्रति सख्त रवैया अपनाते हुए उन्हें न्यायिक कामकाज से अलग रखने के निर्देश दिए हैं। सार्वजनिक विमर्श में उनका तबादला इलाहाबाद हाईकोर्ट करने की चर्चा भी रही। इस मामले में शीर्ष अदालत ने जिस तरह तत्परता से कार्रवाई की और पारदर्शिता बनाए रखने के लिए कदम उठाए, उसे सराहा गया। यहां तक कि दिल्ली हाईकोर्ट ने जस्टिस वर्मा के घटनाक्रम से जुड़े कॉल्स सुरक्षित रखने को कहा है। यहां तक कि अदालत ने पिछले छह माह के कॉल रिकॉर्ड भी पुलिस से मांगे हैं। वहीं दूसरी ओर शीर्ष अदालत ने पुलिस द्वारा रिकॉर्ड वीडियो, तस्वीरें व शुरुआती जांच रिपोर्ट भी सार्वजनिक विमर्श में ला दी है।

ऐसा आभास होता है कि 14-21 मार्च के दरमियान न्यायाधीश के आवास में आग लगने और नोटों से भरी बोरियां बरामद होने के प्रकरण में कुछ संवेदनशील छेड़छाड़ की गई है, ताकि साक्ष्य मिटाए जा सकें। गहन जांच जरूरी है। निस्संदेह, न्यायपालिका में जनता के विश्वास को कम करने वाले किसी भी विवाद की गहरी जांच होनी चाहिए। साथ यह भी जरूरी है कि जांच निर्धारित समय सीमा में अनिवार्य रूप से पूरी हो। वास्तव में सत्य, न्याय और न्यायिक जवाबदेही के हित में ऐसे मामलों में कार्यवाही को तेजी से आगे बढ़ाने का दायित्व अदालतों और जांच एजेंसियों का है। बेशक जस्टिस वर्मा को अपना पक्ष रखने का पूरा मौका दिया जाना चाहिए और सभी संबंधित व्यक्तियों से पूरी पूछताछ कर साक्ष्य जुटाया जाना चाहिए। मगर इसे अनावश्यक देर का कारण नहीं बनने दिया जाना चाहिए। इसका अहसास तो माननीय न्यायाधीशों को भी होगा कि इस घटना से न्यायपालिका में लोगों के भरोसे पर नए सिरे से प्रहार हुआ है। न्यायपालिका में भ्रष्टाचार है, ऐसी सोच रखने वाले लोगों की संख्या पहले ही काफी हो चुकी है। उसके अलावा वर्तमान सत्ताधारी पार्टी के हितों से जुड़े मसलों पर न्यायपालिका के रुख ने भी समाज के एक बड़े हिस्से में उद्विग्नता पैदा कर रखी है। रिटायरमेंट के तुरंत बाद जजों के लाभ का पद स्वीकार करने की बढ़ी प्रवृत्ति से पद पर रहते हुए उनके दिए न्यायिक फैसलों के पीछे के प्रेरक कारणों पर अटकलों का बाजार गर्म कर रखा है। इस पृष्ठभूमि में न्यायपालिका में कथित रिश्वतखोरी का संदेह अगर और गहरा हुआ, तो उसका कितना हानिकारक असर इस संस्था की विश्वसनीयता पर पड़ेगा, इसकी चिंता तमाम लोगों को करनी चाहिए। निश्चित रूप से न्याय की कुर्सी पर बैठे व्यक्ति से बेदाग होने की उम्मीद की जाती है। सोशल मीडिया पर इस प्रकरण से जुड़ी सामग्री के वायरल होने के बाद लोग उम्मीद कर रहे हैं कि इस मामले में निष्पक्ष जांच होगी, ताकि सच सामने आ सके। यदि कोई साजिश है तो उसका खुलासा हो और यदि नहीं तो न्यायिक व्यवस्था की शुचिता अक्षुण्ण बनाये रखने के लिये सख्त कार्रवाई की जाए। यह एक हकीकत है कि अन्याय के विरुद्ध उम्मीद की अंतिम किरण लेकर व्यक्ति न्याय की चौखट पर दस्तक देता है। यदि ऐसे प्रकरण सच साबित होते हैं तो उसके विश्वास को धक्का लगेगा। निःसंदेह, न्याय व्यवस्था का सवालों के घेरे में आना एक गंभीर मुद्दा है। इस घटनाक्रम से न्याय व्यवस्था पर छींटे आए हैं, उन्हें साफ करना जरूरी है।

# व्रतधारियों पर मिलावट का क़हर

**इसी तरह हरियाणा के यमुनानगर, सढौरा व आसपास के कई गांव के सैकड़ों लोग कुट्टू का मिलावटी व विषाक्त आटा इस्तेमाल करने के कारण बीमार पड़ गये। राज्य के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी का नाम भी ईद के पहले उस समय सुर्ख़ियों में आया जब उन्होंने ईद की छुट्टी को राजपत्रित अवकाश की सूची से हटाकर इसे प्रतिबंधित अवकाश के रूप में घोषित कर दिया।**

उत्तराखंड की राजधानी देहरादून में कुट्टू का मिलावटी व विषाक्त आटा इस्तेमाल करने के कारण 100 से अधिक लोग फ़ूड पॉइज़निंग का शिकार हो गये। नवरात्रि के व्रत रखने वाले इन व्रत धारियों को अस्पताल में भर्ती कराना पड़ा। जिस समय राजधानी देहरादून में यह विषाक्त आटा बेचा जा रहा था और लोग इसे ख़रीद रहे थे ठीक उसी समय मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी देहरादून, हरिद्वार, उधम सिंह नगर व नैनीताल ज़िलों में अनेक शहरों व क़स्बों के प्राचीन नाम बदलने में व्यस्त थे। इसे संयोग कहें या प्रयोग कि ईद के दिन जब मुसलमानों को कोई सौगात दिया जाना चाहिये था ठीक उसी दिन मुख्यमंत्री धामी मुग़ल काल या ब्रिटिशकाल में रखे गये या उर्दू फ़ारसी भाषा के नामों को बदलकर अपने संस्कारित दूरगामी एजेंडे को लागू कर रहे थे और उसी समय बड़े गर्व से नाम बदलने की अपनी इस क़वायद को जनभावनाओं के मद्देनज़र और भारतीय संस्कृति और विरासत के अनुरूप बता रहे थे। धामी ने ख़ान पुर,मुहम्मदपुर व नवाबी रोड जैसे नामों को भी बदल डाला। बहरहाल, कथित तौर पर जिन लोगों की भावनाओं के मद्देनज़र मुख्यमंत्री धामी नाम बदल रहे थे उसी समय वही उत्तराखंड निवासी देहरादून में सरे आम बिक रहा ज़हरीला कुट्टू का आटा खाने के लिये मजबूर थे। साफ़ है कि सरकार की प्राथमिकताओं में शुद्ध, स्वच्छ व पौष्टिक खाद्य सामग्री की बिक्री सुनिश्चित करना नहीं बल्कि नफ़रती एजेंडे को लागू करना था।



निर्मल रानी

इसी तरह हरियाणा के यमुनानगर, सढौरा व आसपास के कई गांव के सैकड़ों लोग कुट्टू का मिलावटी व विषाक्त आटा इस्तेमाल करने के कारण बीमार पड़ गये। राज्य के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी का नाम भी ईद के पहले उस समय सुर्ख़ियों में आया जब उन्होंने ईद की छुट्टी को राजपत्रित अवकाश की सूची से हटाकर इसे प्रतिबंधित अवकाश के रूप में घोषित कर दिया। बहाना था वित्त वर्ष 2024-25 के समापन का समय ईद के दिन यानी 31 मार्च को पड़ना। उत्तराखंड की ही तरह हरियाणा में भी नवरात्रों जैसे पवित्र पर्व के दौरान धड़ल्ले से कुट्टू का मिलावटी व विषाक्त आटा बिक रहा था परन्तु यहाँ भी एजेंडा सरकार की प्राथमिकतायें चूँकि कुछ और हैं शायद इसलिये राज्य के लोगों को शुद्ध,स्वच्छ व पौष्टिक खाद्य सामग्री उपलब्ध नहीं हो सकी परिणामस्वरूप यहाँ भी सैकड़ों लोग फ़ूड पॉइज़निंग का शिकार हो गये।



उधर उत्तर प्रदेश सरकार ने भी नवरात्रों के दौरान अवैध बूचड़खानों को बंद करने और धार्मिक स्थलों के 500 मीटर के दायरे में मांस की बिक्री पर प्रतिबंध लगाने का सख़्त आदेश जारी किया है। जबकि 6 अप्रैल 2025 को राम नवमी के दिन मांस बिक्री पर विशेष प्रतिबंध लागू होगा। इस दिन पशु वध और मांस की बिक्री दोनों पूरी तरह बंद रहेगी। इसतरह के फ़ैसले भी जनभावनाओं का हवाला देते हुये लिये जाते हैं। सवाल यह है कि जब सरकार इस तरह केफ़ैसलों से स्वयं को जन भावनाओं का पक्षधर दिखाने की कोशिश करती है तो क्या आम जनता को विशेषकर नवरात्रों का व्रत रखने वाले व्रतधारियों को शुद्ध,स्वच्छ व पौष्टिक खाद्य सामग्री उपलब्ध कराना जनभावनाओं का आदर सम्मान नहीं?

यह हिन्दू राष्ट्र निर्माण के शगूफ़े, विश्व महाशक्ति बनने का सपना, दो देशों के बीच छिड़े युद्ध रुकवाने की क्षमता जैसा प्रोपेगंडा, बुलेट ट्रेन के सपने, हवाई चप्पल वालों को हवाई यात्रा कराने जैसी लफ़्फ़ाज़ी,नाले की गैस से चाय बनाने की तकनीक, बादलों में रडार की कार्यक्षमता निष्प्रभावी होने जैसे अवैज्ञानिक दावे और इसतरह की अनेक फ़ालतू बातों को सुनसुनकर देश की जनता का कान पक चुका है। हक़ीक़त यही है कि स्वयं सरकारी दावों के मुताबिक़ आज देश के 80 करोड़ लोग सरकार के रहमो करम पर मिलने वाले मुफ़्त राशन के लिये मोहताज हैं। परन्तु सरकार है कि मिलावटख़ोरी जैसी बुनियादी चीज़ों पर नियंत्रण करने के बजाये कहीं बुलडोज़र चलवाकर लोगों के घर गिरवाने में व्यस्त है, भले ही उसे इसकेलिए बार बार अदालत की डांट फटकार क्यों न पड़ती रहे। कहीं मदरसे बंद करने में ख़ुश है, कहीं नमाज़ पर पाबंदी तो कहीं मस्जिदों व क़ब्रों की खुदाई इनकी प्राथमिकता, कहीं रेलवे स्टेशन, ज़िलों, शहरों व मार्गों के नाम बदलना ज़्यादा ज़रूरी?

गोया साम्प्रदायिकता पूर्ण व विवादित फ़ैसलों व कामों में पूरी दिलचस्पी दिखाने वाली सरकार की नज़रों में बाज़ारों में खुले आम बिकने वाली मिलावटी व ज़हरीली सामग्री पर नियंत्रण पाना और भ्रष्टाचारियों द्वारा इनका संरक्षण किया जाना कोई मुद्दा ही नहीं? बेशक मिलावट ख़ोरी कोई नई समस्या नहीं, परन्तु जो सरकार देश बदलने के दावे कर रही हो,जो धर्मध्वजा के ही सहारे अपनी सत्ता की नाव चला रही हो, देशवासियों को विकसित राष्ट्र बनाने के सपने दिखा रही हो, हिन्दू जागरण का दंभ भर रही हो, कम से कम उस सरकार का मिलावटख़ोरी व ज़हरीले खाद्य सामग्री के सरेआम उत्पादन व बिक्री पर तो नियंत्रण पाना पहली प्राथमिकता तो होनी ही चाहिये। जो भी व्रतधारी कुट्टू का मिलावटी व विषाक्त आटा इस्तेमाल करने की वजह से मौत के मुंह तक पहुँच गये वे भी तो हिन्दू ही हैं ? और रोज़मर्रा के इस्तेमाल में आने वाली खाद्य सामग्री में होने वाली मिलावट का उपभोग करने वाले भी देश के बहुसंख्य हिन्दू ही हैं?

लिहाज़ा इसतरह के अपराध को केवल अपराध की नज़रों से देखने की ज़रुरत है। ऐसा अपराध किसी का धर्म नहीं देखता। ऐसा अपराध जब पनपता है तो इसे संरक्षित करने वाले लोग भी भ्रष्ट व रिश्वतख़ोर लोग होते हैं। सरकार यदि यह दावे कि करती है कि उसका शासन अपराधमुक्त हो गया है या अपराध पर नियंत्रण के दावे करती है तो क्या खाद्य सामग्री में मिलावटख़ोरी करने पर भी नियंत्रण हो चुका है? ऐसे धंधे में लिप्त लोगों को सरकार का भय क्यों नहीं? आख़िर कब तक आम लोगों व भक्त व्रतधारियों पर मिलावट का क़हर यूँही टूटता रहेगा? कब तक सरकार यह बहाना करती रहेगी कि-कल मिला वक़्त तो सुलझाऊंगा ज़ुल्फ़ें तेरी -आज उलझा हूँ मैं हालात को सुलझाने में?

स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक व सम्पादक तकदीस फ़ातिमा रिज़्वी ने ग्रुप-5 प्रकाशन, 55-बी, वज़ीर हसन रोड, लखनऊ से मुद्रित कराकर प्रथम तल, मस्जिद नूर महल, साकेत पल्ली, नरही, लखनऊ से प्रकाशित किया।

किसी भी लेख में कोई विवाद के लिए 'अवधनामा' जिम्मेदार नहीं होगा, इसकी जिम्मेदारी लेखक की है। किसी भी समाचार के विवाद के लिए न्याय क्षेत्र लखनऊ ही होगा।

**पोलिटिकल एडीटर : एम.एम. मोहसिन**

**स्थानीय संपादक**

**मोहम्मद आलम रिज़वी**

**RNI No UPHIN/2010/31173**

**टेली फैक्स नं. : 2288091, 4065716**

**avadhnamahindi@gmail.com,**

# विद्युत कर्मचारी संयुक्त संघर्ष समिति का निजीकरण के विरोध में संघर्ष जारी




**अवधनामा संवाददाता**

**आजमगढ़।** बिजली के निजीकरण के विरोध में सभी जनपदों और परियोजनाओं पर प्रदर्शन जारीरू वर्ष 2025 - 26 में ए टी एंड सी हानियां 13.8 2ः लाने के दावे के बाद निजीकरण पर संघर्ष समिति ने सवाल किया।

विद्युत कर्मचारी संयुक्त संघर्ष समिति, उत्तर प्रदेश ने यह कहा है कि वर्ष 2025 - 26 में ए टी एंड सी हानियां 13.8 2ः लाने के पावर कारपोरेशन के दावे के बाद पूर्वांचल विद्युत वितरण निगम और दक्षिणांचल विद्युत वितरण निगम का निजीकरण किसके हित में किया जा रहा है। संघर्ष समिति के आह्वान पर आज लगातार 126 वें दिन सभी जनपदों और परियोजनाओं पर विरोध प्रदर्शनजारी रहा। संघर्ष समिति के पदाधिकारियों ने कहा कि मल्टी ईयर टैरिफ डिस्ट्रीब्यूशन रेगुलेशन 2005, 01 अप्रैल से लागू होने के बाद पावर कॉरपोरेशन द्वारा यह दावा किया गया है कि वर्ष 2025 - 26 में ए टी एंड सी हानियां घटकर 13.82ः रह जाएंगी। उन्होंने कहा की 2 दिन पूर्व प्रदेश के ऊर्जा मंत्री श्री अरविंद कुमार शर्मा जी ने स्वयं ट्वीट कर बताया था कि वर्ष 2017 की 40ः की तुलना में ए टी एंड सी हानियां वर्ष 2024 में घटकर 16.5ः रह गई है। अब जब चालू वित्तीय वर्ष में ए टी एंड सी हानियों को 13.82ः तक आने की बात कही जा रही है जो 15ः के राष्ट्रीय मानक से कम है, तब निजीकरण की प्रक्रिया तत्काल निरस्त की जानी चाहिए। संघर्ष समिति ने कहा कि सितंबर 2020 में केंद्रीय विद्युत मंत्रालय द्वारा जारी ड्राफ्ट स्टैंडर्ड बिडिंग रेगुलेशन में स्पष्ट कहा गया है कि जहां 15ः से कम ए टी एंड सी हानियां हों , ऐसे विद्युत वितरण निगमों में निजीकरण करने की कोई आवश्यकता नहीं है। इस दृष्टि से पूर्वांचल विद्युत वितरण निगम एवं दक्षिणांचल विद्युत वितरण निगम के निजीकरण की चल रही प्रक्रिया तत्काल निरस्त की जानी चाहिए। संघर्ष समिति ने कहा कि पावर कार्पोरेशन प्रबंधन ने निजीकरण का राग छेड़ कर विगत चार महीनों से उत्तर प्रदेश के ऊर्जा निगमों में अनावश्यक तौर पर औद्योगिक अशांति का वातावरण बना रखा है। संघर्ष समिति ने पहले ही बिजली कर्मचारियों और अभियंताओं का आह्वान किया है कि वह चालू वित्तीय वर्ष में ए टी एंड सी हानियां 15 प्रतिशत से कम करके दिखा देंगे। इस दृष्टि से निजीकरण का निर्णय तत्काल निरस्त किया जाए, कार्य का स्वस्थ वातावरण बनाया जाए और बिजली कर्मियों को पूरे मनोयोग के साथ श्रेष्ठतम प्रदर्शन करने के लिए कार्य करने दिया जाय।

# यूपी में चलेंगी सांध्यकालीन अदालतें, तैयारी शुरू

**अवधनामा संवाददाता**

**प्रयागराज।** इलाहाबाद हाईकोर्ट के महानिबंधक ने केंद्र सरकार की सांध्यकालीन अदालत गठित करने की योजना को अमल में लाने से पहले जिला जजों व वकीलों की राय व फीडबैक मांगा है। महानिबंधक की तरफ से सभी जिला एवं सत्र न्यायाधीशों व विशेष कार्याधिकारियों को पत्र लिखकर रिपोर्ट भेजने को कहा गया है। महानिबंधक की तरफ से सभी जिला एवं सत्र न्यायाधीशों व विशेष कार्याधिकारियों को पत्र लिखकर रिपोर्ट भेजने को कहा गया है। रजिस्ट्रार जनरल की तरफ से जारी पत्र में प्रदेश के जिला अदालतों के सभी बार एसोसिएशनों को पत्र भेजकर उनसे भी सांध्यकालीन कोर्ट चलाने को लेकर फीड बैक लेने को कहा गया है। प्रस्तावित सांध्यकालीन अदालतें चलाने का उद्देश्य कम खर्च में सेवानिवृत्त जजों व स्टाफ की मदद से वर्तमान सुविधाओं के साथ छोटे मोटे मामलो का निपटारा करना है।

इसमें छोटे आपराधिक मामले, संक्षिप्त विचारण व चेक अनादर केसों की सुनवाई होगी। अदालतें शाम पांच बजे से नौ बजे चार घंटे तक चलेगी। सकारात्मक सुझाव आने के बाद केंद्र सरकार की सांध्यकालीन अदालत चलाने की योजना को अमल में लाया जा सकेगा। सेंटर फॉर कांस्टीट्यूशनल एण्ड सोशल रिफार्म के राष्ट्रीय अध्यक्ष व अधिवक्ता ए एन त्रिपाठी ने इस योजना को अव्यावहारिक करार देते हुए कहा है कि योजना रिटायरमेंट के बाद जजों को उपकृत करने व बेरोजगार युवा शक्ति में निराशा फैलाने वाली साबित होगी। योजना लक्ष्य हासिल कर सकेगी इसमें भारी संदेह है। श्री त्रिपाठी ने कहा न्यायपालिका जनतंत्र का एक मजबूत स्तंभ है। इस पर आपसी विवादों व कानूनी मुद्दे तय करने की जिम्मेदारी है। अपराधी को दंडित कर निर्दोष को बरी करने की जिम्मेदारी है। वर्तमान तंत्र को सही तरीके से चलाने में विफल रहने वाले सिस्टम का यह एक शिगूफा है। योजना न्याय देने की खानापूर्ति मात्र बनकर रह जायेगी। इन अदालतों में वकालत करने वाले वकीलों का ध्यान नहीं रखा गया है। सुबह नौ बजे से रात दस बजे तक काम करने के बाद अधिवक्ता किस लायक बचेंगे, इसका ध्यान नहीं रखा गया है। उन्होंने कहा कि कोर्ट में ट्रायल एण्ड एरर की पद्धति अपनाना न्याय हित नहीं है।

## जिलाधिकारी ने नवीन मंडी स्थल शिकोहाबाद का किया निरीक्षण

**फिरोजाबाद।** जिलाधिकारी रमेश रंजन ने नवीन मंडी स्थल शिकोहाबाद का निरीक्षण किया, इस निरीक्षण के दौरान उन्होंने संबंधितों को निर्देशित किया कि सभी किसानों को उनके क्रय किए गए गेहूं का भुगतान तुरन्त किया जाए तथा उनको किसी भी प्रकार की समस्या उत्पन्न न होने पाए, जिलाधिकारी ने कहा कि पिछले वर्ष की तुलना में इस वर्ष खरीद दुगनी होनी चाहिए, जिलाधिकारी ने वहां उपस्थित किसान सतीश कुमार निवासी नगला पोपी को फूल माला पहना कर गेहूं क्रय केंद्र पर उनका स्वागत किया, कुल 60 गेहूं क्रय केंद्र बनाए गए हैं, जिसमें 37 कोऑपरेटिव के हैं, जिलाधिकारी ने कहा कि इन क्रय केंद्रों पर कोई ऐसा सचिव कार्यरत न हो जो सेवानिवृत्ति या निलंबित हो, सभी सचिव कार्यरत होने चाहिए, मंडी स्थलों पर किसानों को पीने के लिए पेयजल इत्यादि उपलब्ध रहे, इस स्थल पर किसान केवरन सिंह, बृजेश कुमार एवं खुशी लाल सिंह उपस्थित थे, जिनको अपर जिलाधिकारी वि0/ रा0 विशु राजा ने फूलमाला पहनाकर स्वागत किया, इस दौरान केंद्र पर जिला खाद्य विपणन अधिकारी विजयेता सिंह, विपणन अधिकारी बृजेश गंगवार आदि उपस्थित रहे।

# आज आएंगे सीएम योगी, तैयारियां पूरी

- प्रयागराज के श्रृंग्वेरपुर में निषाद राज गुहा की जयंती पर होगा भव्य आयोजन

**अवधनामा संवाददाता**

**प्रयागराज।** प्रयागराज में तीन अप्रैल को श्रृंग्वेरपुर धाम में निषाद राज गुहा की जयंती के अवसर पर होने वाले कार्यक्रम में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को शामिल होना है। ऐसे में आयोजन को लेकर तैयारियां लगभग पूरी की जा चुकी है। बुधवार को सीएम के कार्यक्रम को लेकर करछना विधायक पीयूष रंजन निषाद, झुंसी विधायक दीपक पटेल और फाफामऊ विधायक गुरुप्रसाद मौर्या ने प्रेसवार्ता करके जानकारी दी।

उन्होंने बताया कि सुबह करीब 11 बजे मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ हेलीकाप्टर से श्रृंग्वेरपुर धाम पहुंचेंगे। जहां वह विभिन्न कार्यक्रमों में शामिल होगे। करीब दो घंटे तक सीएम प्रयागराज में रहेंगे।

श्रृंग्वेरपुर धाम में सीएम योगी आदित्यनाथ के आने के कार्यक्रम को लेकर जानकारी देते हुए करछना विधायक पीयूष रंजन निषाद ने बताया कि सीएम श्रृंग्वेरपुर धाम में विधि विधान से पूजन करेंगे। इस दौरान तैयार कराए गए पार्क का अवलोकन भी करेंगे। इसके साथ ही वह जन सभा को भी संबोधित करेंगे। कहा कि



2014 में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने परेड मैदान में अपनी जन सभा के दौरान प्रयागराज को निषादराज गुहा की धरती कहकर कई बार संबोधित किया था। इसके पहले की सरकारों ने निषाद समाज के साथ ही श्रृंग्वेरपुर की भी उपेक्षा की थी। प्रदेश में भाजपा की सरकार बनने के बाद श्रृंग्वेरपुर में विकास कार्यों ने रफ्तार पकड़ी।

पत्रकार वार्ता के दौरान विधायक पीयूष रंजन निषाद ने कहा कि प्रदेश में भाजपा सरकार आने के बाद मछुआरा एवं निषाद समाज के लोग भी अब मुख्यधारा में जुड़ रहे हैं। सरकार की तरफ से निषाद समाज के लिए कई योजनाएं लागू की गई हैं। इसमें प्रधानमंत्री मत्स्य संपदा योजना, मुख्यमंत्री मत्स्य संपदा योजना, उत्तर प्रदेश मत्स्य पालक कल्याण योजना, निषादरज आवास, सोलर लाइट आदि शामिल है। इसके अलावा निषादराज बोर्ड सब्सिडी योजना, सामूहिक दुर्घटना बीमा योजना आदि महत्वपूर्ण योजनाओं के माध्यम से मछुआर व निषाद समाज को ऊंचा उठाए जाने का कार्य किया गया है।

# नवरात्रि पर हो रही बिजली कटौती से कस्बे वासियों में बढ़ रहा आक्रोश

**अवधनामा संवाददाता**

**सुमेरपुर हमीरपुर।** मुख्यमंत्री के स्पष्ट निर्देश के बाद विद्युत विभाग की अघोषित कटौती थमने का नाम नहीं ले रही है। इससे देवी भक्तों में आक्रोश पनप रहा है। विशेष तौर से नवरात्र व्रत रखने वाले भक्त परेशान हैं। तड़के 5 बजे से कस्बा सहित ग्रामीण क्षेत्रों में होने वाली कटौती का दौर सुबह 9 बजे के बाद सामान्य होता है। इससे सुबह भक्तों को बेहद दिक्कतें होती हैं। मुख्यमंत्री ने नवरात्र के एक दिन पूर्व घोषणा की थी कि नवरात्रि पर्व पर बिजली की निर्बाध आपूर्ति होगी लेकिन यह आदेश बेअसर है। पूर्व की तरह तड़के 5 बजे से कटौती का दौर शुरू होता है और 9 बजे के बाद ही आपूर्ति सामान्य होती है। इससे देवी भक्त परेशान हैं। देवीभक्त नागेन्द्र सिंह, कौशल्या यादव, सुधा यादव, भूपेंद्र कुमार, रामजी तिवारी, बरदानी, ओम नारायण, राम शंकर, घनश्याम, सीताराम सिंह, हरे राम सिंह आदि ने बताया कि तड़के 5 बजे से कटौती होने के कारण सुबह सबसे बड़ी समस्या पानी की खड़ी होती है। साथ ही अंधेरा होने के कारण पूजन अर्चन के लिए तड़के तैयार होने में दिक्कतों का सामना करना पड़ता है। जब आदेश है कि निर्बाध आपूर्ति होगी तब कटौती क्यों हो रही है। इतना ही नहीं दोपहर और रात में भी कटौती शुरू करके मुश्किलें खड़ी कर दी गई हैं। यह भक्तों के साथ सरासर अन्याय है। विद्युत वितरण उपखंड के एसडीओ एमपी सिंह ने कहा कि कटौती क्यों हो रही है उनके संज्ञान में नहीं है। इस प्रकरण में अवर अभियंता ही कुछ बता सकते हैं।

# रिजल्ट पाकर चहके छात्र, किया गया सम्मानित

- सब पढ़े सब बढे ही सोच बदलेगी देश की तस्वीर : याशमीन

**अवधनामा संवाददाता**

**आजमगढ़।** नगर क्षेत्र के गुरुटोला प्राथमिक विद्यालय में विगत वर्ष की भाँति इस वर्ष भी परीक्षा परिणाम का वितरण समारोह पूर्वक किया गया। इस दौरान छात्र-छात्राओं को निजी विद्यालयों की तर्ज पर मेडल व पुरस्कार देकर उनका उत्साहवर्धन भी किया गया। कार्यक्रम में अभिभावकों के साथ ही जनप्रतिनिधि भी शामिल हुए। समारोह में बतौर मुख्य अतिथि पहुंची समाजसेविका याशमीन बेगम ने कहाकि नगर क्षेत्र के प्राथमिक विद्यालय गुरुटोला में परीक्षाफल वितरण व विदाई समारोह का आयोजन किया गया।बेसिक शिक्षा के स्कूलों में पढ़कर बच्चे देश भर में अपना नाम रोशन कर



रहे हैं। समाज और राष्ट्र की उन्नति में बेसिक शिक्षा का अहम योगदान रहा है। प्राथमिक विद्यालय गुरुटोला में कक्षा 5 में अध्ययनरत रहे बच्चों का विदाई समारोह और परीक्षाफल वितरण कार्यक्रम आयोजित किया गया। वहीं अध्यक्षीय संबोधन में जिला योजना समिति के सदस्य, सभासद मोहम्मद अफजल ने कहा कि कायाकल्प योजना के बाद बेसिक शिक्षा के स्कूलों में पठन पाठन और मूलभूत सुविधाएं बढीं हैं, जिसका असर नामांकन में देखा जा सकता है। यहां से निकले छात्र विभिन्न क्षेत्रों में उच्च शिक्षा प्राप्त कर राष्ट्रहित में योगदान दे रहे हैं। इस मौके पर कक्षा पाँच के छात्रों को मेडल पहनाकर विदाई दी गई और छात्र-छात्राओं को वार्षिक परीक्षाफल वितरित किया। विद्यालय प्रधानाध्यापिका जया श्रीवास्तव ने सभी के प्रति आभार जता। इस अवसर पर विद्यालय प्रधानाध्यापिका जया श्रीवास्तव व विद्यालय के शिक्षकगण व कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

## वक्फ संशोधन बिल को लेकर कस्बे में प्रशासन रहा अलर्ट

**सुमेरपुर हमीरपुर।** संसद में वक्फ संशोधन बिल पेश होते ही पुलिस प्रशासन अलर्ट मोड पर नजर आया। कस्बे की मुस्लिम बाहुल्य बस्तियों के आसपास पूरे दिन पुलिस गश्त करती रही फिलहाल कस्बे में किसी तरह का विरोध नजर नहीं आया। बुधवार को सुबह 10:00 बजे जैसे ही संसद में वक्फ संशोधन बिल प्रस्तुत किया गया। वैसे ही पुलिस प्रशासन अलर्ट मोड पर नजर आया। कस्बे की मुस्लिम बाहुल्य मोहल्ला बाकी मार्ग ईदगाह, इमलिया थोक आदि जगहों पर पुलिस दिनभर गश्त करती रही। फिलहाल कस्बे में बिल के प्रति किसी तरह का विरोध नजर नहीं आया है। अंजुमन नुरुल इस्लाम मदरसे के अध्यक्ष तुफैल अहमद ने कहा कि किसी धर्म के ट्रस्ट में अन्य समुदाय के लोगों को नहीं रखा जाता है जबकि वक्फ बोर्ड में अन्य समुदाय के लोगों को सदस्य बनाए जाने का प्रावधान किया गया है यह गलत है ऐसा नहीं होना चाहिए।

# मुख्यमंत्री के नाम एसडीएम को सौंपा ज्ञापन

**अवधनामा संवाददाता**

**संभल।** लोनी (गाजियाबाद) विधानसभा में धार्मिक कलश यात्रा निकलते समय क्षेत्रीय विधायक श्री नंदकिशोर गुर्जर के साथ पुलिस के द्वारा किए गए दुर्व्यवहार एवं मारपीट से आहत गुर्जर समाज की हताशा और निराशा के कारण दिनांक 20 मार्च 2025 को उत्तर प्रदेश विधानसभा के लोनी क्षेत्र में कलश यात्रा निकाली जा रही थी जिसका आयोजन गौ सेवा एवं सनातन आस्था रखने वाले क्षेत्रीय विधायक श्री नन्दकिशोर गुर्जर के द्वारा हर वर्ष किया जाता है इस वर्ष भी पूर्व की भांति रामचरितमानस का पाठ किया जा रहा था जिस क्रम में कलश यात्रा निकल जा रही थी जो की पूर्ववर्ति सरकारों में परंपरा का हिस्सा है दुर्भाग्य बस इस वर्ष प्रशासन और पुलिस द्वारा इस धार्मिक आयोजन को रोकने का प्रयास किया गया जिसमें विधायक नंदकिशोर गुर्जर के साथ धक्का मुकी की गई उनके कपड़े फाड़े गए दुर्व्यवहार करते हुए रामचरितमानस जी को खंडित करने का दुस्साहस किया गया और कलश यात्रा में शामिल श्रद्धालुओं गंभीर चोटे पहुंचाई गई जिसमें 98 प्रतिशत महिलाएं भक्त शामिल रही पुलिस प्रशासन द्वारा अंजाम दिए इस घटना से सर्व समाज के साथ-साथ गुर्जर समाज अपने लोकप्रिय विधायक के साथ हुए इस प्रताप से हताश व निराशा है तथा आज सम्मान में इस सुरक्षा के भाव के साथ गुर्जर समाज में रोष व्याप्त है गुर्जर समाज के सम्मान की रक्षा हेतु हमारी मांगे इस प्रकार हैं इस घटना की निष्पक्ष जांच करते हुए घटना में शामिल सभी दोषी अधिकारी के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई की जाए विधायक श्री नंदकिशोर गुर्जर को आवश्यक सुरक्षा प्रदान की जाए तथा उनकी छवि को धूमिल करने के प्रयासों को प्रबल प्रयासों से रोका जाए गुर्जर समाज की भावना को सम्मान करते हुए वह हमारी सुरक्षा को और महत्ता को अपेक्षित ने किया जाए एवं भविष्य में ऐसे आयोजन में प्रशासन द्वारा सहयोग किया जाए वर्तमान समय में गुर्जर समाज उपेक्षित किया जा रहा है एवं हाशिये पर रखकर समय-समय पर उनका अत्यधिक अपमान हो रहा है जिसकी एक कड़ी यह लोनी विधायक का अपमान है गुर्जर समाज अपने सम्मानित विधायक के साथ हुए दुर्व्यवहार को लेकर अत्यंत आक्रोशित है यदि मांगों को जल्दी पूरा नहीं किया जाता है तो समस्त गुर्जर समाज व राष्ट्रीय गुर्जर महासभा के सभी जिला अध्यक्ष आगामी 13 अप्रैल 2025 को प्रधानमंत्री कार्यालय का घेराव अपने मान सम्मान की रक्षा हेतु लाखो लोग अपनी टीम के साथ एक बड़ा आंदोलन करने के लिए बाध्य होगा जिसकी समस्त जिम्मेदारी उपरोक्त घटनाक्रम में शामिल अधिकारी की होगी जिसके संबंध मे तथा अपनी सुरक्षा के लिए एक ज्ञापन उप जिलाधिकारी को राष्ट्रीय गुर्जर महासभा के जिलाध्यक्ष एडवोकेट ललित कुमार गुर्जर युवा मंडल अध्यक्ष मुरादाबाद BKU (BRSS) द्वारा दिया गया साथ में नेताजी अशोक कुमार खारी, विजेन्द्र सिंह, तेजपाल सिंह मास्टर, अमित कुमार खारी, अमरीश गुर्जर, उत्तम खारी, आकाश कुमार, विनीत गुर्जर आदि व्यक्ति उपस्थित रहे।

# हाशमी ने कांग्रेस अध्यक्ष पद भार ग्रहण किया

**अवधनामा संवाददाता**

**प्रयागराज।** शहर कांग्रेस कमेटी के नये अध्यक्ष फुज़ैल हाशमी ने बुधवार अपराह्न जवाहर स्क्वायर, चौक स्थित कार्यालय में निवर्तमान अध्यक्ष प्रदीप अंशुमन से पद-भार ग्रहण किया। मुख्य अतिथि पूर्व अध्यक्ष और वरिष्ठतम कांग्रेस नेता श्याम कृष्ण पांडेय ने कहा कि आजादी की लड़ाई और बाद के देश निर्माण में कांग्रेस के योगदान का गौरवशाली इतिहास रहा है। उन्होंने उम्मीद जताई कि हाशमी आम कार्यकर्ताओं के सम्मान और स्वाभिमान की रक्षा का सदैव ख्याल रखेंगे। पूर्व विधायक विजय प्रकाश तथा पूर्व महापौर चौधरी जितेंद्र नाथ सिंह ने भी कांग्रेस के इतिहास पर विस्तृत चर्चा की। नवनियुक्त अध्यक्ष फुज़ैल हाशमी ने संगठन की मजबूती के लिए काम करने के साथ 2027 में सूबे में कांग्रेस सरकार की वापसी का भरोसा जताया। इसके पूर्व हाशमी भारी लाव लश्कर के साथ



डा.अंबेडकर, इंदिरा गांधी, चंद्रशेखर आजाद, पंडित नेहरू, राष्ट्रपिता महात्मा गांधी, लाल बहादुर शास्त्री और छुनन्न गुरू की प्रतिमाओं पर माल्यार्पण करने के उपरांत जुलूस के साथ कांग्रेस कार्यालय पहुंचे। समारोह का संचालन हरिकेश त्रिपाठी ने किया। इस अवसर पर जिलाध्यक्ष द्वय अशोक पटेल तथा अशफाक अहमद, किशोर वार्ष्णेय, मुकुंद तिवारी, सुधाकर तिवारी, भोला नाथ तिवारी, विवेकानंद पाठक, अभय अवस्थी, नफीस अनवर, संजय तिवारी, तस्लीमउद्दीन, परवेज़ अंसारी, जिया उवैद, राम किसुन पटेल, परवेज़ सिद्दीकी, अल्पना निषाद, खुशनवेदा फारूखी, हसीब अहमद, अरशद अली, सहित सैकड़ों मौजूद थे।

## विवाहिता ने ससुरालियों पर दर्ज कराया दहेज उत्पीड़न का मुकदमा

**सुमेरपुर हमीरपुर।** बांक गांव निवासी एक नवविवाहिता ने पति,सास ,ससुर, देवर पर दहेज के लिए प्रताड़ित करके मारपीट करके धमकी दी है कि अगर मांग पूरी नहीं हुई तो उसे नहीं रखेंगे। पुलिस ने नवविवाहिता की तहरीर पर मुकदमा दर्ज किया है। बांक गांव निवासी निर्मल सिंह उर्फ निर्मला ने थाने मुकदमा दर्ज कराते हुए आरोप लगाया है कि उसके पिता शिवकरन सिंह ने उसकी शादी 6 में 2023 को जालौन जनपद के ऐंर गांव निवासी हरिश्चंद्र के साथ की थी। शादी के बाद पति हरिश्चंद्र, सास विनोद कुमारी, ससुर कैलाश, देवर बाबी दहेज में 5 लाख एवं चार पहिया गाड़ी की मांग करके प्रताडित करने लगे थे। विगत दिनों उसे जमकर मारा पीटा और कहा कि मांग पूरी नहीं हुई तो साथ नहीं रखेंगे। पुलिस ने पीड़िता की तहरीर पर पति, सास, ससुर, देवर के खिलाफ दहेज के लिए प्रताड़ित करने का मुकदमा दर्ज किया है।

# बिजली की समस्या को लेकर लोगों ने विधायक से की बात

**अवधनामा संवाददाता**

**सुमेरपुर हमीरपुर।** बिजली की समस्या से जूझ रहे वार्ड 16 के वाशिंदों ने सदर विधायक के बांकी मार्ग स्थित कार्यालय पहुंचकर समस्या से अवगत कराकर राहत दिलाने की मांग की। सदर विधायक की फटकार के बाद एसडीओ विद्युत ने 10 अप्रैल तक आपूर्ति बहाल कराने का आश्वासन दिया है। वार्ड संख्या 16 के सैकड़ो लोग बिजली की समस्या से परेशान है। विभाग ने बस्ती में खंभे तार लगाकर ट्रांसफार्मर रख दिया है। हाई टेंशन लाइन ट्रांसफार्मर तक पहुंचाने के लिए विद्युत पोल लगा दिए है। पिछले डेढ़ वर्ष से हाई टेंशन लाइन के तार नहीं लगाये जा रहे हैं। इससे लोगों को आपूर्ति नहीं मिल रही है। इस समस्या से यहां के वाशिंदे जिलाधिकारी, अधिशासी अभियंता सहित अन्य अधिकारियों को अवगत करा चुके हैं। सभी से आश्वासन की घुट्टी मिली है लेकिन बिजली किसी ने नहीं दिलाई है। बुधवार को बांकी मार्ग स्थित कैंप कार्यालय पहुंचे सदर विधायक डा. मनोज प्रजापति को वार्ड 16 की वाशिंदे बलिराम, उर्मिला, वंदना पाल, रोशनी, अर्जुन, कामता प्रसाद, प्रीति, रजनी आदि आधा सैकड़ा लोगों ने अपनी व्यथा बताकर बिजली दिलाने की मांग की। सदर विधायक ने एसडीओ विद्युत एमपी सिंह को फोन पर जमकर फटकारते हुए समस्या के तत्काल निस्तारण के निर्देश दिए। विधायक की फटकार पर एसडीओ ने 10 अप्रैल तक समस्या के समाधान का आश्वासन दिया है। विद्युत वितरण उपखंड के अवर अभियंता कार्तिकेय त्रिपाठी ने बताया कि हाई टेंशन लाइन बनाने के लिए तार का अभाव है। तार मांगा गया है।


# मॉक ड्रिल ट्रायल कर संबंधितों से जाना गया हाल

- पीएसए प्रेशर स्विंग एडसरप्शन प्लांट की स्थिति की ली गई जानकारी
- प्रमुख सचिव स्वास्थ्य विभाग के निदेशक अनुसार

**अवधनामा ब्यूरो**

**सोनभद्र।** प्रमुख सचिव स्वास्थ्य विभाग के निर्देशानुसार बुधवार को मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ अश्वनी कुमार के दिशा निर्देश के क्रम में जिला हॉस्पिटल एंड मेडिकल कॉलेज ऑक्सीजन प्लांट पर

पांच सदस्य टीम द्वारा मॉक ड्रिल ट्रायल कराया गया। एसीएमओ डॉक्टर प्रेमनाथ ने बताया कि नोडल अधिकारी में नामित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र म्योरपुर डॉक्टर प्रदीप नारायण सिंह, संयुक्त चिकित्सालय अनपरा डॉक्टर कीर्ति आजाद बिंद , सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र शाहगंज डॉक्टर गुलाब शंकर यादव, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मधुपुर



डॉक्टर सूबेदार प्रसाद, स्वशासी राजकीय मेडिकल कॉलेज से डॉ दीपक बाबू एस एम ओ ,डब्ल्यू एच ओ राज्य स्तर से नामित के साथ ऑक्सीजन प्लांट का निरीक्षण किया गया वहां की सुरक्षा व्यवस्था व अतिरिक्त व्यवस्थाओं की जानकारी लेते हुए संबंधितों को दिशा निर्देशित किया गया । डॉ प्रेमनाथ ने बताया कि पीएसए प्लांट की ऑपरेशन रेडिनेस एव मॉक ड्रिल ट्रायल कराया गया इस मौके पर जिला हॉस्पिटल सीएमएस डॉक्टर बी सागर, डॉ अमृत लाल मौजूद रहे।

# गन्ना उत्पादन बढ़ाकर किसानों की आय मे वृध्दि विषय पर एक दिवसीय राष्ट्रीय सेमीनार का आयोजन किया गया

**अवधनामा संवाददाता**

**गजरौला (अमरोहा)** श्री वेंकेटेश्वरा विश्वविद्यालय / संस्थान में ÷वैज्ञानिक विधि द्वारा गन्ना उत्पादन बढ़ाकर किसानों की आय में वृद्धि÷ विषय पर एक दिवसीय राष्ट्रीय सेमीनार।

-कम लागत में गन्ने की उन्नत वैज्ञानिक खेती के साथ-साथ गन्ना उत्पादों के खाद्य प्रसंस्करण द्वारा किसानों की आय दोगुनी नही बल्कि चार गुनी तक बढ़ सकती है ङ्क प्रो. (डा.) बक्शीराम यादव (पदमश्री) विख्यात कृषि शास्त्री एवं प्रधान वैज्ञानिक, भारतीय कृषि विज्ञान अनुसंधान संस्थान, नयी दिल्ली भारत सरकार।

-कृषि भारतीय अर्थव्यवस्था की रीढ़, आर्गेनिक फार्मिंग / फूड प्रोसेसिंग, डेयरी उद्योग समेत एग्रीकल्चर सेक्टर देश की मजबूत एवं स्थिर जीडीपी का आधार ङ्क श्री सुधीर गिरि, संस्थापक अध्यक्ष एवं



कुलाधिपति श्री वेंकेटेश्वरा विश्वविद्यालय।-वेंकेटेश्वरा में जल्द ही 'मृदा परिक्षण लैब' स्थापित होने से पश्चिमी यू.पी. के किसानों को जल्द ही अपनी भूमि की सेहत का परीक्षण कराकर इसे और अधिक उपजाऊ बनाने का मौका मिलेगा ङ्क डा. राजीव त्यागी प्रतिकुलाधिपति श्री वेंकेटेश्वरा विश्वविद्यालय एवं आधिकारिक प्रतिनिधि संस्थापक समूह अध्यक्ष।-संस्थापक अध्यक्ष श्री सुधीर गिरि ने प्रतिकुलाधिपति डा. राजीव त्यागी के साथ मिलकर मुख्य अतिथि / वक्ता पदमश्री डा. बक्शीराम यादव जी को बुके, शाल एवं स्मृति चिन्ह भेंटकर सम्मानित किया।-आज राष्ट्रीय राजमार्ग बाईपास स्थित श्री वेंकेटेश्वरा विश्वविद्यालय / संस्थान में 'वैज्ञानिक विधि द्वारा गन्ना उत्पादन बढ़ाकर किसानों की आय में वृद्धि' विषय पर एकदिवसीय राष्ट्रीय सेमीनार का आयोजन किया गया, जिसमें मुख्य अतिथि/ मुख्य वक्ता के रूप में पधारे देश के विख्यात कृषि शास्त्री प्रधान कृषि वैज्ञानिक भारत सरकार पदमश्री डा. बक्शीराम यादव ने उपस्थित छात्र-छात्राओं, कृषि वैज्ञानिकों एवं प्रगतिशील किसान भाइयों को सम्बोधित करते हुए बताया कि 'उन्नत किस्मों के चयन' एवं 'कीट रोग नियंत्रण' द्वारा कम लागत में ज्यादा गुणवत्तापूर्ण गन्ने का उत्पादन होगा। इसके साथ ही गन्ना उत्पादों के 'खाद्य प्रसंस्करण' से किसानों की आय ना सिर्फ दोगुनी बल्कि चार गुनी तक बढ़ायी जा सकती है।

-श्री वेंकेटेश्वरा विश्वविद्यालय / संस्थान के डा.सीवी रमन सभागार में ÷वैज्ञानिक विधि द्वारा गन्ना उत्पादन बढ़ाकर किसानों की आय में वृद्धि÷ विषय पर आयोजित एकदिवसीय राष्ट्रीय संगोष्ठी का शुभारम्भ संस्थापक अध्यक्ष श्री सुधीर गिरि, मुख्य अतिथि विख्यात कृषि वैज्ञानिक 'पदमश्री' डा. बक्शीराम यादव, प्रतिकुलाधिपति डा. राजीव त्यागी, कुलपति प्रो. कृष्णकान्त दवे, प्रधान कृषि वज्ञानिक एवं निदेशक वेंकेटेश्वरा कृषि स्कूल प्रो.(डा.) तेजपाल सिंह आदि ने सरस्वती माँ की प्रतिमा के सन्मुख दीप प्रज्ज्वलित करके किया।

-अपने सम्बोधन में मुख्य अतिथि विख्यात कृषि वैज्ञानिक एवं भारत सरकार द्वारा कृषि क्षेत्र में किये गये शानदार कार्यों के लिए 'पदमश्री' से सम्मानित डा. बक्शीराम यादव ने उपस्थित एग्रीकल्चर के छात्र-छात्राओं, विभिन्न प्रदेशों से आये कृषि वैज्ञानिकों एवं पश्चिमी यू.पी. के प्रगतिशील किसानों को सम्बोधित करते हुए कहा कि गन्ने की सबसे उन्नत किस्म / प्रजाति 'सी ओ 038' (जिसको मैंने खुद 2009 में विकसित किया) के चयन एवं 'कीट रोग नियंत्रण' द्वारा गन्ने की पैदावार को 100 टन प्रति हैक्टेयर तक पहुंचा दिया है, जिससे किसानों की आय दोगुनी से भी ज्यादा हो गयी है। हमें उन्नत खेती के साथ-साथ पशुपालन, आर्गेनिक फार्मिंग एवं फूड प्रोसेसिंग की ओर किसानों को ले जाना होगा ताकि उनकी इनकम चार गुनी तक बढ़ सके।

## प्रथम राष्ट्रीय मूट कोर्ट प्रतियोगिता आज से

**प्रयागराज।** सीएमपी डिग्री कॉलेज के बीएएलएलबी (ऑनर्स) विभाग द्वारा आयोजित प्रथम चौधरी महादेव प्रसाद राष्ट्रीय मूट कोर्ट प्रतियोगिता का शुभारंभ 3 अप्रैल से होगा। इस राष्ट्रीय स्तर की प्रतिष्ठित प्रतियोगिता में देशभर के विभिन्न विधि विश्वविद्यालयों और लॉ कॉलेजों के प्रतिभाशाली छात्र-छात्राएं अपनी कानूनी क्षमता और तर्क शक्ति का प्रदर्शन करेंगे। यह प्रतियोगिता दो चरणों में आयोजित की जाएगी। प्रतियोगिता का प्रथम चरण 3 अप्रैल को ऑनलाइन माध्यम से संपन्न होगा, जिसमें प्रतिभागी अपने तर्क और विधिक विश्लेषण प्रस्तुत करेंगे। इस चरण में सफलता प्राप्त करने वाले प्रतिभागी प्रतियोगिता के अंतिम चरण के लिए चयनित होंगे। प्रतियोगिता का अंतिम चरण 13 अप्रैल को ऑफलाइन मोड में सीएमपी डिग्री कॉलेज, प्रयागराज में आयोजित किया जाएगा, जहां प्रतिभागियों के बीच न्यायिक बहस का अंतिम दौर होगा। इस दौरान प्रतिष्ठित न्यायाधीश, विधि विशेषज्ञ एवं शिक्षाविदों की उपस्थिति में निर्णायक बहस होगी, जिसमें श्रेष्ठ विधि छात्र अपनी बौद्धिक क्षमता और वाद-विवाद कौशल का परिचय देंगे।

अवधनामा



# सीओ व कोतवाल नें दलबल के साथ नगर व क्षेत्र में किया भ्रमण



अवधनामा संवाददाता

■ गैरकानूनी कार्य करनें वालों की सूचना पुलिस को दें : सीओ सदर

गुरसहायगंज, कन्नौज। पुलिस अधीक्षक विनोद कुमार के निर्देशन में जनपद में शांति एवं कानून व्यवस्था को सुदृढ बनाये रखने के उददेश्य से सदर क्षेत्राधिकारी कमलेश कुमार ने दल बल के साथ नगर के प्रमुख मार्गो पर पैदल भ्रमण कर सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया। साथ ही नागरिकों से वार्ता कर सुरक्षा के प्रति आश्वस्त किया।

बुधवार को उच्चाधिकारियों के निर्देशन में सदर क्षेत्राधिकारी कमलेश कुमार नें दल बल के साथ के नगर के जीटीरोड, तिर्वारोड, रेलवे रोड, फ़तेहगढ रोड पर बॉडी प्रोटेक्टर एवं हेलमेट के साथ फ्लैगमार्च एवं रुटमार्च किया गया। इस दौरान उन्होनें नागरिकों से संवाद स्थापित कर उन्हें सुरक्षा के प्रति आश्वस्त करते हुये कहा कि जिम्मेदार नागरिक अफवाहों पर ध्यान न दें। अफवाह फैलानें वाले लोगों पर कडी कार्यवाही की जायेगी। उधर प्रभारी निरीक्षक आलोक कुमार दुवे ने भारी पुलिस बल के साथ नगर व क्षेत्र में वाहनों द्वारा भ्रमण कर लोगों को सुरक्षा का अहसास कराया। वहीं अराजक तत्वों में हड़कम्प मच गया। इस दौरान निरीक्षक विष्णुकांत तिवारी, शैलेंद्र सिंह, कस्बा प्रभारी ज्ञानेंद्र सिंह, उपनिरीक्षक देवी चरण साहू, रावेंद्र सिंह, राजेश प्रताप सिंह, हरीश कुमार, प्रदीप कुमार, मोहनलाल, श्याम पाल सिंह, महिला उप निरीक्षक नीलम सिंह, कांस्टेबल सतेन्द्र सिंह, अमन सिंह, प्रशांत बालियान, दीपांशु गंगवार, गजेंद्र सिंह, विनय कुमार, गगन कुमार, जितेन्द्र कुमार, कौशल कुमार सहित तमाम पुलिस कर्मी मौजूद रहे।

## सचखंड एक्सप्रेस में सीट को लेकर हुए विवाद में सरदार ने यात्री पर किया कटार से हमला

मथुरा। मथुरा जंक्शन रेलवे स्टेशन पर सचखंड एक्सप्रेस में सीट को लेकर हुये विवाद में एक सरदार ने एक यात्री पर कटार से हमला कर दिया। हमले में यात्री लहूलुहान होकर प्लेटफार्म पर ही गिर गया। घटना से जंक्शन पर अफरा-तफरी मच गई। मौके पर पहुंची जीआरपी पुलिस ने आरोपी को दबोच कर पूछताछ कर रही है। बताया जाता है कि नादेड़ से अमृतसर जा रही सचखंड एक्सप्रेस के जनरल कोच में सरदार और एक अन्य यात्री के बीच सीट को लेकर विवाद बढ़ गया। ट्रेन जैसे ही जंक्शन पहुंची तो फिर विवाद हुआ। इसी दौरान प्लेटफार्म दो पर यात्री के उतरते समय सरदार यात्री ने दूसरे यात्री के कटार मार दी, जिससे वह घायल हो गया। जीआरपी पुलिस के अनुसार मथुरा जंक्शन पर बुधवार सुबह 11 बजे जैसे ही नादेड़ से चलकर अमृतसर जा रही सचखंड एक्सप्रेस जंक्शन पर रुकी। तभी ये वारदात हुई। सचखंड एक्सप्रेस में आगरा से मथुरा आने के लिए जनरल कोच में सवार यात्री प्रवीन और सरदारों में सीट को लेकर विवाद हो गया।

# वार्षिक परीक्षा परिणाम घोषित



अवधनामा संवाददाता

ललितपुर।। नगर के आजादपुरा तृतीय स्थित माई छोटा स्कूल व एसबीएन कान्वेन्ट स्कूल में कक्षा पीसी से लेकर कक्षा 8 के बच्चों का परीक्षा परिणाम घोषित किया गया। बच्चों को विद्यालय के डायरेक्टर अशोक कुमार सेन, प्रधानाचार्या आराधना शर्मा, रामनारायण शर्मा, नीलम एवं पत्रकार चायना देवेंद्र साहू, विभांशु तिवारी ने सम्मानित किया। सभी बच्चों को भविष्य में और उन्नति कर विद्यालय व परिवार का नाम रोशन करने के लिये प्रोत्साहित किया। कार्यक्रम का शुभारम्भ मां सरस्वती की प्रतिमा पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्जवलित कर किया गया। इसके बाद कक्षावार बच्चों को परीक्षा परिणाम घोषित करते हुए पुरस्कृत देकर उन्हें सम्मानित किया। उनके द्वारा सम्मानित होने वाले बच्चों में कक्षा पीसी से लेकर कक्षा 8 के छात्र-छात्राओं ने पुरस्कार प्राप्त किया। बच्चों के साथ आये उनके अभिभावकों को भी मंच पर बुलाकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में विद्यालय के डायरेक्टर अशोक सेन, प्रधानाचार्या आराधना शर्मा, रामनारायण शर्मा, विभांशु तिवारी, रानी कुशवाहा, ज्योति जैन, मनोरमा, चायना, पलक सेन, स्नेहा शर्मा, स्नेहा झा, रिया शर्मा, अनन्या, भावना, पत्रकार देवेंद्र साहू आदि मौजूद रहे। अंत में विद्यालय की शिक्षिका रानी कुशवाहा ने आये हुए सभी अतिथियों व अभिभावकों का आभार व्यक्त किया।

# मंत्री ने किया शिवेन्द्र ट्रेवल्स सर्विस का शुभारंभ



अवधनामा संवाददाता

■ कन्नौज से दिल्ली जाने वाले गरीबों व किसानों को मिलेगी छूट

कन्नौज। नगर व क्षेत्र के दिल्ली जाने बाले यात्रियों की सुविधा के लिए उत्तर प्रदेश सरकार असीम अरुण ने फीता काटकर शिवेन्द्र ट्रेवल्स सर्विस का शुभारंभ किया। इस दौरान उन्होनें कहा कि यह ट्रेवल्स सेवा गरीबों, किसानों और जरूरतमंद यात्रियों के लिए वरदान साबित होगी। हिंदू नव वर्ष के शुभ अवसर पर मंत्री उत्तर प्रदेश सरकार असीम अरुण, पूर्व लोकसभा सांसद सुब्रत पाठक, भाजपा जिलाध्यक्ष वीर सिंह भदौरिया व निवर्तमान जिलाध्यक्ष हिन्दू युवा वाहिनी निर्भय सिंह तोमर सहित गौरक्षा हेल्पलाईन प्रमुख आलोक सोलंकी ने संयुक्त रुप से शिवेंद्र ट्रैवेल्स कन्नौज से वाया गुरसहायगंज होते हुये जाने बाली दिल्ली बस का फीता काटकर शुभारम्भ करनें के उपरान्त उन्होनें घोषणा की कि इस बस सेवा में गरीबों और किसानों को किराए में विशेष छूट दी जाएगी। जिससे वे कम खर्च में दिल्ली तक की यात्रा कर सकें। उन्होंने कहा कि सरकार लगातार प्रयास कर रही है कि हर वर्ग को बेहतर परिवहन सुविधाएं मिलें।

# किराना, जनरल स्टोरों, मॉल और पान की दुकानो पर धड़ल्ले से बिक रहीं प्रतिबंधित दवाएं : संभव

■ औषधि प्रसाधन पर लगाया कानून की धज्जियां उड़ाने का आरोप

■ शासन व प्रशासन का ध्यानाकर्षण हेतु आगामी 7 अप्रैल को दवा व्यवसायी औषधि निरीक्षक को देगे ज्ञापन

अवधनामा संवाददाता



ललितपुर। केमिस्ट एसोशियेशन की एक महत्वपूर्ण बैठक स्थानीय प्रेस क्लब में सम्पन्न हुई। बैठक में केमिस्टो की समस्याओं पर विचार विमर्श किया गया। साथ ही केमिस्टों की समस्यों पर शासन व प्रशासन का ध्यानाकर्षण हेतु आगामी 7 अप्रैल को दवा व्यवसायी औषधि निरीक्षक को ज्ञापन प्रेषित करेंगे। बैठक की अध्यक्षता वरिष्ठ दवा व्यवसायी नवीन समैया ने की। संस्था अध्यक्ष सम्भव सिंघई ने कहा कि जिले की तमाम किराना व जनरल स्टोरों, मॉल और पान की दुकानों पर धड़ल्ले से औषधि प्रसाधन कानून की धज्जियां उड़ाते हुये कई प्रतिबंधित दवाएं व क्रीमें बेजी जा रही है। कई नकली दवाओं की उक्त दुकानो पर हो रही बिक्री से दवा व्यापार की छवि धूमिल हो रही है। कई शातिर माफिया नकली क्रीमों को बनवा कर उन्हे कम दामों में जिले की उक्त दुकानों से बिकवा कर आम आदमी के स्वास्थ्य से खिलवाड कर रहे है। उनके इस कृत्य से दवा व्यवसाय की साख धूमिल होने के साथ व्यापार करने में भी काफी असुविधाओं का सामना करना पड रहा है। आये दिन असली नकली को लेकर व्यापारी और ग्राहक के बीच विवाद की स्थिति बन रही है। ऐसी स्थिति से निपटने के लिये समस्त दवा व्यापारी आगामी 7 अप्रैल को औषधि निरीक्षक को ज्ञापन के माध्यम से उक्त दुकानों, मॉल को चिंहित कर उन के खिलाफ कठोर कानूनी कार्यवाही अमल में लाने जाने की मांग करेगे। जिससे आमजन मानस के स्वास्थ्य से खिलवाड करने वालों पर लगाम लगाई जा सके। साथ ही उक्त बिक्री से सरकार को होने वाले राजस्व की हानि से भी बचाया जा सके। बैठक में बोलते हुये दवा व्यवसायी अंशुल जैन ने कहा कि दवा व्यवसायियों पर शासनकाल के फार्मासिस्ट की अनिवार्यता के फै सले पर भी केन्द्र सरकार को व्यापारियो के हित में सुधार कर पहले की तरह अनुभव के आधार पर लाईसेस देने चाहिए। पूरे प्रदेश में तकरीवन 125 लाख व्यक्ति दवा व्यापार से अपने परिवार का भरण-पोषण कर रहे है। प्रदेश की केमिस्टो के हित में कार्य करने वाली कई सस्थाओं ने कई बार संबधित विभाग को पत्र लिखकर व भेंट वार्ता के जरिये खुदरा दवा दुकानों पर फार्मासिस्ट की अनिवार्यता को समाप्त करेन का निवेदन किया है लेकिन इसका समाधान नही हो सका है। दवा व्यवसायी जितेन्द्र जैन ने कहा कि मानवता के दृष्टिकोण से स्वास्थ्य सेवाये जन सामान्य के लिए सस्ती व सुलभ रूप से उपलब्ध कराने की शासन व प्रशाशन की जिम्मेदारी है, ऐसे मे हाल ही मे 10 गुना की मूल्य वृद्धि से यह सेवाये महगी व दुर्लभ हो जायेगी। दवा व्यवसायी भगत सिंह गौर ने कहा कि भारत की सत्तर फीसदी आवादी आज भी गावों मे निवास करती है, ऐसे में कई ऐसे ग्रामीण क्षेत्र है जहा कोई एम.बी.बी.एस. डाक्टर जाना नही चाहते वहा दवा व्यवसायी ही ग्रामीणों को स्वास्थ्य सेवाये प्रदान कर उनकी सेवा कर रहे है।

## संक्षिप्त समाचार

### पति को मिली मेरठ कांड जैसी धमकी



उन्नाव। पत्नी द्वारा पति को मारकर नीले ड्रम मे भरे जाने की धमकी को लेकर पति द्वारा सोशल मीडिया पर वीडियो वायरल किये जाने पर हड़कंप मचा है। पति सुभाष मिश्रा द्वारा जारी वीडियो में उन्होंने अपनी पत्नी पर गंभीर आरोप लगाए हैं। सुभाष मिश्रा का दावा है कि उनकी पत्नी का किसी और से अफेयर चल रहा है और जब उन्होंने इसका विरोध किया तो पत्नी ने उन्हें और उनके बच्चे को बेरहमी से पीटा। इतना ही नहीं पत्नी ने धमकी दी कि अगर सुभाष ने ज्यादा दखल दिया तो मेरठ कांड की तरह उन्हें भी ड्रम में भरकर ठिकाने लगा दिया जाएगा। जैसे ही यह वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हुआ। मामला पुलिस के संज्ञान में आया। एसपी ने तुरंत महिला थाना पुलिस को जांच के निर्देश दिए हैं।

### एसपी ने दही थाना क्षेत्र में की पैदल गश्त



उन्नाव। नवरात्र को दृष्टिगत रखते हुए पुलिस अधीक्षक दीपक भूकर द्वारा प्रभारी निरीक्षक थाना दही मय पुलिस बल के साथ थाना दही क्षेत्रांतर्गत मुख्य बाजार मे पैदल गश्त की गई तथा संबन्धित को आवश्यक दिशा निर्देश दिये गये।

### अटेवा ने काली पट्टी बांध किया विरोध प्रदर्शन

उन्नाव। अटेवा प्रादेशिक अध्यक्ष विजय कुमार बंधु के आवाह पर अटेवा जनपद शाखा उन्नाव द्वारा एनपीएस/यूपीएस लागू किये जाने के विरोध मे 1 अप्रैल को काला दिवस मनाया गया जिसमें सभी कार्यालय, विद्यालयों में काली पट्टी बांधकर विरोध प्रदर्शन किया गया तथा सायं 4 बजे निराला उद्यान में एकत्रित होकर कलेक्ट्रेट परिसर तक मार्च करते हुए जिलाधिकारी के माध्यम से प्रधानमंत्री एवं मुख्यमंत्री को ज्ञापन दिया गया। ज्ञापन में मुख्य रूप से पुरानी पेंशन बहाल करने की मांग की गई। विरोध प्रदर्शन में मुख्य रूप से अटेवा जनपद शाखा उन्नाव के जिलाध्यक्ष अर्पित मिश्रा, महामंत्री राजकरन, जिला प्रवक्ता सौरभराज भारती, उमेश कुमार मौर्या, शिव सहाय तिवारी, अम्बरीष कुमार, संदीप भारती, महेंद्र कुमार यादव, अनुपम मिश्र, संजय कुमार कनौजिया, ब्रजेश मौर्या, कृष्ण शंकर मिश्रा, नीरू, विद्यावती, कंचन, संजय आदि सैकड़ों की संख्या में शिक्षक कर्मचारी उपस्थित रहे।

### सभी रिक्शा व आटो चालकों का होगा सत्यापन

उन्नाव। शहर में ई-रिक्शा और ऑटो की पहचान और सुरक्षा को लेकर एसपी दीपक भूकर के नेतृत्व में एक नई व्यवस्था लागू की जा रही है। अब सभी रिक्शा और ऑटो चालकों और मालिकों का सत्यापन किया जाएगा जिसके तहत उन्हें एक यूनिक पहचान नंबर (यूआईएन) दिया जाएगा। पुलिस ने सभी थाना क्षेत्रों में यह अभियान तेज कर दिया है। इस अभियान के तहत हर चालक और वाहन मालिक का पूरा विवरण दर्ज किया जा रहा है ताकि किसी भी अराजकता या आपराधिक वारदात के दौरान तत्काल कार्रवाई की जा सके। इस पहल से गुमशुदा या संदिग्ध वाहनों की पहचान आसान होगी। पुलिस का मानना है कि यूनिक पहचान नंबर सिस्टम से शहर में अपराध पर अंकुश लगेगा और सार्वजनिक परिवहन अधिक सुरक्षित होगा। पुलिस अधिकारियों के अनुसार, यह सत्यापन अभियान जल्द पूरा किया जाएगा। उन्नाव में सुरक्षा को नई दिशा देने वाले इस फैसले का स्थानीय लोगों ने भी स्वागत किया है।

### विद्युत करंट से महिला झुलसी

उन्नाव। औरास थाना क्षेत्र में मंगलवार हैंडपंप पर पानी भरने गयी महिला विद्युत करेंट की चपेट में आने से गंभीर रुप से झुलस गयी जिसे गंभीर हालत में इलाज के लिए मियागंज अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहां डाक्टर ने उसकी हालत नाजुक होने पर जिला अस्पताल रेफर कर दिया। केशवपुर गांव निवासी कमलादेवी पत्नी रामआसरे के घर पर लगे हैंडपंप में टुल्लू पम्प लगा हुआ है। मंगलवार को वह पानी निकाल रही थी इसी बीच विद्युत करेंट की चपेट में आ गयी। शोरगुल सुनकर परिजनों ने लाठी-डंडे के सहारे अलग किया। तब तक वह गंभीर रुप से झुलस गयी थी जिसे अस्पताल में भर्ती कराया गया जहां से उसे जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया।

### युवक ने संदिग्ध परिस्थितियों में खाया जहर

उन्नाव। आसीवन थाना क्षेत्र में युवक ने अज्ञात कारणों के चलते कीटनाशक निगल लिया। वहीं सफीपुर कोतवाली क्षेत्र में पति की पिटाई से छुब्ध होकर महिला ने कीटनाशक निगल लिया। दोनों को गभींर हालत में मियागंज अस्पताल में भर्ती कराया गया जहां डाक्टर ने दोनों की हालत नाजुक होने पर जिला अस्पताल रेफर कर दिया।

पहली घटना आसीवन थाना क्षेत्र के खैराबाद गांव निवासी सचिन पुत्र बाबूलाल ने सोमवार की रात अज्ञात कारणों के चलते कीटनाशक निगल लिया जिसे मियागंज अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहां से उसे जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। वही सफीपुर कोतवाली क्षेत्र के मवई ब्रम्हनान गांव निवासी संध्या पत्नी रवि कुमार दोनों के बीच सोमवार की रात किसी बात को लेकर बिवाद हो गया जिसपर पति ने पत्नी की पिटाई कर दी जिससे छुब्ध होकर महिला ने कीटनाशक निगल लिया हालत बिगड़ने पर मियागंज अस्पताल में भर्ती कराया जहां से उसे जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया।

## जिले में गुहराज निषादराज की जयंती धूमधाम से मनाई



महोबा। महाराज गुहराज निषादराज की जयंती बुधवार को जिले में धूमधाम से मनाई गई, इस अवसर पर निषाद समाज के लोगों ने मुकुंद लाल इंटर कॉलेज परिसर के समीप से डीजे की धुन के बीच शोभायात्रा निकाली, शोभायात्रा में शामिल लोग जय श्री राम का उदघोष करते हुए चल रहे थे। डीजे में भी धार्मिक गीत बजने से पूरा शहर भक्तिमय सा हो गया था। शोभायात्रा के दौरान भक्त उछलते कूदते हुए चल रहे थे, युवाओं में भी खासा उत्साह दिखाई दिया। शोभायात्रा मिशन चैराहा, सुभाष चैक, ऊदल चैक, जीजीआईसी तिराहा सहित शहर के मुख्य मार्गो से होते हुए पुनः मुकुंद लाल इंटर कॉलेज परिसर के समीप पहुंचकर समाप्त हुई। शोभायात्रा के दौरान सभी लोग पैदल चल रहे थे, जबकि टैऊक्टर में सजाई गई झाकियां आकर्षण कर केन्द्र रही। शोभायात्रा के दौरान महिलाएं भी पीले वस्त्र पहनकर सर पर पीले कलश रखकर शोभायात्रा में शामिल हुई। महिलाओं द्वारा निकाली गई, कलश यात्रा के दौरान महिलाएं भक्ति गीतों में लीन दिखाई दी। कलश यात्रा के दौरान महिलाएं नृत्य करती हुई चल रही थी। महिलाओं में कलश यात्रा के दौरान विशेष उत्साह दिखाई दिया।

## जिला कोर्डीनेटर सोशल आडिट पद के लिए हुआ साक्षात्कार

मथुरा। आज राजीव भवन में जिला कोर्डीनेटर सोशल आडिट के एक पद के लिए 7 अभ्यार्थियों का साक्षात्कारी मुख्य विकास अधिकारी मनीष मीना की अध्यक्षता में हुआ। साक्षात्कार के बाद जिला विकास अधिकारी गरिमा खरे ने बताया कि जिला कोर्डीनेटर सोशल आडिट के एक पद के लिए कुल 11 आवेदन प्राप्त हुए। जिनमें से तीन आवेदन समय के बाद आए थे और एक आवेदन निर्धारित प्रक्रिया के तहत नहीं आया था। इन चार अभ्यार्थियों के आवेदनों को चयन समिति ने निरस्त कर दिया गया था। उसके बाद शेष बचे सात आवेदन कर्ताओं को साक्षात्कार के लिए बुलाया गया। ये सभी अभ्यार्थी उपस्थित हुए इनका साक्षात्कार पूरा हो गया। शीघ्र ही इसका परिणाम जारी कर दिया जाएगा। चयन समिति में जिलाधिकारी द्वारा नामित उनका प्रतिनिधि मुख्य विकास अधिकारी अध्यक्ष, जिला विकास अधिकारी गरिमा खरे और मंडलायुक्त द्वारा नामित केआर कालेज के एक प्रवक्ता ने अभ्यार्थियों का साक्षात्कार लिया।

## शिक्षा की परिवर्तनकारी शक्ति की आवश्यकता

मथुरा। बिहार के महामहिम राज्यपाल आरिफ मोहम्मद खान ने राजकीय उच्च प्राथमिक विद्यालय और राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय लोहवन के नवीनीकृत निर्माण कार्यो का उद्घाटन किया। सनश्योर एनर्जी द्वारा सी0एस0आर0 के फंड से दो विद्यालयों का नवीनीकृत कार्य कराया गया है। सनश्योर एनर्जी, भारत के अग्रणी व्यवसायों के लिए पसंदीदा अक्षय ऊर्जा समाधान प्रदाता है, जो हरित ऊर्जा में परिवर्तित हो रहे हैं। मथुरा के लोहवन में दो नए नवीनीकृत विद्यालयों, जिसमें राजकीय उच्च प्राथमिक विद्यालय और राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय का उद्घाटन आज बिहार के राज्यपाल ने किया। बिहार के महामहिम राज्यपाल आरिफ मोहम्मद खान जी ने उद्घाटन समारोह में भाग लिया, जिसमें पूरन प्रकाश विधायक बलदेव, चंद्र प्रकाश सिंह डीएम, शैलेश कुमार पांडेय डीआईजी / वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक, श्रीमती निशा उप जिलाधिकारी सदर, आदेश कुमार उप जिलाधिकारी महावन, सुनील दत्त बेसिक शिक्षा अधिकारी और दिनेश कुमार त्रिपाठी खंड शिक्षा अधिकारी सहित अन्य गणमान्य व्यक्ति भी उपस्थित थे। सनश्योर एनर्जी के संस्थापक सीईओ और अध्यक्ष शशांक शर्मा और सह-संस्थापक तरुणवीर सिंह ने बिहार के राज्यपाल और अन्य गणमान्य व्यक्तियों का स्वागत किया और उनकी उपस्थिति के लिए उन्हें धन्यवाद दिया। राज्यपाल आरिफ मोहम्मद खान ने शिक्षा की परिवर्तनकारी शक्ति पर जोर देते हुए कहा कि शिक्षा के माध्यम से ही समाज की प्रगति सुनिश्चित हुई है।

## संविदा डाक्टर बनने को पहुंचे 22 अभ्यर्थी

मथुरा। राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के अंतर्गत एमबीबीएस डाक्टरों की संविदा पर नियुक्ति के लिए जिलाधिकारी चंद्र प्रकाश सिंह द्वारा सीडीओ की अध्यक्षता में गठित समिति ने आज साक्षात्कार लिया गया।

बुधवार को राजीव भवन स्थित सीडीओ कार्यालय में मुख्य विकास अधिकारी मनीष मीना की अध्यक्षता मे गठित समिति द्वारा राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के अन्तर्गत विभिन्न कार्यक्रमों में संविदा पर वाक इन इण्टरव्यू के माध्यम से एम.बी.बी.एस. चिकित्सकों के साक्षात्कार लिया गया। आज साक्षात्कार मे कुल 22 चिकित्सकों द्वारा प्रतिभाग किया गया। चयन समिति में मुख्य विकास अधिकारी के अतिरिक्त मुख्य चिकित्सा अधिकारी डा. अजय कुमार वर्मा, मुख्य चिकित्सा अधीक्षिका संयुक्त चिकित्सालय वृन्दावन श्रीमती वन्दना एंव जिला कार्यक्रम प्रबन्धक एन.एच.एम. संजय सिरोही उपस्थित रहें।

## माध्यमिक शिक्षा परिषद ने जारी किया शैक्षणिक कलेंडर

मथुरा। उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षा परिषद के निदेशक महेन्द्र देव ने शैक्षिक सत्र 2025-26 हेतु निर्धारित शैक्षिक पंचांग के अनुरूप माध्यमिक विद्यालयों में शैक्षणिक एवं पाठ्य सहगामी क्रियाकलापों को संचालित कराये हेतु जारी कर दिया गया है। विद्यालय में शिक्षण के दौरान प्रथम वादन से पूर्व, आरम्भ के 15 मिनट प्रातःकालीन प्रार्थना सभा हेतु निर्धारित होंगे जिसमें प्रार्थना होगी तथा शिक्षकों एवं विद्यार्थियों द्वारा आज का सुविचार प्रस्तुत किया जायेगा। विद्यार्थियों द्वारा प्रत्येक दिन किसी नैतिक/प्रासंगिक विषय जैसे-जीवन में मूल्यों का महत्व एवं मूल्यपरक शिक्षा, विभिन्न मानव मूल्य यथा चरित्र निर्माण, राष्ट्रभक्ति, समाजसेवा, कर्तव्यपरायणता, सत्यनिष्ठ आदि, महापुरुषों का जीवन चरित्र, पर्यावरण एवं जल संरक्षण, स्वास्थ्य-स्वच्छता तथा यातायात व सड़क सुरक्षा आदि पर विचार प्रस्तुत किये जायेंगे। नए सत्र में नया सवेरा कार्यक्रम का आयोजन। इसके अन्तर्गत अप्रैल माह के प्रत्येक सप्ताह में दो दिन शिक्षाधिकारी विद्यालयों की प्रातः कालीन सभाओं में विद्यार्थियों से जीवन मूल्यों, अनुशासन, कैरियर, नियमित दिनचर्या आदि प्रासंगिक विषयों पर प्रेरक संवाद करेंगे।

# शिक्षक के रिटायर्ड होने पर छात्र छात्राएं हो गए भावुक

■ विदाई समारोह में गुरू जी को फूलमाला और स्मृति चिंह देकर किया सम्मानित

अवधनामा संवाददाता



महोबा। विकास खंड कबरई के ग्राम रतौली में पूर्व माध्यमिक विद्यालय के व्यायाम शिक्षक के सेवानिवृत्त होने पर छात्र छात्राएं भावुक हो गए। शिक्षक को नम आंखों से शिक्षकों और बच्चों ने विदाई दी, बच्चों के आंखों में आंसू देख सेवानिवृत्त शिक्षक भी अपने आप को नही रोक सके। भूपेंद्र राजपूत 2008 से पूर्व माध्यमिक विद्यालय रतौली में पढ़ा रहे थे। वे अपनी अनूठी शिक्षण शैली और स्नेहपूर्ण व्यवहार के कारण वह बच्चों में अपनी एक अलग छवि बना चुके थे। उन्होंने शिक्षण कार्य के साथ खेल और व्यायाम के प्रति भी बच्चों को आगे बढाया, जिससे बच्चे भी उनसे काफी घुल मिल चुके थे।

विद्यालय परिसर में आयोजित विदाई समारोह में छात्रों ने उन्हें फूलमाला पहनाकर और गुलदस्ते भेंट कर सम्मानित किया। भूपेंद्र राजपूत के अनुभव सुनकर छात्रों की आंखें भर आई। विद्यालय के अन्य शिक्षक और गांव के गणमान्य लोगों ने उनकी शिक्षण यात्रा की सराहना की। छात्रों का कहना है कि सर ने उन्हें सिर्फ किताबी ज्ञान ही नहीं दिया। जीवन में सही राह भी दिखाई। अभिभावकों के अनुसार भूपेंद्र राजपूत ने शिक्षा को पेशे के बजाय सेवा माना। उनके मार्गदर्शन में कई छात्र उच्च शिक्षा प्राप्त कर आगे बढ़े हैं। इस मौके पर उन्हें स्मृति चिन्ह और शुभकामनाओं से भरी एक पुस्तक भेंट की गई। उनकी शिक्षाएं और मूल्य हमेशा विद्यालय परिवार के साथ रहेंगे।

## ब्राह्मण समाज की बैठक में श्रीराम जन्मोत्सव भव्य मनाने पर चर्चा

बांसी (ललितपुर)। ब्राह्मण समाज की बैठक समाज द्वारा संचालित श्रीराम मंदिर में पूर्व सूचनानुसार अध्यक्ष बद्रीप्रसाद दुबे कक्कू की अध्यक्षता में सम्पन्न जिसमें पिछली कार्यवाही की पुष्टि के बाद निम्नलिखित प्रस्ताव सर्वसम्मति से पारित हुए। आगामी 6 अप्रैल को श्रीराम जन्मोत्सव की भव्य तैयारी में प्रभात फेरी, अभिषेक, साज सज्जा, फूलमाला, प्रसादी व्यवस्था हेतु दायित्व व सहयोग तय हुए, कोषाध्यक्ष सुदामा प्रसाद दुबे ने वार्षिकर्षिक आय व्यय प्रस्तुत किया गया। विगत 13 वर्ष से कार्य कर रही प्रबंध समिति के अध्यक्ष बद्रीप्रसाद दुबे कक्कू द्वारा प्रबंध समिति भंग की घोषणा की गई। नयी कार्यकारिणी लिए सर्वसम्मति से तय हुआ कि बांसी में निवासरत ब्राह्मण समाज के प्रत्येक परिवार के मुखिया को सदस्य बनाया जाएगा, इसकी सदस्यता शुल्क 500 रुपये होगी। सदस्यता 30 अप्रैल तक होगी, अगले माह मई नयी कार्यकारिणी का गठन होगा, नयी कार्यकारिणी गठन के उपरांत समाज की महिला एवं युवा समिति का गठन होगा।

# जिम्नेजियम हॉल का एसपी ने किया लोकार्पण



अवधनामा संवाददाता

■ एलपीजेसीएल के सहयोग से हुआ हॉल निर्माण

ललितपुर। पुलिस के जवानों व अधिकारियों के शारीरिक सौष्ठव का ध्यान रखने के उद्देश्य से ललितपुर पॉवर जेनरेशन कंपनी लिमिटेड ने सीएसआर गतिविधियों के अंतर्गत पुलिस लाइन परिसर में जिम्नेजियम हॉल का निर्माण कराया है। इस हॉल का लोकार्पण बीते रोज पुलिस अधीक्षक मोहम्मद मुश्ताक ने फीता काटकर किया। एक लंबे समय से पुलिस लाइन परिसर में जिम्नेजियम हॉल की स्थापना की आवश्यकता महसूस हो रही थी। इस संबंध में पुलिस अधीक्षक मोहम्मद मुस्ताक ने बजाज एनर्जी समूह के एम.डी. विनय सिंह वनकोटी व सीईओ ए.एन. सार से कमल नयन जमनालाल बजाज फाउंडेशन की सहायता से पुलिस लाइन परिसर में एक जिम्नेजियम हॉल के निर्माण का अनुरोध किया। इस प्रस्ताव को कंपनी प्रबंधन ने तत्काल प्रभाव से स्वीकार कर लिया। इसके तुरंत बाद कमल नयन जमनालाल बजाज फाउंडेशन के हेड डा.अजय विक्रम सिंह और हरिभाई मौरी ने निर्माण कार्य की औपचारिकता पूरी करके निर्माण कार्य शुरू करा दिया। करीब 18 लाख रूपए की लागत से बनाए गए इस जिम्नेजियम हॉल का लोकार्पण पुलिस अधीक्षक मोहम्मद मुश्ताक के कर कमलों से हुआ। इस मौके पर एएसपी अनिल कुमार, पॉवर प्लांट के वाइस प्रेसिडेंट राजीव श्रीवास्तव, पी.के. सिंह, सीओ सदर अजय कुमार, सीओ पाली सुनील कुमार भारद्वाज, सीओ महरौनी रक्षपाल सिंह, प्रतिकार निरीक्षक जगदीश चंद्र व कमल नयन जमनालाल बजाज फाउंडेशन के ललितपुर इंचार्ज राजेंद्र सिंह आदि मौजूद रहे।

# आखिर किसके संरक्षण में चल रहा है करोड़ों का अवैध खेल

अवधनामा संवाददाता

मथुरा। क्रिकेट एक अंतरराष्ट्रीय मनोरंजन का खेल है जिसमें जीत हार होती हैं चाहे तो देश के मध्य मैच हो, आई पी एल के मैच हो, रणजी मैच हो या गली मोहल्लों के मैच हो या अन्य कोई।

लेकिन मनोरंजन को लोगो ने एक गंदा धंधा बना लिया और इस धंधे का नाम है क्रिकेट का सट्टा।

वर्तमान में आई पी एल क्रिकेट के मैच देश में चल रहे हैं यह सभी जानते है इसमें जो टीमें खेल रही है उसने देश विदेश के खिलाड़ियों के अलावा अन्य युवा खिलाडी है जिनके आगे बढ़ने के लिए मौका चाहिए वही अधिकतर बड़े खिलाड़ी शौकिया खेलते हैं और उसके बदले स्पासर भुगतान करते हैं।

मथुरा में मनोरंजन के खेल को धधा बनाकर एक को दस बनाने का खेल काफी लंबे समय से चल रहा है जिसमे युवा पीढ़ी बर्बाद हो रही हैं अवैध और गैर कानून धंधा और करने वाले आवाद हो रहे हैं। आइए बताते हैं यह अवैध व्यापार चलता कैसे है और किन क्षेत्रो में व्यापक रूप से फैला हुआ है मथुरा जनपद में चल रही हैं मैच की बुकी जिस में रुपया लगाने वाला एक साधारण व्यक्ति होता है। फोन के माध्यम से मैच के सट्टे का लगान होता है। पैमेंट लेने व देने बुकी का व्यक्ति आता है जाता है। टी वी पर मैच देख कर लोग सट्टा लगाते हैं। शहर मथुरा में चौक बाजार, स्वामी -घाट, छता-बाजार , गोविन्द नगर, गोकुल रेस्टोरेंट वाले मार्ग पर, राधेश्याम कालौनी इत्यादि जगह ये कारोबार फल फूल रहा है जो व्यक्ति बुक चलाते हैं वह कुछ पुलिस प्रशासन के संरक्षण में फल फूल रहा है । जैसे आइ पी एल चल रहे हैं करोड़ों का लेन-देन होता है ।

अब सवाल यह उठता है कि आखिर इस धंधे को सरंक्षण किसका मिला हुआ है पुलिस का, क्षेत्रीय नेताओं का या अन्य किसी का। सबिधित थाना क्षेत्र के बीट देखने वालो को आखिर क्यों नहीं पता है । यह भी सत्य है कि उनको तब तक नही पता होता हैं जब तक क्रिकेट के सट्टे के कारण जब कोई आत्महत्या न कर ले। पूर्व में भी इस प्रकार के मामले हुए तब कुछ दिन सख्ती बरती जाती रही है।

थाना कोतवाली, थाना गोविंद नगर, थाना रिफायनरी, थाना हाईवे, थाना छाता कोसी कलां क्षेत्र में क्रिकेट सट्टा काफी खेला जाता हैं।

# फिल्म का फाइनल कट देख क्यों रो पड़े निर्देशक कुणाल कोहली? बताई फिल्म से जुड़ी दास्तां

**मुंबई।** 2004 में आई सैफ अली खान और रानी मुखर्जी अभिनीत फिल्म 'हम तुम' से जुड़े किस्से को निर्देशक कुणाल कोहली ने शेयर किया। बताया कि यश चोपड़ा ने फिल्म की स्क्रिप्ट को नापसंद कर दिया था।

रोमांटिक कॉमेडी फिल्म हम तुम के निर्देशक कुणाल कोहली ने फिल्म निर्माण को लेकर अपने अनुभवों को साझा किया। साथ ही उन्होंने फिल्म की चुनौतियों का भी जिक्र किया। आखिर क्यों निर्देशक ने इसे जोखिम भरी फिल्म कहा, आइए जानते हैं पूरी खबर।

हम तुम फिल्म के निर्देशक कुणाल कोहली ने इंडिया नाउ एंड हाउ से बातचीत की, जहां उन्होंने अपनी फिल्म के निर्माण के

**साझा**

**रोमांटिक कॉमेडी फिल्म हम तुम के निर्देशक कुणाल कोहली ने फिल्म निर्माण को लेकर अपने अनुभवों को साझा किया।**

अनुभवों को साझा किया। कुणाल ने कहा कि यश चोपड़ा को %हम तुम% की स्क्रिप्ट पसंद नहीं आई थी और यश चोपड़ ने उनसे बताया कि इसकी स्क्रिप्ट से अच्छी तो %मुझसे दोस्ती करोगे थी। इसके अलावा यश ने कहा कि यह तो साधारण सी यात्रा वृतांत किस्म की कहानी है। आगे बातचीत में कुणाल ने कहा कि



चोपड़ा साहब फिल्म के लिए 7.5 करोड़ रुपये देने के लिए मान गए थे, लेकिन इससे एक पैसा अधिक देन से इनकार कर दिया था। कुणाल कोहली ने आगे बताया कि यश चोपड़ा ने कहा कि अगर फिल्म नहीं चली तो वह अपने नाम की जगह आदित्य चोपड़ा का नाम डलवा देंगे। बाद में फिल्म के फाइनल कट देखने के बाद यश चोपड़ा ने इसकी तारीफ की और कहा कि कुणाल तुम सही थे, इस पर निर्देशक रो पड़े। इसके साथ ही कुणाल ने बताया कि फिल्म के पैसे बचाने के लिए उन्होंने पेरिस और यूएसए के सीन्स को एम्स्टर्डम में शूट किया। इसके अलावा उन्होंने बताया कि किस तरह उन्होंने एक सीन करने के लिए ऋषि कपूर साहब को मनाया था। इस फिल्म को लेकर सभी ने उनसे कहा कि यह फ्लॉप हो जाएगी, लेकिन इसने सबको गलत साबित किया और हिट साबित हुई। यह लोगों की नजर में एक जोखिम भरी फिल्म थी।

2004 में रिलीज हुई रोमांटिक कॉमेडी फिल्म हम तुम दर्शकों को पसंद आई थी और यह हिट फिल्म रही थी। इस फिल्म में सैफ अली खान और करीना कपूर मुख्य भूमिका में थे। इस फिल्म को यश राज फिल्म्स के बैनर के तले बनाया गया था, जिसका निर्देशन कुणाल कोहली ने किया था। फिल्म में करण और रिया के बीच प्यार, तकरार, हंसी और मजाक की कहानी दिखाई गई थी।


# गुजरात दंगों पर बनी है फिल्म एम्पुरान; कट के बावजूद संघ ने निर्माताओं से पूछे कई सवाल

**मुंबई।** आरएसएस के मुख्यपत्र ऑर्गेनाइजर ने दावा किया है कि एल2: एम्पुरान में 24 कट लगाए जाने के बावजूद फिल्म में ऐसे कई दृष्य हैं जो हिंदुओं की भावनाओं को आहत करते हैं। लेख में फिल्म निर्माताओं से कई सवाल किए गए हैं। साउथ के सुपर स्टार मोहनलाल की फिल्म एल2: एम्पुरान की मुसीबतें कम होने का नाम नहीं ले रही हैं। रिलीज होने के बाद फिल्म पर विवाद हुआ। इसके बाद इस फिल्म में 24 कट लगाए गए थे। इसके बावजूद आरएसएस के मुखपत्र ऑर्गेनाइजर ने फिल्म पर कई सवाल उठाए हैं। मुखपत्र का इल्जाम है कि डॉयलॉग बदलने के बाद फिल्म में अभी ऐसी कई चीजें मौजूद हैं जो हिंदू विरोधी भावनाओं को दिखाती हैं। हाल ही में ऑर्गेनाइजर में छपे एक लेख में फिल्म निर्देशक पृथ्वीराज सुकुमारन और पटकथा लेखक मुरली गोपी पर सवाल उठाए गए हैं। फिल्म पर



रिलीज के बाद से ही विवाद हो रहा है। विवाद के बाद फिल्म में 24 कट लगाए गए थे। फिल्म का एडिटेड वर्जन आज यानी बुधवार को दिखाया जाना था। इससे पहले आरएसएस ने सवाल किए हैं। आर्गेनाइजर के नए लेख में दावा किया गया है कि फिल्म में कई बदलावों के बावजूद अभी इससे हिंदुओं की भावनाएं आहत हो रही हैं। लेख में कहा गया है कि कथानक मसूद सईद (पृथ्वीराज) पर केंद्रित है, जो गुजरात दंगों में अपने परिवार को खोने के बाद लश्कर-ए-तैयबा में सामिल हो जाता है। लेख में दावा है कि फिल्म में मसूद को शरण देने वाले आतंकियों को सहानुभूतिपूर्ण दिखाया गया है। फिल्म के एक दृष्य में भारत के खिलाफ हथियार उठाने के लिए प्रेरित किया गया है। आर्गेनाइजर के लेख में यह दावा किया गया है कि फिल्म के जरिए हिंदुओं को दोषी ठहराया गया है। लेख में फिल्म के निर्माताओं से सख्त सवाल पूछे गए हैं। लेख में कहा गया है क्या मूल स्क्रिप्ट में कुछ विवादास्पद तत्व थे जिन्हें बाद में हटा दिया गया था।

# कांचा गाचीबोवली मामले को लेकर ऋचा चड्ढा ने राहुल गांधी को घेरा



**मुंबई।** तेलंगाना में कांचा गाचीबोवली जंगल की चार सौ एकड़ जमीन को नीलाम करने के मामले पर अभिनेत्री ऋचा चड्ढा ने राहुल गांधी से सवाल किया है। जानिए राहुल गांधी को लेकर क्या बोलीं ऋचा चड्ढा। बॉलीवुड अभिनेत्री ऋचा चड्ढा अपनी फिल्मों के अलावा बेबाकी से अपनी राय रखने के लिए भी जानी जाती हैं। अब एक बार फिर अभिनेत्री ने एक मामले पर अपनी राय रखी है। उन्होंने तेलंगाना में 400 एकड़ की वन भूमि को नष्ट किए जाने पर कांग्रेस सांसद राहुल गांधी और तेलंगाना के मुख्यमंत्री रेवंत रेड्डी की आलोचना की है। अभिनेत्री ने सोशल मीडिया पर इस मामले से जुड़े एक वीडियो को अपने एक्स अकाउंट पर री-शेयर करते हुए राहुल गांधी को मेंशन करते हुए लिखा, राहुल गांधी, बहुत मोहब्बत हो गई। कुछ मोहब्बत प्रकृति के लिए भी करो। अपनी इस पोस्ट में ऋचा चड्ढा ने तेलंगाना के मुख्यमंत्री रेवंत रेड्डी को भी मेंशन किया है। ऋचा इस मामले पर लगातार सक्रिय दिख रही हैं और वो इस पूरे मामले को लेकर लगातार ट्वीट कर रही हैं या लोगों के ट्वीट को रिट्वीट कर रही हैं। एक और पोस्ट को री-शेयर करते हुए अभिनेत्री ने लिखा, ÷कांचा गाचीबोवली को बचाओ। मुख्यमंत्री को टैग करो, नेतृत्व को टैग करो। जंगल किसी की व्यक्तिगत संपत्ति नहीं है। बता दें कि हैदराबाद विश्वविद्यालय के परिसर में स्थिति कांचा गाचीबोवली जंगल में जैव विविधता से भरपूर जमीन की निकासी और नीलामी के खिलाफ तेलंगाना में प्रदर्शन हो रहे हैं।

## दोस्तों के साथ पार्टी करती नजर आईं सोनाक्षी सिन्हा

**मुंबई।** अभिनेत्री सोनाक्षी सिन्हा ने सोशल मीडिया पर एक पोस्ट शेयर किया है। इसमें वे पति जहीर इकबाल, दोस्त व अभिनेत्री हुमा कुरैशी और कुछ अन्य दोस्तों के साथ पार्टी करती नजर आ रही हैं। सोनाक्षी सिन्हा और जहीर इकबाल यारों के यार हैं। वे अक्सर दोस्तों के साथ पार्टी करते नजर आते हैं। आज बुधवार को सोनाक्षी ने एक पोस्ट शेयर किया है। इसमें उन्होंने करीबी दोस्तों के साथ खूबसूरत तस्वीरें शेयर की हैं। यह तस्वीरें दरअसल, सोनाक्षी की दोस्त सलवीन कौर की बर्थडे पार्टी की हैं। इसके साथ सोनाक्षी ने शानदार कैप्शन लिखा है। सोनाक्षी सिन्हा ने अपने इंस्टाग्राम अकाउंट से पोस्ट शेयर किया है। उन्होंने ढेर सारी फोटोज शेयर की हैं, जिनमें सभी भरपूर मस्ती करते दिख रहे हैं। इसके साथ लिखा है, अपने आसपास ऐसे लोगों का घेरा बनाकर रखिए जो आपको प्यार करते हों और जो आपको खुश रखें यही जीवन है।

# मुंबई के थियेटर्स से इसलिए हटाई गई सिकंदर, लगा दी गई द डिप्लोमैट और एल2: एम्पुरान



**मुंबई।** ईद के मौके पर रिलीज हुई सलमान खान की फिल्म सिकंदर दर्शकों को प्रभावित करने में नाकाम है। सिनेमाघरों पर फिल्म का प्रदर्शन काफी खराब रहा इस वजह से थिएटर मालिकों को इसे दूसरी फिल्मों से बदलने पर मजबूर होना पड़ा है। सप्ताहांत के बाद मुंबई के कई थिएटरों से सिकंदर को हटा दिया गया। इसकी जगह एम्पुरान, द डिप्लोमैट और यहां तक कि गुजराती फिल्में भी लगा दी गईं हैं। रिपोर्ट्स के मुताबिक, कांदिवली के आईनॉक्स, रघुलीला मॉल में सिकंदर के शाम और रात के शो की जगह गुजराती फिल्म, उम्बारो ने ले ली है। 1 अप्रैल को थिएटर में सिकंदर का 9:30 बजे का शो रद्द कर दिया गया और इसकी जगह दूसरी गुजराती फिल्म, द बेस्ट पंड्या लगाई गई। ऐसा इसलिए क्योंकि कथित तौर पर थिएटर मालिकों के लिए सिकंदर के बजाए दूसरी फिल्में चलाना यादा सही लग रहा है। सिकंदर में दर्शकों की कमी थी। इससे उन्हें नुकसान हो रहा था। सिनेपोलिस सीवुड्स और पीवीआर, ओरियन मॉल में शाम 5:30 और 9:30 बजे के शो की जगह मोहनलाल और पृथ्वीराज सुकुमारन की फिल्म एम्पुरान ने ले ली है।

इस फिल्म पर विवाद हो रहा है लेकिन ये फिल्म सिनेमाघरों में सिकंदर से यादा दर्शक बटोरने में कामयाब हो रही है। आईएनओएक्स नरीमन पॉइंट में सिकंदर का 8 बजे का शो और मेट्रो आईनॉक्स थिएटर में 8:30 बजे का शो अब जॉन अब्राहम की फिल्म द डिप्लोमैट से बदल दिया गया है। यह फिल्म 14 मार्च को रिलीज हुई थी। सिकंदर ईद से एक दिन पहले 30 मार्च को सिनेमाघरों में रिलीज हुई थी। सलमान खान और रश्मिका मंदाना की फिल्म दर्शकों को बटोरने में नाकाम है।

## पाकिस्तानी एक्टर फवाद खान की अबीर गुलाल का विरोध शुरू

**मुंबई।** फिल्म अबीर गुलाल का टीजर आ चुका है। इस फिल्म में पाकिस्तानी एक्टर फवाद खान और वाणी कपूर हैं। फिल्म की भारत में रिलीज को लेकर अभी से विरोध शुरू हो गया है। पाकिस्तानी अभिनेता फवाद खान लंबे अरसे बाद भारतीय फिल्म में कमबैक कर रहे हैं। फिल्म का नाम है अबीर गुलाल। इस फिल्म में वे वाणी कपूर के साथ स्क्रीन साझा करेंगे। इसका टीजर कल मंगलवार 01 अप्रैल को जारी हुआ। फिल्म की रिलीज से पहले ही भारत में इसके खिलाफ विरोध के सुर शुरू हो गए हैं। वजह है फिल्म में पाकिस्तानी एक्टर फवाद खान की मौजूदगी। राज ठाकरे की पार्टी मनसे भारत में इसकी रिलीज का विरोध कर रही है।राज ठाकरे की पार्टी महाराष्ट्र नवनिर्माण सेना (मनसे) इस फिल्म की रिलीज पर एतराज जता रही है। वजह है इस फिल्म में पाकिस्तानी अभिनेता फवाद खान का होना। उनका कहना है कि वे इस फिल्म की रिलीज का विरोध करेंगे। न्यूज एजेंसी पीटीआई के मुताबिक राज ठाकरे के नेतृत्व वाली मनसे ने बुधवार को कहा कि वह पाकिस्तानी अभिनेता फवाद खान अभिनीत फिल्म अबीर गुलाल की रिलीज का विरोध करेगी।

# 11 दिन में 5 मेडल जीते अब जॉर्डन में दम दिखाएगी काशी की बेटी





**वाराणसी।** वाराणसी के कई स्थानों पर खेल प्रतियोगिताओं का आयोजन हुआ। बीएचयू, लहरतारा में हुए इन आयोजन में खिलाड़ियों को सम्मानित किया गया। अतिथियों और दर्शकों ने उनका खूब उत्साहवर्धन किया। पैरा टेबल टेनिस की राष्ट्रीय प्रतियोगिता में लगातार पांच पदक जीतने वाली वाराणसी के सिगरा निवासी प्रियांशी केसरी जॉर्डन की राजधानी अम्मान में 10 से 16 अप्रैल तक होने वाली अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिता में खेलेंगी। पिता शंभू केसरी ने बताया कि प्रियांशी 8 अप्रैल को दिल्ली रवाना होंगी। राष्ट्रीय प्रतियोगिता में लगातार पदक जीत रही प्रियांशी देश की टॉप रैंकिंग खिलाड़ी हैं। 11 दिन में पांच राष्ट्रीय प्रतियोगिता खेलकर पांच पदक जीतने वाली वह वाराणसी की पहली खिलाड़ी बन गई हैं। दिल्ली के इंदिरा गांधी अंतरराष्ट्रीय स्टेडियम में 25 से 27 मार्च तक खेलो इंडिया पैरा टेबल टेनिस प्रतियोगिता में पांचवां पदक जीता। वडोदरा में 17 से 19 मार्च तक सीनियर नेशनल रैंकिंग प्रतियोगिता में स्वर्ण जीत नंबर वन रैंकिंग हासिल की है।

वडोदरा में 21 से 23 मार्च राष्ट्रीय प्रतियोगिता हुई। एकल में प्रियांशी ने कांस्य और युगल मुकाबले में स्वर्ण जीता जबकि मिक्स डब्ल्स में कांस्य से संतोष करना पड़ा। 21 से 23 तक राष्ट्रीय प्रतियोगिता के तीनों मुकाबले में प्रियांशी ने पदक जीतकर काशी का नाम रोशन किया।

प्रियांशी केसरी रोज तीन घंटे अभ्यास करती हैं। उनका बैक हैंड स्मैश अच्छे अच्छे खिलाड़ी नहीं झेल पाते हैं। वह टेबल के दो फीट दूरी से स्मैश करने के अलावा सर्विस में भी कमाल करती हैं। सीधे सधे हाथों से खेला गया सर्विस बेहद अच्छा होता है।

# कोरोना काल में ट्रॉफियां बेचकर की थी मदद, अब 20 साल के गोल्फर अर्जुन भाटी को मिलेगा यूथ अवॉर्ड

**नई दिल्ली।** वर्ष 2020 में जब पूरी दुनिया और देश कोरोना महामारी से जूझ रहा था तब अर्जुन ने प्रधानमंत्री राहत कोष में 4.30 लाख रुपये की राशि दान में दी थी। यह राशि उन्होंने अपनी 102 ट्रॉफियां और वह जूते, जिन्हें उन्होंने पहनकर जूनियर विश्व चैंपियनशिप जीती थी, बेचकर जुटाई थी। गोल्फर अर्जुन भाटी की उम्र तो महज 20 साल है, लेकिन इस उम्र में उन्होंने गोल्फ कोर्स और उसके बाहर ऐसी उपलब्धियों को अंजाम दिया कि भारत सरकार ने उन्हें राष्ट्रीय यूथ अवॉर्ड देने का फैसला लिया। तीन बार के जूनियर विश्व गोल्फ चैंपियन अर्जुन 150 के करीब ट्रॉफियां जीत चुके हैं। वर्ष 2020 में जब पूरी दुनिया और देश कोरोना महामारी से जूझ रहा था तब अर्जुन ने प्रधानमंत्री राहत कोष में 4.30 लाख रुपये की राशि दान में दी थी। यह राशि उन्होंने अपनी 102 ट्रॉफियां और वह जूते, जिन्हें उन्होंने पहनकर जूनियर विश्व चैंपियनशिप जीती थी, बेचकर जुटाई थी। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भी उनके इस प्रयास को सराहते हुए सोशल मीडिया पर उनकी तारीफ की थी। अर्जुन को बुधवार को राष्ट्रीय यूथ अवॉर्ड दिया जाएगा।




राष्ट्रीय यूथ अवॉर्ड से सम्मानित होने पर भारतीय गोल्फर अर्जुन भाटी ने कहा, मैं इस पुरस्कार के लिए बहुत आभारी हूं और यह मेरे परिवार और मेरे लिए बहुत बड़ी बात है। मेरे प्रयासों ने फल दिया है। मैं नौ साल का था जब मैंने अपने स्कूल में पहली बार गोल्फ खेला था। मैं पिछले 11 सालों से खेल रहा हूं और यह यात्रा बहुत अच्छी रही है। मेरे सफर में मुझे बहुत से समर्थक मिले हैं। मुझे यह खेल बहुत पसंद है। अर्जुन बताते हैं कि वह इन दिनों ब्रिटिश ओपन की तैयारियों में जुटे हैं। बीते वर्ष भी वह इस चैंपियनशिप के क्वालिफायर में खेले थे, लेकिन एक स्ट्रोक से मुख्य टूर्नामेंट में खेलने से रह गए थे। टाइगर वुड्स और विराट कोहली को आदर्श मानने वाले अर्जुन ने नौ साल की उम्र में गोल्फ खेलना शुरू किया था। वह ग्रेटर नोएडा स्थित जेपी ग्रींस गोल्फ कोर्स में रहते हैं। अर्जुन ने कहा, टाइगर वुड्स बहुत लंबे समय से मेरी प्रेरणा रहे हैं। मैं व्यक्तिगत रूप से विराट कोहली को पसंद करता हूं। मुझे उनके खेल के प्रति समर्पण, फिटनेस स्तर, काया और मानसिकता बहुत पसंद है। वह देश के सभी युवाओं के लिए बहुत प्रेरणादायक हैं। वह बहुत प्यारे और सच्चे इंसान हैं और उनका समर्थन मेरे लिए बहुत मायने रखता है। विराट कोहली फाउंडेशन कई अलग-अलग विषयों के लगभग 40 बच्चों की मदद करता है। उन्होंने देश के लिए जो कुछ किया है, मैं उसकी प्रशंसा करता हूं। मेरा भविष्य का लक्ष्य भारत के लिए ओलंपिक स्वर्ण पदक लाना है। मैं हर दिन खुद को बेहतर बनाने की कोशिश कर रहा हूं। 2016 में पहली बार जूनियर विश्व चैंपियन बनने वाले अर्जुन के मुताबिक यूथ अवॉर्ड उन्हें और अच्छा करने की प्रेरणा देगा। विराट कोहली फाउंडेशन 2019 से उनकी मदद कर रहा है।

# न्यूट्रिशन वैली कप पुरुष सीनियर क्रिकेट टूर्नामेंट: ओम साईं क्रिकेट अकादमी, मोहाली ने अपने- अपने लीग मैच जीते

**चंडीगढ।** पहला न्यूट्रिशन वैली कप पुरुष सीनियर क्रिकेट टूर्नामेंट ट्राई सिटी चंडीगढ़ के तीन क्रिकेट मैदानों पर खेला जा रहा है। लवजीत सिंह को प्लेयर ऑफ द मैच घोषित किया गया। दशमेश औजला क्रिकेट टीम डेराबस्सी ने पुरुष कम्युनिटी क्रिकेट टीम, चंडीगढ़ को 7 विकेट से हराया। पहले न्यूट्रिशन वैली कप पुरुष सीनियर क्रिकेट टूर्नामेंट में ओम साईं क्रिकेट अकादमी, मोहाली और दशमेश औजला क्रिकेट टीम, डेराबस्सी ने प्रथम न्यूट्रिशन वैली कप पुरुष सीनियर क्रिकेट टूर्नामेंट में अपने- अपने लीग मैच जीते। पहला न्यूट्रिशन वैली कप पुरुष सीनियर क्रिकेट टूर्नामेंट ट्राई सिटी चंडीगढ़ के तीन क्रिकेट मैदानों पर खेला जा रहा है। लवजीत सिंह को



प्लेयर ऑफ द मैच घोषित किया गया। दिन के दूसरे लीग मैच में ओम साईं क्रिकेट अकादमी, मोहाली ने नागेश क्रिकेट अकादमी, पीरमुछल्ला को 131 रनों से हराया। निपुण शारदा ने शानदार प्रदर्शन करते हुए 106 रन बनाए और 3 विकेट लिए और उन्हें प्लेयर ऑफ द मैच घोषित किया गया। पहले मैच में पहले बल्लेबाजी करते हुए पुरुष कम्युनिटी चंडीगढ़ की टीम ने 40.3 ओवर में 209 रन बनाए। इशान एस गोयल ने 45 रन और आदी कादियान ने 45 रन बनाए। गेंदबाजी की ओर से दशमेश औजला टीम के गेंदबाज सिमरनपाल सिंह ने 3 विकेट लिए, जबकि अमन राणा और जशनप्रीत सिंह दोनों ने 2-2 विकेट लिए। जवाब में दशमेश औजला टीम, डेराबस्सी ने 31 4 ओवर में 213 रन का लक्ष्य हासिल कर लिया।

लवजीत सिंह ने 79 रन और जसकरणवीर सिंह ने 74 रन बनाए। गेंदबाजी की ओर से आयुष शुक्ला ने 2 विकेट लिए। दिन के दूसरे लीग मैच में पहले बल्लेबाजी करते हुए ओम साईं क्रिकेट अकादमी, टीडीआई, मोहाली ने 45 ओवर में 9 विकेट के नुकसान पर 441 रन का बड़ा स्कोर बनाया। प्रशांत अहलावत ने शतक 119 रन, निपुण शारदा ने भी शतक 106 रन, अंश खोसला ने नाबाद 43 रन और इवराज सिंह रनौटा ने 30 रन बनाए। गेंदबाजी की ओर से नागेश क्रिकेट अकादमी के गेंदबाज अंकन लटका ने 4 विकेट और तन्मय लटका ने 2 विकेट लिए।

जवाब में नागेश क्रिकेट अकादमी, पीरमुचल्ला ने 45 ओवर में 8 विकेट के नुकसान पर 310 रन बनाए। तन्मय लटका ने शतक 100 नाबाद रन, अंकन लटका ने 27 नाबाद रन बनाए। जबकि शुभम आर्य ने 26 रन बनाए। गेंदबाजी करने वाली ओम साईं क्रिकेट अकादमी, मोहाली की ओर से गेंदबाज निपुण शारदा ने 3 विकेट लिए, जबकि इवराज रनौता, सुक्रांत शर्मा, अंश खोसला और गगन प्रीत सिंह सभी ने 1-1 विकेट लिए।

# स्पोर्ट्स स्टेडियम का तरणताल तैराकों से होगा गुलजार, आप भी करा सकते हैं पंजीकरण

**बरेली।** स्पोर्ट्स स्टेडियम में बुधवार शाम से इस सत्र के लिए तरणताल का शुभारंभ हो रहा है। आरएसओ जीतेंद्र यादव के अनुसार सुबह छह से नौ और अपराह्न चार से छह बजे तक के दो स्लॉट चलाए जाएंगे। बरेली के स्पोर्ट्स स्टेडियम में बना तरणताल बुधवार से गुलजार होगा। तैराकी प्रतियोगिताओं की तैयारी करने वाले एथलीट व तैराकी के शौकीन लोग आवश्यक दस्तावेजों के साथ अपना पंजीकरण करा सकेंगे। इसमें 18 वर्ष के लोगों से 600 रुपये व इससे अधिक के लिए 800 रुपये प्रतिमाह शुल्क लिया जाएगा। स्पोर्ट्स स्टेडियम में पंजीकरण के लिए 10 रुपये के फॉर्म के साथ दो फोटो, आधार कार्ड की छायाप्रति और त्वचा संबंधी कोई बीमारी न होने का प्रमाणपत्र पटल



सहायक अविनाश कुमार के पास जमा कराना होगा। दो अप्रैल की शाम पांच बजे से इस सत्र के लिए तरणताल का शुभारंभ होगा। आरएसओ जीतेंद्र यादव के अनुसार सुबह छह से नौ और अपराह्न चार से छह बजे तक के दो स्लॉट चलाए जाएंगे। अगर खिलाड़ियों की संख्या बढ़ती है तो स्लॉट को बढ़ाया जाएगा। उन्होंने बताया कि 25 मीटर लंबे, 12 मीटर चौड़े और पांच फुट गहरे तरणताल में आधुनिक फिल्टर प्लांट लगा है। वहीं पानी को स्वच्छ बनाए रखने के लिए पाइपलाइन व केमिकल का प्रयोग किया जाएगा।

स्टेडियम में ओलंपिक मानकों पर बने बड़े तरणताल के लिए बुधवार से 16 अप्रैल तक छात्रावासों के लिए शिविर लगाया जाएगा। इसके लिए चयनित पांच बालक व छह बालिकाएं अलग- अलग शहरों से प्रतिभाग करेंगी।

# केरल में पिछड़ी जाति के पुजारी ने छोड़ी नौकरी, जातीय भेदभाव होने का दावा




**नई दिल्ली।** देवास्वम मंत्री वीएन वसावन ने बताया कि बालू की नियुक्ति नियमों के तहत हुई थी। उन्होंने कहा कि सरकार चाहती है कि बालू अपनी नौकरी पर वापस लौटे। हमने बालू को बताया कि सरकार उसकी हरसंभव मदद के लिए तैयार है, लेकिन इसके बावजूद उसने इस्तीफा दे दिया। केरल के प्रसिद्ध कुदलमनिक्यम मंदिर के एक पिछड़ी जाति के कझकम (पुजारी) ने नौकरी से इस्तीफा दे दिया है। आरोप हैं कि इस पुजारी के साथ जातीय भेदभाव हुआ, जिसके चलते उसने नौकरी छोड़ी। बालू नामक पुजारी राज्य में मंदिरों का प्रबंधन करने वाले देवास्वम रिक्रूटमेंट बोर्ड का कर्मचारी था और बोर्ड ने ही उसे पुजारी की जिम्मेदारी के लिए मंदिर में नियुक्त किया गया था। बालू ने मंगलवार शाम को अपना इस्तीफा बोर्ड के अधिकारियों को सौंप दिया।

कझकम केरल में उन पुजारियों को कहा जाता है, जो भगवान की माला तैयार करने और अन्य पारंपरिक धार्मिक कामों को करते हैं। इस्तीफा देने वाला व्यक्ति बालू पिछड़ी जाति एझवा से ताल्लुक रखता है। इस घटना को लेकर एक बार केरल के मंदिरों में जातीय भेदभाव का मुद्दा गरमा गया है। इस मामले पर देवास्वम मंत्री वीएन वसावन ने बताया कि बालू की नियुक्ति नियमों के तहत हुई थी। उन्होंने कहा कि सरकार चाहती है कि बालू अपनी नौकरी पर वापस लौटे। हमने बालू को बताया कि सरकार उसकी हरसंभव मदद के लिए तैयार है, लेकिन इसके बावजूद उसने इस्तीफा दे दिया। वीएन वसावन ने बताया कि बालू ने मांग की है कि उसे पुजारी की जिम्मेदारियों से मुक्त कर क्लर्क संबंधित काम दिया जाए तो वह अपने इस्तीफे पर विचार कर सकता है। देवास्वम बोर्ड ने साफ किया कि बालू ने निजी कारणों से इस्तीफा दिया है और इसमें बोर्ड की कोई भूमिका नहीं है। दावा किया जा रहा है कि बालू के साथ मंदिर के अन्य पुजारियों ने काम करने से मना कर दिया था। इसके बाद बालू को पुजारी की जिम्मेदारियों से हटा दिया गया था। बाद में उसे फिर से पूजा-पाठ से संबंधित जिम्मेदारियां दी गईं थी।

## अजित पवार की सलाह- बीड में असामाजिक तत्वों से दूर रहें एनसीपी कार्यकर्ता, अपनी छवि साफ रखें

**बीड।** महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री अजित पवार ने बुधवार को राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (एनसीपी) कार्यकर्ताओं को सलाह दी कि वह बीड जिले में आपराधिक तत्वों से दूर रहें और अपनी छवि को साफ रखें। पवार की यह टिप्पणी पिछले साल बीड में मस्साजोग के सरपंच संतोष देशमुख की हत्या की पृष्ठभूमि में आई है, क्योंकि हत्याकांड से जुड़े जबरन वसूली के एक मामले में एनसीपी नेता धनंजय मुंडे के करीबी वाल्मिक कराड को गिरफ्तार किया गया था। जिसके चलते पिछले महीने धनंजय मुंडे को दबाव में कैबिनेट मंत्री पद से इस्तीफा देना पड़ा था। अजित पवार ने बुधवार को बीड में एनसीपी के युवा कार्यकर्ताओं की एक सभा को संबोधित किया। इस दौरान एनसीपी प्रमुख और जिले के संरक्षक मंत्री पवार ने कहा, अपनी छवि साफ रखें और असामाजिक तत्वों से दूर रहें।

# अंतरिक्ष से सकुशल लौटने वाली सुनीता विलियम्स को भारत रत्न देने की मांग, तृणमूल सांसद ने उठाई आवाज



**नई दिल्ली।** तृणमूल कांग्रेस के राज्यसभा सांसद मोहम्मद नदीमुल हक ने नासा अंतरिक्ष यात्री सुनीता विलियम्स के लिए भारत रत्न की मांग की। उन्होंने तर्क दिया कि भारत में उनकी सफलता का हमेशा जश्न मनाया जाता है, लेकिन उन्हें भारत रत्न देना सबसे बड़ा जश्न होगा। तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) के राज्यसभा सांसद मोहम्मद नदीमुल हक ने बुधवार को नासा अंतरिक्ष यात्री सुनीता विलियम्स के लिए भारत रत्न की मांग की। भारतीय मूल की अंतरिक्ष यात्री विलियम्स 18 मार्च को पृथ्वी पर सकुशल लौट आईं। वह अंतरिक्ष में नौ महीने से अधिक समय तक रहीं। सदन में अपने भाषण के दौरान, हक ने कहा कि सुनीता विलियम्स (59) की सफलता पर भारत में हमेशा जश्न मनाया जाता रहा है। उन्होंने कहा कि विलियम्स को भारत रत्न देना सबसे बड़ा जश्न होगा। इस दौरान उन्होंने पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी की उस मांग का भी उल्लेख किया, जिसमें उन्होंने कहा था कि विलियम्स की उल्लेखनीय उपलब्धि के लिए भारत के सर्वोच्च नागरिक पुरस्कार भारत रत्न से सम्मानित किया जाना चाहिए। टीएमसी के राज्यसभा सांसद हक ने आगे कहा कि सुनीता विलियम्स की उपलब्धि इसरो को गौरवान्वित करेगी। उन्होंने कहा, हम मजबूत भारतीय और गुजराती जड़ों वाले एक सुपर अचीवर के लिए भारत रत्न की मांग करते हैं। उन्होंने कहा कि 2007 में भारत यात्रा के दौरान सुनीता विलियम्स को सम्मानित किया गया था। तत्कालीन केंद्र सरकार ने उन्हें पद्म भूषण पुरस्कार से भी सम्मानित किया था। इस दौरान उन्होंने आरोप लगाया कि तत्कालीन गुजरात सरकार विलियम्स का सम्मान नहीं कर सकी। हक ने कहा, कुछ दिन पहले सुनीता ने अपने पिता के गृह देश और पैतृक गांव जाने की इच्छा जताई थी। वह गुजरात के मेहसाणा जिले से आती हैं, जहां से प्रधानमंत्री मोदी आते हैं। अपने भाषण के दौरान, सांसद हक ने गुजरात के एक दिवंगत भाजपा नेता के बारे में कुछ टिप्पणियां कीं। जिस पर वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण और भाजपा के अन्य सदस्यों ने आपत्ति जताई।

हस्तक्षेप करते हुए सीतारमण ने कहा, सुनीता विलियम्स जैसी मेधावी महिला के लिए भारत रत्न मांगना एक बात है, लेकिन इस प्रक्रिया में आक्षेप लगाना, असंबंधित मुद्दों को तस्वीर में लाना, साथ ही उन लोगों को भी लाना जो अब हमारे बीच नहीं हैं, दुर्भाग्य से जिनका निधन हो गया, ये सब बिल्कुल अनुचित है। भाजपा सदस्यों की आपत्ति के बाद, सत्र की अध्यक्षता कर रहे उपसभापति हरिवंश ने टीएमसी सांसद हक की टिप्पणियों को हटा दिया। उपसभापति ने कहा कि हक के भाषण से अप्रासंगिक अंश हटा दिए जाएंगे।

## उत्तरी अंडमान में लापता पत्रकार का जला हुआ शव मिला; एक महिला समेत चार को हिरासत में लिया गया

**नई दिल्ली।** 38 साल के एक पत्रकार का शव उत्तरी अंडमान जिले से बरामद किया गया है। वे 29 मार्च से लापता थे। पुलिस मामले की तह तक पहुंचने के लिए जांच कर रही है। जांच में पता चला कि कुछ महीने पहले भी शाहदेब पर कुछ स्थानीय गुंडों ने हमला किया था। हमला उस वक्त किया गया था, जब वह इलाके में अवैध शराब रैकेट का पर्दाफाश करने के लिए बाजार की कवरेज कर रहे थे। 29 मार्च से लापता 38 वर्षीय पत्रकार का जला हुआ शव उत्तरी अंडमान जिले के एक खेत से बरामद हुआ है। पुलिस ने बताया कि रिपब्लिक अंडमान नामक स्थानीय समाचार चैनल के मालिक शाहदेब डे का शव मंगलवार को डिगलीपुर के देशबंधु नगर के एक खेत में मिला। उत्तर और मध्य अंडमान जिले की पुलिस अधीक्षक श्वेता के सुगाथन ने कहा, यह एक हत्या का मामला है।

# जस्टिस दिनेश शर्मा के शपथ ग्रहण में शामिल नहीं होंगे वकील, स्थानांतरण के विरोध में फैसला



**कोलकाता।** कलकत्ता बार एसोसिएशन समेत अन्य संगठनों ने इस मुद्दे पर देश के मुख्य न्यायाधीश को भी पत्र लिखा है, जिसमें उन्होंने लिखा कि देश का सबसे पुराना संवैधानिक मंदिर होने के नाते कलकत्ता उच्च न्यायालय ऐसे जजों के स्थानांतरण का अधिकारी नहीं है, जिनकी छवि सवालों के घेरे में है। जस्टिस दिनेश कुमार के दिल्ली उच्च न्यायालय से कलकत्ता उच्च न्यायालय ट्रांसफर किए जाने पर नाराजगी जताते हुए वकीलों के संगठनों ने विरोध जताया और विरोधस्वरूप जस्टिस दिनेश शर्मा के शपथ ग्रहण समारोह का बहिष्कार करने का फैसला किया है। वकीलों के संगठनों ने मुख्य न्यायाधीश को शपथ ग्रहण समारोह में शामिल नहीं होने की जानकारी दे दी है। साथ ही उन्होंने ये भी कहा कि वे जस्टिस दिनेश शर्मा की अदालत में भी पेश नहीं होंगे। जस्टिस दिनेश शर्मा का बीते मंगलवार को ही दिल्ली उच्च न्यायालय से कलकत्ता उच्च न्यायालय स्थानांतरित किया गया है। सुप्रीम कोर्ट कॉलेजियम की सिफारिश पर सरकार ने यह स्थानांतरण किया है। बार एसोसिएशन, बार लाइब्रेरी क्लब और अन्य कानूनी संगठनों ने कलकत्ता उच्च न्यायालय मुख्य न्यायाधीश से अपील की कि जस्टिस दिनेश शर्मा को कोई न्यायिक जिम्मेदारी न सौंपी जाए और अगर उन्हें न्यायिक जिम्मेदारी सौंपी गई तो बार एसोसिएशन के सदस्य सुनवाई में शामिल नहीं होंगे। कलकत्ता बार एसोसिएशन समेत अन्य संगठनों ने इस मुद्दे पर देश के मुख्य न्यायाधीश को भी पत्र लिखा है, जिसमें उन्होंने लिखा कि देश का सबसे पुराना संवैधानिक मंदिर होने के नाते कलकत्ता उच्च न्यायालय ऐसे जजों के स्थानांतरण का अधिकारी नहीं है, जिनकी छवि सवालों के घेरे में है। वकीलों के संगठनों ने एडिशनल सॉलिसिटर जनरल और एडवोकेट जनरल को भी शपथ ग्रहण समारोह में शामिल न होने की अपील की। जस्टिस दिनेश शर्मा ने साल 1992 में दिल्ली न्यायिक सेवा में अपने न्यायिक करियर की शुरुआत की थी।

## अधूरा रह गया रिटायरमेंट डे डिनर का सपना, जानलेवा हादसे ने खत्म की लोको पायलट की आखिरी यात्रा



**रांची।** झारखंड के साहेबगंज जिले में दो मालगाड़ियों के बीच आमने-सामने की टक्कर की खौफनाक यादें आज भी सभी के दिलों में ताजा हैं। इस हादसे में मारे गए एनटीपीसी के लोको पायलट गंगेश्वर मल 1 अप्रैल को रिटायर होने वाले थे। इससे पहले वे अपनी आखिरी यात्रा पर थे। उनका परिवार एक रिटायरमेंट डिनर की योजना बना रहा था। उनका इंतजार कर रहा था। अब शोक में डूबा हुआ है। गंगेश्वर के परिवार के सदस्य पश्चिम बंगाल के मुर्शिदाबाद जिले में रहते हैं। उनके घर का नाम जियागंज निवास है। उन्होंने अपना दुख साझा करते हुए कहा कि उन्होंने डिनर में शामिल होने का वादा किया था। उनकी बेटी ने कहा कि 1 अप्रैल उनका आखिरी कार्य दिवस था, जिसके बाद उन्होंने अपनी पत्नी, बेटे और बेटी के साथ क्वालिटी टाइम बिताने की योजना बनाई थी। उन्होंने कहा, हमने सुना है कि बाबा लौटते समय सिग्नल प्वाइंट पर इंतजार कर रहे थे, तभी विपरीत दिशा से आ रही एक अन्य मालगाड़ी के इंजन ने उनके लोको को सीधे टक्कर मार दी। जब गंगेश्वर का शव झारखंड से उनके परिवार के सदस्य वापस ले जा रहे थे, तो उनकी बेटी ने दुख जताते हुए कहा था कि हमारी दुनिया उजड़ गई।

# पटाखा गोदाम में विस्फोट के बाद परिवार की खुशियां तबाह

**डीसा।** गुजरात के बनासकांठा जिले में अवैध पटाखा गोदाम में हुए विस्फोट के बाद एक परिवार की खुशियां तबाह हो गईं। परिवार के छह सदस्य इस त्रासदी की भेंट चढ़ गए। इस हादसे में कुछ 21 लोगों की मौत हुई है। इनमें महिलाएं और बच्चे भी शामिल हैं। बुधवार को शवों को लेकर परिजन मध्य प्रदेश रवाना हो गए। गुजरात के बनासकांठा जिले में डीसा के पास अवैध पटाखा गोदाम में हुए भीषण विस्फोट में एक परिवार की खुशियां तबाह हो गईं। हादसे में एक ही परिवार के छह लोगों की मौत हो गई, जिनके शवों को लेकर परिजन बुधवार को मध्य प्रदेश के लिए रवाना हो गए। पुलिस अधिकारियों के अनुसार, विस्फोट में कुल 21 लोगों की मौत हुई है। मृतकों में पांच बच्चे भी शामिल हैं, जो मध्य प्रदेश के देवास और हरदा जिलों के संदलपुर व हादिया के रहने वाले थे। उनके शवों को लेकर शव वाहन मध्य प्रदेश रवाना हो चुके हैं।

परिवार के छह सदस्यों को खोने के बाद चंद्रसिंह नायक ने अपना दर्द बयां किया। वह अहमदाबाद के ढोलका में एक प्लास्टिक फैक्ट्री में काम करते हैं। नायक ने कहा कि मंगलवार सुबह दीपक ट्रेडर्स गोदाम में हुए विस्फोट में उसकी बेटी, दामाद, नाती राधा (3) और अभिषेक (10) की मौत हो गई। इसके अलावा, दामाद के परिवार के दो अन्य सदस्य भी हादसे की भेंट चढ़ गए। नायक ने बताया कि बेटी और दामाद ने हाल ही में गोदाम में काम शुरू किया था। जबकि, बेटी की सास पहले भी वहां काम कर चुकी थीं। नायक ने रोते हुए बताया कि मृतकों में से 10 लोग संदलपुर के और 11 लोग हादिया के रहने वाले थे।

# कौन हैं कोरी बुकर, जिन्होंने अमेरिकी सीनेट में दिया सबसे लंबा भाषण



**वॉशिंगटन।** कोरी ने नेवार्क सिटी काउंसिल में सेवाएं दीं और फिर न्यूजर्सी के सबसे बड़े शहर नेवार्क के मेयर भी बने। फेसबुक के संस्थापक मार्क जुकरबर्ग ने नेवार्क के स्कूलों के लिए 10 करोड़ डॉलर दान दिए, उस वक्त कोरी ही नेवार्क के मेयर थे। ऐसे में उनकी लोकप्रियता में जबरदस्त उछाल आया। अमेरिका के न्यू जर्सी से डेमोक्रेट पार्टी के सीनेटर कोरी बुकर ने इतिहास रच दिया है। दरअसल उन्होंने सीनेट में सबसे लंबे भाषण का रिकॉर्ड बना दिया। कोरी बुकर ने 25 घंटे लंबा भाषण दिया और वे पूरी रात और मंगलवार की देर रात तक लगातार भाषण देते रहे। कोरी बुकर ने अपने भाषण के दौरान राष्ट्रपति ट्रंप और उनकी नीतियों पर तीखा हमला बोला। बुकर ने सोमवार शाम में बोलना शुरू किया था और वे कुल 25 घंटे पांच मिनट तक बोले। कोरी बुकर ने 68 साल पुराना रिकॉर्ड तोड़ दिया, जो पूर्व सीनेटर स्टोर्म थर्मोंड के नाम था। थर्मोंड दक्षिण कैरोलिना से सीनेटर थे और उन्होंने साल 1957 में सिविल राइट कानून के मुद्दे पर 24 घंटे भाषण दिया था। कोरी बुकर ने यह भाषण डेमोक्रेट पार्टी समर्थकों को यह जताने के लिए दिया कि वे लोग ट्रंप प्रशासन के खिलाफ वो सबकुछ कर रहे हैं, जो करना चाहिए और सरकार का विरोध कर रहे हैं। कोरी बुकर ने अपने भाषण में ट्रंप प्रशासन द्वारा सामाजिक सुरक्षा संबंधी कार्यालयों में कर्मचारियों की छंटनी पर चिंता जाहिर की। साथ ही ट्रंप प्रशासन के फैसलों पर सवाल उठाए। बुकर ने ग्रीनलैंड और कनाडा को अमेरिका का हिस्सा बनाने की ट्रंप प्रशासन की योजना की भी आलोचना की और कहा कि इससे संवैधानिक संकट खड़ा हो सकता है। 55 वर्षीय कोरी बुकर का जन्म वॉशिंगटन में हुआ और जब वे बच्चे थे, तभी उनका परिवार न्यूजर्सी शिफ्ट हो गया। कोरी बुकर का ताल्लुक अश्वेत समुदाय से है। इसके चलते उन्हें बचपन में भेदभाव भी झेलना पड़ा। कोरी ने स्टैनफोर्ड यूनिवर्सिटी से स्नातक किया है और कॉलेज में वे फुटबॉल खिलाड़ी रहे। इसके बाद कोरी ने येल लॉ स्कूल से कानून की पढ़ाई की और गैर लाभकारी संगठन में बतौर अटॉर्नी काम किया, जिसमें वे गरीब परिवारों को कानूनी सहायता देते थे।

# यमन में अमेरिका के ताबड़तोड़ हमले, हूती विद्रोहियों का दावा- होदेदा के पास 4 लोग मारे गए



**दुबई।** अमेरिका ने यमन में हूती विद्रोहियों द्वारा नियंत्रित क्षेत्र को निशाना बनाकर ताबड़तोड़ हवाई हमले किए हैं। इन हमलों में कम से कम चार लोगों के मारे जाने की खबर है। वहीं, व्हाइट हाउस की प्रेस सचिव कैरोलिन लेविट ने स्पष्ट कर दिया है कि ये हमले तब तक जारी रहेंगे, जब तक कि लाल सागर में नौवहन की स्वतंत्रता बहाल नहीं हो जाती। यमन के विद्रोही-नियंत्रित क्षेत्रों में बुधवार को अमेरिका ने कथित तौर पर ताबड़तोड़ हवाई हमले किए। हूती विद्रोहियों ने दावा किया कि लाल सागर के बंदरगाह शहर होदेदा के पास एक हमले में कम से कम चार लोगों की मौत हो गई। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के कार्यकाल में हूती विद्रोहियों के ठिकानों पर लगातार हवाई हमले किए जा रहे हैं। यह स्थिति इस्राइल-हमास युद्ध से उत्पन्न हुई है, जिसके चलते हूतियों को निशाना बनाया जा रहा है। हूतियों ने दावा किया है कि पिछले कुछ समय में कम से कम 65 लोग मारे गए हैं। रिपोर्ट्स के अनुसार, अमेरिकी अभियान के रुकने के कोई संकेत नहीं हैं, क्योंकि ट्रंप प्रशासन ईरान के बढ़ते परमाणु कार्यक्रम को लेकर दबाव बनाने का प्रयास कर रहा है। इसलिए ईरान समर्थित हूतियों पर लगातार हवाई हमले जारी हैं। व्हाइट हाउस की प्रेस सचिव कैरोलिन लेविट ने कहा कि अब तक 200 से अधिक हवाई हमले किए गए हैं। उन्होंने कहा कि हमलों के परिणामस्वरूप ईरान कमजोर हुआ है। लेविट ने कहा कि उन्होंने नौसेना के जहाजों और वाणिज्यिक जहाजों पर हमले करने वाले हूती सदस्यों को मार गिराया है। लेविट ने संकेत दिया कि ये हमले तब तक नहीं रुकेंगे, जब तक कि लाल सागर क्षेत्र में नौवहन की स्वतंत्रता बहाल नहीं हो जाती है। इसके अलावा, हूती विद्रोहियों ने अभी तक अपने किसी नेता के मारे जाने की बात स्वीकार नहीं की है और न ही अमेरिका ने किसी अधिकारी का नाम बताया है। ताजा हमला होदेदा गवर्नरेट के मंसूरिया जिले में हूती नियंत्रित जल परियोजना को निशाना बनाकर किया गया। इस हमले में चार लोग मारे गए और अन्य घायल हुए हैं। विद्रोहियों ने कहा कि बुधवार को अन्य हमलों में हज्जाज, सादा और सना गवर्नरेट को निशाना बनाया गया। दूसरी तरफ, हूतियों ने दावा किया है कि उन्होंने लाल सागर में अमेरिकी विमानवाहक पोत- यूएसएस हैरी एस ट्रूमैन पर हमले जारी रखे हैं, जो हूतियों पर अधिकांश हमले कर रहा है। वहीं, विमानवाहक पोत यूएसएस कार्ल विंसन ट्रूमैन का समर्थन करने के लिए एशिया से मध्यपूर्व की ओर रवाना हो गया है। पेंटागन के प्रवक्ता सीन पार्नेल ने बुधवार सुबह कहा कि क्षेत्र में अतिरिक्त स्क्वाड्रन और अन्य हवाई संपत्तियां तैनात की जाएंगी।

## पाकिस्तान के राष्ट्रपति आसिफ अली जरदारी की तबीयत बिगड़ी, अस्पताल में भर्ती

**पाकिस्तान।** पाकिस्तान के राष्ट्रपति आसिफ अली जरदारी की तबीयत बिगड़ गई है। इसके बाद करची के एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। समाचार एजेंसी पीटीआई ने द एक्सप्रेस ट्रिब्यून के हवाले से मंगलवार को बताया कि 69 साल के आसिफ अली जरदारी को बुखार और संक्रमण की शिकायत हुई। इस वजह से उन्हें कराची से करीब 300 किलोमीटर दूर नवाबशाह से अस्पताल लाया गया। रिपोर्ट के मुताबिक, राष्ट्रपति जरदारी की कई मेडिकल जांच की गई और डॉक्टर उनकी स्थिति पर बारीकी से नजर रख रहे हैं। वह सोमवार को ईद की नमाज अदा करने के लिए नवाबशाह गए थे।

# ट्रंप को बड़ा झटका, लाख कोशिशों के बाद भी विस्कोंसिन सुप्रीम कोर्ट में डेमोक्रेट समर्थित जज जीतीं



**वॉशिंगटन** विस्कोंसिन सुप्रीम कोर्ट का चुनाव कई मायनों में खास रहा क्योंकि इस चुनाव में रिकॉर्ड तोड़ खर्च हुआ। राष्ट्रपति ट्रंप, एलन मस्क ब्रैड शीमेल का समर्थन कर रहे थे और इसके लिए उन्होंने बहुत पैसा भी खर्च किया। वहीं क्राफोर्ड का समर्थन पूर्व राष्ट्रपति बराक ओबामा और जॉर्ज सोरोस जैसे अरबपति कर रहे थे। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप को बड़ा झटका लगा है। दरअसल उनकी और उनके करीबी अरबपति कारोबारी एलन मस्क की लाख कोशिशों के बावजूद विस्कोंसिन सुप्रीम कोर्ट सीट से डेमोक्रेट पार्टी समर्थित सुसन क्राफोर्ड चुनाव जीत गई हैं। इसके साथ ही सुप्रीम कोर्ट में एक बार फिर से उदारवादी जजों का बहुमत हो गया है। सुसन के जीतने का असर ये होगा कि ट्रंप प्रशासन द्वारा लाई गई गर्भपात अधिकार आदि अहम नीतियों को सुप्रीम कोर्ट में रोका जा सकता है। सुसन क्राफोर्ड, डेन काउंटी की जज हैं और उन्होंने यूनियन पावर और गर्भपात अधिकार जैसे कानूनी मामलों की लड़ाई लड़ी है। सुसन क्राफोर्ड ने चुनाव में रिपब्लिकन पार्टी समर्थित जज ब्रैड शीमेल को हराया। विस्कोंसिन सुप्रीम कोर्ट का चुनाव कई मायनों में खास रहा क्योंकि इस चुनाव में रिकॉर्ड तोड़ खर्च हुआ। इस खर्च से ही अंदाजा लगाया जा सकता है कि ये चुनाव कितना अहम था। यह चुनाव अमेरिका की राजनीति का छद्म युद्ध बन गया था। राष्ट्रपति ट्रंप, एलन मस्क ब्रैड शीमेल का समर्थन कर रहे थे और इसके लिए उन्होंने बहुत पैसा भी खर्च किया। वहीं क्राफोर्ड का समर्थन पूर्व राष्ट्रपति बराक ओबामा और जॉर्ज सोरोस जैसे अरबपति कर रहे थे। राष्ट्रपति चुनाव के बाद यह पहला बड़ा चुनाव था और यह एक तरह से राष्ट्रपति ट्रंप के बीते करीब दो महीने के कार्यकाल का लिटमस टेस्ट भी था। एलन मस्क ने रविवार को विस्कोंसिन में एक रैली भी की, जिसमें उन्होंने मतदाताओं को 10 लाख डॉलर के चेक वितरित किए। हालांकि इस सबके बावजूद ट्रंप और मस्क समर्थित ब्रैड शीमेल को हार का सामना करना पड़ा। अब सुसन क्राफोर्ड की जीत के साथ ही अमेरिकी सुप्रीम कोर्ट में उदारवादी धड़े का बहुमत 4-3 का हो गया है ।

## क्या फिर पटरी पर लौटेंगे भारत-चीन के रिश्ते? राजनयिक संबंधों की 75वीं वर्षगांठ पर मिले संकेत



**बीजिंग।** भारत-चीन राजनयिक संबंधों की 75वीं वर्षगांठ के उपलक्ष्य में एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस मौके पर भारत में चीनी राजदूत जू फेइहोंग ने दोनों देशों के भविष्य के बारे में सकारात्मक आशा व्यक्त की। उन्होंने कहा कि दोनों देश अपने द्विपक्षीय संबंधों को मजबूत और स्थिर बनाएंगे। इस कार्यक्रम में विदेश सचिव विक्रम मिस्री के शामिल होने पर जू ने खुशी जताई। भारत में चीनी राजदूत जू फेइहोंग ने चीन-भारत संबंधों के भविष्य के बारे में सकारात्मक आशा व्यक्त की। जू ने राजनयिक संबंधों की 75वीं वर्षगांठ पर कहा कि दोनों देश द्विपक्षीय संबंधों को आगे बढ़ाएंगे। उन्होंने कार्यक्रम में विदेश सचिव विक्रम मिस्री के शामिल होने पर खुशी व्यक्त की। भारत-चीन राजनयिक संबंधों की स्थापना के उपलक्ष्य में एक कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस दौरान चीनी राजदूत जू ने कहा कि चीन और भारत के नेताओं ने इस खास मौके पर बधाई संदेशों का आदान-प्रदान किया। चीनी राष्ट्रपति शी जिनपिंग ने इस बात पर जोर दिया कि दोनों देशों को अपने संबंधों को रणनीतिक और दीर्घकालिक दृष्टिकोण से देखना चाहिए। साथ ही दोनों देशों को शांतिपूर्ण सह-अस्तित्व, आपसी विश्वास और आपसी लाभ की दिशा में आम विकास के लिए साथ आने के तरीके तलाशने चाहिए।

# इस रिपब्लिकन ने लाखों डॉलर लुटाने वाले डेमोक्रेट को हराया



**ऑरमंड।** रिपब्लिकन रैंडी फाइन ने फ्लोरिडा के 6वें कांग्रेसनल डिस्ट्रिक्ट का विशेष चुनाव जीत लिया है। उन्होंने डेमोक्रेटिक प्रतिद्वंदी जोश वेइल को 33 अंकों के बड़े अंतर से मात दी। इसके अलावा, रिपब्लिकन जिमी पैट्रोनिस ने फ्लोरिडा के प्रथम कांग्रेसनल जिले में विशेष चुनाव जीता। फ्लोरिडा के मुख्य वित्तीय अधिकारी पैट्रोनिस ने डेमोक्रेट गे वैलिमोंट को शिकस्त दी। रिपब्लिकन रैंडी फाइन ने मंगलवार (स्थानीय समयानुसार) को फ्लोरिडा के 6वें कांग्रेसनल डिस्ट्रिक्ट का विशेष चुनाव जीत लिया है। उन्होंने डेमोक्रेटिक प्रतिद्वंदी जोश वेइल को 33 अंकों के बड़े अंतर से मात दी। जोश वित्तपोषित उम्मीदवार थे और उन्होंने इस चुनाव में लाखों डॉलर खर्च किए। इसके बावजूद वह जीत हासिल करने में विफल रहे। शानदार जीत के बाद राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने फाइन को जीत की बधाई दी। डेमोक्रेट प्रत्याशी ने इस चुनावी अभियान में 9 मिलियन डॉलर खर्च किए, जबकि ट्रंप समर्थित रिपब्लिकन प्रत्याशी फाइन ने केवल एक मिलियन डॉलर खर्च किया। डेमोक्रेटिक खेमे का दावा है कि ट्रंप के खिलाफ आक्रोश के कारण बड़े पैमाने पर फंड मिला है। हालांकि, नतीजों की घोषणा के बाद ट्रंप ने इसकी आलोचना की है। यह चुनाव नवंबर में माइक वाल्ट्ज की जीत के बाद हुआ। फाइन की जीत ने नवंबर में राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के भारी समर्थन वाले जिले में डेमोक्रेट्स की बड़ी जीत की उम्मीदों को खत्म कर दिया है। हालांकि, दौड़ के अंतिम दिनों में फाइन को बढ़ते दबाव का सामना करना पड़ा, क्योंकि कुछ रिपब्लिकन ने सार्वजनिक रूप से उनके अभियान और धन उगाहने के प्रयासों की आलोचना की थी। फ्लोरिडा स्टेट सीनेटर रैंडी फाइन को पहली बार 2016 में फ्लोरिडा हाउस के लिए चुना गया था।

# बीएसए ने किया छात्रों का एडमिशन, वितरित हुई किताबें

अवधनामा संवाददाता



**जौनपुर।** विकासखंड करंजाकला के प्राथमिक विद्यालय शिकारपुर में नवीन नामांकन, शारदा संगोष्ठी ,वार्षिकोत्सव एवं पुस्तक वितरण कार्यक्रम संपन्न हुआ। कार्यक्रम की शुरुआत जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी डा0 गोरखनाथ पटेल के द्वारा द्वीप प्रज्वलित कर किया गया। बेसिक शिक्षा अधिकारी ने शारदा संगोष्ठी में शिक्षा के महत्व पर अपने विचार व्यक्त करते हुए उपस्थित सभी शिक्षकों से अपेक्षा किया कि स्कूल चलो अभियान को बेहतर ढंग से सम्पादित करें। ज़िला बेसिक शिक्षा अधिकारी डॉ0 गोरखनाथ पटेल ने निपुण विद्यालय आकलन में प्रदेश में जौनपुर के प्रथम स्थान प्राप्त करने के लिए सभी एसआरजी, एआरपी, शिक्षक संकुल व अन्य समस्त शिक्षकों को बेसिक शिक्षा विभाग की तरफ से बधाई दी। 10 नए छात्र-छात्राओं का नवीन नामांकन कक्षा 01 में जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी द्वारा किया गया और उन नवीन बच्चों को विद्यालय की प्रधानाध्यापिका फूलकली यादव ने टीका लगाकर एवं माला पहना कर स्वागत किया। जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी द्वारा विद्यार्थियों को पाठ्यपुस्तकों का वितरण भी किया गया, जिससे उन्हें आगामी शैक्षणिक वर्ष के लिए तैयारी में मदद मिलेगी। उन्होने बच्चों को प्रेरित करते हुए कहा कि शिक्षा का महत्व जीवन में अत्यधिक है और हमें हमेशा अपने उद्देश्य की ओर मेहनत से अग्रसर रहना चाहिए। उन्होने विद्यालय के निपुण होने पर विद्यालय की प्रधानाध्यापिका फूलकली यादव एवं समस्त स्टाफ की प्रशंसा की। बेसिक शिक्षा अधिकारी ने बच्चों के उज्जवल भविष्य की कामना की। विद्यालय के वार्षिकोत्सव में छात्रों ने सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति दी, जिसमें नृत्य, संगीत और नाटक शामिल थे। कार्यक्रम में प्रधानाध्यापिका ने एआरपी करंजाकला जगदीश यादव, संदीप कुमार चौधरी, बीएसए कार्यालय के वरिष्ठ सहायक विंध्यवासिनी उपाध्याय को स्मृति चिन्ह देकर स्वागत किया। कार्यक्रम के सफल आयोजन में ग्राम प्रधान चंद्रशेखर ,जयप्रकाश, ऊषा देवी, इंद्रा सरोज ,चंद्र रेखा, आंगनबाड़ी कार्यकत्री गायत्री पाल ,रेखा पाल, शिक्षक अनिल कुमार यादव, शैलेन्द्र पाल, श्रीपाल यादव, इंदु प्रकाश यादव, जिला महामंत्री अटेवा, श्रीमती नुजहत अंसारी श्री प्रकाश मौर्य, बृजेश पांडेय और स्थानीय नागरिकों का भी महत्वपूर्ण योगदान रहा। सभी ने इस कार्यक्रम को एक नई दिशा और प्रेरणा देने वाला बताया। कार्यक्रम का संचालन प्रदीप उपाध्याय ने किया।

## पशुशाला में लगी आग

**जौनपुर।** खेतासराय के डोभी मोहल्ले में बीती रात एक पशुशाला में आग लगने से भारी नुकसान हुआ। इस हादसे में पशुशाला मालिक जितेन्द्र कुमार सहित उनके तीन मवेशी झुलस गए। आग लगने का कारण मच्छरों से बचाव के लिए जलाया गया धुंआस बताया जा रहा है। मिली जानकारी के अनुसार, जितेन्द्र कुमार अपनी पशुशाला में रात को मवेशियों को मच्छरों से बचाने की धुंआस जलाया गया था, जिसे वह बुझाकर कर सोने चला गया। रात करीब 10 बजे पशुशाला से आग की लपटें तेज़ी से उठने लगी, जिससे पशुशाला में मौजूद दो भैस और एक पड़वा झुलस गए। आग की लपटें ऊँची उठने लगीं तो परिवार वालों की नींद खुल गई। पशुओं की चीख-पुकार सुनते ही आस-पास के लोग आग बुझाने और मवेशियों को बचाने के लिए दौड़ पड़े। आग बुझाने के प्रयास में जितेन्द्र कुमार भी झुलस गए। ग्रामीणों की मदद से कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया गया, लेकिन तब तक दो भैंस एक पड़वा जुलस चुके थे।

# धान -गेहूं फसल चक्र के साथ श्री अन्न को सम्मिलित करने पर बल

❍ कुलभास्कर आश्रम पी.जी. कॉलेज में एक दिवसीय राष्ट्रीय संगोष्ठी आयोजित



अवधनामा संवाददाता

**प्रयागराज।** उत्तर प्रदेश सरकार के उच्च शिक्षा विभाग द्वारा संपोषित एक दिवसीय ÷श्री अन्न फॉर ए हेल्दियर टुमारो÷इंटीग्रेटेड मिलेट्स इन टू माडर्न न्यूट्रिशन एंड लाइफ स्टाइल÷ विषय पर राष्ट्रीय संगोष्ठी कुलभास्कर आश्रम पी.जी . कॉलेज में संपन्न हुई।

संगोष्ठी में महाविद्यालय की प्राचार्य प्रो. गीतांजलि मौर्य ने स्वागत उद्बोधन देते हुए संगोष्ठी के उद्देश्यों पर अपने विचार व्यक्त किए। कार्यक्रम के आयोजक सचिव प्रो. एस.पी. विश्वकर्मा ने सेमिनार की प्रस्तावना एवं विषय प्रवर्तन पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि निदेशक, उच्च शिक्षा उत्तर प्रदेश प्रो. अमित भार्गव ने सेमिनार के विषय की वर्तमान में उपयोगिता एवं स्वास्थ्य की आवश्यकता पर विचार प्रकट किया। सेमिनार के मुख्य वक्ता (की नोट स्पीकर) प्रो. एम.के. सिंह शस्य विज्ञान विभाग बनारस हिंदू विश्वविद्यालय ने धान -गेहू फसल चक्र के साथ श्रीअन्न को सम्मिलित करने पर बल दिया। कार्यक्रम में अध्यक्षता की भूमिका निभा रहे केंद्रीय विश्वविद्यालय इलाहाबाद के विज्ञान संकाय के संकायध्यक्ष प्रो. बेचन शर्मा ने मोटे अन्य की विभिन्न प्रजातियों के बारे में विस्तार से वर्णन करते हुए श्रीअन्न की वर्तमान परिपेक्ष में पौष्टिक गुणवत्ता के बारे में चर्चा की। उद्घाटन कार्यक्रम का संचालन डॉ. शशिकांत त्रिपाठी एसोसिएट प्रोफेसर मृदा एवं कृषि रसायन विभाग द्वारा किया गया। अतिथियों का आभार प्रदर्शन शस्य विज्ञान विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ. ए. सी. सिंह द्वारा किया गया।

तकनीकी सत्र की अध्यक्षता प्रो.विक्रम सिंह सुआट्स नैनी तथा सह अध्यक्षता डॉ. ए.सी. सिंह ने निभाई। तकनीकी सत्र में सेमिनार से संबंधित विषयों पर 55 शोध पत्रों का वाचन विशेषज्ञ द्वारा किया गया कुल छ राज्यों के 152 प्रतिभागियों ने शोध संगोष्ठी मे प्रतिभाग किया। संगोष्ठी मे पोस्टर प्रेजेंटेशन मे विभिन्न सब थीम के छ प्रतिभागियों को पुरस्कृत किया गया। समापन सत्र के मुख्य अतिथि डॉ. वी. एल. निगम पूर्व प्राचार्य कुलभास्कर आश्रम पी. जी. कॉलेज ने कार्यक्रम के सफल आयोजन के लिये प्राचार्य एवं महाविद्यालय परिवार की भूरि भूरि प्रशंसा की। तकनीकी एवं समापन सत्र का संचालन डॉ. आदेश वर्मा तथा प्रो. पवन कुमार पचौरी ने किया। समापन सत्र मे आभार प्रदर्शन प्रो. एस. पी. वर्मा द्वारा किया गया राष्ट्रीय संगोष्ठी में महाविद्यालय के शिक्षक प्रो. वी. एन. पांडेय, प्रो. एस.पी. वर्मा, प्रो. आर.एल. पाल, प्रो. श्रीप्रकाश, प्रो. सूर्य नारायण, प्रो. चंद्रशेखर चौबे, डॉ. विकास सिंह, डॉ. अनुराग त्रिपाठी, डॉ. मनीष कुमार श्रीवास्तव, डॉ. आभा त्रिपाठी, डॉ. मनीष सिंह, डॉ. प्रमोद यादव, डॉ. सेवक राम, डॉ. प्रेमचंद, डॉ. देवेंद्र प्रसाद, डॉ. अनिल कुमार, डॉ. रिचा श्रीवास्तव, डॉ. प्रिया श्रीवास्तव, डॉ. रिचा पांडेय एवं कर्मचारी समस्त शोध छात्र एवं छात्राएं उपस्थित रहे।

## शिवांगी की मौत से परिवार में पसरा मातम

**जौनपुर (जफराबाद)।** जलालपुर क्षेत्र के कोतवालपुर गांव निवासी सुभाष मिश्र की पुत्री शिवांगी मिश्र की मौत से परिवार में मातम पसर गयं।पूर्वांचल विश्वविद्यालय के हॉस्टल में।मंगलवार की रात को आत्महत्या कर लिया था।उक्त गांव के निवासी सुभाष मिश्र के दो संतान बड़ा पुत्र शिवम मिश्र उर्फ शनि तथा बेटी शिवांगी मिश्रा थी।शिवांगी 2023 में पूर्वांचल विश्वविद्यालय में एडमिशन करवाकर बॉयोटेक्नोलॉजी की पढ़ाई कर रही थी। घर पर शिवांगी होली की छुट्टी पर आई थी। सुभाष मिश्र के परिवार में पत्नी अनिता शुक्ला,पुत्र शिवम उर्फ शनि तथा उसकी पत्नी हेमा मिश्रा थे। पुत्री शिवांगी 2023 से पूर्वांचल विश्वविद्यालय में हॉस्टल में रहकर पढ़ाई करती थी।


## कार्यालय नगर पालिका परिषद एत्मादपुर (आगरा)

संख्या- 6073/न0पा0प0ए0/2025 दिनांक- : 01-04-2025

### निविदा सूचना

उत्तर प्रदेश शासन के स्वीकृति पत्र संख्या-115/2025/आर0एफ0-581/नौ-9-2025/003-ई-1913541 के क्रम में नगर पालिका परिषद एत्मादपुर (आगरा) पं0 दीन दयाल उपाध्याय नगर विकास योजना 'अनुदान संख्या-37' की प्राप्त धनराशि से ओपन ईटेण्डरिंग के माध्यम से निकाय सीमान्तर्गत सी0सी0 सड़क व नाली निर्माण कार्य एवं नगर पालिका परिषद एत्मादपुर सीमान्तर्गत लाईट व पोल अधिष्ठापन एवं सौन्दर्यीकरण का कार्य व अन्य कार्य कराना चाहती है जो ईटेंण्डरिंग की बेबसाइट http://etender.up.nic.in के माध्यम से टेण्डर आमंत्रित करती हैं। धरोहर राशि नगर पालिका परिषद एत्मादपुर आगरा के कैनरा बैंक शाखा एत्मादपुर के खाता सं0-0371101013537, IFSC कोड CNRB0000371 में नगद जमा करनी होंगी व जमा रसीद कार्यालय में जमा करनी होगी। किसी भी निविदा को स्वीकृत अथवा अस्वीकृत करने का अधिकार सक्षम अधिकारी को होगा। समय के उपरान्त प्राप्त निविदाओं पर व शसर्त निविदाओं पर कोई विचार नहीं किया जायेगा।

| Sr. no. | नगर पालिका परिषद एत्मादपुर nppetmadpur01@gmail.com | ठेकेदार/VEnder Stage | प्रारम्भ दिनांक एवं समय | अन्तिम दिनांक एवं समय |
|---|---|---|---|---|
| 1 | Tender Release | | 03/04/2025 1:30 PM | -- |
| 2 | | Tender Download | 03/04/2025 1:30 PM | -- |
| 3 | | Bid submission | -- | 03/04/2025 1:30 PM |
| 4 | Close for Bid | | -- | 15/04/2025 05:00PM |
| 5 | Bid Opening | | -- | 16/04/2025 05:00AM |

**नोट-** ठेकेदार ई-टेण्डरिंग प्रणाली के अन्तर्गत निधारित प्रपत्रों के मूल अभिलेख नगर पालिका में प्रस्तुत करने होगें तथा निविदा शुल्क 100 रूपये प्रति लाख नगर पालिका परिषद एत्मादपुर के खाते में जमा करने होंगे। किसी भी परिवर्तन संशोधन व अतिरिक्त सूचनाओं के लिए उक्त बेवसाइट पर देख सकते है।

**अधिशासी अधिकारी**
**नगर पालिका परिषद**
**एत्मादपुर (आगरा)**

**अध्यक्ष**
**नगर पालिका परिषद**
**एत्मादपुर (आगरा)**


# ऑटिज्म बीमारी नहीं बल्कि स्पेक्ट्रम डिसऑर्डर है: डॉ. श्रेया

अवधनामा संवाददाता

**प्रयागराज।** हर साल 2 अप्रैल को मनाया जाने वाला विश्व ऑटिज़्म जागरूकता दिवस सिर्फ एक दिन नहीं, बल्कि एक संदेश है... विविधता को समझने, स्वीकारने और आगे बढ़ाने का। इस साल की थीम न्यूरोडायवर्सिटी और सतत विकास लक्ष्यों को आगे बढ़ाना हमें याद दिलाती है कि सामाजिक समावेशन केवल एक सोच नहीं, बल्कि एक ज़िम्मेदारी है। यह बातें रिहैबिलिटेशन साइकोलाजिस्ट डॉ श्रेया शुक्ला ने कहीं। उन्होंने कहा कि ऑटिज़्म कोई बीमारी नहीं, बल्कि मस्तिष्क के विकास की एक अलग शैली है। यह एक स्पेक्ट्रम डिसऑर्डर है, जिसमें हर बच्चा अलग-अलग ढंग से प्रभावित होता है। कुछ बच्चों को संवाद में कठिनाई होती है। कुछ को सामाजिक संकेत समझने में परेशानी होती है, और कुछ दोहराव वाले व्यवहार प्रदर्शित करते हैं। लेकिन इन सबके बीच एक बात समान होती है, इन बच्चों की मासूमियत और विशिष्ट क्षमताएं। डॉ. श्रेया कहती हैं कि समाज को चाहिए नई दृष्टि आज भी हमारे समाज में ऑटिज़्म को लेकर भ्रांतियां फैली हुई हैं। ऐसे बच्चों को अलग, समस्या वाले, या बोझ मान लिया जाता है। यह सोच बदलनी होगी। जरूरत है एक ऐसी दृष्टि की, जो विविधता को कमजोरी नहीं बल्कि ताकत माने।डॉ. श्रेया शुक्ला कहती हैं कि हर बार जब मैं किसी ऑटिस्टिक बच्चे से मिलती हूं, तो मुझे महसूस होता है कि ये बच्चे दुनिया को देखने का एक अनोखा चश्मा पहनते हैं। अगर हम थोड़ी समझदारी, धैर्य और प्यार से उन्हें देखें, तो हम भी उस चश्मे से जीवन को देखना सीख सकते हैं जहां हर चीज में एक गहराई और एक मासूम खूबसूरती छुपी होती है। हमें इन्हें केवल सहारा नहीं, सम्मान देना होगा।

# रामजीलाल सुमन पर कारवाई के लिए डीएम को आज ज्ञापन देगे राजपूत सेवा समिति के सदस्य

अवधनामा संवाददाता



**जौनपुर।** राज्यसभा में सपा सांसद रामजीलाल सुमन के गैर जिम्मेदाराना बयान देते हुए राणा सांगा के खिलाफ दिए गए बयान से आक्रोशित राजपूत सेवा समिति के सदस्यों ने बुधवार को कलेक्ट्रेट परिसर में बैठक कर

यह कहा कि सांसद का यह बयान राजपूत समाज के साथ पूरे राष्ट्र का अपमान है। समस्त वीर लड़ाकों, योद्धाओं का अपमान है, जो मुगलों से लड़े हैं। समिति के सदस्यों ने यह निर्णय लिया कि राज्यसभा सांसद रामजी लाल सुमन के खिलाफ राजपूत समाज के लोग कल एकजुट होकर कलेक्ट्रेट परिसर में पहुंचे। समिति के सदस्य ओम प्रकाश सिंह ने बताया कि रामजीलाल के खिलाफ कड़ी कारवाई के लिए समिति के सदस्यों के द्वारा राष्ट्रपति के नाम एक ज्ञापन जिलाधिकारी को सौंपा जायेगा। उन्होंने राजपूत सेवा समिति के सभी सदस्यों के साथ साथ राजपूत समाज के लोगों से आह्वान किया कि कल दिन में साढ़े दस बजे तक हर हाल में कलेक्ट्रेट परिसर में बने पत्रकार भवन पर एकत्रित हो जाए। वहां बैठक करने के बाद सभी लोग जिलाधिकारी कार्यालय पहुंचकर ज्ञापन सौंपेगे। समिति के सदस्य बशिष्ठ नारायण सिंह, वीरेंद्र प्रताप सिंह रत्नाकर सिंह, डाक्टर नबाब, सर्वेश सिंह व शरद सिंह ने कहा कि राज्यसभा में सपा सांसद रामजीलाल सुमन ने औरंगजेब के पक्ष में संसद में बयान देकर महावीर, शूरवीर योद्धा राणा सांगा का अपमान कर रहे थे। उन्होंने सदन को कलंकित किया है। उन्हें तुरंत माफी मांगने के साथ इस्तीफा देना चाहिए।

बैठक में शशि मोहन सिंह क्षेम, प्रदीप सिंह सफायर, अजीत सिंह, शशि प्रकाश सिंह, अमर बहादुर सिंह, मुन्ना सिंह, विनोद कुमार सिंह, रजनीश कुमार सिंह, राजेंद्र प्रसाद सिंह, देवेंद्र प्रताप सिंह, सिद्धार्थ सिंह, धर्मेंद्र सिंह, रवींद्र नारायण सिंह, डा. राजेश सिंह, रुद्र प्रताप सिंह, उमेश सिंह, संजय सिंह विशेन, रुद्र प्रताप सिंह, डा. सौरभ सिंह, बृजेश कुमार सिंह, आनंद सिंह, देवी सिंह, राघवेंद्र कुमार सिंह, भूपेश कुमार सिंह सहित भारी संख्या में समिति के पदाधिकारी मौजूद थे।

# अनुशासन से व्यक्तित्व का विकास: प्रो. मौर्य



अवधनामा संवाददाता

**प्रयागराज।** राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई कुल भास्कर आश्रम पीजी कॉलेज प्रयागराज में सात दिवसीय विशेष शिविर के आयोजन का समापन हुआ। विशेष शिविर का संचालन महाविद्यालय के प्राचार्या प्रोफेसर गीतांजलि मौर्य के निर्देशन में चल रहा था। आज के दिन प्रारंभ प्रोफेसर पवन कुमार पचौरी, विभागाध्यक्ष, शारीरिक शिक्षा विभाग कुल भास्कर आश्रम पोस्ट ग्रेजुएट कॉलेज प्रयागराज के योगाभ्यास से संपन्न हुआ। तत्पश्चात डॉक्टर एस पी यादव, कार्यक्रम अधिकारी राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई कुलभास्कर आश्रम पीजी कॉलेज प्रयागराज का व्याख्यान मृदा प्रदूषण एवं उपाय विषय पर हुआ। विशेष शिविर के दूसरे सत्र में शिविर के दौरान स्वच्छता अभियान, महिला सशक्तिकरण, आधार कार्ड की अनिवार्यता विषय पर कराई गई प्रतियोगिता में प्रथम द्वितीय एवं तृतीय स्थान पर आए हुए स्वयंसेवक एवं सेविकाओं को प्राचार्य महोदया द्वारा प्रमाण पत्र दिया गया। इस मौके पर प्राचार्य, पूर्व प्रभारी राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई कुलभास्कर आश्रम पीजी कॉलेज प्रोफेसर एस पी विश्वकर्मा, प्रोफेसर पवन कुमार पचौरी, अनिल कुमार, विनोद कुमार स्वयंसेवक एवं सेविकाएं उपस्थित रहे। इस कार्यक्रम का संचालन डॉक्टर मनोज कुमार सिंह कार्यक्रम अधिकारी कुलभास्कर आश्रम पीजी कॉलेज प्रयागराज एवं धन्यवाद ज्ञापन डॉ एस पी यादव कार्यक्रम अधिकारी राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वितीय कुलभास्कर आश्रम पीजी कॉलेज ने धन्यवाद ज्ञापन किया।

# मंगल क्लीनिक पर मनाया गया ऑटिज्म दिवस



अवधनामा संवाददाता

**जौनपुर।** सक्षम जिला जौनपुर काशी प्रांत के तत्वाधान में मंगल क्लिनिक न्यूरो साइकाइट्रिक सेंटर पर वर्ल्ड ऑटिज्म दिवस के उपलक्ष में एक संगोष्ठी का आयोजन हुआ।आज 2 अप्रैल को वर्ल्ड ऑटिज्म दिवस के रूप में मनाया जाता है यह एक मानसिक विकलांगता के अंतर्गत आता है।

ऑटिज्म से पीड़ित व्यक्ति को औरों के साथ संवाद करने में दिक्कत होता है ऐसे व्यक्तियों का आईक्यू लेवल भी कम होता है प्राय यह पाया जाता है कि ऑटिज्म से पीड़ित व्यक्ति का किसी एक पार्टिकुलर एरिया में उनका इंटरेस्ट बहुत ज्यादा होता है जैसे कई लोग गायन में वादन में डांस में बहुत अच्छा करते हैं।

ऑटिज्म से पीड़ित व्यक्ति को सही समय पर मानसिक सपोर्ट साइकोलॉजिकल ट्रीटमेंट मिल जाता है तो यह अपना जीवन यापन सरलता पूर्वक कर सकते हैं। और इसके साथ होने वाली अन्य बीमारियां जैसे डिप्रैशन एंजायटी एपिलेप्सी और एडीएसडी का समय पर इलाज किया जाता है तो उनके मानसिक विकास में सहायक होते हैं। कार्यक्रम में डॉ उत्तम गुप्ता,डॉ साधना मौर्या,डॉ पीके सिंह,शशिभूषण पांडे,अजयचंद शाहू,त्रिलोकी यादव, कर्मवीर सिंह, बिट्टू जी उर्वशी सिंह आराधना श्रीवास्तव डॉक्टर प्रहलाद जी सुधाकर दुबे इत्यादि लोक मौजूद रहे।


## कार्यालय ग्राम पंचायत हरखोड़ा विकास खण्ड मिठौरा, जनपद-महराजगंज

पत्रांक : मेमो/ग्राम पंचायत/निविदा 2025-26 दिनाँक : 02.04.2025

### अल्पकालिक निविदा आपूर्ति सूचना

विकास खण्ड मिठौरा के ग्राम पंचायत हरखोड़ा द्वारा महात्मा गाँधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारन्टी योजना/पंचम वित्त/पन्द्रहवावित्त/स्वच्छ भारत मिशन/ठोस एवं तरल अपशिष्ट प्रबंधन/आरसीसी सीमेंटेड बैच की आपूर्ति एवं स्थापना कार्य हेतु/ स्कूली डेस्क एवं बेंच की आपूर्ति एवं स्थापना कार्य हेतु/ स्ट्रीट लाइट की आपूर्ति एवं स्थापना कार्य हेतु एवं अन्य योजना अन्तर्गत वित्तीय वर्ष 2025-26 में स्वीकृत कराये जाने वाले कार्यों हेतु प्रथम श्रेणी ईट/इण्टरलाकिंग ईंट/बालू/सीमेंट/मोरंग इत्यादि व वर्मी कम्पोस्ट एवं ह्यूम पाइप/सरिया/पेंट/वायरिंग/पत्थर बोर्ड/ईंट का टुकड़ा/पत्थर की गिट्टी/स्ट्रीट लाइट/कचरा पात्र/प्लास्टिक बैंक/भक्मल/ई रिक्शा/सायकिल/ठेला/सफाई सामग्री/एंगल/आयरन/टीनशेड/इंडिया मार्का हैंडपंप रिबोर व मरम्मत/सोलर लाइट इत्यादि सामग्री से संबंधित आपूर्ति हेतू निविदा आमंत्रित की जाती है। इच्छुक आपूर्तिकर्ता द्वारा दिनांक 16.04.2025 को दिन में 12 बजे तक सामग्री आपूर्ति हेतु अपनी निविदा दर तथा वाछिंत प्रपत्र बंद लिफाफे में ग्राम पंचायत कार्यालय हरखोड़ा के निविदा बाक्स में डाली जायेगी। निवदा उसी दिन 3.00 बजे ग्राम पंचायत कार्यालय में खोली जायेगी तथा समस्त औपचारिकताएं पूर्ण की जायेंगी। धरोहर राशि मु 5000 (पाँच हजार) रूपये होगी।

**नियम व शर्तेः-**

1- जिस आपूर्तिकर्ता की दर सबसे कम होगी। उसे ग्राम पंचायत द्वारा कराये जाने वाले कार्य हेतु सूचित किया जायेगा। 2- आपूर्तिकर्ता का आयकर में रजिस्ट्रेशन अनिवार्य है तथा वह आयकर देयता हो। प्रमाणित प्रति संलग्न करना अनिवार्य है तथा 3 वर्ष का आयकर क्लीयरेन्स संलग्न करना होगा। 3- ग्राम पंचायत सचिव /ग्राम प्रधान द्वारा नामित अधिकारियों व कर्मचारियों द्वारा आपूर्तिकर्ता की मौजूदगी में टेण्डर खोला जायेगा। 4- सामग्री की आपूर्ति ग्राम पंचायत परिधि में स्वीकृत दर से निर्धारित स्थल पर ही करनी होगी। 5-जो दरें प्रस्तुत की जाए वह जीएसटी तथा कार्टेज चार्ज तथा अन्य कर जोड़कर प्रस्तुत की जाएं। 6- सामग्री की आपूर्ति सचिव ग्राम पंचायत/ग्राम प्रधान के आदेश पर ही की जायेगी। 7- सामग्री की मात्रा घटायी या बढ़ायी जा सकती है। 8- प्रस्तुत दरें पी.डब्लू.डी. द्वारा स्वीकृत दर से अधिक मान्य नहीं होंगी। 9- आपूर्तिकर्ता को 200 प्रतिशत आयकर देना होगा। 10- ग्राम पंचायत के प्रधान/सचिव/सदस्य/बीडीसी/जिला पंचायत सदस्य/तकनीकी सहायक ग्राम रोजगार सेवक आदि कर्मचारियों के सगे सम्बंधी एवं रिश्तेदार द्वारा निविदा प्रस्तुत नहीं की जायेगी। उक्त आशय की नोटरी सपथ पत्र पर प्रस्तुत करना अनिवार्य है। 11-सीमेंट की आपूर्ति हेतु संबंधित के पास डीलरशिप/एजेन्सी होना अनिवार्य है अन्यथा की दशा में आपूर्तिकर्ता को आपूर्ति हेतु खरीदी गयी सीमेंट का पक्का बिल प्रस्तुत करना अनिवार्य है। 12- निविदा को बिना कारण बताये निरस्त करने का अधिकार याग पंचायत सचिव/ग्राम प्रधान के पास होगा। 13- स्वीकृत आपूर्तिकर्ता को भुगतान तकनीकी सहायक/अवर अभियन्ता द्वारा सामग्री की गुणवता प्रमाणित होने तथा मापन के उपरान्त किया जायेगा। गुणवत्ता खराब होने पर भुगतान नहीं किया जायेगा। 14- धरोहर की धनराशि नगद/राष्ट्रीयकृत बैंक के एफडीआर एवं एनएससी/डाकघर बचत पत्र के रूप में ग्राम पंचायत के नाम बन्धक कर संलग्न करना अनिवार्य है। 15- आपूर्ति दर स्वीकृत होने तथा ग्राम पंचायत द्वारा आपूर्ति आदेश देने के 7 दिवस के अन्दर सामग्री आपूर्ति न करने की दशा में धरोहर धनराशि जब्त कर ली जायेगी। 16-निविदा फार्म ग्राम पंचायत कार्यालय से प्राप्त प्रपत्र जिसका मूल्य 100 रुपया है /पर ही स्वीकार्य किया जायेगा। 17- सामग्री आपूर्ति के सम्बन्ध में शर्ते व अन्य जानकारी किसी भी कार्य दिवस को ग्राम पंचायत के कार्यालय से प्राप्त की जा सकती है। शासकीय आदेशों के नियंत्रण में रहना होगा। 18- आपूर्तिकर्ता को अपने फर्म की चौहद्दी के साथ फोटोग्राफ की स्वप्रमाणित प्रति संलग्न करना अनिवार्य है। जहाँ दुकान/गोदाम/आफिस समाहित हैं। 19- नवीनतम जी.एस.टी. रिटर्न का प्रपत्र संलग्न करें। 20- आपूर्तिकर्ता हैसियत प्रमाण पत्र संलग्न करें।

**ग्राम प्रधान**
**अनीता देवी**
**ग्राम पंचायत हरखोड़ा**
**मिठौरा-महराजगंज।**

**सचिव/ग्रा.वि.आ.**
**अखिलेश द्विवेदी**
**ग्राम पंचायत हरखोड़ा**
**मिठौरा-महराजगंज।**


## खेत-खलिहानों के पास बीड़ी, सिगरेट एवं माचिस की तीली न जलायें

**जौनपुर।** अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व राम अक्षयवर चौहान ने बताया है जिला आपदा प्रबन्धन प्राधिकरण जौनपुर द्वारा अग्निकाण्ड से फसलों से बचाव हेतु एडवाइजरी जारी करते हुए अवगत कराया है कि खेत-खलिहानों के पास बीड़ी, सिगरेट एवं माचिस की तीली न जलायें। खेत-खलिहानों के पास गरम राख या आग न फेंके। खड़ी फसलों के पास अपशिष्ट, सूखी पत्तियों या वनस्पति को न जलायें। फसलों के अवशेष न जलाये इसे पशुचारे के रूप में या खाद व अन्य जैविक उपयोग में लायें। खेतों के चारों ओर लगभग 3-4 मीटर चौड़ी (फायर ब्रेक) खाली पट्टी बनाये ताकि आग फैलने से रोकी जा सके। पशुशालाओं के आस-पास आग न जलाये। खेत के आस-पास या खेत में ट्रांसफार्मर लगे हैं तो किसान भाई सबसे पहले उसके आस पास की फसलों की कटाई कर लगभग 3-4 मीटर चौड़ा खाली स्थान बनायें जिससे अग्निकाण्ड की घटना घटित न होने पायें खेत-खलिहानों में यदि अग्निकाण्ड की घटना होती है तो तत्काल फायर ब्रिगेड एवं 112 पर सूचना दें।


## कार्यालय जिला पंचायत, महराजगंज।

पत्रांक :- 01/जि0पं0म0/2025-26 दिनांक : 01 अप्रैल, 2025

### अति अल्प कालीन ई-प्रोक्योरमेन्ट/ई-टेण्डरिंग सूचना

जिला पंचायत महराजगंज के समस्त पंजीकृत ठेकेदारों/सिंचाई विभाग/लोक निर्माण विभाग/समस्त जिला पंचायतों में पंजीकृत ठेकेदारों को सूचित किया जाता है कि पंचम राज्य वित्त/15वॉ वित्त अनटाइड एवं टाइड ग्राण्ट योजनान्तर्गत स्वीकृत परियोजनाओं की ई-निविदा आमंत्रित की जाती है। ई-निविदा के साथ कार्य का विवरण तथा नियम व शर्तें अपलोड की गयी हैं, जिसे देखा व पढ़ा जा सकता है। ई-निविदा दिनांक 02.04.2025 को अपरान्ह 06.00 बजे से https://etender.up.nic.in पर जाकर दिनांक 11.04.2025 को पूर्वान्ह 11.00 बजे तक डाउनलोड व अपलोड किया जा सकता है। निविदा दिनांक 11.04.2025 को टेण्डर समिति के समक्ष अपर मुख्य अधिकारी के कक्ष में अपरान्ह 02.00 बजे निविदा खोली जायेंगी। प्रत्येक निविदा के साथ टेण्डर फार्म के कीमत की धनराशि आर0टी0जी0एस0/नेफ्ट/चालान/आनइलाईन डिजिटल भुगतान माध्यमों से जिला पंचायत महराजगंज के जिला निधि खाता संख्या. 21246239861 आई0एफ0एस0 सी0 कोड - IDIB000M537 इण्डियन बैंक महराजगंज में जमा कर, प्राप्ति रसीद/प्रमाण टेण्डर फार्म के साथ संलग्न कर अपलोड करना अनिवार्य होगा। प्रत्येक टेण्डरदाता को अपने टेण्डर फार्म के साथ अनुमानित कार्य मूल्य पर 2 प्रतिशत धरोहर धनराशि आर0टी0जी0एस0/नेफ्ट/आनइलाईन डिजिटल भुगतान माध्यमों से जिला पंचायत के जमानत खाता संख्या. 3415101000748 आई0एफ0एस0सी0 कोड - CNRB0018642 केनरा बैंक महराजगंज अथवा बैंक सावधि जमा रसीद/एन0एस0सी0, जिला पंचायत की रसीद प्रत्येक कार्य के साथ अलग-अलग नियत धनराशि का जो अपर मुख्य अधिकारी जिला पंचायत महराजगंज के पद नाम से बन्धक होगा, को संलग्न कर अपलोड करना अनिवार्य होगा। निविदा स्वीकृत होने के उपरान्त समस्त मूल अभिलेख कार्यालय को उपलब्ध कराना अनिवार्य होगा। किसी भी दशा में अनुबन्ध से पूर्व हुए कार्य को श्रमदान माना जायेगा। अन्य जानकारी किसी भी कार्य दिवस में कार्यालय से प्राप्त की जा सकती है। ई-टेण्डरिंग के सम्बन्ध मे शासन से यदि कोई निर्णय लिये जाते हैं तो ठेकेदार को मान्य होंगे।

| S.No. | Tender Published Date and Time | Tender Sale Start Date and Time | Tender Sale End Date and Time | Tender Opening Date and Time |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 |
| 1 | 02.04.2025 06.00 PM | 02.04.2025 06.00 PM | 11.04.2025 11-00 AM | 11.04.2025 02-00 PM |

**अभियन्ता**
**जिला पंचायत महराजगंज।**

**अपर मुख्य अधिकारी**
**जिला पंचायत महराजगंज।**

**मा. अध्यक्ष**
**जिला पंचायत महराजगंज।**

# ट्रंप टैरिफ से पहले शेयर बाजार में हरियाली, सेंसेक्स 593 अंक चढ़ा, निफ्टी 23300 के पार

**नई दिल्ली।** अमेरिका के जवाबी टैरिफ के एलान से पहले बुधवार को घरेलू शेयर बाजार के प्रमुख बेंचमार्क सूचकांक हरे निशान पर बंद हुए। हफ्ते के दूसरे कारोबारी दिन 30 शेयरों वाला बीएसई सेंसेक्स 592.93 (0.77त्न) अंकों की बढ़त के साथ 76,617.44 के स्तर पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान यह 655.84 अंक या 0.86 प्रतिशत बढ़कर 76,680.35 अंक तक पहुंचने में सफल रहा। दूसरी ओर, 50 शेयरों वाला एनएसई निफ्टी इंडेक्स 166.65 (0.72त्न) अंक मजबूत होकर 23,332.35 के स्तर पर बंद हुआ। इस दौरान जोमैटो के शेयर 5त्न जबकि टाइटन के शेयर 4त्न की बढ़त के साथ बंद हुए।




बाजार में बुधवार को बैंकिंग और ऑटो शेयरों में हालिया गिरावट के बाद लौटी खरीदारी के कारण तेजी लौटी। हालांकि, निवेशक अमेरिका की ओर से आज घोषित की जाने वाली टैरिफ घोषणाओं का इंतजार कर रहे हैं। इससे बाजार में आगे का रुख तय होगा।

इस बीच, ऑटो, बैंकिंग और आईटी शेयरों में खरीदारी और मार्च में भारत के विनिर्माण क्षेत्र की वृद्धि दर आठ महीने के उच्चतम स्तर पर पहुंचने से घरेलू शेयर बाजारों में सुधार दिखा। बुधवार को अमेरिकी टैरिफ घोषणाओं से पहले एफआईआई की बिकवाली के कारण मंगलवार को सेंसेक्स में 1,390 अंक या 1.80 प्रतिशत तक टूट गया था। वहीं, निफ्टी में 353 अंक तक फिसल गया था।

सेंसेक्स में शामिल शेयरों में से जोमैटो में करीब 5 प्रतिशत की तेजी आई, जबकि टाइटन में करीब 4 प्रतिशत की तेजी आई। इंडसइंड बैंक, मारुति, टेक महिंद्रा, अदाणी पोर्ट्स, भारती एयरटेल और एचडीएफसी बैंक भी लाभ में रहे। हालांकि, नेस्ले, पावर ग्रिड, अल्ट्राटेक सीमेंट, बजाज फिनसर्व और लार्सन एंड टूब्रो के शेयरों में गिरावट दिखी। बाजार में बुधवार को बैंकिंग और ऑटो शेयरों में हालिया गिरावट के बाद लौटी खरीदारी के कारण तेजी लौटी। हालांकि, निवेशक अमेरिका से आज आने वाली टैरिफ से जुड़ी घोषणाओं का इंतजार कर रहे हैं। इससे बाजार में आगे का रुख तय होगा।


शेयर बाजार की चाल पर जियोजित इन्वेस्टमेंट्स लिमिटेड के शोध प्रमुख विनोद नायर ने कहा, बाजार में बढ़त काफी हद तक तक इस उम्मीद से प्रेरित है कि भारत-अमेरिका व्यापार वार्ता में सकारात्मक प्रगति होगी और टैरिफ का घरेलू अर्थव्यवस्था पर न्यूनतम प्रभाव पड़ेगा। मार्च में भारत के विनिर्माण पीएमआई के आंकड़े मजबूत रहने से बाजार में बुल्स को बढ़ावा मिला। पीएमआई सूचकांक आठ महीने के उच्चतम स्तर पर पहुंच गया है। इससे वित्तीय वर्ष 2025 की चौथी तिमाही में कंपनियों की आय में सुधार का संकेत मिलता है।

आशिका ग्लोबल फैमिली ऑफिस सर्विसेज के सह-संस्थापक अमित जैन ने कहा, ÷पारस्परिक करों पर ट्रम्प का निर्णय वैश्विक व्यापार में अनिश्चितता लेकर आया है। भारत के लिए, इसका मतलब इक्विटी बाजारों में अल्पकालिक अस्थिरता हो सकती है। इसका अबसर ऑटोमोबाइल, फार्मा और आईटी जैसे निर्यात आधारित क्षेत्रों पर पड़ सकता है। इन क्षेत्रों के चुनिंदा लार्जकैप शेयरों को टैरिफ के कारण दबाव का सामना करना पड़ सकता है, लेकिन भारत की मजबूत घरेलू खपत बरकरार है और यह अर्थव्यवस्था में लचीलापन लाती है।÷

## क्रॉम्पटन ने लॉन्च की ऑरा, अवांसर और जेडी एयर कूलर की नई रेंज

**मुंबई।** जैसे-जैसे गर्मियों की तपिश बढ़ रही है, ठंडक अब केवल एक सुविधा नहीं बल्कि ज़रूरत बनती जा रही है। इस मौसम में राहत देने के लिए क्रॉम्पटन ग्रीव्स कंज्यूमर इलेक्ट्रिकल्स लिमिटेड ने एयर कूलर्स की अपनी नई रेंज ऑरा, अवांसर और जेडी सीरीज़ लॉन्च की है। पंखों और घरेलू पंपों के क्षेत्र में नंबर 1 ब्रांड के तौर पर अपनी विशेषज्ञता का लाभ उठाते हुए क्रॉम्पटन ने यह नई सीरीज़ उन ग्राहकों के लिए तैयार की है, जो तेज़, टिकाऊ और सुविधाजनक कूलिंग सॉल्यूशंस की तलाश में हैं।

हर साल जैसे-जैसे तापमान बढ़ता जा रहा है, लोगों के लिए गर्मी के लंबे दिनों और उमस भरी रातों में ठंडक और आराम बनाए रखना एक बड़ी चुनौती बनता जा रहा है। एयर कूलर एक किफायती और तुरंत राहत देने वाला विकल्प जरूर हैं, लेकिन भारत में अब भी जागरूकता की कमी के कारण इनका इस्तेमाल अपेक्षाकृत कम होता है। क्रॉम्पटन इस सोच को बदलना चाहता है–अपनी नई एयर कूलर रेंज ऑरा, अवांसर और जेडी के ज़रिए, जो खासतौर पर तेज़ कूलिंग, आसान पोर्टेबिलिटी और रोजमर्रा की सुविधा को ध्यान में रखते हुए डिज़ाइन की गई है। चाहे बात सुकून भरी नींद की हो या घर के काम करते हुए ठंडक बनाए रखने की, क्रॉम्पटन के एयर कूलर्स हर परिस्थिति में आपको ठंडक और आराम देने के लिए तैयार हैं–बिलकुल वहां, जहां आपको इसकी सबसे ज़्यादा ज़रूरत हो।




ऑरा सीरीज़ (डेज़र्ट 70 लीटर / 90 लीटर/ 110 लीटर): बड़े कमरों के लिए डिज़ाइन की गई यह सीरीज़ शक्तिशाली फैन ब्लेड के साथ आती है, जो जबरदस्त एयरफ्लो देती है और पूरे घर को ठंडा और आरामदायक बनाए रखती है। इसका विशेष आइस चैंबर कूलिंग प्रक्रिया को तेज करता है, जबकि एवरलास्ट पंप हार्ड वॉटर में भी भरोसेमंद परफॉर्मेंस सुनिश्चित करता है। उच्च घनत्व वाले हनीकॉम्ब पैड्स लंबे समय तक स्थिर और प्रभावी ठंडक प्रदान करते हैं, जिससे यह सीरीज़ आपके घर के लिए ताजगी और ठंडक का एक बेहतरीन विकल्प बन जाती है।

अवांसर सीरीज़ (डेज़र्ट 65 लीटर / 80 लीटर / 95 लीटर): मध्यम से बड़े आकार के कमरों के लिए उपयुक्त यह सीरीज़ तेज और स्थिर कूलिंग देने वाले धारदार फैन ब्लेड्स से लैस है। इसका 4-वे एयर डिफ्लेक्शन सिस्टम पूरे कमरे में ठंडी हवा समान रूप से फैलाता है, जिससे हर कोना ठंडा रहता है। एवरलास्ट पंप हार्ड वॉटर में भी टिकाऊ प्रदर्शन देता है, जबकि हाई-डेंसिटी हनीकॉम्ब पैड तीव्र कूलिंग सुनिश्चित करते हैं। इसमें ऑटोफिल फंक्शन और वॉटर लेवल इंडिकेटर जैसी सुविधाएं भी हैं, जो इस कूलर को उपयोग में बेहद आसान बनाती हैं। यह सीरीज़ आपके मूड के अनुसार माहौल को ठंडा बनाए रखने का एक सहज तरीका है।

# स्कोडा ऑटो की भारत में रजत जयंती, मार्च में दर्ज की अब तक की सबसे बड़ी मासिक बिक्री

**मुंबई।** स्कोडा ऑटो इंडिया ने भारत में सफलतापूर्वक 25 साल पूरे कर लिए हैं, और यह देश में उनके नए दौर की शुरुआत को दिखाता है। कंपनी ने भारत में अपने 25 साल के इतिहास में रिकॉर्डतोड़ बिक्री की उपलब्धि हासिल की है। मार्च 2025 में स्कोडा ऑटो इंडिया ने 7,422 गाड़ियाँ बेचीं, जो भारत में इस ब्रांड की अब तक की किसी एक महीने में बिक्री की सबसे बड़ी संख्या है। यह सफलता उनकी नई कायलाक एसयूवी के लॉन्च और रणवीर सिंह को कंपनी का पहला ब्रांड सुपरस्टार बनाने के तुरंत बाद मिली है, जिससे लोगों के बीच जागरूकता और पसंद बढ़ी है।

स्कोडा ऑटो इंडिया के ब्रांड डायरेक्टर पेट्र जैनेबा ने बिक्री के इस रिकॉर्ड के बारे में कहा, ''जब हमने नई कायलाक लॉन्च की थी, तो हमने कहा था कि भारत में हमारी कंपनी का नया दौर शुरू हो रहा है। मार्च 2025 में हमने 7,422



गाड़ियाँ बेचीं, जो दिखाती हैं कि हमारी योजना सही दिशा में जा रही है। यह हमारी लगातार मेहनत और उस योजना का नतीजा है, जिसके तहत हम भारतीय सड़कों पर अच्छी यूरोपीय तकनीक वाली गाड़ियाँ लाना चाहते हैं। ग्राहकों ने बताया है कि कायलाक बहुत अच्छी गाड़ी है। यह छोटी सब-4-मीटर एसयूवी होते हुए भी बड़ी गाड़ियों जैसा आराम, जगह और सुरक्षा देती है। ज़्यादा लोगों को यह गाड़ी मिल सके और इसकी सफलता का जश्न मनाने के लिए, हमने इसकी शुरूआती कीमत को अप्रैल के अंत तक नहीं बढ़ाने का फैसला किया है।

**कायलाक: बिक्री में प्रमुख योगदान**

भारत में स्कोडा ऑटो के लिए इस महीने में सबसे अधिक बिक्री का एक प्रमुख कारण है उनकी नई कार, कायलाक, जिसकी घोषणा फरवरी 2024 में हुई थी। इस कार का नाम भारत ने रखा था और नवंबर 2024 में इसे पेश किया गया था, जिसकी डिलीवरी जनवरी 2025 में शुरू हुई। यह स्कोडा ऑटो इंडिया की पहली सब-4 मीटर एसयूवी है और स्कोडा के फाइव-स्टार सुरक्षित कारों के परिवार में प्रवेश बिंदु है। रूत्नक्र0-द्धह प्लेटफॉर्म पर बनी स्कोडा की तीनों कारों - कुशाक, स्लाविया और कायलाक ने वयस्क और बाल सुरक्षा दोनों के लिए पूरे फाइव स्टार अर्जित किए हैं। कुशाक और स्लाविया का परीक्षण ग्लोबल एनसीएपी द्वारा किया गया था, जबकि कायलाक का परीक्षण हाल ही में भारत एनसीएपी के तहत किया गया था।

बढ़ती मांग को पूरा करने के लिए, कायलाक का उत्पादन तेजी से बढ़ाया जा रहा है। कंपनी मई के अंत तक बुकिंग (15,000 से अधिक) कराने वाले सभी ग्राहकों को गाड़ी की डिलीवरी करना चाहती है।

## जियोहॉटस्टार और पद्म विभूषण अमिताभ बच्चन विशेष लाइवस्ट्रीम के माध्यम से राम नवमी के पवित्र उत्सव को लाखों लोगों तक पहुंचाएंगे

**नई दिल्ली।** जियोहॉटस्टार भारत में लाइव स्ट्रीमिंग के अनुभव को ज्यादा से ज्यादा लोगों तक पहुंचा रहा है, जिससे लाखों लोग अपने पसंदीदा आयोजनों से आसानी से जुड़ पा रहे हैं। कोल्डप्ले के म्यूजिक ऑफ स्फेयर्स और महाशिवरात्रि द डिवाइन नाइट लाइवस्ट्रीम की जबरदस्त सफलता, जिसने लाखों दर्शकों को मंत्रमुग्ध किया था, के बाद अब यह प्लेटफॉर्म 6 अप्रैल को सुबह 8 बजे से दोपहर 1 बजे तक अयोध्या से विशेष लाइव स्ट्रीम के साथ दर्शकों के लिए राम नवमी के उत्सव को लाने के लिए तैयार है। समारोह में पद्म विभूषण श्री अमिताभ बच्चन राम कथा की भावपूर्ण कहानियाँ सुनाएंगे। सामुदायिक उत्सवों को टेक्नोलॉजी से जोड़ते हुए, यह लाइवस्ट्रीम जियोहॉटस्टार की सांस्कृतिक धरोहर को करीब लाने और लाखों दर्शकों के लिए एक यादगार अनुभव देने की प्रतिबद्धता दिखाता है। इस खास मौके पर, पद्म विभूषण श्री अमिताभ बच्चन भगवान राम के जीवन और उनके आदर्शों पर आधारित प्रेरणादायक बातें साझा करेंगे। यह कार्यक्रम हमारी सांस्कृतिक धरोहर का जश्न मनाते हुए भारत के उज्ज्वल भविष्य की दिशा में प्रेरणा देगा। राम नवमी के इस उत्सव में भगवान राम के जन्म और उनके अद्भुत सफर की खूबसूरती दिखाई जाएगी, जिसमें रामायण के सात कांडों को प्रस्तुत किया जाएगा। ये सभी कार्यक्रम राम जन्मभूमि से लाइव दिखाए जाएंगे, ताकि दर्शक भगवान राम की दिव्यता को महसूस कर सकें। श्री अमिताभ बच्चन बच्चों के साथ एक खास सेशन भी करेंगे, जिसमें वे रामायण की कुछ रोचक कहानियां और दोहे बहुत ही सरल तरीके से बताएंगे। इस लाइवस्ट्रीम में अयोध्या में हुई पूजा, विभिन्न मंदिरों में हो रहे पवित्र अनुष्ठान, भद्राचलम, पंचवटी, चित्रकूट और अयोध्या से आरतियां, भक्तिमय भजन, और प्रसिद्ध कलाकारों–कैलाश खेर और मालिनी अवस्थी- के शानदार सांस्कृतिक प्रदर्शन होंगे।

## ईईएसएल का ई.कॉमर्स वेबसाइट ईईएसएल मार्ट डाट इन एक वन.स्टॉप डेस्टिनेशन के रूप में उभरा

**लखनऊ।** आज के समय में, ऊर्जा-कुशल घरेलू उपकरणों की मांग तेजी से बढ़ रही है। लोग कार्बन फुटप्रिंट को कम करना और बिजली के बिलों में बचत करना चाहते हैं। इंडक्शन चूल्हों से लेकर अति-दक्ष एयर कंडीशनरों को ऊर्जा दक्षता के साथ पर्यावरण अनुकूल व्यवहारों को बढ़ावा देने के लिए डिज़ाइन किया गया है। ये अत्याधुनिक उत्पाद पर्यावरणीय लाभों के साथ-साथ ऊर्जा बचत करते हैं जिससे वे किसी भी पर्यावरण के प्रति जागरूक घर के लिए एक स्मार्ट विकल्प बन जाते हैं।

भारत में ऊर्जा-कुशल उपकरणों और समाधानों के लिए ईईएसएल का ई-कॉमर्स वेबसाइट ईईएसएल मार्ट डाट इन एक वन-स्टॉप डेस्टिनेशन के रूप में उभरा है। ईईएसएल मार्ट को लॉन्च हुए अब एक वर्ष हो चुका है और यह पूरे देश में ऊर्जा दक्ष उपकरणों को मुहैया कराने में अग्रणी भूमिका निभा रहा है।व्यवसायों और लोगों को अपने अत्याधुनिक समाधान प्रदान करके ,ईईएसएल का लक्ष्य ऊर्जा दक्षता को बड़े पैमाने पर बढ़ावा देना और भारत को ऊर्जा-सुरक्षित भविष्य की ओर ले जाने में महत्वपूर्ण योगदान देना है। आइए ईईएसएल मार्ट के कुछ प्रमुख उपकरणों पर एक नज़र डालते हैं-

**1.0टीआरअति-दक्ष5 स्टारएसी**

ईईएसएल के अति-दक्ष 1.0 टन एयरकंडीशनर में प्रभावशाली 6.2 की इंडियन सीजनल एनर्जी एफिशिएंसी रेटिंग है। पारंपरिक 5-स्टार एसी की तुलना में, नई ऊर्जा दक्षता तकनीक से सालाना बिजली की 640 यूनिट तक की बचत हो सकती है, जिससे महत्वपूर्ण लागत बचत और पर्यावरणीय लाभ मिलते हैं। ईईएसएल के अति-दक्ष एसी के साथ बेजोड़ प्रदर्शन और पर्यावरण अनुकूल समाधान का अनुभव करें।

**कीमत 36,501.00 कर सहित**

1.5 टन का अति-दक्ष5 स्टार एसी

ईईएसएल की ट्रिपल इन्वर्टर तकनीक वाली अति-दक्ष 1.5 टन एयर कंडीशनर में प्रभावशाली 5.8 की प्रभावशाली 6.2 की इंडियन सीजनल एनर्जी एफिशिएंसी रेटिंग (द्धस्श्वश्वक्र)है।इसके अलावा,कॉपर के पुर्जों पर हाइड्रोफिलिक और नैनो कोटिंग्स के साथ सेल्फ-क्लीनिंग तकनीक से रखरखाव आसान हो जाता है। पारंपरिक 5-स्टार एसी की तुलना में, नई ऊर्जा दक्षता तकनीक सालाना बिजली की खपत में 640 यूनिट तक की बचत कर सकती है, जिससे महत्वपूर्ण लागत बचत और पर्यावरणीय लाभ मिलते हैं।

**कीमत 48,150.00 करसहित**

बीएलडीसी सीलिंग फैन - 5 स्टार (रिमोटकेसाथ)

BLDC सीलिंग फैन को ऊर्जा दक्षता और प्रदर्शन को प्राथमिकता देते हुए आपके कूलिंग के अनुभव को बढ़ाने के लिए तैयार किया गया है। 1200 मिमी के डाइमीटर और एयरो डायनेमिक को ध्यान में रखकर डिज़ाइन किए गए ब्लेड के साथ, यह पंखा 220 घन मीटर प्रतिमिनट से अधिक की हवा सुनिश्चित करता है। 5-स्टार बीईई रेटिंग के साथ, यह केवल 28 से 30 वाट की खपत करता है जबकि 0.9 से अधिक का पावर फैक्टर बनाए रखता है, जो सतत पर्यावरण के प्रति हमारी प्रतिबद्धता को दर्शाता है।

**कीमत 2,699.00 कर सहित**

बीएलडीसी सीलिंगफैन- 5 स्टार (रिमोट के बिना)

दीवार पर लगे रेगुलेटर के साथ यह पंखे असाधारण प्रदर्शन के साथ अधिकतम सुविधा प्रदान करते हैं। इसकी सर्विस वैल्यू 7.33 है। 3 साल की वारंटी के साथ यह मन की शांति प्रदान करता है। 140 से 285 वोल्ट की विस्तृत वोल्टेज रेंज में निर्बाध रूप से संचालित होकर, यह बिजली के अप-डाउन की परवाह किए बिना लगातार हवा प्रदान करता है। एक ऐसे पंखे के साथ अपने स्थान को शानदार बनाए, जो न केवल आपको आराम प्रदान करता है बल्कि एक हरित भविष्य के लिए ऊर्जा खपत को भी कम करता है।

## केकेआर लेकर आया 'नाइट बाइट': रसोई में दिखे खिलाड़ी, साथ में बनी दोस्ती और खाना!



**नई दिल्ली।** कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) ने अपने फैंस को टीम के खिलाड़ियों से करीब से जुड़ने का एक अनोखा मौका दिया है। 'नाइट बाइट' नामक एक नई डिजिटल सीरीज़ के ज़रिए फैंस को अपने पसंदीदा खिलाड़ियों को रसोई में देख पाने का मज़ा मिलेगा, जहां वे न सिर्फ खाना बनाते हैं बल्कि हंसी-मज़ाक और हल्की-फुल्की प्रतियोगिताओं में भी हिस्सा लेते हैं। इस पहल को भारत के अग्रणी किचन अप्लायंसेज ब्रांड टीटीके प्रेस्टीज के साथ साझेदारी में शुरू किया गया है। '#Let'sGetCooking with Knight Bite' नाम की इस 5-एपिसोड वाली सीरीज़ का प्रीमियर 30 मार्च को हुआ, जिसकी मेज़बानी मशहूर शेफ कुणाल कपूर कर रहे हैं। यह शो प्रशंसकों को केकेआर खिलाड़ियों की पर्दे के पीछे की झलक दिखाता है क्योंकि वे खाना बनाते हैं, बातचीत करते हैं, और किचन की मजेदार चुनौतियों का सामना करते हैं, जिससे उनका एक बिल्कुल नया पहलू सामने आता है। बिंदा डे, ग्रुप चीफ मार्केटिंग ऑफिसर, नाइट राइडर्स स्पोर्ट्स ने कहा, टीटीके प्रेस्टीज के साथ यह साझेदारी सिर्फ एक सहयोग नहीं, बल्कि उस प्यार और संस्कृति का उत्सव है जो हमें क्रिकेट और खाने के ज़रिए एक साथ जोड़ती है।

# अगर नेटफ्लिक्स पर खाकी: द बंगाल चैप्टर नहीं देखा, तो क्या देखा?

रोमांचक, दमदार, जबरदस्त और एक्शन से भरपूर क्राइम थ्रिलर - ÷खाकी÷ द बंगाल चैप्टर÷ नेटफ्लिक्स पर धूम मचा रहा है!

**लखनऊ।** नीरज पांडे द्वारा बनाई गई ÷खाकी÷ द बंगाल चैप्टर÷ कोलकाता का एक नया रंग - भ्रष्टाचार और न्याय की जटिलताओं को बारीकी से पेश करती है। यह सात एपिसोड वाली नेटफ्लिक्स की क्राइम थ्रिलर एक ईमानदार आईपीएस अधिकारी अर्जुन मैत्रा की कहानी है, जो बिना डरे एक भ्रष्ट सिस्टम के खिलाफ लड़ाई लड़ता है।

इस सीरीज़ ने लॉन्च होते ही दुनियाभर में जबरदस्त लोकप्रियता हासिल की और नेटफ्लिक्स के ग्लोबल टॉप 10 (नॉन-इंग्लिश टीवी) लिस्ट में जगह बनाई। 12 देशों में यह शो अपनी दमदार कहानी और बेहतरीन एक्टिंग की वजह से छाया हुआ है। इसमें जीत, प्रोसेनजीत चटर्जी, सास्वता चटर्जी, परमब्रत चटर्जी, ऋत्विक भौमिक, आदिल जफर खान, चित्रांगदा सिंह, पूजा चोपड़ा, आकांक्षा सिंह, मिमोह चक्रवर्ती और श्रद्धा दास जैसे कलाकारों ने शानदार अभिनय किया




है। यह कहानी राजनीति और अपराध के टकराव की है, जहां सत्ता की सच्चाई और आदर्शवाद के बीच एक शतरंज जैसी जंग चलती है। चित्रांगदा सिंह द्वारा निभाई गई विपक्षी पार्टी की तेज़-तर्रार और मौकापरस्त नेता निबेदिता बसाक और सागोर (ऋत्विक भौमिक) और रंजीत (आदिल जफर खान) की जोड़ी इस कहानी में नए रंग भरती है, जिससे यह शो एक्शन और क्राइम ड्रामा के शौकीनों के लिए एक मस्ट-वॉच बन जाता है।

चित्रांगदा सिंह ने कहा, ÷÷खाकी÷ द बंगाल चैप्टर÷ में एक पॉलिटिशियन निबेदिता बसाक का किरदार निभाना मेरे लिए बहुत रोमांचक था। कई मायनों में यह मेरे लिए पहली बार था। एक राजनेता का रोल निभाना आसान नहीं होता, लेकिन सीरीज़ की स्क्रिप्ट बहुत शानदार थी और डायरेक्टर तुषार और देबात्मा को अच्छी तरह पता था कि उन्हें क्या चाहिए। एक दर्शक के तौर पर आप हर किरदार की मंशा को लेकर बार-बार सोचने पर मजबूर हो जाएंगे। दुनियाभर से हमें जो प्यार मिला है, वह बेहद खास है और मैं चाहती हूं कि ज्यादा से ज्यादा लोग इस जबरदस्त क्राइम थ्रिलर को देखें। नेटफ्लिक्स की वजह से यह शो पूरी दुनिया तक पहुंचा है, और अगर आपने इसे अब तक नहीं देखा, तो आप एक शानदार अनुभव से चूक रहे हैं!÷

ऋत्विक भौमिक ने कहा, ÷सागोर ऐसा किरदार है, जो एक्टर के तौर पर आपको जबरदस्त चुनौती देता है। वह एक क्रूर अंडरवर्ल्ड में फंसा हुआ है, जहां हर कदम पर उसे कठिन फैसले लेने पड़ते हैं। मुझे ÷खाकी÷ द बंगाल चैप्टर÷ इसलिए पसंद है क्योंकि यह क्राइम और सर्वाइवल की असली, बिना किसी दिखावे वाली सच्चाई को सामने लाता है।

# भारत की सबसे बड़ी 7300mAh बैटरी के साथ 11 अप्रैल को लॉन्च होगा आईकू Z10

**नई दिल्ली।** हाई-परफॉर्मेंस स्मार्टफोन ब्रांड आईकू भारत में 11 अप्रैल 2025 को आईकू Z10




सीरीज लॉन्च करने के लिए पूरी तरह तैयार है। मुख्य रूप से कॉलेज के छात्रों और युवाओं को ध्यान में रखते हुए, आईकू Z10 भारत का पहला और सबसे बड़ा 7300mAh बैटरी वाला स्मार्टफोन है, जो लंबे उपयोग के बावजूद दो दिनों से अधिक समय तक चल सकता है। यह भारत का सबसे पतला 7300mAh बैटरी स्मार्टफोन भी है, जिसकी मोटाई सिर्फ 0.789 सेंटीमीटर है। यह उन युवाओं के लिए एकदम सही विकल्प है जो अपने अकादमिक, सामाजिक जीवन और अन्य गतिविधियों के बीच संतुलन बनाए रखते हैं।

स्नैपड्रैगन 7s जेन 3 प्रोसेसर द्वारा संचालित, आईकू Z10 अपने 8.2 लाख+ AnTuTu बेंचमार्क स्कोर के साथ शानदार प्रदर्शन करता है। इसमें सेगमेंट का सबसे ब्राइट क्वाड कर्व्ड AMOLED डिस्प्ले है, जिसकी 5000 निट्स लोकल पीक ब्राइटनेस है। आईकू Z10 90W फ्लैशचार्ज के साथ आता है, जो उन युवाओं के लिए एकदम सही है जो लगातार उपयोग करते रहते हैं। इसका प्रीमियम डिज़ाइन स्टाइलिश स्ट्रीमलाइन फ्रेम और डुअल कर्व्स के साथ आता है। यह स्मार्टफोन दो आकर्षक रंगों में उपलब्ध होगा - स्टेलर ब्लैक और ग्लेशियर सिल्वर।

आईकू Z10 के साथ, कंपनी आईकू Z 10× भी लॉन्च कर रही है, जो डाइमेंसिटी 7300 4nm प्रोसेसर द्वारा संचालित होगा। यह सेगमेंट का सबसे तेज स्मार्टफोन होगा, जिसका AnTuTu बेंचमार्क स्कोर 7.2 लाख+ है और यह 6500mAh की हाई-डेंसिटी बैटरी के साथ आएगा।

आईकू अपनी 'मेक इन इंडिया'प्रतिबद्धता को जारी रखते हुए वीवो के ग्रेटर नोएडा फैसिलिटी में आईकू Z10 सीरीज का निर्माण करेगा। इसके अलावा, ग्राहकों को बेहतरीन आफ्टर सेल सर्विस देने के लिए, आईकू के ग्राहक अब देशभर में 670+ कंपनी के स्वामित्व वाले सर्विस सेंटरों पर सेवा प्राप्त कर सकते हैं।


## बदलते मौसम के लिए आयुर्वेद पर आधारित हफ्ते भर का डाइट प्लान: डॉ मधुमिता कृष्णन, आयुर्वेद एक्सपर्ट



**कानपुर।** जब सर्दी का मौसम खत्म होता है और गर्मियां शुरू होती हैं, तो आयुर्वेद के हिसाब से हमें इस संधि कला स्प्रिंग के दौरान अपने खान-पान का खास ध्यान रखना चाहिए। इस समय हमारे शरीर के तीन दोष (वात, पित्त और कफ) बिगड़ जाते हैं, जिससे हम बीमार पड़ सकते हैं। गर्म और सूखा मौसम वात को बढ़ाता है, जिससे शरीर में सूखापन, बेचैनी और सांस लेने में दिक्कत हो सकती है। वहीं, तापमान के बदलने से हमारा पाचन भी कमजोर हो जाता है, जिससे शरीर में ज़हरीले पदार्थ जमा होने लगते हैं और हमारी इम्युनिटी कम हो जाती है। इस चरण के दौरान अपनी सेहत को दुरुस्त बनाए रखने के लिए, हमें गर्म, अच्छी तरह से पके हुए भोजन के साथ शरीर को पोषण देना आवश्यक है। डॉ मधुमिता कृष्णन, आयुर्वेद एक्सपर्ट ने कहा एक आयुर्वेद विशेषज्ञ के रूप में, मैं दैनिक आहार में घर का बना घी, वेजीटेबल सूप, मौसमी साग-सब्जियां और मुट्ठी भर बादाम जो प्राकृतिक प्रोटीन का बढ़िया स्रोत है, को शामिल करने की सलाह देती हूं। इस मौसम में सुबह ठंडी और दोपहर गर्म होने की वजह से, हमारी खाने की आदतें बदल जाती हैं। ठंडे दिनों में हमें तला-भुना और भारी खाना खाने का मन करता है, जबकि गर्मी बढ़ने पर हम ठंडे पेय और आइसक्रीम खाना चाहते हैं। लेकिन, अगर हम ऐसा असंतुलित खाना खाते हैं, तो हमारा पाचन तंत्र खराब हो सकता है, जिससे पेट फूलना (ब्लोटिंग), थकान और मौसमी बीमारियाँ हो सकती हैं। एक अच्छी तरह से बनाई गई 7 दिन की आयुर्वेदिक डाइट आपको मौसम बदलने के समय होने वाली बीमारियों से बचा सकती है और आपको पौष्टिक और स्वादिष्ट खाना खाने में मदद करेगी।

# श्री चैतन्या अकेडमी और इन्फिनिटी लर्न ने लॉन्च किया आत्रेय- विशेष फीचर PwCBZ के साथ

**वाराणसी।** श्री चैतन्या अकेडमी, इन्फिनिटी लर्न की एक पहल भारत का एकमात्र हाइब्रिड लर्निंग प्लेटफ़ॉर्म जो बड़े पैमाने पर परिणाम-आधारित शिक्षा प्रदान करता है ने आत्रेय को लांच किया, जो की एक अनूठा नेशनल एलिजिबिलिटी कम एंट्रेंस टेस्ट कार्यक्रम है। यह डिजिटल टूल और रियल-टाइम परफॉरमेंस ट्रैकिंग को जोड़ता है, जिसमें फिजिक्स विषय की कोचिंग पर विशेष ध्यान दिया जाता है जिसे NEET उम्मीदवारों के लिए एक चुनौतीपूर्ण क्षेत्र माना जाता है। फिज़िक्स की कक्षाओं को दोगुना करके PwCBZ इस चुनौती का समाधान करता हे, जो छात्रों को NEET परीक्षा में टॉप करने के लिए एक निर्णायक बढ़त प्रदान करती हैं। पिछले कुछ सालों में, NEET-UG के लिए आवेदकों की संख्या में लगातार वृद्धि देखी गई है, 2020 में 15 लाख रजिस्ट्रेशन से लेकर 2024 में 24 लाख से अधिक रजिस्ट्रेशन हुए है। श्री चैतन्या अकेडमी ने पिछले दस सालों में 1 लाख से




अधिक डॉक्टर तैयार किए हैं, जिनमें से कई एम्स दिल्ली जैसे प्रतिष्ठित संस्थानों में काम करते हैं7 एम्स दिल्ली में पढ़ने वाले 24% डॉक्टर इसी अकेडमी से हैं। पिछले दो सालों में, संस्थान ने लगातार NEET AIR में पहला स्थान प्राप्त करने वाले छात्र तैयार किए हैं। संस्थान की बेहतरीन शिक्षण प्रणाली और अनुभवी शिक्षकों की मदद से, ग्रेड XI के छात्रों को आत्रेय प्रोग्राम के माध्यम से सर्वोत्तम मार्गदर्शन दिया जाएगा, ताकि वे NEET में शानदार परिणाम हासिल कर सकें। आत्रेय टेक्नोलॉजी की मदद से छात्रों के प्रदर्शन का विश्लेषण करके, उनकी कमजोरियों को पहचान कर कस्टमाइज्ड लर्निंग के तरीके बताता है। इसकी सबसे बड़ी खासियत है PwCBZ–हर दिन चार क्लासेस (प्रत्येक 1 घंटे 15 मिनट की) फिज़िक्स, केमिस्ट्री, बॉटनी और जूलॉजी के लिए, और इसके साथ ही फिज़िक्स प्रैक्टिस के लिए एक अतिरिक्त 1 घंटे का विशेष सेशन। यह संरचना छात्रों को NEET की तैयारी को सहज और प्रभावी ढंग से करने में मदद करती है। इसके अलावा, छात्रों के संपूर्ण विकास के लिए, उनका तनाव दूर करने के लिए वर्कशॉप और कंसल्टेशन सेशन भी आयोजित किए जाते हैं।

# इजरायल से जीत बहादुर का शव गांव पहुंचते ही मचा कोहराम

## 23 मार्च को काम करने के दौरान गिरने से हो गई थी मौत

अवधनामा ब्यूरो



जीत बहादुर के शव के पास दहाड़े मारकर रोते परिजन

- चौराखास थाना क्षेत्र के नदवा विशुनपुर गांव का मामला

**कुशीनगर।** चौराखास थाना क्षेत्र के गांव नदवा विशुनपुर निवासी एक व्यक्ति की बीते 23 मार्च को इजरायल में काम करते वक्त क्रेन का रोपवे टूट जाने उसके नीचे दबकर मौत हो गई थी। बुधवार को मृतक का शव घर पहुंचता तो परिजनों में कोहराम मच गया।

नदवा बिशुनपुर निवासी जीत बहादुर सिंह उम्र 46 वर्ष पुत्र स्व. चंडी सिंह छः माह पहले इजराइल कमाने गया था। वहां काम करने के दौरान क्रेन का रोपवे टूट जाने से गिर गया था जिससे उसकी मौत हो गई थी। इसकी सूचना मिलते ही परिजनों में चीख पुकार मच है। परिजन शव मंगवाने के लिए भारतीय दूतावास से सम्पर्क किया। जिसके बाद मृतक के शव का पोस्टमार्टम कराने के बाद भारत भेजा गया। बुधवार को 12 बजे जब जीत बहादुर सिंह का शव घर पहुंचा तो परिजनों में कोहराम मच गया।

पत्नी, बच्चे दहाड़े मारकर चिल्लाने लगे। देखने पहुंचे लोगों की भी आंखें नम हो गई। पति का शव देखकर पत्नी सुनीता बार बार मूर्छित हो जा रही थी। जीत बहादुर घर के एक मात्र कमाऊ सदस्य था। पत्नी समेत बच्चों पर विपत्तियों का पहाड़ टूट गया है। परवरिश का जिम्मा पत्नी के ऊपर आ गया। जीत बहादुर के चार संताने है जिसमे दो पुत्र और दो बेटियां है। बड़ा बेटा विकलांग है, नीतू सिंह 19 वर्ष, विकास सिंह 16 वर्ष, सलोनी सिंह 13 वर्ष, कुनाल सिंह 10 वर्ष है। देर शाम तक परिजनों ने शव का अंतिम संस्कार कर दिया।

## स्कूलों में शुरू हुआ नया नामांकन



**अमेठी।** नवीन सत्र के दूसरे दिन बुधवार को सभी परिषदीय विद्यालयों में नये बच्चों के नामांकन किया गया। शासन की ओर से अप्रैल महीने में ही सभी प्रसदीय विद्यालय नई पुस्तक वितरण करने की योजनाएं चल रही है यथाशीघ्र पुस्तकों का वितरण शुरू हो जाएगा। बुधवार को मॉडल प्राथमिक विद्यालय रामनगर, प्राथमिक एवं उच्च प्राथमिक विद्यालय रामनगर द्वितीय और कंपोजिट विद्यालय रणवीर नगर में नए बच्चों का नामांकन किया गया। प्राथमिक विद्यालय नकदेयापुर के प्रधानाध्यापक हरिकेश कुमार ने दूसरे दिन बुधवार को आधा दर्जन से अधिक बच्चों का नामांकन किया। शुरू हो गए हैं। कई शिक्षकों ने बताया कि शासन के निर्देश पर 1 अप्रैल से स्कूल चलो अभियान शुरू हो गया है। कल गुरुवार को वृहद कार्यक्रम आयोजित किए गए जाएंगे।

# कीटनाशक दवाओं का छिड़काव न होने से बढ़ा मच्छरों का प्रकोप

अवधनामा संवाददाता



मथौली के वार्ड नंबर 3 में लगा कूड़े की ढेर

**मथौली बाजार, कुशीनगर।** कस्बे के विभिन्न वार्डों में कीटनाशक दवाओं के छिड़काव न होने से मच्छरों का प्रकोप तेजी से फैल रहा है। नगर के

- महीनों बीत गए लेकिन मथौली नगर में नहीं हुआ छिड़काव
- स्वच्छता पर लाखों रुपए खर्च करती है सरकार, जिम्मेदार मौन

कुछ वार्ड ऐसे है जहां नालियों की सफाई नहीं हुई है, जगह जगह कूड़े की ढेर लगी है जिससे संक्रामक बीमारियों के फैलने की आशंका प्रबल हो गई है लेकिन जिम्मेदार इसपर ध्यान नहीं दे रहे है। यही स्थित ग्राम सभाओं में है।

बता दें कि नगर पंचायतों में स्वच्छता के नाम पर लाखों रुपए खर्च कर रही है लेकिन जिम्मेदारों की लापराही से महीनों महीनों तक छिड़काव नहीं कराया जाता है जिससे जगह जगह कूड़े की ढेर व नालियों में गंदगी फैल है जिससे मच्छरों का प्रकोप तेजी से फैलता जा रहा है जो संक्रामक बीमारियों का न्योता दे रहा है।

नगर के वार्ड नंबर 2, वार्ड नंबर 3, वार्ड नंबर 12, वार्ड नंबर 14, वार्ड नंबर 16 व वार्ड नंबर 5 जहां वर्तनामा में अस्थाई कार्यालय भी है, जाने वाली दोनों मार्गो के पटरियों पर मानव मल पटा रहता है। लगभग सभी वार्डों में पिछले कई महीने से छिड़काव न होने से नगर में गंदगी फैल गई है। नगर के लोगों ने बताया कि फॉगिंग व कीटनाशक दवाओं के छिड़काव के लिए सरकार लाखों रुपए भेजती है लेकिन नगर के जिम्मेदार इस पर ध्यान नहीं दे रहे है जो संक्रामक बीमारियों के फैलने की आशंका प्रबल हो गई है। इसके अलावा मोतीचक के समस्त गांवों में अब तक छिड़काव नहीं कराया गया जबकि छिड़काव के नाम पर स्वास्थ्य विभाग 10 हजार रुपए हस्तांतरित करती रहती है।

# चहेते को प्रधानाचार्य की नियुक्ति देने पर गरमाया विवाद

## फाजिलनगर के जितेंद्र स्मारक इंटर कॉलेज का मामला

अवधनामा ब्यूरो



डीआईओएस को ज्ञापन सौंपते शिक्षक

**कुशीनगर।** फाजिलनगर विकास खंड के जितेंद्र स्मारक इंटर कॉलेज में प्रभारी प्रधानाचार्य की नियुक्ति को लेकर विवाद गहरा गया है। कॉलेज के प्रबंधतंत्र ने वरिष्ठ प्रवक्ता दिलीप कुमार सिंह की जगह तीन से चार वर्ष के कनिष्ठ प्रवक्ता अजयनाथ तिवारी को प्रभारी प्रधानाचार्य नियुक्त कर दिया, जिससे कॉलेज में हड़कंप मच गया। इस नियुक्ति के विरोध में कॉलेज के शिक्षकों और स्थानीय लोगों ने कॉलेज गेट पर धरना प्रदर्शन शुरू कर दिया।

धरने पर बैठे प्रदर्शनकारियों का आरोप है कि प्रबंध समिति द्वारा यह नियुक्ति न केवल अन्यायपूर्ण है, बल्कि अवैधानिक भी है। उनका कहना है कि वरिष्ठता का पूरी तरह से उल्लंघन करते हुए और बिना किसी उचित कारण के दिलीप कुमार सिंह को उनके पद से हटा दिया गया, जबकि तिवारी की नियुक्ति उन्हें नियमों के विपरीत की गई। प्रदर्शनकारियों ने प्रबंध समिति पर गंभीर आरोप लगाए और कहा कि वह शिक्षकों और कर्मचारियों को फर्जी शिकायतों के जरिए डरा धमका रही है। स्थानीय लोगों ने बताया कि यह नियुक्ति राजनीतिक दबाव के तहत की गई है और यह निर्णय केवल वर्चस्व की लड़ाई का परिणाम है। उनका यह भी कहना था कि इस तरह के फैसले से विद्यालय के अंदर का माहौल खराब हो गया है, और शिक्षण कार्य में खलल पड़ने की संभावना है। विरोध के बाद स्थानीय लोगों ने जिला विद्यालय निरीक्षक को ज्ञापन सौंप मांग किया कि इस नियुक्ति को तुरंत रद्द किया जाए। उन्होंने कहा कि प्रबंध समिति ने विद्यालय के संचालन में अनुशासन और पारदर्शिता की बजाय व्यक्तिगत और राजनीतिक हितों को प्राथमिकता दी है, जिससे विद्यालय का माहौल गंभीर रूप से प्रभावित हो रहा है। धरने पर बैठे लोगों ने केवल नियुक्ति की ही नहीं, बल्कि प्रबंध समिति की वैधता की भी जांच करने की मांग किया है।

# बगीचे में फंदे से लटका मिला युवक का शव, जांच में जुटी पुलिस, हत्या या आत्महत्या के बीच उलझी गुत्थी

अवधनामा ब्यूरो



बगीचे से युवक का शव बरामद करती पुलिस

- पैन कार्ड के आधार पर गुजरात के रहने वाले सरोज के रूप में हुई पहचान
- पोस्टमार्टम रिपोर्ट से होगा खुलासा

**कुशीनगर।** जिले में एक दिल दहला देने वाली घटना सामने आई है। यहां पडरौना कोतवाली क्षेत्र के गांव जंगल कुरमौल स्थित लीची के बगीचे में बुधवार की दोपहर लगभग एक बजे युवक का शव पेड़ में गमछा के फंदे के सहारे लटका मिला। यह खबर क्षेत्र में तेजी से फैली तो भीड़ जुट गई। पुलिस ने शव नीचे उतरवाया तो जेब से मिले पैन कार्ड के आधार पर उसकी पहचान गुजरात के रहने वाले सरोज के रूप में हुई। पैन कार्ड के आधार कार्ड से लिंक न होने के कारण पूरा पता मालूम नहीं हो सका है।

जंगल कुरमौल स्थित शिव मंदिर के पास सदर विधायक मनीष जायसवाल का लीची का बाग है। दोपहर बाद गांव के कुछ लोग कृषि कार्य से उस ओर गए तो देखा कि पेड़ में फंदे से एक शव लटका है। सूचना क्षेत्र में आग की तरह फैली। घटनास्थल पर कोतवाली प्रभारी रवि राय, दारोगा चंदन मौर्या पुलिस टीम के साथ पहुंचे। शव को नीचे उतारा गया। शरीर पर मिले टीशर्ट व पैंट की तलाशी ली गई तो एक पैन कार्ड मिला तो बगल में चप्पल भी पड़ी मिली है।

पैन कार्ड के आधार पर मरने वाले युवक की पहचान सरोज पुत्र शंकर निवासी गुजरात के रूप में हुई। पैन कार्ड के आधार कार्ड से लिंक न होने के कारण पूरा पता नहीं मालूम हो सका। पुलिस संपर्क कर पहचान करने में जुटी है। कोतवाली प्रभारी ने बताया कि प्राथमिक जांच में यह मामला आत्महत्या का ही प्रतीत हो रहा है, क्योंकि शरीर पर किसी तरह के चोट के निशान नहीं मिले हैं। पोस्टमार्टम रिपोर्ट से मृत्यु का कारण पता चलेगा, उस आधार पर आगे जांच की जाएगी। पुलिस घटना के पीछे के कारण पता लगाने में जुटी है।

## करणी सेना भारत के जिला मंत्री बने शैलेंद्र बहादुर सिंह

**महाराजगंज, रायबरेली।** जिले के जिला मंत्री पद पर शैलेंद्र बहादुर सिंह को करणी सेना का जिला मंत्री मनोनीत किया गया। जैसे ही शैलेन्द्र बहादुर सिंह को जिला मंत्री पद पर मनोनयन की ख़बर हुई वैसे ही बधाई देने वालों का ताँता लग गया बताते चलें कि रायबरेली रायबरेली जिले के महाराजगंज कोतवाली क्षेत्र के पहाड़पुर मजरे मर्दानपुर निवासी शैलेन्द्र बहादुर सिंह उर्फ राजकुमार सिंह करणी सेना भारत के जिला अध्यक्ष सत्येन्द्र प्रताप सिंह उर्फ मोनू भदौरिया द्वारा जिला मंत्री के पद पर मनोनयन किया गया तथा कर्मठ युवा और युवाओं में अपनी अपनी पकड़ रखने वाले शैलेन्द्र बहादुर सिंह को यह जिम्मेदारी दी गई ताकि संगठन और मजबूत हो सके तथा रायबरेली जिले का करणी सेना भारत संगठन के संगठन से जुड़े और बढ़ चढ़कर हिस्सा लें।

## नवांगतुक थानेदार को बुकें देकर किया स्वागत



**डीह, रायबरेली अवधनामा संवाददाता।** व्यापार मंडल ने मंगलवार को डीह के नवांगतुक थाना प्रभारी निरीक्षक जितेन्द्र मोहन सरोज का स्वागत किया। थाना प्रभारी ने व्यापारियों को सुरक्षा प्रदान कराने का आश्वासन दिया है। डीह व्यापार मंडल (मुरारका) गुट के पदाधिकारियों सुबह करीब साढे दस बजे डीह थाने पहुंचे। उन्होंने नवांगतुक डीह थानेदार जितेन्द्र मोहन सरोज को बुकें देकर स्वागत किया। डीह व्यापार मंडल अध्यक्ष श्रवण कुमार अग्रहरि की अध्यक्षता में व्यापारियों ने नवांगत थानेदार को प्रमुख समस्याओं से अवगत कराया। साथ ही व्यापारियों को सुरक्षा मुहैया कराने की अपील की। विदित हो कि बीते दिन डीह थाना प्रभारी रहे शिवाकांत पाण्डेय सिंह का सरेनी तबादला हो गया।जहां पूर्व नसीराबाद थानेदार और वर्तमान में मीडिया सेल प्रभारी रहे जितेन्द्र मोहन सरोज को डीह थाने की कमान मिली है। इस दौरान शिवशंकर बाजपेई,विवेक अग्रहरि, अनवर, राम प्रताप यादव, अशोक कुमार, रामबहादुर यादव, इमरान नसीराबादी, पंकज यादव अरमान, पप्पू अग्रहरि समेत कई व्यापारी मौजूद रहे।

## डिग्री कॉलेज चौराहे पर करणी सेना ने किया प्रदर्शन



**रायबरेली अवधनामा संवाददाता।** सपा के राज्यसभा सांसद द्वारा महाप्रतापी राणा सांगा पर की गई टिप्पणी व अपमान को लेकर करणी सेना के लोगों ने विरोध प्रदर्शन किया है और पुतला फूंका है। इस दौरान भारी संख्या में पुलिस बल भी मौजूद रही। आपको बता दे कि बुधवार को समय करीब 11:30 बजे रायबरेली जनपद के शहर कोतवाली थाना क्षेत्र के डिग्री कॉलेज चौराहे पर समाजवादी पार्टी के राज्यसभा सांसद रामजीलाल सुमन द्वारा संसद में राणा सांगा पर अमरजीत टिप्पणी की गई थी और उन्हें गद्दार बताया गया था। जिसको लेकर कई दिनों से यह विरोध प्रदर्शन चल रहा है। इस दौरान करणी सेवा के लोगों ने सपा सांसद के घर पर हमला भी किया और पथराव कर गाड़ियों में तोड़फोड़ की राणा सांगा पर की गई। टिप्पणी पर विरोध करते हुए यहां दर्जनों लोगों ने पुलिस बल की मौजूदगी में सपा सांसद का पुतला फूंका और उनके विरोध में नारे भी लगाए हैं। प्रदर्शनकारियों ने कहा है कि जो भी हमारे पूर्वजों का अपमान करेगा हम उसको कभी नहीं छोड़ेंगे। इस दौरान पूर्व विधायक सारिणी विधानसभा के सुरेंद्र बहादुर सिंह मौजूद रहे। उनके साथ नगर मजिस्ट्रेट के माध्यम से राज्यपाल व राष्ट्रपति के नाम का ज्ञापन भी सोपा गया और सपा सांसद पर कार्रवाई की मांग की गई है।

## बैसवारा महाविद्यालय में रोजगार मेला का आयोजन

**लालगंज, रायबरेली।** जिले के प्रतिष्ठित बैसवारा महाविद्यालय में 4 अप्रैल को छात्राओं के लिए रोजगार मेला का आयोजन किया जा रहा है। महाविद्यालय की प्राचार्य प्रोफेसर शीला श्रीवास्तव ने बताया कि फ्यूजन फाइनेंस लिमिटेड कंपनी द्वारा शुक्रवार को सुबह 11 से रोजगार महाविद्यालय के लेक्चर थियेटर में रोजगार मेला आयोजित किया जाएगा। इस कंपनी द्वारा रोजगार लखनऊ, कानपुर और रायबरेली के जिलों में रोजगार के अवसर प्रदान किया जाएंगे। जिसके तहत रुपए 13000/- से लेकर रुपए 16000/- तक का मासिक वेतन तथा रुपए 4000/- यात्रा भत्ता, मुफ्त आवासीय सुविधा आदि प्रदान की जाएगी। महाविद्यालय के प्रबंधक श्री लाल देवेंद्र बहादुर सिंह ने सभी छात्र एवं छात्राओं को बधाई देते हुए कहा कि सभी छात्र एवं छात्राओं को बढ़-चढ़कर इस रोजगार मेले में अपने उत्कृष्ट प्रदर्शन करना चाहिए।

## वीरांगना झलकारी बाई का बलिदान दिवस 5 अप्रैल को

**अमेठी/तिलोई।** 1857के प्रथम स्वतंत्रता संग्राम की अमर वीरांगना झलकारी बाई कोरी के बलिदान दिवस पर 5अप्रैल को माल्यार्पण और सभा का आयोजन किया गया है। वीरांगना झलकारी बाई की प्रतिमा अम्बेडकर मार्केट मुंशीगंज में स्थित है।इस प्रतिमा पर माल्यार्पण के बाद 12बजे से चौरसिया मैरिज लान गौरीगंज में कार्यक्रम है। आयोजन समिति के संयोजक राम सजीवन कोरी ने बताया कि जिला सेवा योजन अधिकारी अनुपमा रानी को कार्यक्रम का मुख्य अतिथि बनाया गया है। कार्यक्रम के बाद कलेक्ट्रेट में डी एम को ज्ञापन भी दिया जाएगा। कार्यक्रम की तैयारी को लेकर अधिवक्ता और बसपा के पूर्व जिला अध्यक्ष सुरेश कमल, रामनाथ भारती, हौसिला प्रसाद,राम सजीवन, अवधेश बौद्ध, अनिल कोरी बौद्ध, संजय कुमार, त्रिभुवन दत्त,रामबरन कोरी, ललित कुमार, विनोद कुमार एडवोकेट, रज्जन आर्य,दीपक आर्य , राकेश कुमार आदि ने बुधवार को जनसम्पर्क किया और लोगों को आमंत्रण पत्र प्रदान किए।

# पुरानी पेंशन से कम कुछ भी मंजूर नहीं, अटेवा ने मनाया काला दिवस

अवधनामा संवाददाता




**अमेठी।** पुरानी पेंशन बहाली के आंदोलन के क्रम में अटेवा पेंशन बचाओ ने मंगलवार को पूरे देश में काला दिवस मनाया। शिक्षकों और कर्मचारियों ने बांह में काली पट्टी बांध कर विरोध प्रदर्शन किया और कलेक्ट्रेट पहुंचकर मुख्यमंत्री और प्रधानमंत्री के नाम ज्ञापन जिलाधिकारी को सौंपा। डी एम के प्रतिनिधि के रूप में एस डी एम प्रीति तिवारी ने अटेवा का ज्ञापन लिया।

मंगलवार को जिले के शिक्षक और कर्मचारी बेसिक शिक्षा अधिकारी कार्यालय के पास जमा हुए। यहां से अटेवा के जिला अध्यक्ष मंजीत यादव और महामंत्री अजय कुमार मौर्य की अगुवाई में नारे लगाते हुए पैदल कलेक्ट्रेट पहुंचे और जिलाधिकारी को ज्ञापन दिया। जूनियर हाईस्कूल शिक्षक संघ,पी ए पी एस, उत्तर प्रदेश पंचायती राज ग्रामीण सफाई कर्मचारी संघ, प्राथमिक शिक्षक संघ,एस सी एस टी टीचर्स वेलफेयर एसोसिएशन के पदाधिकारी पैदल मार्च में शामिल हुए। ज्ञापन में कहा गया है कि देश के लगभग एक करोड़ शिक्षक और कर्मचारी लगातार पुरानी पेंशन बहाली और निजीकरण की समाप्ति की मांग कर रहे हैं।देश का शिक्षक और कर्मचारी एन पी एस का दंश झेल रहा है।हाल ही में सरकार द्वारा यूनाइटेड पेंशन स्कीम -यू पी एस देने का निर्णय लिया गया है, इसके अन्तर्गत जो प्रावधान सामने आए हैं, उससे प्रतीत होता है कि यह एन पी एस से भी घातक स्क्रीम है।देश का अर्धसैनिक बल, शिक्षक, अधिकारी , कर्मचारी सब स्वयं को ठगा महसूस कर रहे हैं। एन पी एस/यू पी एस जैसी घातक व्यवस्था को समाप्त कर सरकार पुरानी पेंशन बहाल करे और निजीकरण समाप्त करे।

> पुरानी पेंशन हमारी बुढ़ापे की लाठी है। संघर्ष का सफर चाहे जितना लम्बा हो, हम इसे लेकर ही रहेंगे। ओपी एस से कम कुछ भी मंजूर नहीं।
>
> **मंजीत यादव**
> **जिला अध्यक्ष, अटेवा**

> देश के राजनेता सदन में बैठकर जब चाहते हैं अपने वेतन भत्ते बढ़ा लेते हैं। देश के लिए ईमानदारी और निष्ठा से सेवाएं देने वाले कर्मचारियों के हितों की उन्हें बिल्कुल चिंता नहीं है। एक अप्रैल को काला दिवस गूंगी, बहरी और अंधी सरकार को जगाने के लिए है। जब तक पुरानी पेंशन बहाल नहीं होती, अटेवा के नेतृत्व में संघर्ष जारी रहेगा। एक मई को मजदूर दिवस पर जंतर-मंतर पर प्रदर्शन किया जाएगा।
>
> **अब्दुल रसीद**
> **जिला अध्यक्ष**
> **जूनियर हाईस्कूल शिक्षक संघ, अमेठी**

# पशुपालकों से अपील : लू व हीटवेव से करें पशुओं की रक्षा

अवधनामा संवाददाता

**कुशीनगर।** मुख्य पशु चिकित्साधिकारी ने अवगत कराया है कि जनपद कुशीनगर में माह अप्रैल, मई व जून में गर्म हवाई व लू का प्रकोप हो जाता है, जिससे तापमान काफी बढ़ जाता है। ऐसी अवस्था में लू, हीटस्ट्रोक व हीटवेव के कुप्रभाव से बचने हेतु जनपद कुशीनगर के पशुपालकों को पशुओं में उचित प्रबन्धन करना अति आवश्यक हो जाता है। गर्म हवाओं व लू के कुप्रभाव से पशुओं का दुग्ध उत्पादन गिर जाता है तथा इसके साथ ही उचित देखरेख एवं प्रबन्धन सही ना होने से पशुओं में रोग प्रभावित होने की सम्भावना अत्यधिक हो जाती है एवं मृत्य भी हो सकती है। साथ ही अत्यधिक तापमान में वृद्धि होने से भीषण अग्निकाण्ड व आगजनी की सम्भावना भी बढ़ जाती है। ऐसी अवस्था में पशु असमय काल कलवित हो जाते है, उक्त के दृष्टिगत पशुपालकों को पशुओं को छाया में रखने, शेड में टाट, बोरा, त्रिपाल से ढक के रखने हेतु जागरूक किया जा रहा है। इस मौसम में एमपी चरी ज्वार, में हाइड्रोसाइनिक एसिड की विषाक्त की वजह से पशुओं की असामयिक मृत्य भी हो जाती है। लू व हीटवेव से बढ़ी संख्या में पशुधन प्रभावित होते है, जिससे पशुपालकों को आर्थिक क्षति उठानी पड़ती है। उक्त के दृष्टिगत जनपद स्तर पर डॉ विद्याराम वर्मा, उप मुख्य पशु चिकित्साधिकारी, पडरौना को जनपदीय नोडल अधिकारी नामित किया गया है. जिनका मो. नं. 9450556594 है। लू प्रकोप/आपदा नियंत्रण हेतु पशु चिकित्सालय सदर पर एक आपदा नियंत्रण कक्ष स्थापित किया गया है। जिसके प्रभारी अशोक प्रसाद, वेटनरी फार्मासिस्ट, पशु चिकित्सालय सदर पडरौना, मो0नं0-9140236432, टेली मो.नं-05564-242008 को नामित किया गया है। उक्त के सम्बन्ध में समस्त पशु चिकित्सालयों से आपदाओं से सम्बन्धित दैनिक/साप्ताहिक/मासिक सूचनाएं नियमित रूप से उपलब्ध कराई जाएगी।

## अमेठी के जिला समाज कल्याण अधिकारी व बाबू निलंबित

**लखनऊ।** भ्रष्टाचार के खिलाफ प्रदेश सरकार लगातार कार्य कर रही है। अमेठी जनपद के जिला समाज कल्याण अधिकारी और उनके बाबू के बीच रिश्वत के पैसों को लेकर हुए विवाद की जानकारी पर समाज कल्याण राज्य मंत्री (स्वतन्त्र प्रभार) असीम अरुण ने अयोध्या मंडल के उप निदेशक को जांच का निर्देश दिया था। जांच रिपोर्ट के आधार पर जिला समाज कल्याण अधिकारी श्री मनोज कुमार शुक्ल और बाबू गोकुल प्रसाद जायसवाल को निलंबित किया गया है। बाबू गोकुल प्रसाद ने समाज कल्याण अधिकारी की शिकायत करते हुए आरोप लगाया था कि उनके द्वारा रिश्वत की मांग की जाती है। बाबू ने जांच अधिकारी को साक्ष्य के साथ बताया था कि जिला समाज कल्याण अधिकारी ने जबरन उनके मोबाइल से अपनी पत्नी के खाते में 40 हज़ार रुपये ट्रांसफर किया है। दूसरी ओर जिला समाज कल्याण अधिकारी मनोज कुमार शुक्ल ने बाबू गोकुल प्रसाद पर रिश्वत लेने का आरोप लगाया है। जिला समाज कल्याण अधिकारी ने भी बाबू का कथित रूप से रिश्वत लेते हुए वीडियो जांच अधिकारी को सौंपा है। असीम अरुण मंत्री, समाज कल्याण ने कहा मुख्यमंत्री जी के निर्देश पर भ्रष्टाचार के खिलाफ सख्त कदम उठाए जा रहे है। विभागीय अधिकारी प्रत्येक शिकायत को गंभीरता से लेते हैं, आरोपी कोई भी हो बख्शा नहीं जायेगा।

## साफ सफाई व्यवस्था को परखा

**महराजगंज, रायबरेली।** एक अप्रैल से तीस अप्रैल तक पूरे एक महीने तक चलने वाले विशेष संचारी रोग नियंत्रण एवं दस्तक अभियान के क्रम में बीडीओ वर्षा सिंह ने अभियान के दूसरे दिन बुधवार को ब्लाक क्षेत्र के गांव ओथी में सफाई कर्मियों की गठित टीम द्वारा की जा रही साफ सफाई व्यवस्था को परखा एवं जरूरी दिशा निर्देश दिए इस मौजूद कर्मियों से बीडीओ ने बिल्कुल स्पष्ट कहा कि अभियान का तात्पर्य किसी विशिष्ट उद्देश्य को प्राप्त करना होता है, ऐसे में गांव गंदगी मुक्त हों ऐसी हमारी प्राथमिकता होनी चाहिए तभी अभियान की सार्थक साबित होगा। अभियान का मुख्य उद्देश्य है, कि संचारी रोग जैसे डेंगू मलेरिया, चिकनगुनिया जैसे अन्य संक्रमण बीमारियों को लोगों में फैलने से रोका जाना है, इसके लिए अभियान के माध्यम से लोगों को संचारी रोगों के प्रति जागरूक किया जा रहा है, और उनसे बचाव के उपायों को भी साझा किया जा रहा है, अभियान में चिकित्सा स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण बाल विकास एवं पुष्टाहार ग्राम्य विकास एवं पंचायती राज आदि विभागों का सहयोग भी लिया जा रहा है।

# मरीजों को दी जाएं अच्छी स्वास्थ्य सेवाएं : सीएमओ



**देवरिया अवधनामा संवाददाता।** सीएमओ डॉ राजेश झा ने बुधवार को प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पथर देवा का निरीक्षण कर मिल रही स्वास्थ्य सुविधाओं का हाल जाना। निरीक्षण के दौरान सभी चिकित्सक स्वास्थ्य कर्मी मौजूद रहे । उन्होंने कहा कि अस्पताल पर आने वाले मरीजों को अच्छी स्वास्थ्य सेवाएं दी जाए। सीएमओ डॉ राजेश झा प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पथर देवा पंहुचे। उन्होंने प्रसव कक्ष, दवा कक्ष और पैथालॉजी कक्ष का मुआयना किया। इस दौरान उन्होंने स्वास्थ्य केंद्र पर आए मरीजों से स्वास्थ्य केंद्र पर मिल रही सुविधाओं की जानकारी लिया। ओपीडी, वार्ड, दवा कक्ष का निरीक्षण कर मिल रही स्वास्थ्य सेवाओं की जानकारी लिया। उन्होंने उपस्थित कर्मचारियों का उपस्थिति रजिस्टर से जांच किया। जांच में सभी स्वास्थ्यकर्मी मौजूद रहे। । उन्होंने स्वास्थ्य कार्मियों को निर्देशित करते हुए कहा कि स्वास्थ्य केंद्र पर आने वाले हर मरीज को मिल रही स्वास्थ्य सुविधाएं दी जाए। मरीजों से अच्छा ब्यवहार किया जाए। इस दौरान प्रभारी चिकित्साधिकारी डॉ प्रभात रंजन, जिला मातृ स्वास्थ्य परामर्शदाता विश्वनाथ मल्ल, बीपीएम नागेंद्र मल्ल सहित अन्य स्वास्थ्यकर्मी मौजूद रहे।

## राष्ट्रीय लोक अदालत की सफलता हेतु अधिक से अधिक मामलों को चिन्हित करें : जनपद न्यायाधीश



**देवरिया अवधनामा संवाददाता।** राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण लखनऊ के निर्देशानुसार, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण देवरिया के तत्वावधान में अध्यक्ष/जनपद न्यायाधीश जिला विधिक सेवा प्राधिकरण देवरिया देवेंद्र सिंह की अध्यक्षता में राष्ट्रीय लोक अदालत की सफलता हेतु जनपद न्यायालय के समस्त न्यायिक मजिस्ट्रेट व सिविल जज के साथ उनके विश्राम कक्ष में प्री-ट्रायल बैठक आयोजित की गई। जनपद न्यायाधीश ने समस्त न्यायिक अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि अभी से न्यायालय में लंबित मामलों को चिन्हित करने की आवश्यकता है, ताकि लोक अदालत में अधिक से अधिक वादों का निस्तारण किया जा सके। समस्त संबंधित मामलों में पक्षकारों को नोटिस भेजे जाएं तथा उन्हें समय पर तामील कराने हेतु निर्देशित किया जाए। राष्ट्रीय लोक अदालत के नोडल अधिकारी/अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश संजय कुमार सिंह ने कहा कि आगामी राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन दिनांक 10.05.2025 (शनिवार) को किया जाएगा जिसमें अन्य वादों के अलावा आपराधिक शमनीय वाद, धारा 138 पराक्रम लिखित अधिनियम के वाद, बैंक वसूली वाद, विद्युत एवं जल संबंधी वाद, पारिवारिक वाद, भूमि अधिग्रहण वाद, वेतन एवं भत्तों से संबंधित सर्विस विवाद, राजस्व वाद और अन्य सिविल वाद जैसे किराया, सुखाधिकार, व्यायादेश और विशिष्ट अनुतोष वादों के लंबित मामलों एवं प्री-लिटिगेशन विवादों का निस्तारण पक्षकारों के आपसी सुलह-समझौते के आधार पर किया जाएगा।

# निः शुल्क संस्कार शाला का आयोजन

- सप्ताह में रविवार और सोमवार को चलेगी संस्कार शाला की कक्षाएं
- किसी भी स्कूल में पढ़ने वाला छात्र कर सकता है प्रतिभाग
- प्रतिभा संरक्षण सेवा न्यास के संयोजन में चलेगी संस्कार शाला

अवधनामा संवाददाता




**बहराइच।** जनपद में न्यू इंडियन पब्लिक स्कूल सरस्वती नगर बहराइच एवं आई सी एल एम् इंस्टीट्यूट के तत्वावधान में न्यू इंडियन पब्लिक स्कूल के सभागार में संस्कार शाला का आयोजन किया गया कार्यक्रम का उद्घाटन प्रतिभा संरक्षण सेवा न्यास बहराइच के संरक्षक एवं सरस्वती इंटर कालेज रिसिया के पूर्व प्रधानाचार्य घनश्याम वाजपेई ने सरस्वती जी के चित्र पर दीप प्रज्ज्वलन एवं माल्यार्पण कर किया किया।संस्कार शाला का समारोह को संबोधित करते हुए पूर्व प्रधानाचार्य घनश्याम वाजपेई ने कहा कि हमारे बच्चे अंग्रेजी,विज्ञान, गणित आदि विषयों को पढ़कर आगे बढ़ रहे हैं लेकिन इसके साथ साथ भारतीय परम्परा में निहित नैतिक मूल्यों का कहीं न कहीं ह्रास हो रहा है जिसके चलते हमारी संस्कृति एवं सभ्यता बच्चों के मानस पटल से दूर होती जा रही है। उन्होंने बताया कि विद्यालय द्वारा चलाये जाने वाली संस्कार शाला बच्चों में नैतिक मूल्यों के साथ साथ भारतीय धर्म के बारे में भी बच्चों को अवगत करायेगी जिससे हमारे बच्चे आगे बढ़ेंगे और भारतीय संस्कृति से जुड़ेंगे। संस्कार शाला के संचालक एवं न्यू इंडियन पब्लिक स्कूल सरस्वती नगर प्रबंधक व प्रतिभा संरक्षण सेवा न्यास के अध्यक्ष डॉ देवेन्द्र कुमार उपाध्याय ने बताया कि बाल संस्कार शाला प्रत्येक सप्ताह के रविवार और सोमवार को सायंकाल - 5:00 से 6:00 बजे तक संचालित होगी जिसमें पांच से 14 वर्ष तक के बच्चे प्रतिभाग कर सकते हैं। संस्कार शाला में किसी भी स्कूल में पढ़ने वाला छात्र प्रतिभाग कर। सकता है।उन्होंने बताया कि संस्कार शाला में गीता, वाल्मीकि रामायण, उपनिषद, शैक्षिक सुभाषित एवं संस्कृत गीतों और खेलों को सिखाया जायेगा जिससे व्यक्ति का चतुर्दिक विकास हो सके।

इस अवसर पर प्रतिभा संरक्षण सेवा न्यास के प्रदेश संरक्षक अमरनाथ मिश्र,आई सी एल एम् के डायरेक्टर सूरज शुक्ल,ध्रुव कुमार मिश्र, डॉ आदर्श शुक्ल,श्रीमती सुरभि उपाध्याय,शनि सिंह, अर्पित वर्मा, विकास पाण्डेय आदि सहित सैकड़ों की संख्या में छात्र छात्राएं उपस्थित थे।

## चौकी दिहुली के भवन के जीर्णोद्धार का फीता कटवाकर लोकार्पण




**फिरोजाबाद।** वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक फिरोजाबाद सौरभ दीक्षित की उपस्थिति में थाना जसराना की चौकी दिहुली के भवन के जीर्णोद्धार का चौकी प्रभारी देहुली उ0नि0 पुष्पेन्द्र कुमार शर्मा से फीता कटवाकर लोकार्पण किया गया। इस दौरान क्षेत्राधिकारी जसराना, प्रभारी निरीक्षक थाना जसराना एवं अन्य पुलिस अधिकारी / कर्मचारीगण उपस्थित रहे। दिनांक 02-04-2025 को वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक फिरोजाबाद सौरभ दीक्षित की उपस्थिति में थाना जसराना की चौकी दिहुली के भवन के जीर्णोद्धार का चौकी प्रभारी देहुली उ0नि0 पुष्पेन्द्र कुमार शर्मा से फीता कटवाकर लोकार्पण किया गया। इस दौरान क्षेत्राधिकारी जसराना, प्रभारी निरीक्षक थाना जसराना एवं अन्य पुलिस अधिकारी / कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

## पुलिस हिरासत में युवक की मौत

**आजमगढ़।** विगत दिनों तरवा थाना अंतर्गत ग्राम उमरी पट्टी में शनि कुमार की पुलिस हिरासत में संदिग्ध मौत हो गई लगातार इस तरह की घटनाएं हो रही हैं कब तक गरीबों दलितों पिछड़ों मुसलमानो पर इस तरह से अन्याय होगां। भाजपा सरकार में सबसे ज्यादा मौत पुलिस हिरासत में हुई । आज पीड़ित परिवार से मिलकर कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष अजय राय पूर्व मंत्री संवेदना व्यक्त किये तथा कहां की जब तक पीड़ित परिवार को न्याय नहीं मिल जाता कांग्रेस उनके साथ खड़ी रहेगी स इस तरह की घटना जनता में भय पैदा करती है । कानून के राज की दुहाई देने वाली सरकार में अधिकारी बेलगाम हो गए हैं जब चाहे जहां चाहे कानून की धज्जियां उड़ाने में मशगुल है स इस सरकार में पुलिसिया उत्पीड़न अपने चरम सीमा पर है स जब रक्षक ही भक्षक बन जाए उस देश और प्रदेश का विनाश निश्चित स देश भारतीय संविधान से चलेगा ना की तानाशाही से । योगी सरकार में यह कोई अलग घटना नहीं है इस तरह की घटनाएं रोज प्रतिदिन उत्तर प्रदेश में हो रही हैं ।



## कार्यालय ग्राम पंचायत- कौवा वि.खं. शोहरतगढ़, जनपद-सिद्धार्थनगर

पत्रांक : मेमो/25-26 दिनांक 01.04.2025

### अल्पकालिक निविदा आपूर्ति सूचना

ग्राम पंचायत कौवा विकास खण्ड शोहरतगढ़ द्वारा महात्मा गांधी राष्ट्रीय रोजगार गारंटी योजना/राज्य वित्त/चौदहवां वित्त/पिछड़ा क्षेत्र अनुदान निधि/निर्मल भारत अभियान योजनान्तर्गत वर्ष 2025-26 में स्वीकृत तथा कराए जाने वाले कार्यो हेतु प्रथम श्रेणी ईट बालू सीमेंट सरिया, मौरंग,पेंट, वायरिंग, पत्थर बोर्ड, ईंट का टुकड़ा, पत्थर की गिट्टी, सोलर लाइट, सेनिटाइजर एवं विषाणु रोधक मास्क से संबंधित इत्यादि की आपूर्ति निविदा आमंत्रित की जाती है। इच्छुक आपूर्तिकर्ता द्वारा 07.04.2025 को 11:00 बजे तक सामग्री आपूर्ति हेतु अपनी निविदा व वांछित प्रपत्र बंद लिफाफे में ग्राम पंचायत कौवा के कार्यालय के निविदा बॉक्स में डाली जाएगी। निविदा उसी दिन अपरान्ह 12:00 बजे ग्राम पंचायत कार्यालय में खोली जाएगी तथा समस्त औपचारिकताएं पूर्ण की जायेगी धरोहर राशि मूल्य 5000 (पाँच हजार) रूपये होगी।

**नियम एवं शर्ते –**

1. जिस आपूर्तिकर्ता का दर सबसे कम होगा उसे ग्राम पचायत द्वारा कराय जाने वाले कार्य हेतु सूचित किया जाएगा।
2. आपूर्तिकर्ता का सेल टैक्स में रजिस्ट्रेशन अनिवार्य है तथा वह आयकर देता हो प्रमाणित प्रति संलग्न करना अनिवार्य है।
3. ग्राम पंचायत सचिव ग्राम प्रधान द्वारा नामित अधिकारी कर्मचारी आपूर्तिकर्ताओं की मौजूदगी में टेंडर खोला जाएगा।
4. सामग्री की आपूर्ति ग्राम पंचायत के परिधि में स्वीकृत दर से निर्धारित स्थल पर ही करनी होगी।
5. प्रस्तुत दरें वैट तथा कार्टेज चार्ज तथा अन्य जोड़कर प्रस्तुत की जाय।
6. सामग्री की आपूर्ति सचिव/ग्राम पंचायत ग्राम प्रधान के आदेश पर ही की जाएगी।
7. सामग्री की मात्रा घटाई बढ़ाई जा सकती है।
8. प्रस्तुत दर पीडब्लूडी द्वारा स्वीकृत से अधिक मान्य नही होगा।
9. आपूर्तिकर्ता को 2.24 प्रतिशत आयकर देना होगा।
10. ग्राम पंचायत के ग्राम प्रधान, सचिव, सदस्य बीडीसी, जिला पंचायत, तकनीकी सहायक आदि कर्मचारियों के सगे संबंधी एवं रिश्तेदार द्वारा दरें प्रस्तुत नहीं की जायगी। उक्त आशय की नोटरी, शपथ पत्र प्रस्तुत करना अनिवार्य है।
11. सीमेंट की आपूर्ति हेतु संबंधित के पास डीलरशिप/एजेंसी होना अनिवार्य है अन्यथा की दशा में आपूर्तिकर्ता को आपूर्ति हेतु खरीदी गई सीमेंट का पक्का बिल प्रस्तुत करना अनिवार्य होगा।
12. निविदा को बिना कारण बताए निरस्त करने का अधिकार ग्राम पंचायत सचिव/ग्राम प्रधान के पास होगा।
13. स्वीकृत आपूर्तिकर्ता का भुगतान तकनीकी सहायक/अपर अभियंता द्वारा सामग्री की गुणवत्ता होने तथा मापन के उपरान्त किया जाएगा। गुणवत्ता खराब होने पर भुगतान नही किया जाएगा।
14. धरोहर की धनराशि नगद राष्ट्रीयकृत बैंक के एएफडी/डाकघर बचत पत्र के रूप में ग्राम पंचायत कौवा के नाम बंधक हो संलग्न करना अनिवार्य है।
15. आपूर्ति दर स्वीकृत होने तथा ग्राम पंचायत द्वारा आपूर्ति आदेश देने के 7 दिन के अंदर सामग्री आपूर्ति करने की दशा में धरोहर राशि जब्त कर ली जाएगी।
16. निविदा फार्म ग्राम पंचायत कौवा कार्यालय से प्राप्त प्रपत्र जिसका मूल्य 100 (एक सौ) रूपया है पर स्वीकृत किया जाएगा।
17. सामग्री आपूर्ति के संबंध में शर्ते व अन्य जानकारी किसी भी कार्य दिवस पर ग्राम पंचायत कौवा के कार्यालय से प्राप्त की जा सकती है।

**ग्राम प्रधान-सोनमती**
**ग्रा.पं. कौवा**
**वि.खं. शोहरतगढ़**

**सचिव- राम सिंह**
**ग्रा.पं. कौवा**
**वि.खं. शोहरतगढ़**


# प्रदेश की मण्डिया किसानों को उपज का दिला रही हैं सही मूल्य

अवधनामा संवाददाता



**फिरोजाबाद।** किसानों को उनकी उपज का वाज़िम मूल्य दिलाने के लिए राज्य कृषि उत्पादन मण्डी परिषद द्वारा प्रत्येक जिले में मण्डी समितियों की स्थापना की है। प्रदेश में 251 से अधिक मण्डी समितिया विनियमित है जिनमें 220 मण्डी क्षेत्र में मण्डी स्थल निर्मित हैं। इन मण्डी समितियों में लाइसेन्स प्राप्त व्यापारी ही मण्डी समिती में निर्दिष्ट कृषि उत्पादों का क्रय-विक्रय करने हेतु अधिकृत होते है। किसान अपने उत्पाद को वाज़िब मूल्य मिलने पर किसी भी व्यक्ति को बेच सकता है। मण्डी स्थल पर जब किसान अपना उत्पाद लेकर आता है तो प्रवेश द्वार पर उसे निर्धारित प्रारूप पर प्रवेश पर्ची दी जाती है। जिसमें किसा का नाम पता, वाहन का विवरण कृषि उत्पाद आदि सूचनाएं अंकित की जाती है। जिस कृषि उत्पाद का जो मूल्य केन्द्र/राज्य सरकार द्वारा निर्धारित किया जाता है उससे कम मूल्य पर उस उत्पाद का क्रय नहीं किया जाता है। निर्धारित मूल्य/निर्धारित मूल्य से अधिक पर किसान से क्रय किया जाता है। इसे किसान को अपने उत्पाद का सही मूल्य मिल जाता है। प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी ने किसानों को उनकी उपज का सही मूल्य दिलाने के लिए अनेक हितकारी कदम उठाएं हैं। प्रदेश सरकार में मण्डियों का आधुनिकीकरण किया गया है। प्रदेश में मुख्यमंत्री कृषक कल्याणकारी योजना के अन्तर्गत मण्डी परिषद द्वारा 79796 कृषकों को रू134.76 करोड़ का अनुदान दिया है। प्रदेश में 27 नवीन मण्डी स्थलों का आधुनिकीकरण एवं 185 नग हाट-पैठ का निर्माण किया गया है। मण्डियों में किसानों हेतु प्री-अराइवल ई-पास लागू किया गया है तथा 1 मंडी व्यापारियों को डिजिटल पेमेन्ट की सुविधा दी गयी है। प्रदेश के कृषकों को उपज का उचित मूल्य दिलाने हेतु प्रदेश की 125 मण्डियों में जनवरी, 2025 तक लगभग 06 हजार 99 करोड का डिजिटल व्यापार किया गया है। ई-मण्डी योजना के अंतर्गत इस अवधि में 06 हजार 922 ई-लाइसेंस निर्गत किये गये हैं और ई-मण्डियों में 04 करोड़ 18 लाख से अधिक ऑनलाइन पर्चियां निर्गत की गयी है।



## कार्यालय ग्राम पंचायत गोण्डा खास, वि.ख. सिरकोनी, जौनपुर

### अल्पकालीन निविदा/टेन्डर

वित्तीय वर्ष 2025-26 मनरेगा/पंचम राज्य वित्त आयोग 15वां व केन्द्रीय वित्त आयोग अन्तेष्ठी स्थल/राष्ट्रीय ग्राम स्वराज अभियान/मनरेगा योजना अन्तर्गत ग्राम पंचायत द्वारा योजना के अंतर्गत प्राथमिक विद्यालय/पंचायत भवन/मनरेगा पार्क एवं अन्य सार्वजनिक भवनों के अनुरक्षण-सुन्दरीकरण एवं अवस्थापना सुविधाओं के हेतु निम्नलिखित निर्माण सामग्रियों को क्रय करने हेतु अल्पकालीन निविदा आमंत्रित की जाती है। इच्छुक आपूर्ति कर्ता दिनांक 03-04-2025 से 07-04-2025 तत्कार्यालय दिवस में अपरान्ह दो बजे तक ग्राम प्रधान पंचायत कार्यालय पर सील बंद निविदा जमा कर सकते है। दिनांक 08-04-2025 को निविदा हेतु गठित कमिटी या निर्माण समिति के सदस्यों के समक्ष अपरान्ह 02:00 बजे तक खोली जाएगी। निविदा फॉर्म पैड पर होगी।

| क्र.सं. | परियोजना का नाम | मात्रा (प्रकलन) के अनुसार | शिडयूल रेट के अनुसार (निम्नतमदर पर) |
|---|---|---|---|
| 1 | ईट, 150 एम.एम. प्रथम श्रेणी/एस.ओ.बी. ईट | प्रति हजार | |
| 2 | सीमेंट, शौचालय में कार्य करने वाले समूह का मानदेय | प्रति बैग | |
| 3 | मोरंग बालू, महीन बालू, गंगा बालू | प्रति घन मी. | |
| 4 | स्टोन बलास्ट, डाला गिट्टी, पत्थर गिट्टी 20 एम.एम. से 53 एम.एम. तक ईट गिट्टी 20 एम.एम./42 एम.एम.। सीमेन्ट वाला ईंट | प्रति घन मी. | |
| 5 | सरिया विभिन्न साइज | प्रति कुन्तल | |
| 6 | करकर/एसबेस्टर सीट, पैनट आयरन, समरसेबुल, बोरिंग प्लेटफार्म सहित | प्रति नग | |
| 7 | पैक्र्स ब्लाक ईट/इण्टरलाकिंग ईट/जागजेडा इण्टरलाकिंग ईट | प्रति हजार | |
| 8 | सोलर लाईट/विद्युत सामग्री/स्ट्रीट लाईट/ हाईमास्क सोलर लाईट | प्रति नग | |
| 9 | शौचालय निर्माण सामग्री/पंचायत भवन निर्माण सामग्री | | |
| 10 | ह्यूम पाइप 150 एम.एम. 300 एम.एम. 350 एम.एम. 600 एम.एम. 800 एम.एम. NP3 | प्रति मी. | |
| 11 | टाइल्स विभिन्न साइज | प्रति वर्ग मी. | |
| 12 | गिट्टी की भराई, समतलीकरण का कार्य | प्रति घन मी. | |
| 13 | सफाईकर्मी स्वच्छता कीट/सेनेटाइजर, इस्टबीन सहित अन्य संबधित सामग्री प्रिकास्ट कंकरीट बेंच | प्रति नग | |
| 14 | कटीला तार एवं ईगल/प्रिकास्ट कंकरीट बेंच | प्रति नग | |
| 15 | जिम के संबंधित सामग्री/इण्डिया मार्क-2 हैण्डपम्प मरम्मत सामग्री/रिबोर | प्रति नग | |
| 16 | मैदान के सुन्दरीकरण हेतु घास | प्रति घन मी. | |
| 17 | चूना, पेन्ट इत्यादि स्वच्छता हेतु कूड़ादान व्यवस्था | प्रति नग | |
| 18 | बालू पेंटिंग व प्रचार-प्रसार इत्यादि | प्रति वर्ग मी. | |
| 19 | विडियो कैमरा, दिशासूचक बोर्ड/पब्लिक अड्रेस सिस्टम | प्रति नग | |
| 20 | गौशाला में चूना-चोकर, भूसा, मनरेगा पार्क में खेलकूद, जिम, झूला व अन्य सामग्री | | |
| 21 | हैण्डम्प की निष्प्रयोज्य सामग्री की खुली नीलामी | | |
| 22 | S.L.W.M. अन्तर्गत कार्य करने वाले कर्मियों का मानदेय | | |

**प्रतिबंध एवं शर्तेः** सभी कार्य योजना के अनुसार एवं प्राथमिकता के आधार पर कराये जायेंगे। सामग्री की मात्रा स्वीकृत होने के पश्चात् तय की जाएगी। आवश्यकता के अनुसार सामग्री की आपूर्ति ग्राम प्रधान एवं ग्राम पंचायत सचिव के आदेश पर की जाएगी अथवा नही। आपूर्तिकर्ता वाणिज्यकर्ता द्वारा 50 रूपये के स्टाम्प पेपर पर भरना अनिवार्य होगा सामग्री आपूर्ति के पश्चात् ही भुगतान किया जायेगा। आपूर्तिकर्ता को 4 प्रतिशत वाणिज्य कर एवं 2.24 प्रतिशत आयकर में कटौती के पश्चात ही भुगतान किया जायेगा। निविदा को बिना कारण बताये निरस्त करने का अधिकार निविदा समिति/निर्माण समिति में निहित होगा।

**कृष्ण मुरारी सरोज**
**ग्राम प्रधान- गोण्डा खास**
**वि.ख. सिरकोनी, जौनपुर**

**रामाश्रय मौर्य**
**ग्राम पं./ग्रा.वि.अधि.- गोण्डा खास**
**वि.ख. सिरकोनी, जौनपुर**

## कार्यालय ग्राम पंचायत वशीरपुर, वि.ख. सिरकोनी, जौनपुर

### अल्पकालीन निविदा/टेन्डर

वित्तीय वर्ष 2025-26 मनरेगा/पंचम राज्य वित्त आयोग 15वां व केन्द्रीय वित्त आयोग अन्तेष्ठी स्थल/राष्ट्रीय ग्राम स्वराज अभियान/मनरेगा योजना अन्तर्गत ग्राम पंचायत द्वारा योजना के अंतर्गत प्राथमिक विद्यालय/पंचायत भवन/मनरेगा पार्क एवं अन्य सार्वजनिक भवनों के अनुरक्षण-सुन्दरीकरण एवं अवस्थापना सुविधाओं के हेतु निम्नलिखित निर्माण सामग्रियों को क्रय करने हेतु अल्पकालीन निविदा आमंत्रित की जाती है। इच्छुक आपूर्ति कर्ता दिनांक 03-04-2025 से 08-04-2025 तत्कार्यालय दिवस में अपरान्ह दो बजे तक ग्राम प्रधान पंचायत कार्यालय पर सील बंद निविदा जमा कर सकते है। दिनांक 09-04-2025 को निविदा हेतु गठित कमिटी या निर्माण समिति के सदस्यों के समक्ष अपरान्ह 02:00 बजे तक खोली जाएगी। निविदा फॉर्म पैड पर होगी।

| क्र.सं. | परियोजना का नाम | मात्रा (प्रकलन) के अनुसार | शिडयूल रेट के अनुसार (निम्नतमदर पर) |
|---|---|---|---|
| 1 | ईट, 150 एम.एम. प्रथम श्रेणी/एस.ओ.बी. ईट | प्रति हजार | |
| 2 | सीमेंट, शौचालय में कार्य करने वाले समूह का मानदेय | प्रति बैग | |
| 3 | मोरंग बालू, महीन बालू, गंगा बालू | प्रति घन मी. | |
| 4 | स्टोन बलास्ट, डाला गिट्टी, पत्थर गिट्टी 20 एम.एम. से 53 एम.एम. तक ईट गिट्टी 20 एम.एम./42 एम.एम.। सीमेन्ट वाला ईंट | प्रति घन मी. | |
| 5 | सरिया विभिन्न साइज | प्रति कुन्तल | |
| 6 | करकर/एसबेस्टर सीट, पैनट आयरन, समरसेबुल, बोरिंग प्लेटफार्म सहित | प्रति नग | |
| 7 | पैक्र्स ब्लाक ईट/इण्टरलाकिंग ईट/जागजेडा इण्टरलाकिंग ईट | प्रति हजार | |
| 8 | सोलर लाईट/विद्युत सामग्री/स्ट्रीट लाईट/ हाईमास्क सोलर लाईट | प्रति नग | |
| 9 | शौचालय निर्माण सामग्री/पंचायत भवन निर्माण सामग्री | | |
| 10 | ह्यूम पाइप 150 एम.एम. 300 एम.एम. 350 एम.एम. 600 एम.एम. 800 एम.एम. NP3 | प्रति मी. | |
| 11 | टाइल्स विभिन्न साइज | प्रति वर्ग मी. | |
| 12 | गिट्टी की भराई, समतलीकरण का कार्य | प्रति घन मी. | |
| 13 | सफाईकर्मी स्वच्छता कीट/सेनेटाइजर, इस्टबीन सहित अन्य संबधित सामग्री प्रिकास्ट कंकरीट बेंच | प्रति नग | |
| 14 | कटीला तार एवं ईगल/प्रिकास्ट कंकरीट बेंच | प्रति नग | |
| 15 | जिम के संबंधित सामग्री/इण्डिया मार्क-2 हैण्डपम्प मरम्मत सामग्री/रिबोर | प्रति नग | |
| 16 | मैदान के सुन्दरीकरण हेतु घास | प्रति घन मी. | |
| 17 | चूना, पेन्ट इत्यादि स्वच्छता हेतु कूड़ादान व्यवस्था | प्रति नग | |
| 18 | बालू पेंटिंग व प्रचार-प्रसार इत्यादि | प्रति वर्ग मी. | |
| 19 | विडियो कैमरा, दिशासूचक बोर्ड/पब्लिक अड्रेस सिस्टम | प्रति नग | |
| 20 | गौशाला में चूना-चोकर, भूसा, मनरेगा पार्क में खेलकूद, जिम, झूला व अन्य सामग्री | | |
| 21 | हैण्डम्प की निष्प्रयोज्य सामग्री की खुली नीलामी | | |
| 22 | S.L.W.M. अन्तर्गत कार्य करने वाले कर्मियों का मानदेय | | |

**प्रतिबंध एवं शर्तेः** सभी कार्य योजना के अनुसार एवं प्राथमिकता के आधार पर कराये जायेंगे। सामग्री की मात्रा स्वीकृत होने के पश्चात् तय की जाएगी। आवश्यकता के अनुसार सामग्री की आपूर्ति ग्राम प्रधान एवं ग्राम पंचायत सचिव के आदेश पर की जाएगी अथवा नही। आपूर्तिकर्ता वाणिज्यकर्ता द्वारा 50 रूपये के स्टाम्प पेपर पर भरना अनिवार्य होगा सामग्री आपूर्ति के पश्चात् ही भुगतान किया जायेगा। आपूर्तिकर्ता को 4 प्रतिशत वाणिज्य कर एवं 2.24 प्रतिशत आयकर में कटौती के पश्चात ही भुगतान किया जायेगा। निविदा को बिना कारण बताये निरस्त करने का अधिकार निविदा समिति/निर्माण समिति में निहित होगा।

**पूनम निषाद**
**ग्राम प्रधान- वशीरपुर**
**वि.ख. सिरकोनी, जौनपुर**

**अंकेश सरोज**
**ग्रा.वि.अधि.- वशीरपुर**
**वि.ख. सिरकोनी, जौनपुर**

## कार्यालय ग्राम पंचायत कादीपुर, वि.ख. सिरकोनी, जौनपुर

### अल्पकालीन निविदा/टेन्डर

वित्तीय वर्ष 2025-26 मनरेगा/पंचम राज्य वित्त आयोग 15वां व केन्द्रीय वित्त आयोग अन्तेष्ठी स्थल/राष्ट्रीय ग्राम स्वराज अभियान/मनरेगा योजना अन्तर्गत ग्राम पंचायत द्वारा योजना के अंतर्गत प्राथमिक विद्यालय/पंचायत भवन/मनरेगा पार्क एवं अन्य सार्वजनिक भवनों के अनुरक्षण-सुन्दरीकरण एवं अवस्थापना सुविधाओं के हेतु निम्नलिखित निर्माण सामग्रियों को क्रय करने हेतु अल्पकालीन निविदा आमंत्रित की जाती है। इच्छुक आपूर्ति कर्ता दिनांक 03-04-2025 से 08-04-2025 तत्कार्यालय दिवस में अपरान्ह दो बजे तक ग्राम प्रधान पंचायत कार्यालय पर सील बंद निविदा जमा कर सकते है। दिनांक 09-04-2025 को निविदा हेतु गठित कमिटी या निर्माण समिति के सदस्यों के समक्ष अपरान्ह 02:00 बजे तक खोली जाएगी। निविदा फॉर्म पैड पर होगी।

| क्र.सं. | परियोजना का नाम | मात्रा (प्रकलन) के अनुसार | शिडयूल रेट के अनुसार (निम्नतमदर पर) |
|---|---|---|---|
| 1 | ईट, 150 एम.एम. प्रथम श्रेणी/एस.ओ.बी. ईट | प्रति हजार | |
| 2 | सीमेंट, शौचालय में कार्य करने वाले समूह का मानदेय | प्रति बैग | |
| 3 | मोरंग बालू, महीन बालू, गंगा बालू | प्रति घन मी. | |
| 4 | स्टोन बलास्ट, डाला गिट्टी, पत्थर गिट्टी 20 एम.एम. से 53 एम.एम. तक ईट गिट्टी 20 एम.एम./42 एम.एम.। सीमेन्ट वाला ईंट | प्रति घन मी. | |
| 5 | सरिया विभिन्न साइज | प्रति कुन्तल | |
| 6 | करकर/एसबेस्टर सीट, पैनट आयरन, समरसेबुल, बोरिंग प्लेटफार्म सहित | प्रति नग | |
| 7 | पैक्र्स ब्लाक ईट/इण्टरलाकिंग ईट/जागजेडा इण्टरलाकिंग ईट | प्रति हजार | |
| 8 | सोलर लाईट/विद्युत सामग्री/स्ट्रीट लाईट/ हाईमास्क सोलर लाईट | प्रति नग | |
| 9 | शौचालय निर्माण सामग्री/पंचायत भवन निर्माण सामग्री | | |
| 10 | ह्यूम पाइप 150 एम.एम. 300 एम.एम. 350 एम.एम. 600 एम.एम. 800 एम.एम. NP3 | प्रति मी. | |
| 11 | टाइल्स विभिन्न साइज | प्रति वर्ग मी. | |
| 12 | गिट्टी की भराई, समतलीकरण का कार्य | प्रति घन मी. | |
| 13 | सफाईकर्मी स्वच्छता कीट/सेनेटाइजर, इस्टबीन सहित अन्य संबधित सामग्री प्रिकास्ट कंकरीट बेंच | प्रति नग | |
| 14 | कटीला तार एवं ईगल/प्रिकास्ट कंकरीट बेंच | प्रति नग | |
| 15 | जिम के संबंधित सामग्री/इण्डिया मार्क-2 हैण्डपम्प मरम्मत सामग्री/रिबोर | प्रति नग | |
| 16 | मैदान के सुन्दरीकरण हेतु घास | प्रति घन मी. | |
| 17 | चूना, पेन्ट इत्यादि स्वच्छता हेतु कूड़ादान व्यवस्था | प्रति नग | |
| 18 | बालू पेंटिंग व प्रचार-प्रसार इत्यादि | प्रति वर्ग मी. | |
| 19 | विडियो कैमरा, दिशासूचक बोर्ड/पब्लिक अड्रेस सिस्टम | प्रति नग | |
| 20 | गौशाला में चूना-चोकर, भूसा, मनरेगा पार्क में खेलकूद, जिम, झूला व अन्य सामग्री | | |
| 21 | हैण्डम्प की निष्प्रयोज्य सामग्री की खुली नीलामी | | |
| 22 | S.L.W.M. अन्तर्गत कार्य करने वाले कर्मियों का मानदेय | | |

**प्रतिबंध एवं शर्तेः** सभी कार्य योजना के अनुसार एवं प्राथमिकता के आधार पर कराये जायेंगे। सामग्री की मात्रा स्वीकृत होने के पश्चात् तय की जाएगी। आवश्यकता के अनुसार सामग्री की आपूर्ति ग्राम प्रधान एवं ग्राम पंचायत सचिव के आदेश पर की जाएगी अथवा नही। आपूर्तिकर्ता वाणिज्यकर्ता द्वारा 50 रूपये के स्टाम्प पेपर पर भरना अनिवार्य होगा सामग्री आपूर्ति के पश्चात् ही भुगतान किया जायेगा। आपूर्तिकर्ता को 4 प्रतिशत वाणिज्य कर एवं 2.24 प्रतिशत आयकर में कटौती के पश्चात ही भुगतान किया जायेगा। निविदा को बिना कारण बताये निरस्त करने का अधिकार निविदा समिति/निर्माण समिति में निहित होगा।

**अजय चौहान**
**ग्राम प्रधान- कादीपुर**
**वि.ख. सिरकोनी, जौनपुर**

**अजय कुमार**
**ग्रा.वि.अधि.- कादीपुर**
**वि.ख. सिरकोनी, जौनपुर**

# ज्ञानस्थली आवासीय विद्यालय में दीक्षांत समारोह का समापन हर्ष पूर्ण रहा

**अगली कक्षा में और बेहतर करने के लिए निरंतर अध्ययनरत रहना है: शिवप्रसाद**



**अवधनामा ब्यूरो**

**इटावा।** कर्मण्येवाधिकारस्ते मा फलेषुकदाचन-अर्थात् कर्म करना मानव की स्वाभाविक प्रवृत्ति है। कर्मों का फल हमारे सुख के लिए नहीं है। कर्मों का फल भगवान के सुख के लिए है।

कर्म करते समय हमें यह याद रखना चाहिए कि हम इनके फलों के भोक्ता नहीं हैं। कर्वाखेड़ा स्थित ज्ञानस्थली आवासीय विद्यालय में बुधवार को दीक्षांत समारोह बड़े हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। विद्यालय समिति के अध्यक्ष (चेयरमैन) शिव प्रसाद यादव व विद्यालय के प्रधानाचार्य अंशुल तिवारी विद्यालय प्रबंधन प्रमुख शिवमंगल ने माँ सरस्वती के चरणों में पुष्प अर्पित कर पुष्पहार किया तथा सभी के लिए सद्बुद्धि की प्रार्थना की। विद्यालय प्रांगण में सभी छात्र-छात्राओं अभिभावकगणों का स्वागत स्वागत गीत व नृत्य की प्रस्तुति के साथ किया गया। दीक्षांत समारोह कार्यक्रम में सभी कक्षाओं के सभी वर्गों में प्रथम पाँच स्थान प्राप्त करने वाले सभी छात्र-छात्राओं को शील्ड व प्रशस्ति पत्र देकर आशीर्वाद प्रेषित किया। दीक्षांत समारोह में श्री यादव ने अभिभावकों को संबोधित करते हुए कहा कि छात्र जीवन में अनुशासन, सफलता व दक्षता और बेहतर समय प्रबंधन को बढ़ावा देता है, जो व्यक्तियों को उनके लक्ष्यों को प्राप्त करने की दिशा में मार्गदर्शन करता है। छात्रों के लिए अपने जीवन के विभिन्न पहलुओं में उत्कृष्टता प्राप्त करने के लिए अनुशासन को अपनाना आवश्यक है, जो अंततः समग्र विकास और सफलता की ओर ले जाता है। उन्होंने दीक्षांत दिवस के विषय में बताया। उन्होंने कहा कि आज का दिन आपके परिणाम का दिन है, जो आपकी मेहनत, लगन व कर्त्तव्यनिष्ठता तथा प्रेरणा का प्रतीक है। इस परिणाम रूपी वृक्ष को आप सभी के पूर्वजों व माता-पिता के आशीर्वाद रूपी जल से सींचा गया है तथा सभी गुरुजनों की देखरेख व काट-छांट द्वारा प्रस्तुत हुआ है, जिसको वर्तमान में स्वीकार करते हुए मन में ऊर्जा व उत्साह का संचार करना है तथा अगली कक्षा में और बेहतर करने के लिए निरंतर अध्ययनरत रहना है। ईश्वर से बेहतर परिणाम की आशा करते हुए उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हैं। उन्होंने छात्रों को उनके जीवन के नये पड़ाव के प्रारंभ के लिए यशस्वी भव का आशीर्वाद दिया। कार्यक्रम में विद्यालय परिवार के सभी शिक्षकगण मौजूद रहे।

# ग्रीन टाइगर सोसाइटी नें किया ईद मिलन समारोह का आयोजन



**अवधानामा संवाददाता**

**राठ।** हमीरपुर में ग्रीन टाइगर सोसाइटी के संस्थापक/अध्यक्ष मुशरिफ खान एवं सचिव जुनैद बेग दुर्रानी ने अपनी कोर कमेटी के पदाधिकारियों के भरपूर सहयोग से ईद मिलन समारोह का एक भव्य आयोजन किया ,जिसमें विशिष्ट अतिथि के तौर पर पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष जालौन हाजी अजहर बेग,मुख्य अतिथि के तौर पर पूर्व राठ विधान सभा प्रत्याशी श्रीमती राजपूत चंद्रवती वर्मा, जिला अध्यक्ष हमीरपुर AIMIM जब्बार खान साहब, सांसद प्रतिनिधि कलीम मोहम्मद (सप्पू भाई)आजाद समाज पार्टी के नगर अध्यक्ष सलीम मेहंदी,अखिल भारतीय पूर्व सैनिक संघ अध्यक्ष जागेश्वर जी के साथ समस्त पूर्व सैनिक, सभासद खालिक कुरैशी एवम् सभासद मोहम्मद अलीम के साथ लगभग 18 माननीय सभासद गण, डॉक्टर जमील राठवी, समाजवादी पार्टी के जिला उपाध्यक्ष डॉक्टर शमीम खान, मंसूरी समाज के पूर्व अध्यक्ष डॉक्टर ताज मोहम्मद (लक्ष्मी डॉक्टर) तथा सैकड़ों सम्मानित नागरिक उपस्थित रहे और प्रेम सद्भाव के साथ एक दूसरे से गले मिलकर ईद की शुभकामनाएं दीं! और आपको बताते चलें कि ग्रीन टाइगर सोसाइटी हमेशा ही गरीबों के साथ खुशियां बांटने का काम करती है और उनकी टीम हमेशा गरीबों की मदद के लिए खड़ी रहती है सर्दियों में जैसे कंबल वितरण और गरीबों को राशन वितरण और बीमारों को इलाज हेतु मदद करती है और गरीब बच्चियों की शादी में भी सोसाइटी द्वारा मदद की जाती है पूरे बुंदेलखंड में सोसाइटी द्वारा जरूरतमंदो के पास जाकर उनकी मदद करती है और सोसाइटी का कहना है कि इसी तरह हमारा लक्ष्य है की पूरे हिंदुस्तान में जरूरतमंदो के लिए सोसाइटी द्वारा मदद की जाएगी और अल्लाह के करम से इसी तरह हम सब के साथ खड़े होकर व सब की खुशियों में शामिल होकर खुशियां मनाते रहे हैं।

# धूमधाम से मनाई जाएगी बाबा साहब भीमराव अंबेडकर जयंती: रामकिशोर

**अवधनामा संवाददाता**



**बांदा।** उत्तर प्रदेश सरकार की 8 वर्ष की उपलब्धियों पर भाजपा द्वारा चलाए जा रहे उत्सव अभियान के दौरान पार्टी के स्थापना दिवस 6 अप्रैल से बाबा साहब भीमराव अंबेडकर जयंती 14 अप्रैल तक पार्टी बृहद कार्यक्रम चलाएगी। बुधवार को जिला भाजपा कार्यालय के सभागार में आयोजित कामकाजी बैठक में आगामी कार्यक्रमों को लेकर योजना तैयार की गई। भाजपा जिला अध्यक्ष कल्लू सिंह राजपूत ने बैठक की अध्यक्षता करते हुए अपने संबोधन में पदाधिकारियों का वृत्त लेते हुए आगामी कार्यक्रमों को सफल बनाने का आह्वान किया। बैठक में मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित जिला प्रभारी रामकिशोर साहू ने बैठक में अपेक्षित पदाधिकारियों को आगामी कार्ययोजना समझाते हुए बताया कि पार्टी के स्थापना दिवस 6 अप्रैल को प्रत्येक बूथ में बैठक कर सरकार के 8 वर्ष के कार्यकाल की उपलब्धियों पर चर्चा की जाएगी। सभी कार्यकर्ता अपने घरों में पार्टी का झंडा लगाएंगे और ग्राम स्तर पर 6 अप्रैल से लेकर 9 अप्रैल तक द्वितीय चरण के घर घर संपर्क अभियान को पूरा करना है। इसके अलावा विधानसभा स्तर पर विकास गोष्ठी आयोजित की जाएगी जिसमें वर्तमान तथा पूर्व सांसद, विधायक, जिला पंचायत अध्यक्ष, जिला पंचायत सदस्य, नगर पालिका तथा नगर पंचायत के चेयरमैन, सभासद, प्रधान, बी डी सी ,कोआपरेटिव तथा अन्य जनप्रतिनिधियों की लगभग 1000 संख्या की गोष्ठी प्रस्तावित की गई है। युवा मोर्चा द्वारा बाइक रैली निकाल कर जिले में कराए गए प्रमुख विकास कार्यों का अवलोकन किया जाएगा। इस दौरान जिले में एक प्रबुद्ध वर्ग सम्मेलन आयोजित करने की योजना भी बनाई गई। जिसमें चिकित्सक, इंजीनियर, शिक्षक, व्यापारी, अधिवक्ता, साहित्यकार, खिलाड़ी, सामाजिक कार्यकर्ता तथा अन्य सभी प्रकार के प्रबुद्धजनों को आमंत्रित किया जाएगा। इसी दौरान महिला मोर्चा द्वारा ग्राम स्तर पर चौपाल लगाकर घर घर संपर्क अभियान चलाया जाएगा। 14 अप्रैल अंबेडकर जयंती पर जिले के सभी बूथों में उनके चित्र पर पुष्पांजलि दी जाएगी। जहां बाबा साहब की मूर्ति है वहां स्वच्छता अभियान चलाते हुए मूर्ति पर माल्यार्पण किया जाएगा। इस अवसर पर भाजपा सरकार द्वारा सामाजिक न्याय एवं सामाजिक समरसता पर किए गए कार्यों की चर्चा की जाएगी। बैठक का संचालन जिला महामंत्री तथा बबेरू चेयरमैन विवेकानंद गुप्ता द्वारा किया गया। बैठक में जलशक्ति राज्य मंत्री रामकेश निषाद, जिला पंचायत अध्यक्ष सुनील पटेल, पूर्व क्षेत्रीय अध्यक्ष अयोध्या प्रसाद सिंह पटेल, पूर्व विधायक राजकरण कबीर,पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष जगराम सिंह,पूर्व जिला अध्यक्ष अखिलेश श्रीवास्तव, पूर्व चेयरमैन विनोद जैन, अजय प्रताप सिंह, स्वर्ण सिंह सोनू, रमाकांत पटेल,गिरजेश तिवारी, शैलेन्द्र जयसवाल, राजेश सेन, ममता मिश्रा, डॉ धर्मेन्द्र धीरेन्द्र सिंह,उत्तम सक्सेना, संतोष नायक,सोशल मीडिया जिला संयोजक निखिल सक्सेना, जिला आई टी संयोजक दीपक राजपूत, प्रेमनारायण पटेल, मोहित गुप्ता, अमित सेठ भोलू आदि प्रमुख रूप से उपस्थित रहे।

# चलाया सघन चेकिंग अभियान



**अवधनामा संवाददाता**

**मौदहा हमीरपुर।** पुलिस उपमहानिरीक्षक, राजेश एस. और पुलिस अधीक्षक दीक्षा शर्मा के निर्देश पर क्षेत्राधिकारी मौदहा विनीता पहल ने कस्बे के बैंकों एवं सार्वजनिक स्थलों पर सघन चेकिंग अभियान चलाया। पुलिस द्वारा चलाए गएअभियान के तहत पुलिस ने संदिग्ध व्यक्तियों और वाहनों की चेकिंग की। बैंक परिसर, एटीएम के साथ अन्य संवेदनशील स्थानो पर सुरक्षा का जायजा लिया गया। और मौके पर मौजूद लोगों से बातचीत कर सुरक्षा का भरोसा दिलाया। साथ ही आपात स्थिति में डायल 112 का उपयोग करने की बात कही। चेकिंग के दौरान पुलिस ने आमजन को बैंकिंग धोखाधड़ी, साइबर अपराध और संदिग्ध गतिविधियों से सतर्क रहने की सलाह दी। अधिकारियों ने बैंक कर्मियों और सुरक्षा गार्डों को सुरक्षा संबंधी आवश्यक निर्देश दिए और सुनिश्चित किया कि सभी सीसीटीवी कैमरे सही तरीके से कार्य कर रहे हों।इस दौरान उनके साथ भारी संख्या में पुलिस बल मौजूद रहा।

## गोली चलाकर दहशत फैलाने वाले दोनों आरोपी गिरफ्तार

**मौदहा हमीरपुर।** बीते माह 27 तारीख को इफ्तार पार्टी के दौरान फायरिंग कर दहशत फैलाने के दोनों आरोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। वहीं दोनों आरोपियों की गिरफ्तारी को लेकर लोग तरह तरह की बातें कर रहे हैं। बीते सत्ताईस मार्च की शाम कस्बे के मोहल्ला हैदरिया स्थित हक्की बाबा की मस्जिद के बाहर चल रही इफ्तार पार्टी के दौरान आसिफ कुरेशी और माफिया फैज ने मामूली बात को लेकर उपजे विवाद में हुसैनिया निवासी मोहम्मद वसीम पर फायरिंग कर दी थी जिससे कुछ समय के लिए दहशत फैलने के साथ अफरा तफरी मच गई थी।जिसपर मोहम्मद वसीम ने दोनों आरोपियों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कराया था जिसके साथ ही पुलिस ने दोनों आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए दबिशें देना शुरू कर दिया था जिसमें से एक आरोपी माफिया फैज को पुलिस ने दो दिन पहले गिरफ्तार किया था।

# ओवरब्रिज के नीचे सुंदरीकरण का कार्य जल्द ही होगा शुरू : विनय श्रीवास्तव

**अवधनामा ब्यूरो**



**सोनभद्र।** जिले में भारतीय जनता पार्टी के नगर अध्यक्ष विनय श्रीवास्तव के प्रयासों से नगरवासियों को जल्द ही एक बड़ी सौगात मिलने की उम्मीद जगी है। चंडी तिराहे से कीर्ति पाली अस्पताल तक बने ओवरब्रिज के नीचे फैली गंदगी, दुर्गंध और कचरे से उत्पन्न होने वाली बीमारियों से परेशान स्थानीय लोगों व राहगीरों की समस्या को देखते हुए विनय श्रीवास्तव ने जिलाधिकारी सोनभद्र को पूर्व में ही एक पत्र लिखा था। इस पत्र में उन्होंने ओवरब्रिज के नीचे सुंदरीकरण का प्रस्ताव रखा, जिसे जिलाधिकारी ने स्वीकार कर लिया है। नगर अध्यक्ष के प्रस्ताव में ओवरब्रिज के नीचे इंटरलॉकिंग ईंट लगाने, लोगों के बैठने के लिए बेंच बनाने और स्ट्रीट फूड की दुकानों के आवंटन जैसे कार्य शामिल हैं। इस पहल से न केवल क्षेत्र को साफ-सुथरा और सुंदर बनाया जाएगा, बल्कि दुकानों के आवंटन से कुछ लोगों को रोजगार के अवसर भी मिल सकेंगे। यह प्रस्ताव खनिज न्यास निधि के तहत लागू करने की योजना है। जिलाधिकारी ने नगर अध्यक्ष को पत्र के माध्यम से सूचित किया है कि इस प्रस्ताव को खनिज न्यास निधि की अगली शासी बैठक में रखा जाएगा। यदि शासी परिषद इस पर अपनी सहमति दे देती है, तो आने वाले दिनों में लगभग तीन किलोमीटर लंबे इस ओवरब्रिज के नीचे सुंदरीकरण का कार्य शुरू हो सकता है। इससे न सिर्फ आसपास के निवासियों को गंदगी और दुर्गंध से राहत मिलेगी, बल्कि ओवरब्रिज के दोनों ओर से गुजरने वाले राहगीरों को भी परेशानियों से निजात मिलेगी। स्थानीय लोगों ने इस पहल की सराहना की है और उम्मीद जताई है कि यह प्रस्ताव जल्द ही मूर्त रूप लेगा। नगर अध्यक्ष विनय श्रीवास्तव का यह प्रयास न केवल नगर के सौंदर्यीकरण में योगदान देगा, बल्कि रोजगार सृजन के माध्यम से सामाजिक-आर्थिक विकास को भी बढ़ावा दे सकता है। अब सभी की निगाहें शासी परिषद की अगली बैठक पर टिकी हैं, जहां इस प्रस्ताव पर अंतिम फैसला लिया जाएगा।

## संक्षिप्त समाचार

### पुलिस कर्मियों द्वारा दंगा/बलवा नियंत्रण मॉक ड्रिल की गई



**इटावा/अवधनामा ब्यूरो।** आगामी त्योहारों के दृष्टिगत बुधवार को वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक संजय कुमार के नेतृत्व में रिजर्व पुलिस लाइन इटावा में पुलिस कर्मियों द्वारा दंगा/बलवा नियंत्रण मॉक ड्रिल का आयोजन किया गया। उन्होंने दंगा/बलवा नियंत्रण मॉक ड्रिल प्रतिभाग कर रहे पुलिसकर्मियों को भविष्य में कभी भी किसी भी परिस्थिति में दंगों एवं बलवाओं में आक्रोशित भीड़ से स्वयं को बचाव करते हुए भीड़ को नियंत्रित करने के बारे में आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए। इस दौरान पुलिस कर्मी द्वारा बलवा एवं दंगा नियंत्रण मॉक ड्रिल के दौरान प्रयुक्त होने वाले उपकरणों बॉडी प्रोटेक्टर, हेलमेट, डंडा, टियर गैस गन, कंसील्ड, रबर बुलेट इत्यादि के साथ संपूर्ण बलवा ड्रिल का अभ्यास किया गया। इस दौरान पुलिस अधीक्षक ग्रामीण सत्यपाल सिंह व अपर पुलिस अधीक्षक नगर अभयनाथ त्रिपाठी, अपर पुलिस अधीक्षक अपराध सुबोध गौतम, समस्त क्षेत्राधिकारी, थानाध्यक्ष/थाना प्रभारी, प्रतिसार निरीक्षक पुलिस लाइन व अन्य अधिकारी/कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

### विद्यालय में पठन-पाठन तथा शैक्षणिक गुणवत्ता बनाये रखें : जिलाधिकारी



**बांदा।** जिलाधिकारी बांदा जे0रीभा ने पं0 दीनदयाल उपाध्याय राजकीय माडल इ0का0 पचनेही, राजकीय बालिका इ0का0 तिन्दवारी एवं राजकीय हाईस्कूल अमलीकौर का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान प्रोजेक्ट अलंकार योजनान्तर्गत बन रहे मल्टीपरपज हाल, शौचालय तथा समग्र शिक्षा योजनान्तर्गत बन रहे कम्प्यूटर लैब एवं इण्टरकालेज अमलीकौर के भवन का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी द्वारा निर्माण में प्रयुक्त की जा रही सामग्री का परीक्षण करते हुये निर्माण की गुणवत्ता मानक के अनुसार रखने तथा निर्धारित समयान्तर्गत कार्य पूर्ण कराने के निर्देश दिये गये। विद्यालयों में साफ-सफाई रखने, अधिक से अधिक नामांकन करने, निर्धारित समय से पठन-पाठन करने तथा शैक्षणिक गुणवत्ता बनाये रखने के निर्देश प्रदान किये गये। निरीक्षण के दौरान जिला विद्यालय निरीक्षक दिनेश कुमार, सम्बन्धित कार्यदायी संस्था के अवर अभियन्ता उपस्थित रहे।

### एटीएम में कैश ट्रेपिंग करने वाले 3 अभियुक्तों को पुलिस किया गिरफ्तार

**बांदा।** पुलिस अधीक्षक बांदा अंकुर अग्रवाल के निर्देशन में जनपद में अपराध एवं अपराधियों पर नियंत्रण लगाये जाने तथा साइबर अपराधियों पर की जा रही कार्यवाही के क्रम में एटीएम में Cash Trapping करने वाले 03 अभियुक्तों को थाना कोतवाली नगर पुलिस द्वारा गिरफ्तार कर लिया गया । गौरतलब हो कि गिरफ्तार अभियुक्तों द्वारा IDBI ATM में मशीन से छेड़छाड़ कर फ्रॉड करने का मामला संज्ञान में आया था जिस पर पुलिस द्वारा कार्यवाही की गई।

### पुलिस अधीक्षक नें सुनीं शिकायततें

**हमीरपुर।** पुलिस अधीक्षक द्वारा उन के कार्यालय में आए हुए फरियादियों की शिकायतों को सुना गया तथा उनकी शिकायतों पर प्राथमिकता के आधार पर कार्यवाही / निस्तारण हेतु संबंधित को निर्देशित किया गया।

### बच्चों की बिदाई पर शिक्षक शिक्षिका हुए भावुक



**मौदहा हमीरपुर।** नगर स्थित प्राथमिक विद्यालय पूर्वी तरोस, मौदहा में कक्षा पांच के छात्र छात्राओं का विदाई समारोह शारदा संगोष्ठी व वार्षिक उत्सव सम्पन्न हुआ। इस मौके पर सभासद ने बच्चों को उपहार वितरित कर उनका प्रोत्साहन किया। बच्चों को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से कस्बा स्थित प्राथमिक विद्यालय पूर्वी तरौस मौदहा के इंचार्ज प्रधानाध्यापक नेहा गुप्ता व सहायक अध्यापक देव शक्ति ने शारदा संगोष्ठी, वार्षिक उत्सव व कक्षा पांच के विद्यार्थियों का विदाई समारोह आयोजित किया, जिसमें सभासद आरिफ चौधरी ने कक्षा पांच के बच्चों सहित अन्य बच्चों को उपहार बाँट कर उनको प्रोत्साहित करने का काम किया, तथा सभासद ने कहा कि ये बच्चे देश के भविष्य हैं, और आगे चलकर विभिन्न पदों में बैठकर देश की सेवा करेंगे। उन्होंने बच्चों से कहा कि खूब मेहनत करो, पढ़ो और आगे बढ़कर देश का नाम रोशन करो। इस मौके पर अरमान, आरती, श्रेया, रहमान, आफ़ान बाबू, ज्योति, रश्मि तथा अन्य बच्चे मौजूद रहे।

# कांग्रेस कार्यकर्ताओं के साथ उम्भा पीड़ित परिवारों ने किया विरोध प्रदर्शन



**अवधनामा ब्यूरो**

**सोनभद्र।** जिला कांग्रेस कमेटी सोनभद्र के जिला अध्यक्ष रामराज सिंह गोंड के नेतृत्व में उम्भा पीड़ित परिवारों के लोगों द्वारा जिला मुख्यालय पर प्रदर्शन कर ज्ञापन सोपा गया ज्ञापन में बीते 17/07/2019 में उम्भा नरसंहार से जुड़े लोगों को जो आदर्श सोसाइटी की जमीन को निरस्त कर पिडितो को उपलब्ध कराई गई साथ गांव के भुमीहिन लोगों को पट्टा दिया गया। विनिता शर्मा व आशा मिश्रा की जमीन जिन लोगों को बैनामा की गई थी व आदर्श कारेटीव सोसायटी कि जमीन को उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री जी द्वारा इस बात का आश्वासन भी दिया गया था की इन सब जमीनों का नामांतरण निरस्त करके जो लोग जमीन पर काबिज हैं और जो लोग लंबे समय से खेती-बारी कर रहे हैं पीड़ित पक्षकारों को जमीन मुहैया करा दी जाए लेकिन अभी भी बैनामा जमीन लगभग 20 बीघा व आदर्श कापरेटीव सोसाइटी कि जमीन लगभग 100बिगहा उन्हीं लोगों के नाम पड़ी हुई है इस संदर्भ में ज्ञापन जिला प्रशासन को दिया गया।कि जिला प्रशासन संज्ञान लेकर शेष बची हुई जमीन को सोसाइटी व बैनामा सुदा जमीन को निरस्त करते हुए भुमिहीन परिवारों को आवंटित किया जाय।साथ ही 1 वर्ष पहले उम्भा में सर्वे की प्रक्रिया शुरू कर दी गई और सर्वे प्रक्रिया के दौरान लेखपाल व नायब तहसीलदार द्वारा आधार वर्ष की खतौनी बनाकर पट्टाधारकों की जमीन को कई टुकड़ों में कर दिया गया जिसके चलते उन्हें खेती-बारी करने में काफी असुविधा का सामना करना पड़ रहा है इस आशय से संबंधित ज्ञापन पक्षकारों ने जिला प्रशासन को दिया की सर्वे में जैसे जमीन है इस रूप में उन्हें जमीन उपलब्ध कराई जाए ताकि वह खेती-बारी आसानी से कर सकें। उपस्थित जिला कांग्रेस कमेटी के उपाध्यक्ष जगदीश मिश्रा, जिला महासचिव बाबुलाल पनिका रामप्यारे गोड़ वसंत लाल गौड़ बबुदर गोड़ राजकुमार गोड़ छोटेलाल गोड़ बाबूलाल रामकुमार गोड़ शर्मिला गोड़ बबुदर गोड़ भोला प्रजापति जगन्नाथ पाल ,राम जी, कृपा शंकर, टीकम सिंह ,राम गोविंद सिंह, प्रसाद , कमला, राम रक्षा, लाखराजी, धनराज, पनवा देवी, सैकड़ो आदिवासी उपस्थित रहे।

## 13 ऑटो/ई-रिक्शा वाहनों हुए सीज व 50 वाहनों का चालान

**सोनभद्र।** पुलिस अधीक्षक अशोक कुमार मीणा के निर्देशन में जनपदीय पुलिस द्वारा चलाये जा रहे वाहन चेकिंग अभियान के क्रम में बुधवार को प्रभारी यातायात अविनाश कुमार सिंह व एआरटीओ धनबीर यादव द्वारा थाना ओबरा में संयुक्त रुप से वाहन चेकिंग अभियान चलाया गया जिसमें ई-रिक्शा वाहन, ऑटो रिक्शा व अन्य सवारी वाहनों के नम्बर प्लेट सही न पाये जाने/सही तरीके से न लगाये जाने, दो पहिया वाहनों पर ट्रिपल सवारी बैठाने, बिना हेलमेट वाहन चलाने, मोडिफाइड साइलेंसर /प्रेशर हॉर्न आदि प्रकरणों में वाहन चालको का सत्यापन किया गया । चेकिंग के दौरान वाहन चला रहे नाबालिक लड़को, बिना वैध कागजात एवं बिना ड्राईविंग लाईसेंस के वाहन चला रहे 13 ऑटो/ई-रिक्शा वाहनों को सीज और 50 वाहनों का चालान किया गया। इस दौरान वाहन चालकों को यातायात नियमों का पालन करते हुए सड़क पर सही तरीके से चलने हेतु हिदायत दी गयी तथा इस सम्बन्ध में लोगों को जानकारी देते हुए जागरुक किया गया।

# जिला संयोजक, सह-संयोजक व वरिष्ठ नेताओं के साथ बैठक

**अवधनामा ब्यूरो**



**सोनभद्र।** भाजपा जिला कार्यालय पर आगामी कार्यक्रमों को लेकर भाजपा जिलाध्यक्ष नंदलाल की अध्यक्षता में एक बैठक आयोजित की गई। इस बैठक में कार्यक्रम के जिला संयोजक, सह-संयोजक और वरिष्ठ नेताओं ने भाग लिया।

भा.ज.पा. जिलाध्यक्ष नंदलाल ने इस अवसर पर बताया कि संगठन द्वारा 24 मार्च से 14 अप्रैल तक विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा। इन कार्यक्रमों के लिए जिले में संयोजक और सह-संयोजक नियुक्त किए गए हैं। उन्होंने यह भी बताया कि 6 अप्रैल को भाजपा का स्थापना दिवस मनाया जाएगा जिसमें अपने घरों पर भाजपा का झंडा लगाकर उसकी फोटो सोशल मीडिया पर अपलोड करना है और भाजपा की सफल यात्रा की प्रदर्शनी तैयार करके लगाना है जो प्रदेश द्वारा भेजी जाएगी एवं सदस्यों संग स्थापना दिवस कार्यक्रम भी मनाना है , सक्रिय सदस्यों का सम्मेलन भी करना है, उसके बाद 7 से 12 अप्रैल तक गांव चलो अभियान जिसमें जिले के सभी कार्यकर्ता व वरिष्ठ नेता गांव व शहर में प्रवास करेंगे और कहा कि 14 अप्रैल को बाबा भीम राव अंबेडकर जी का समरसता दिवस मनाने के लिए जनपद के सभी बूथों पर विशेष आयोजन किए जाएंगे। और बताया कि बुधवार को जिला कार्यालय पर एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई है जिसमें जिला पदाधिकारी, निवर्तमान जिलाध्यक्ष, मंडल अध्यक्ष, मंडल प्रभारी, मोर्चा के जिलाध्यक्ष, प्रदेश क्षेत्र के पदाधिकारी, पूर्व मंडल अध्यक्ष अपेक्षित रहेंगे।

# एमनीव ग्रुप व माउंट लिट्रा ज़ी स्कूल में SAVRAYA-2025 में चमके प्रतिभा के सितारे

**वहाज अली निहाल**



**बॉलीवुड के प्रसिद्ध कोरियोग्राफर मुदस्सर खान की मौजूदगी ने बढ़ाया आयोजन का मान**

**इटावा।** एमनीव ग्रुप द्वारा आयोजित माउण्ट लिट्रा ज़ी स्कूल के प्रांगण में विद्यालय का भव्य वार्षिक समारोह का आयोजन किया गया। इस रंगारंग कार्यक्रम में बच्चों ने अद्भुत सांस्कृतिक प्रस्तुतियाँ दीं, जिससे दर्शक मंत्रमुग्ध हो गए। कार्यक्रम का शुभारंभ इलाहाबाद उच्च न्यायालय के पूर्व न्यायाधीश रविंद्र यादव द्वारा दीप प्रज्वलन के साथ किया गया। अपने उद्बोधन में उन्होंने कहा कि बच्चों को शिक्षा के साथ संस्कार भी दिए जाने चाहिए, ताकि वे अपने जीवन में नैतिक मूल्यों का पालन करें और समाज के लिए प्रेरणास्रोत बनें। इस मौके पर जे.के.हॉस्पिटल के सीनियर सर्जन डॉ. मनोज यादव, अमित मिश्रा, पानकुँवर इंटरनेशनल स्कूल के चेयरमैन डॉ.कैलाशचंद्र यादव, शूटिंग रेंज में तीन बार स्वर्ण पदक विजेता चंद्रमोहन तिवारी, केकेडीसी के डॉ.शिवराज सिंह यादव, चित्रगुप्त स्कूल के प्रधानाचार्य डॉ.उमेश यादव, पुलिस मॉडल स्कूल के प्रिंसिपल अभिषेक सक्सेना, थियोसोफिकल स्कूल के प्रिंसिपल अनूप मिश्रा, सेवनहिल्स इंटर कॉलेज के प्रिंसिपल सौरभ यादव, नारायण कॉलेज के प्रिंसिपल डॉ.धर्मेंद्र शर्मा, सेंट मारिया स्कूल की प्रिंसिपल श्रीमती इंदुमती, आश्रम पद्धति विद्यालय के प्रिंसिपल डॉ. निर्मल चंद्र वाजपेयी, एरिस्टोटल वर्ल्ड स्कूल की श्रीमती वर्षा सिंह, कोचिंग इंडस्ट्री से आनंद मित्तल, अमित द्विवेदी, गौरव चौधरी तथा कश्मीर यादव सहित सभी गणमान्य अतिथियों ने वाग्देवी की कांस्य प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित की।

कार्यक्रम में सैंड आर्टिस्ट वेणुगोपाल ने अपनी अनूठी कला के माध्यम से विद्यालय के चेयरमैन श्री अतिवीर सिंह के जीवन को रेत पर उकेरा, जिससे उनकी प्रेरणादायक जीवन यात्रा को जीवंत रूप मिला। छात्र-छात्राओं ने मंच पर नृत्य, नाटक और कला के विभिन्न रूपों का प्रदर्शन किया। लोक नृत्य, आधुनिक नृत्य और सामाजिक संदेश से ओतप्रोत नाटकों ने सभी का मन मोह लिया। गणपति वंदना, अद्वितीय भारत पर छायाचित्र, घूमर, त्रिसैन्य देशभक्ति पूर्ण कार्य, हण्ड्रेड हैण्ड ऑफ माता ऐक्ट, कार्यक्रमों की प्रस्तुतियों ने सभी अभिभावकों को देर रात तक रोके रखा। कलकी ऐक्ट एवं यूवी ऐक्ट कार्यक्रम के प्रमुख आकर्षण रहे। प्रसिद्ध कोरियोग्राफर श्री मुदस्सर खान ने कार्यक्रम के दौरान बच्चों का उत्साह बढ़ाया। उनकी उपस्थिति से आयोजन विशेष बन गया और बच्चों को प्रेरणा मिली। कार्यक्रम के अंत तक उन्होंने बच्चों का उत्साहवर्धन किया तथा सभी प्रतिभागियों को प्रशस्ति-पत्र देकर सम्मानित किया। इस अवसर पर विद्यालय के चेयरमैन अतिवीर सिंह ने कहा, SAVRAYA-2025 हमारे छात्रों के उत्साह, उनकी मेहनत और उनके उज्ज्वल भविष्य का प्रतिबिंब है। हमारा उद्देश्य बच्चों को न केवल शिक्षा में उत्कृष्ट बनाना है, बल्कि उनमें नैतिकता, कला और संस्कृति के प्रति जागरूकता उत्पन्न करना भी है। इस तरह के आयोजन उन्हें आत्मविश्वास और सृजनात्मकता से भर देते हैं, जो उनके संपूर्ण विकास के लिए आवश्यक है। विद्यालय के प्रिंसिपल पंकज शर्मा ने अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि, हम उन्हें न केवल शैक्षणिक क्षेत्र में बल्कि कला, संगीत, नृत्य और नाटक में भी आगे बढ़ने के लिए प्रेरित करते हैं। अंत में, उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्रों को प्रतीक चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। विद्यालय के मेधावी छात्र-छात्राओं को नारायण-सावित्री स्कॉलरशिप प्रदान कर उनकी उत्कृष्ट शैक्षणिक उपलब्धियों को सम्मानित किया गया। इस अवसर पर कक्षा 10 वीं की कशिश तथा कक्षा 12वीं के दिशा सिंह चौहान एवं अभय राठौर को प्रत्येक 21, 000 की छात्रवृत्ति प्रदान की गई। कार्यक्रम के समापन पर विद्यालय प्रबंधन ने मुख्य अतिथि, विशेष अतिथि और सभी आगंतुकों का आभार व्यक्त किया।

कार्यक्रम के समापन पर विद्यालय प्रबंधन ने मुख्य अतिथि, विशेष अतिथि और सभी आगंतुकों का आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर विद्यालय के वाइस चेयरमैन डॉ.विकास यादव, प्रबंध निदेशक सलिल यादव, मुख्य प्रशासनिक अधिकारी श्री मनोज श्रीवास्तव, मुख्य वित्तीय अधिकारी मोहम्मद आरिफ, प्रोग्राम हेड विनयशील पठानिया तथा सभी शिक्षकगण एवं कर्मचारी उपस्थित रहे। SAVRAYA-2025 का यह आयोजन सभी के लिए एक अविस्मरणीय अनुभव रहेगा। बच्चों की प्रस्तुतियों, कोरियोग्राफर्स के मार्गदर्शन, सैंड आर्टिस्ट की कला और दर्शकों की सराहना ने इसे एक ऐतिहासिक उत्सव बना दिया। यह कार्यक्रम निश्चित रूप से आने वाले वर्षों में भी प्रेरणा का स्रोत बना रहेगा।

# एमएसटी के डिजिटल सेवा का लाभ उठायें यात्री

- अब किसी भी स्टेशन पर कर सकेंगे एमएसटी कार्ड रिचार्ज
- परिवहन मंत्री ने परिवहन निगम सभागार कक्ष में की प्रेसवार्ता
- महाकुम्भ का सफल आयोजन और प्रदेशों के लिए प्रेरणादायक



अवधनामा ब्यूरो

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के परिवहन राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) दयाशंकर सिंह ने आज परिवहन निगम मुख्यालय के सभागार कक्ष में परिवहन विभाग/निगम की उपलब्धियों पर प्रेसवार्ता की। इस अवसर पर उन्होंने लोगों को उपलब्ध एमएसटी (मंथली सीजन टिकट) स्मार्टकार्ड का शुभारम्भ किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि यह सुविधा विशेष रूप से उन यात्रियों/छात्रों के लिए जो रोजाना या नियमित अंतराल पर यात्रा करते हैं। एमएसटी स्मार्ट कार्ड के डिजिटल फार्म से लोगों को अब रिचार्ज के लिए कार्यालय के चक्कर नहीं लगाने होगे। किसी भी बस स्टेशन से भी रिचार्ज किया जा सकता है। एमएसटी लोगों को किफायती यात्रा उपलब्ध कराती है, इससे सामान्य किराये की तुलना में 40 प्रतिशत की बचत होती है। उन्होंने कहा कि परिवहन निगम के डिजिटलीकरण की दिशा में यह एक उल्लेखनीय कदम है। परिवहन मंत्री ने कहा कि मा0 मुख्यमंत्री जी के कुशल मार्गदर्शन में अभी हाल ही में सम्पन्न हुये महाकुम्भ 2025 परिवहन विभाग/निगम ने अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। महाकुम्भ 2025 के दौरान लगभग सवा तीन करोड़ व्यक्तियों को आवागमन की सुविधा के साथ ही सटल बस सेवा महत्वपूर्ण स्नान (अमृत स्नान) के दिनों एवं उसके एक दिन पूर्व व पश्चात निःशुल्क यात्रा भी मुहैया कराई गयी। महाकुम्भ के सफल आयोजन के पश्चात अन्य प्रदेश जहां पर महाकुम्भ का आयोजन होना है, वहां से उ0प्र0 परिवहन निगम से सम्पर्क कर सफलता का मंत्र की जानकारी प्राप्त की जा रही है।

# ई-रिक्शा संचालन के खिलाफ व्यापक स्तर पर अभियान चलाया जा रहा: परिवहन मंत्री



- बुधवार को 1007 ई-रिक्शा सीज, 3093 ई-रिक्शा का हुआ चालान

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ एवं परिवहन मंत्री दयाशंकर सिंह जी के निर्देशों के अनुपालन में अनधिकृत ई रिक्शा संचालन के खिलाफ व्यापक स्तर पर अभियान चलाया जा रहा है। उक्त अभियान 01 अप्रैल से शुरू हुआ है और 30 अप्रैल तक यानी पूरे एक माह तक चलाया जाएगा। ई-रिक्शा के खिलाफ चल रहे अभियान के अंतर्गत बुधवार को कुल 1007 ई-रिक्शा सीज किए गए और 3093 ई-रिक्शा का चालान किया गया।

परिवहन मंत्री ने कहा कि व्यापक जनहित में एवं बढ़ती सड़क दुर्घटनाओं व आपराधिक गतिविधियों की रोकथाम तथा शहरों में बढ़ते ट्रैफिक को नियंत्रित करने के लिए अनधिकृत ई-रिक्शा संचालन के खिलाफ पूरे प्रदेश में अभियान चलाया जा रहा है। इससे शहरों में मोबिलिटी भी बढ़ेगी।

परिवहन आयुक्त बी.एन. सिंह ने इसकी जानकारी देते हुए बताया कि बुधवार को प्रवर्तन दल द्वारा की गई कार्रवाई में लखनऊ संभाग में कुल 377, गाजियाबाद संभाग में 257, आगरा संभाग में 444, झांसी संभाग में 216, वाराणसी संभाग में 161, कानपुर संभाग में 277, अयोध्या संभाग में 135, अलीगढ़ संभाग में 140, मुरादाबाद संभाग में 120 ई-रिक्शा का चालान एवं सीज किए गए।

# एमआईटी वर्ल्ड पीस यूनिवर्सिटी हैकथॉन में 7,000 से ज़्यादा प्रतिभागी शामिल हुए



अवधनामा ब्यूरो

**लखनऊ।** एम आई टी वर्ल्ड पीस यूनिवर्सिटी की ओर से तीन दिनों के हैकथॉन, HackMITWPU 2025 का सफलतापूर्वक आयोजन किया गया। इनोवेशन, आपसी सहयोग और समस्याओं के समाधान के जज़्बे को बढ़ावा देने वाले इस हैकथॉन में 7,000 से ज़्यादा प्रतिभागी शामिल हुए। अलग-अलग तरह के 14 ट्रैक वाली इस प्रतियोगिता ने कुछ अलग कर दिखाने की सोच के लिए लॉन्चपैड की भूमिका निभाई, साथ ही असल दुनिया की चुनौतियों से निपटने के लिए शिक्षा जगत और इंडस्ट्री के नाते को मजबूत किया। इस साल का आयोजन 'ले छलांग ङ्क द लीप ऑफ फेथ' की थीम पर आधारित था, जिसने प्रतिभागियों को अपने कम्फर्ट जोन से बाहर निकलने, मौजूदा तौर-तरीकों को चुनौती देने तथा टेक्नोलॉजी और एंटरप्रेन्योरशिप में अपनी सीमा से ज़्यादा कोशिश करने के लिए प्रोत्साहित किया। इस कार्यक्रम में आइडियाथॉन, वर्कथॉन, कैप्चर द फ्लैग, फार्माथॉन, बायो-थॉन, हैक-एआई-थॉन और डेटा क्वेस्ट के साथ-साथ दूसरी कई प्रतियोगिताएँ शामिल थीं, जहाँ छात्रों को एआई, साइबर सिक्योरिटी, स्पेस टेक्नोलॉजी, फार्मास्यूटिकल्स और अन्य क्षेत्रों में अपने ज्ञान को अमल में लाने का मौका मिला। प्रतिभागियों ने पूरे हैकथॉन के दौरान हाई-इम्पैक्ट प्रॉब्लम-सॉल्विंग में भाग लेने के साथ-साथ इनोवेटिव सॉल्यूशंस तैयार किए, जिसे 450 से ज़्यादा इंडस्ट्री एक्सपर्ट्स, शिक्षा जगत से जुड़े लोगों और शोधकर्ताओं के एक पैनल ने कसौटी पर परखा।

## आरडीएसओ द्वारा विशेष अभियान 4.0 में योगदान

**लखनऊ।** भारत सरकार के विशेष अभियान 4.0 के तहत, आरडीएसओ स्वच्छता को बढ़ावा देने और कार्यालयों में लंबित कार्यों के बैकलॉग को कम करने तथा लंबित प्रशासनिक मामलों के समय पर समाधान सुनिश्चित करने में महत्वपूर्ण योगदान दे रहा है। स्वच्छ और स्वस्थ कार्य वातावरण के लिए सरकार के दृष्टिकोण के अनुरूप, आरडीएसओ ने अपने सभी कार्यालयों और प्रयोगशालाओं में व्यापक सफाई अभियान चलाया है। इसमें कार्यालयों, प्रयोगशालाओं की पूरी तरह से सफाई के साथ-साथ अप्रचलित और गैर-कार्यात्मक उपकरणों का सुरक्षित निपटान शामिल है। अभियान के तहत, शौचालय, बैठक कक्ष और गलियारों जैसे सामान्य क्षेत्रों में भी स्वच्छता बनाए रखने पर जोर दिया गया है, ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि आरडीएसओ का कार्यस्थल स्वच्छता के उच्च मानकों को पूरा करता है। इस लक्ष्य को पूरा करने के लिए, आरडीएसओ में 98 कार्यालयों और 113 साइटों की सफाई की गई, 22638 किलोग्राम स्क्रैप का निपटान किया गया और स्क्रैप के निपटान के बाद स्थान के बेहतर प्रबंधन के लिए 4735 वर्ग फीट जगह खाली की गई। कार्यालय स्क्रैप निपटान से आरडीएसओ को 975975 रुपये का राजस्व भी प्राप्त हुआ। विशेष अभियान 4.0 के तहत लंबित फाइलों में कमी लाने पर ध्यान केंद्रित करते हुए, आरडीएसओ अपने रिकॉर्ड प्रबंधन की दिशा में सक्रिय रूप से काम कर रहा है, जिससे कागजों की अव्यवस्था कम हो रही है और फाइलें आसानी से उपलब्ध हो रही हैं।

# आरडीएसओ अस्पताल में 38 अत्याधुनिक मोटरयुक्त बेड लगाए गए

अवधनामा ब्यूरो



**लखनऊ।** आरडीएसओ अस्पताल अपने रोगियों और समुदाय के लाभ के लिए नवीनतम चिकित्सा प्रगति को अपनाने के लिए समर्पित है। इसी क्रम में आरडीएसओ अस्पताल में 38 अत्याधुनिक मोटराइज्ड बेड लगाए गए हैं। इन उन्नत बेड को रोगी के आराम और सुरक्षा को बढ़ाने के साथ-साथ चिकित्सा देखभाल की दक्षता में भी सुधार करने के लिए डिज़ाइन किया गया है। यह महत्वपूर्ण वृद्धि न केवल आरडीएसओ चिकित्सा लाभार्थियों को बेहतर इन-पेशेंट सुविधाएं प्रदान करके लाभान्वित करेगी, बल्कि आरडीएसओ के डॉक्टरों और स्वास्थ्य सेवा कर्मचारियों को अधिक प्रभावी और कुशल देखभाल प्रदान करने में भी सहायता करेगी। ये उन्नत बेड आधुनिक सुविधाओं जैसे कि समायोज्य ऊंचाई, बैकरेस्ट और लेग सपोर्ट पोजिशनिंग, आसान गतिशीलता और उपयोगकर्ता के अनुकूल रिमोट कंट्रोल ऑपरेशन के साथ आए हैं, जो अस्पताल में भर्ती होने के दौरान रोगी के आराम और सुरक्षा को अधिकतम करने के लिए डिज़ाइन किए गए हैं। इन बेडों की स्थापना से आरडीएसओ चिकित्सा लाभार्थियों को अधिक आरामदायक और सम्मानजनक इन-पेशेंट अनुभव प्रदान करके उच्च स्तर लाभ होने की उम्मीद है। यह पहल स्वास्थ्य देखभाल सुविधाओं में सुधार और अपने लाभार्थियों के लिए चिकित्सा देखभाल के उच्च मानकों को सुनिश्चित करने के लिए आरडीएसओ की निरंतर प्रतिबद्धता को दर्शाती है।



लखनऊ डिप्टी सीएम बृजेश पाठक, राज्यसभा सांसद दिनेश शर्मा, वित्त मंत्री सुरेश खन्ना, नगर विकासमंत्री एके शर्मा, अल्पसंख्यक कल्याण मंत्री दानिश आज़ाद अंसारी ने भाजपा नेता बुक्कल नवाब के शीशमहल स्थित आवास पर पहुंचकर ईद की मुबारकबाद दी





